अधिकतम 19 डिग्री से.
डिग्री से. 07 न्यूनतम
सूर्योदय 7.18
सूर्यास्त 5.27
सोना 24 कैरेट: 1,39,080.00
चांदी (प्रति किलो): 2,33,000
सेंसेक्स : 85,428.16
अमेरिका : 89.79
कैनेडियन : 65.65
आस्ट्रेलिया : 60.23

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित




बातों बातों में मन की बात

*उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि*

समझदार इन्सान का दिमाग चलता है और ना समझ इन्सान की जुबान।


वर्ष 40 | चंडीगढ़, वीरवार, 25 दिसंबर, 2025 | पौष शुक्ल पक्षः षष्ठी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 355 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12







केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री का हरियाणा दौरा

# हरियाणा सरकार ने किसान को मुस्कुराने का अवसर दिया, यही बड़ी उपलब्धि: अमित शाह





### पुलिस के सामने नशा, मानव तस्करी, साइबर व संगठित अपराध बड़ी चुनौतीः शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हरियाणा पुलिस देशभर हर चुनौती से निपटने के लिए अग्रणी है, लेकिन अभी भी नशा, मानव तस्करी, साइबर अपराध और संगठित अपराध बड़ी चुनौती है। इन चारों चुनौती से निपटने के लिए हरियाणा पुलिस के नव प्रशिक्षित जवानों को पूरी तत्परता के साथ काम करना होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हरियाणा पुलिस ने 5061 नव प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों की पासिंग आउट परेड समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। समारोह में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मुख्यातिथि केंद्रीय गृह मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हरियाणा पुलिस की देशभर में शान है।

### मैदान कोई भी हो हरियाणा सबमें अव्वल

अमित शाह ने कोई भी मोर्चा हो, कोई भी मैदान हो, हरियाणा के किसान, जवान और खिलाड़ी ने हमेशा तिरंगे को शान से उठाने का काम किया है। पहले अमेरिका से खाने के लिए लाल गेहूं मंगाने पड़ते थे, लेकिन आज हरियाणा और पंजाब के कारण पूरे देश को खाना मिल रहा है। आबादी के अनुपात में सबसे ज्यादा जवान हरियाणा के हैं।

### सिर्फ दूध और गोबर देकर महिलाएं लाखों कमा रहीं

गृह मंत्री ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र के जरिए ही आज की मोदी सरकार गांव की माताओं और बहनों को रोजगार दे पा रही है। पशु पालन, कृषि और सहकारिता को तीनों को मिलाया जाए तो सहकारिता का सृजन हो सकता है। इसलिए केंद्र की मोदी सरकार ने सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। सिर्फ दूध और गोबर देकर आज महिलाएं 50 लाख रुपए से अधिक कमा रही हैं।

कहा- सहकार से समृद्धि के मंत्र से देश के अग्रणी राज्यों की पंक्ति में पहुंचा हरियाणा

अर्थ प्रकाश/ आदित्य शर्मा

**पंचकूला, 24 दिसंबर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पंचकूला में आयोजित सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा आज देश में किसान कल्याण, पारदर्शी शासन और तेज़ निर्णय क्षमता का आदर्श बन चुका है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नायब सिंह सैनी ने हरियाणा के किसान को मुस्कुराने का कारण दिया है और यही उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। अमित शाह ने बुधवार को पंचकूला में तीन स्थलों का दौरा किया। शाम के समय पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल की 101वीं जयंती की पूर्व संध्या पर उन्होंने पर सेक्टर 1 स्थित अटल पार्क में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया, जहां अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के अनावरण के साथ अटल जी के जीवन एवं विचारों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा विशाल रक्तदान शिविर का उद्‌घाटन किया और रक्तदाताओं को बैच पहना कर प्रोत्साहित किया। केंद्रीय मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि के मंत्र पर चलते हुए, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा को देश के अग्रणी राज्यों की पंक्ति में और मजबूत स्थान दिलाएंगे।

अमित शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वह कर दिखाया है, जिसकी हिम्मत बहुत कम सरकारें कर पाती हैं। चुनावी घोषणा पत्र के दौरान जब 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने का प्रस्ताव सामने आया, तो उन्होंने रात को फोन करके इस घोषणा को पुनः कन्फर्म किया तो मुख्यमंत्री श्री सैनी ने पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा कि आप घोषणा करिए, खरीद की ज़िम्मेदारी मेरी है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज हरियाणा देश का पहला राज्य है, जहां 24 फसलों की एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित की जा रही है। अमित शाह के साथ सीएम नायब सैनी ,केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली मंच पर मौजूद रहे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि केवल खरीद ही नहीं, बल्कि 48 घंटे के भीतर किसानों के बैंक खातों में फसलों का भुगतान करके हरियाणा सरकार ने एक नई प्रशासनिक क्रांति भी की है।

**शेष पेज-4 पर**

सीएम मान की ऑल इंडिया एवं केंद्रीय सेवाओं के अधिकारियों से अपील

# आम आदमी की भलाई के लिए हर संभव कोशिश करें



### मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण ले रहे आई.पी.एस., आई.आर.एस. एवं अन्य सेवाओं के 32 अधिकारियों से किया विचार-विमर्श

अर्थ प्रकाश संवाददाता


**चंडीगढ़, 24 दिसंबर।** शासन में लोगों को प्राथमिकता देने का स्पष्ट मानदंड स्थापित करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने ऑल इंडिया एवं केंद्रीय सेवाओं के अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि उनका हर प्रशासनिक फैसला आम आदमी की भलाई एवं राहत के लिए हो। यहां विशेष फाउंडेशन कोर्स (एस.एफ.सी.) के लिए महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (मगसीपा) में पहुंचे 32 आई.पी.एस., आई.आर.एस. एवं अन्य सेवाओं के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करते हुए मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पद के साथ जिम्मेदारी भी आती है और शासन का मूल्यांकन नागरिकों के जीवन पर इसके प्रभाव के माध्यम से किया जाना चाहिए। उन्होंने ऐसे कार्यक्रम की मेजबानी करने के लिए मगसीपा को बधाई दी कि देश की पांच शीर्ष राज्य प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थाओं में स्थान प्राप्त किया है, जो पंजाब की पेशेवर दृष्टिकोण एवं जवाबदेह प्रशासन को दर्शाता है। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों ने पंजाब सरकार की कई मार्गदर्शक पहलों की सराहना की तथा उनके जमीनी स्तर पर प्रत्यक्ष परिणामों की पहचान की।

मुख्यमंत्री ने इन अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि ये अधिकारी प्रशिक्षु चंडीगढ़ में हैं, जो विभिन्न संस्कृतियों का संगम है। इस शहर में विशेष रूप से पंजाबियत की मुख्य रंगत देखने को मिलती है। प्रशिक्षु इस शहर एवं पंजाब की गर्मजोशी भरी आतिथ्य का भरपूर आनंद लेंगे। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने अधिकारियों को अवगत कराया कि पंजाब इतिहास, संस्कृति एवं परंपराओं की दृष्टि से बहुत समृद्ध है तथा प्रशिक्षुओं को इस पवित्र धरती से सीखने के अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए।

**शेष पेज-4 पर**







**बागबानी विभाग साल 2025 का लेखा-जोखा**

# बागबानी विभाग खेतीबाड़ी के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में भारत के सभी राज्यों से आगे रहा: मोहिंदर भगत

- खेतीबाड़ी के 30,000 से अधिक प्रोजेक्टों के लिए 7100 करोड़ रुपये ए.आई.एफ. स्कीम के तहत मंजूर
- बागबानी विभाग के निरंतर प्रयासों से प्रदेश में बागबानी के तहत क्षेत्र बढ़कर 5,21,000 हेक्टेयर हुआ
- फसली विविधता की ओर प्रदेश सरकार का विशेष ध्यान, किसानों को आधुनिक तकनीक से अवगत कराने के लिए लुधियाना में लाढोवाल में अति-आधुनिक बागबानी विकास केंद्र की स्थापना



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 24 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार प्रदेश में बागबानी क्षेत्र का विस्तार करने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए तेजी से काम कर रही है। बागबानी मंत्री श्री मोहिंदर भगत के निर्देशों के तहत बागबानी विभाग किसानों को परंपरागत फसलों के अलावा फसली विविधता अपनाने के लिए पूरी सहायता प्रदान कर रहा है। बागबानी क्षेत्र को प्रफुल्लित करने के लिए विभिन्न स्कीमों के तहत किसानों को सब्सिडियां दी जा रही हैं। बागबानी का अधिकतम लाभ लेने के लिए किसानों को अति-आधुनिक तकनीक के बारे में पूरी जानकारी प्रदान की जा रही है। बागबानी विभाग ने साल 2025 के दौरान विभिन्न पहलकदमियों की ओर नई ऊंचाइयों को छुआ है। बागबानी मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि बागबानी विभाग खेतीबाड़ी के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए पिछले साल की तरह इस वर्ष भी भारत के सभी राज्यों से आगे रहा है। उन्होंने बताया कि एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (ए.आई.एफ.) केंद्रीय स्कीम को प्रदेश में सुव्यवस्थित ढंग से लागू करने के लिए बागबानी विभाग नोडल एजेंसी के रूप में काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक खेतीबाड़ी के 30,000 से अधिक प्रोजेक्टों के लिए 7100 करोड़ रुपये के ए.आई.एफ. स्कीम के तहत ऋण मंजूर किए गए हैं। बागबानी मंत्री ने कहा कि मान सरकार प्रदेश में बागबानी को प्रफुल्लित करने और किसानों की आय बढ़ाने की ओर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि बागबानी विभाग के निरंतर प्रयासों से प्रदेश का बागबानी के तहत क्षेत्र 4,81,616 से बढ़कर अब 5,21,000 हेक्टेयर हो गया है।

उन्होंने बताया कि बागबानी क्षेत्र को बड़ा प्रोत्साहन देने और किसानों को आधुनिक तकनीक से अवगत कराने के लिए लुधियाना में लाढोवाल में अति-आधुनिक बागबानी विकास केंद्र स्थापित किया जा रहा है। यह केंद्र वन-स्टॉप ज्ञान केंद्र के रूप में काम करेगा और प्रदेश भर के किसानों को गेहूं-धान के फसली चक्र से उच्च मूल्य वाली बागबानी फसलों की ओर प्रेरित करेगा। मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 'अपणा पिंड-अपणा बाग' अभियान की शुरुआत की गई है। इससे बागबानी क्षेत्र को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के तहत गांवों की पंचायती जमीनों पर फलदार पौधे लगाए जा रहे हैं। इन बागों से होने वाली आय संबंधित गांव की पंचायत द्वारा गांव के विकास पर खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि नेशनल हॉर्टीकल्चर मिशन के तहत किसानों को नए बाग लगाने, सब्जियां और फूलों की खेती, मशरूम, बी-कीपिंग के लिए 1575 लाख रुपये वित्तीय सहायता के रूप में दिए गए हैं।

### मशरूम की खेती के लिए किसानों को दी गई 80 हजार रुपये की सब्सिडी

मंत्री ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि मशरूम की छोटी यूनिटों को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों को 80 हजार रुपये सब्सिडी के रूप में देने की व्यवस्था की गई है। किसानों को इस वर्ष 54.66 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि निर्यात-आयात विविधता को प्रोत्साहित करने के लिए इंडो-डच समझौते के तहत खेड़ी, संगरूर में प्याज के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में तीन एस्टेट- नाख एस्टेट, अमृतसर, लीची एस्टेट, पठानकोट और अमरूद एस्टेट पटियाला की स्थापना की गई है। जिससे प्रदेश में फलों की अधिक पैदावार और किसानों की आय में वृद्धि होगी। बागबानी मंत्री ने बताया कि मान सरकार द्वारा सब्जी उगाने वाले बाढ़ पीड़ित किसानों को विशेष राहत देने के उद्देश्य से उनकी वास्तविक लागत का 40 प्रतिशत हिस्सा सब्सिडी के रूप में दिया जा रहा है। इसके अलावा बागबानी मंत्री ने कहा कि राज्य में बागबानी को प्रफुल्लित करने के लिए नए प्रयास किए जा रहे हैं जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और वे खुशहाल जीवन बिता सकेंगे।

### फूलों की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों को दी गई 14 हजार रुपये प्रति एकड़ की वित्तीय सहायता

उन्होंने बताया कि स्टेट प्लान स्कीम के तहत फूलों की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए बागबानी विभाग द्वारा किसानों को 14,000/- रुपये प्रति एकड़ की वित्तीय सहायता दी जा रही है। इस स्कीम के तहत किसानों को चालू वित्तीय साल के दौरान 17.40 लाख रुपये सब्सिडी के रूप में दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पोस्ट हार्वेस्ट हैंडलिंग स्कीम के तहत फलों और सब्जियों की तुड़ाई के बाद प्लास्टिक क्रेट और कार्टन बॉक्स पर 50 प्रतिशत की सब्सिडी दी जा रही है। इस स्कीम के तहत किसानों को चालू वित्तीय साल के दौरान 23.26 लाख रुपये की सब्सिडी जारी की गई है। उन्होंने कहा कि 'बिजली और पानी बचाओ स्कीम' के तहत ड्रिप और बाग लगाने वाले किसानों को 10 हजार रुपये प्रति एकड़ इंसेंटिव दिया जा रहा है। इस साल 47.56 लाख रुपये की सब्सिडी दी गई है। उन्होंने बताया कि पॉली-हाउस का कवर मटेरियल बदलने के लिए भी 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता दी जा रही है। चालू वित्तीय साल के दौरान 140.51 लाख रुपये की सब्सिडी दी गई है।

# वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने जेल विभाग में 532 पदों के लिए भर्ती को दी मंजूरी

- 475 वार्डर और 57 मैट्रन किए जाएंगे भर्ती
- पहले से चल रही भर्ती प्रक्रिया के साथ-साथ की जाएगी यह भर्ती



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 24 दिसंबर।** जेल सुरक्षा को मजबूत करने तथा प्रशासनिक कुशलता में सुधार करने के लिए पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज पंजाब जेल विभाग के लिए 532 कर्मचारियों की सीधी भर्ती को आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी है। इस भर्ती अभियान के तहत 475 वार्डर और 57 मैट्रन भर्ती किए जाएंगे।

यह जानकारी देते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि ये 532 पद अधीनस्थ सेवाएं चयन (एसएसएस) बोर्ड के द्वारा भरे जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया पहले से चल रही 451 वार्डर और 20 मैट्रनों की भर्ती के साथ-साथ ही चलेगी, जो पहले से ही बोर्ड के द्वारा प्रक्रिया के अधीन है। उन्होंने कहा कि स्वीकृत भर्ती में सात वार्डर पद भी शामिल हैं जो 31 दिसंबर, 2026 तक सेवामुक्ति के कारण खाली होने की उम्मीद है।

वित्त मंत्री ने कहा कि जेल विभाग का व्यापक पुनर्गठन प्रक्रिया अधीन है और विभाग की कार्यक्षमता के लिए इन 532 पदों की तुरंत भर्ती आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जेल विभाग स्टाफ की कमी का सामना कर रहा है, जिस कारण गार्डिंग कर्मचारियों को दोहरी शिफ्टों में काम करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की सुधारात्मक सुविधाओं में आवश्यक स्टाफ उपलब्ध कराने के साथ-साथ राज्य के नौजवानों को नियमित रोजगार के अवसर प्रदान करने की प्रतिबद्धता को उजागर करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि स्टाफ की भर्ती को मंजूरी देने का मुख्य उद्देश्य मौजूदा स्टाफ पर बोझ को कम करने के साथ-साथ अस्थाई स्टाफ की जगह कर्मचारियों की नियमित भर्ती करना है।

# वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बैंकों के लिए पेंशनर सेवा पोर्टल रजिस्ट्रेशन को पूरा करने की समय-सीमा की निर्धारित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 24 दिसंबर।** पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने राज्य के पेंशनरों की पेंशनर सेवा पोर्टल पर 100 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन को तेज करने के उद्देश्य से आज यहां पेंशन वितरित करने वाले बैंकों के साथ एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और प्रत्येक बैंक के केस लोड के अनुसार इस कार्य को पूरा करने के लिए समय-सीमाएं जारी कीं। वित्त मंत्री ने जोर देकर कहा कि यह डिजिटल परिवर्तन मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार के लिए एक प्रमुख प्राथमिकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पंजाब सरकार के पेंशनर सरकारी कार्यालयों में जाए बिना अपने घरों से ही आवश्यक सेवाओं तक पहुंच कर सकें। इस व्यापक प्रगति समीक्षा के दौरान वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पोर्टल की शुरुआत और उसके बाद जिला स्तर के 'सेवा मेलों' के बाद 1,11,233 पेंशनर पहले ही अपना ई-केवाईसी सफलतापूर्वक पूरा कर चुके हैं और इस गति को और तेज करने की जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी पेंशनर इस सेवा के लिए रजिस्टर हो सकें। उन्होंने बैंक अधिकारियों को सेवानिवृत्त पेंशनरों की सहायता के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए, विशेष रूप से ब्रांच मैनेजरों को उन बुजुर्ग पेंशनरों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए जो डिजिटल इंटरफेस से परिचित नहीं हैं। वित्त मंत्री ने चेतावनी दी कि बैंक स्तर पर कोई भी लापरवाही या तकनीकी बाधा जो इस रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में रुकावट डालती है, उसके खिलाफ सख्त जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।

इस संबंध में चिंताओं को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री चीमा ने आश्वासन दिया कि इस अनिवार्य रजिस्ट्रेशन चरण के दौरान पेंशन वितरण बिना किसी रुकावट के जारी रहेगा। वित्त मंत्री ने बैठक के समापन पर इस योजना में शामिल सभी भागीदारों से पंजाब को डिजिटल कल्याण सेवाओं में एक अग्रणी बनाने के लिए मिशन-मोड भावना से काम करने की अपील की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रदेश के 3.15 लाख पेंशनरों को यह सुविधा बिना किसी रुकावट या कठिनाई के प्रदान की जा सके। बैठक में अन्य लोगों के अलावा अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त आलोक शेखर, निदेशक खजाना अरविंद के. एम. के. और अतिरिक्त निदेशक खजाना सिमरजीत कौर उपस्थित थे।

**मान सरकार ने वर्ष 2025 में किसानों की खुशहाली के लिए की महत्वपूर्ण पहलकदमियां**

# पंजाब के किसानों को भारत में सबसे अधिक 416 रुपये प्रति क्विंटल गन्ने का भाव मिल रहा: खुड्डियां

- किसानों के सहयोग से पराली जलाने की घटनाओं में 53 प्रतिशत कमी आई
- कपास के अंतर्गत क्षेत्र में 20 प्रतिशत वृद्धि, 52 हजार से अधिक किसानों ने बीजों पर सब्सिडी के लिए किया ऑनलाइन पंजीकरण
- धान की सीधी बिजाई के अंतर्गत क्षेत्र में 17 प्रतिशत वृद्धि



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 24 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की पहलकदमों के कारण वर्ष 2025 में पंजाब के कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आए हैं। इस वर्ष प्रदेश सरकार द्वारा गन्ने की फसल के भाव में की रिकॉर्ड वृद्धि, फसली विविधता अभियान तथा टिकाऊ प्रथाओं के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के कारण प्रदेश में कृषि खुशहाली के लिए एक नया मील का पत्थर स्थापित किया गया है।

पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने इस वर्ष की महत्वपूर्ण उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य किसानों को सशक्त बनाने के साथ-साथ पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि हमारी योजनाएं मिसाली बदलाव लायी है तथा गन्ने की कीमत में की रिकॉर्ड बढ़ोतरी किसानों की कड़ी मेहनत के सम्मान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने देश में गन्ने के लिए सबसे अधिक 416 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से स्टेट एग्रीड प्राइस (एस.ए.पी.) देने की घोषणा की है जो पिछले वर्ष से 15 रुपये अधिक है। इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रदेश के गन्ना उत्पादकों को देश भर में सबसे अधिक कीमत दी जाए।

प्रदेश सरकार के अथक प्रयासों के कारण खरीफ सीजन के दौरान पराली जलाने की घटनाओं में 53 प्रतिशत कमी आई है। इस वर्ष पराली जलाने के मामले घटकर 5,114 रह गए जो वर्ष 2024 में 10,909 थे। सरकार द्वारा वर्ष 2018 से अब तक किसानों को 1.58 लाख से अधिक फसली अवशेष प्रबंधन (सी.आर.एम.) मशीनें सब्सिडी पर प्रदान की गई हैं। इस वर्ष 16,000 से अधिक मंजूरी पत्र जारी किए गए हैं।

इस वर्ष फसली विविधता में भी तेजी से वृद्धि हुई है जिसके तहत कपास की खेती के अंतर्गत क्षेत्र 20 प्रतिशत बढ़कर 1.19 लाख हेक्टेयर हो गया तथा किसानों को पी.ए.यू. द्वारा सिफारिश बी.टी. कॉटन बीजों पर 33 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है। 52,000 से अधिक किसानों ने बीज सब्सिडी का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवाया है, जो सरकारी पहलकदमियों में उनका दृढ़ विश्वास को दर्शाता है।

कृषि मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा भूमिगत जल बचाने के लिए लाई गई धान की सीधी बिजाई (डी.एस.आर.) वाली तकनीक, जिसके तहत किसानों को 1,500 रुपये प्रति एकड़ की वित्तीय सहायता दी जाती है, को किसानों द्वारा भरपूर समर्थन दिया गया है। इस वर्ष इस तकनीक के अंतर्गत क्षेत्र में 17 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024 में यह क्षेत्र 2.53 लाख एकड़ था, जो इस वर्ष बढ़कर 2.96 लाख एकड़ हो गया है।

बासमती की खेती के अंतर्गत क्षेत्र में भी वृद्धि दर्ज की गई है, जो पिछले वर्ष के 6.81 लाख हेक्टेयर से बढ़कर इस वर्ष 6.90 लाख हेक्टेयर हो गया है। यह वृद्धि इस फसल को पंजाब के किसानों के लिए एक लाभदायक विकल्प के रूप में उजागर करती है, जो घरेलू तथा निर्यात में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। फसली विविधता के लिए किए प्रयासों के तहत वर्ष 2025 को ऐसे वर्ष के रूप में याद किया जाएगा जब पंजाब ने धान के फसली चक्र को तोड़ने के लिए ठोस कदम उठाए। प्रदेश के छह जिलों बठिंडा, संगरूर, गुरदासपुर, जालंधर, कपूरथला तथा पठानकोट में धान से निकालकर खरीफ की मक्की के अंतर्गत क्षेत्र लाने के लिए शुरू किए गए पायलट प्रोजेक्ट के सकारात्मक नतीजे सामने आए हैं। इन जिलों में 11,000 एकड़ से अधिक क्षेत्र में धान की बजाय किसानों द्वारा खरीफ की मक्की की खेती की गई, जिसके तहत मक्की की खेती करने वालों को 17,500 रुपये प्रति हेक्टेयर के हिसाब से सहायता दी गई। इसके अलावा आर.के.वी.वाई. के अंतर्गत 10,000 रुपये प्रति हेक्टेयर की पूरक सहायता दी गई तथा एसएएस नगर तथा रोपड़ जिलों में 100 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से मक्की के बीजों पर सब्सिडी की व्यवस्था ने महत्वपूर्ण बदलाव के लिए एक मजबूत नींव रखी है।

**DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB**

Draw Time: [illegible] PM ONWARDS DATE:24/12/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 50 BUSTER WEDNESDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs 50/- Per Ticket

1st Prize Amount (1) Rs. 25 Lakhs (On 5 digits with series)
[Seller Prize Amount Rs. 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 25 Thousand, Total Prize Amount Rs. 26.25 Lakhs]
E 55714

2nd Prize Amount (25) Rs. 9,000/- (On 5 digits)
[Seller Prize Amount Rs. 900/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs.10,000/- each]
56262 57082 72517 83047 98341

3rd Prize Amount (50) Rs. 4,000/- (On Last 4 digits)
[Seller Prize Amount Rs. 500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 4,600/- each]
2479 5309

4th Prize Amount (125) Rs. 2,000/- (On last 4 digits)
[Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs. 2,250/- each]
0410 1082 1167 7268 7887

5th Prize Amount (125) Rs. 1000/- (On last 4 digits)
[Seller Prize Amount Rs. 100/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 1,150/- each]
0960 1586 4317 7132 7771

6th Prize Amount (125) Rs. 500/- (On last 4 digits)
[Seller Prize Amount Rs. 50/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 20/-, Total Prize Amount Rs.570/- each]
1008 6451 6600 7356 9521

7th Prize Amount (17,500) Rs. 100/- (On last 4 digits)
[Seller Prize Amount Rs. 10/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 5/-, Total Prize Amount Rs.115/- each]

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0006 | 0029 | 0082 | 0090 | 0137 | 0171 | 0193 | 0216 | 0222 | 0248 |
| 0250 | 0256 | 0274 | 0279 | 0308 | 0312 | 0342 | 0345 | 0354 | 0360 |
| 0376 | 0383 | 0427 | 0431 | 0442 | 0451 | 0484 | 0505 | 0520 | 0529 |
| 0535 | 0548 | 0559 | 0565 | 0578 | 0585 | 0594 | 0595 | 0613 | 0621 |
| 0688 | 0700 | 0756 | 0776 | 0777 | 0802 | 0810 | 0848 | 0855 | 0929 |
| 0949 | 0954 | 0955 | 0963 | 0976 | 0979 | 0986 | 1018 | 1035 | 1039 |
| 1042 | 1064 | 1084 | 1087 | 1088 | 1092 | 1107 | 1117 | 1126 | 1169 |
| 1170 | 1177 | 1190 | 1199 | 1200 | 1211 | 1215 | 1219 | 1221 | 1228 |
| 1229 | 1236 | 1264 | 1284 | 1292 | 1295 | 1313 | 1329 | 1343 | 1356 |
| 1379 | 1382 | 1398 | 1405 | 1427 | 1456 | 1467 | 1471 | 1482 | 1522 |
| 1524 | 1543 | 1577 | 1580 | 1593 | 1596 | 1600 | 1635 | 1646 | 1649 |
| 1681 | 1702 | 1717 | 1722 | 1726 | 1738 | 1750 | 1760 | 1785 | 1807 |
| 1824 | 1825 | 1836 | 1859 | 1879 | 1881 | 1884 | 1910 | 1915 | 1923 |
| 1924 | 1935 | 1937 | 1958 | 1962 | 1965 | 1978 | 2001 | 2022 | 2026 |
| 2032 | 2039 | 2061 | 2073 | 2088 | 2099 | 2104 | 2112 | 2119 | 2134 |
| 2147 | 2155 | 2197 | 2216 | 2222 | 2251 | 2255 | 2263 | 2271 | 2329 |
| 2333 | 2351 | 2352 | 2356 | 2369 | 2380 | 2388 | 2397 | 2403 | 2405 |
| 2421 | 2426 | 2454 | 2456 | 2459 | 2469 | 2475 | 2488 | 2496 | 2497 |
| 2500 | 2516 | 2524 | 2526 | 2563 | 2567 | 2598 | 2606 | 2615 | 2625 |
| 2644 | 2671 | 2674 | 2690 | 2711 | 2714 | 2736 | 2760 | 2767 | 2789 |
| 2832 | 2837 | 2866 | 2875 | 2898 | 2925 | 2946 | 2951 | 2960 | 2971 |
| 2974 | 2978 | 2985 | 3028 | 3034 | 3037 | 3058 | 3059 | 3108 | 3118 |
| 3120 | 3129 | 3132 | 3136 | 3171 | 3204 | 3226 | 3235 | 3257 | 3274 |
| 3323 | 3324 | 3328 | 3331 | 3332 | 3338 | 3351 | 3379 | 3387 | 3389 |
| 3405 | 3418 | 3437 | 3451 | 3479 | 3485 | 3502 | 3505 | 3519 | 3525 |
| 3527 | 3531 | 3533 | 3561 | 3580 | 3596 | 3624 | 3635 | 3648 | 3653 |
| 3665 | 3679 | 3712 | 3748 | 3767 | 3774 | 3779 | 3787 | 3788 | 3795 |
| 3804 | 3808 | 3819 | 3827 | 3847 | 3855 | 3860 | 3876 | 3882 | 3919 |
| 3933 | 3937 | 3949 | 3957 | 3988 | 4014 | 4016 | 4030 | 4058 | 4081 |
| 4082 | 4087 | 4096 | 4103 | 4107 | 4128 | 4130 | 4154 | 4160 | 4191 |
| 4198 | 4256 | 4271 | 4300 | 4345 | 4346 | 4353 | 4355 | 4358 | 4372 |
| 4389 | 4400 | 4418 | 4425 | 4435 | 4440 | 4448 | 4463 | 4475 | 4486 |
| 4488 | 4496 | 4497 | 4501 | 4511 | 4539 | 4557 | 4577 | 4616 | 4637 |
| 4639 | 4648 | 4660 | 4679 | 4728 | 4730 | 4741 | 4769 | 4787 | 4803 |
| 4813 | 4865 | 4869 | 4910 | 4931 | 4943 | 4961 | 4965 | 4977 | 5024 |
| 5029 | 5038 | 5043 | 5051 | 5097 | 5107 | 5119 | 5133 | 5140 | 5151 |
| 5182 | 5194 | 5195 | 5199 | 5214 | 5218 | 5231 | 5237 | 5242 | 5248 |
| 5260 | 5266 | 5267 | 5285 | 5311 | 5336 | 5358 | 5378 | 5429 | 5431 |
| 5479 | 5482 | 5489 | 5539 | 5552 | 5567 | 5570 | 5573 | 5625 | 5651 |
| 5652 | 5665 | 5672 | 5673 | 5686 | 5700 | 5705 | 5726 | 5750 | 5762 |
| 5788 | 5796 | 5840 | 5858 | 5861 | 5877 | 5887 | 5895 | 5914 | 5916 |
| 5917 | 5918 | 5919 | 5926 | 5939 | 5957 | 5965 | 5986 | 5988 | 5991 |
| 5992 | 6004 | 6012 | 6036 | 6051 | 6058 | 6068 | 6121 | 6141 | 6161 |
| 6170 | 6202 | 6216 | 6219 | 6221 | 6294 | 6319 | 6339 | 6349 | 6353 |
| 6380 | 6391 | 6396 | 6411 | 6427 | 6431 | 6439 | 6443 | 6456 | 6485 |
| 6524 | 6541 | 6551 | 6554 | 6568 | 6575 | 6606 | 6616 | 6624 | 6649 |
| 6651 | 6658 | 6681 | 6696 | 6709 | 6713 | 6741 | 6765 | 6785 | 6795 |
| 6809 | 6811 | 6826 | 6829 | 6847 | 6861 | 6879 | 6889 | 6898 | 6912 |
| 6913 | 6921 | 6925 | 6927 | 6940 | 6941 | 6942 | 6994 | 7004 | 7009 |
| 7037 | 7039 | 7042 | 7047 | 7056 | 7066 | 7077 | 7084 | 7121 | 7140 |
| 7161 | 7162 | 7191 | 7209 | 7245 | 7248 | 7280 | 7282 | 7313 | 7315 |
| 7323 | 7344 | 7355 | 7383 | 7391 | 7409 | 7420 | 7439 | 7442 | 7479 |
| 7508 | 7510 | 7514 | 7539 | 7554 | 7562 | 7570 | 7572 | 7595 | 7598 |
| 7632 | 7648 | 7681 | 7685 | 7729 | 7739 | 7745 | 7752 | 7761 | 7763 |
| 7802 | 7805 | 7819 | 7832 | 7833 | 7845 | 7856 | 7858 | 7865 | 7867 |
| 7890 | 7897 | 7898 | 7906 | 7913 | 7919 | 7926 | 7979 | 7986 | 8005 |
| 8009 | 8014 | 8023 | 8038 | 8044 | 8045 | 8055 | 8088 | 8110 | 8118 |
| 8127 | 8139 | 8144 | 8153 | 8197 | 8277 | 8303 | 8328 | 8350 | 8357 |
| 8369 | 8370 | 8376 | 8388 | 8417 | 8422 | 8437 | 8443 | 8460 | 8462 |
| 8468 | 8470 | 8474 | 8483 | 8512 | 8529 | 8533 | 8536 | 8538 | 8548 |
| 8560 | 8630 | 8649 | 8667 | 8668 | 8703 | 8706 | 8711 | 8722 | 8726 |
| 8795 | 8796 | 8821 | 8843 | 8848 | 8850 | 8858 | 8868 | 8875 | 8884 |
| 8901 | 8906 | 8938 | 8965 | 8968 | 8976 | 8980 | 8995 | 9001 | 9038 |
| 9045 | 9054 | 9069 | 9104 | 9108 | 9116 | 9123 | 9135 | 9160 | 9162 |
| 9167 | 9173 | 9177 | 9181 | 9200 | 9245 | 9247 | 9264 | 9267 | 9268 |
| 9294 | 9308 | 9337 | 9353 | 9357 | 9395 | 9433 | 9443 | 9451 | 9466 |
| 9509 | 9554 | 9561 | 9567 | 9576 | 9627 | 9631 | 9635 | 9645 | 9663 |
| 9668 | 9670 | 9680 | 9706 | 9722 | 9730 | 9734 | 9749 | 9758 | 9762 |
| 9763 | 9776 | 9790 | 9806 | 9811 | 9822 | 9843 | 9847 | 9868 | 9869 |
| 9876 | 9880 | 9887 | 9938 | 9939 | 9944 | 9976 | 9978 | 9980 | 9991 |

Issued by DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB
Kindly check the final result with Official Gazette Notification

# 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 300 दिन पूरे, नशा तस्करों पर मान सरकार का बड़ा प्रहार

- 'युद्ध नशों विरुद्ध' का पैमाना, इरादा, अमल और सफलता बेमिसाल है; यह तब तक नहीं रुकेगा जब तक पंजाब नशा मुक्त नहीं हो जाता: बलतेज पन्नू
- कहा-राज्यव्यापी जागरूकता अभियान का दूसरा चरण 7 जनवरी से 25 जनवरी तक चलेगा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 24 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत मान की अगुवाई में आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार ने अपने प्रमुख नशा विरोधी अभियान 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 300 दिन पूरे कर लिए हैं। यह नशाखोरी और तस्करी के खिलाफ राज्य की योजनाबद्ध लड़ाई में एक बड़ा मील का पत्थर है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आप पंजाब के महासचिव और मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने इस अभियान को एक ऐतिहासिक और जन आंदोलन बताया। उन्होंने कहा कि 'युद्ध नशों विरुद्ध' का स्तर, नीयत और अमल न सिर्फ भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में बेमिसाल है।

1 मार्च 2025 से 23 दिसंबर 2025 तक के सरकारी आंकड़े साझा करते हुए बलतेज पन्नू ने बताया कि सरकार की अटल राजनीतिक इच्छाशक्ति के कारण पंजाब पुलिस ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस दौरान 28,485 मामले दर्ज किए गए और 41,517 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

बरामद किए गए नशीले पदार्थों में हेरोइन: 1,819.669 किलो, अफीम: 594.671 किलो, भुक्की/हरे पौधे: 27,160.449 किलो, चरस: 40.764 किलो, गांजा: 577.472 किलो, कोकीन: 4.364 किलो, आइस (सिंथेटिक ड्रग): 25.212 किलो और नशीला पाउडर: 40.551 किलो शामिल है। इसके अलावा 1,666 इंजेक्शन, 46,03,652 प्रतिबंधित गोलियां/कैप्सूल और 15.23 करोड़ रुपये की ड्रग मनी जब्त की गई है।

### मान सरकार का 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान सिर्फ पुलिस कार्रवाई नहीं, एक चौतरफा रणनीति

बलतेज पन्नू ने कहा कि यह अभियान कई मोर्चों पर एक साथ लड़ा जा रहा है। जहां पंजाब पुलिस सख्ती से कानून लागू कर रही है, वहीं प्रशासन और 'नशा मुक्ति मोर्चा' पुनर्वास और रोकथाम के लिए अथक मेहनत कर रहे हैं। सरकारी नशा छुड़ाऊ केंद्रों की तस्वीर पूरी तरह बदल दी गई है। उन्हें उपेक्षित जगहों से बेहतरीन रिकवरी सेंटरों में तब्दील कर दिया गया है, जहां जरूरी दवाइयां, अच्छा भोजन, साफ-सुथरा रहन-सहन, खेल सुविधाएं और रचनात्मक गतिविधियां सुनिश्चित की गई हैं। पुस्तकालय, जो कभी बंद रहते थे, अब प्रेरणादायक साहित्य और पंजाबी व हिंदी के अखबारों से भरे हुए हैं।

### जन आंदोलन: राज्य से गांव स्तर तक का ढांचा

नशा मुक्ति मोर्चे के तहत पंजाब को पांच जोन में बांटा गया था- माझा, दोआबा, मालवा पूर्वी, मालवा पश्चिमी और मालवा केंद्रीय। इस आंदोलन का एक मुख्य स्तंभ गांवों की रक्षा समितियां हैं, जिन्हें अब 'पिंड दे पहरेदार' के नाम से जाना जाता है। इनकी संख्या लगभग एक लाख वॉलंटियरों तक पहुंच गई है।

### दूसरा चरण 7 जनवरी से शुरू

बलतेज पन्नू ने घोषणा की कि 'युद्ध नशों विरुद्ध' का दूसरा चरण 7 जनवरी से 25 जनवरी तक चलेगा। उन्होंने कहा कि यह किसी पार्टी या सरकार का अभियान नहीं है, यह पंजाबियों का पंजाब के लिए एक मिशन है। अभियान के कमजोर पड़ने के दावों को खारिज करते हुए पन्नू ने कहा कि कुछ लोगों का मानना था कि यह कुछ हफ्ते या महीने चलेगा, लेकिन 300 दिनों के बाद भी यह धीमा नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा कि हम तब तक जारी रहेंगे जब तक पंजाब पूरी तरह नशा मुक्त नहीं हो जाता। उन्होंने पंजाब के लोगों से अपील की कि वे दूसरे चरण में भी सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हों। उन्होंने कहा कि एक लाख पहरेदारों के सहयोग से इस अभियान का असर आने वाले दिनों में और भी स्पष्ट दिखाई देगा।

**आवास निर्माण एवं शहरी विकास विभाग: वर्ष 2025 का लेखा-जोखा**

# मान सरकार शहरी एवं औद्योगिक सुधारों में लाई तेजी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 24 दिसंबर।** पंजाब के आवास निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि विभाग द्वारा वर्ष 2025 के दौरान एक व्यापक एमनेस्टी स्कीम लाई गई है, जिसका उद्देश्य योजनाबद्ध शहरी विकास को बनाए रखते हुए लंबे समय से लंबित मामलों का समाधान करना और आम लोगों के विश्वास को मजबूत करना है। यह योजना उन प्लॉट धारकों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है जो किसी कारणवश अपनी बकाया किस्तें जमा नहीं कर सके, निर्धारित समय-सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूरा नहीं कर पाए या नॉन-कंस्ट्रक्शन फीस जमा करने में असफल रहे। कैबिनेट मंत्री ने एक महत्वपूर्ण नागरिक-केंद्रित सुधार की जानकारी देते हुए बताया कि अनधिकृत कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने वाले लोगों को बड़ी राहत प्रदान की गई है। इसके तहत पंजाब अपार्टमेंट एवं प्रॉपर्टी रेगुलेशन एक्ट (पापरा) में संशोधन किया गया है, जिससे अब ऐसे प्लॉट धारक बिना एन.ओ.सी. प्राप्त किए अपने प्लॉट की रजिस्ट्री करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर आम नागरिकों को राहत दी गई है, वहीं दूसरी ओर अनधिकृत कॉलोनियों को विकसित करने वाले प्रमोटरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। इसके लिए सजा और जुर्माने से संबंधित प्रावधानों में वृद्धि करते हुए कई कड़े संशोधन लागू किए गए हैं, ताकि अवैध विकास पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। निवेश अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने और डेवलपर्स पर दबाव कम करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा लाइसेंसों एवं औद्योगिक पार्क प्रोजेक्टों के आंशिक समर्पण की अनुमति दी गई है। इसके साथ ही लाइसेंस अथवा औद्योगिक पार्क प्रोजेक्टों को आंशिक रूप से स्थगित करने या रद्द करने के प्रावधान भी किए गए हैं, जिससे राज्य में नए औद्योगिक पार्कों की स्थापना के लिए नए अवसर खुलेंगे। श्री मुंडियां ने कहा कि लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए मेगा प्रोजेक्टों और पापरा लाइसेंस प्राप्त प्रोजेक्टों को पूरा करने की अवधि 31 दिसंबर 2025 तक बढ़ा दी गई है। इसके अतिरिक्त प्रमोटरों को और राहत देते हुए ऐसे प्रोजेक्टों को लागू करने के लिए 31 दिसंबर 2025 के बाद अधिकतम पांच वर्षों की अवधि का एक बार का विस्तार देने का प्रावधान किया गया है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि इमारती नियम 2025 को मंजूरी दे दी गई है और इसका नोटिफिकेशन भी जारी किया जा चुका है। इन नियमों का ड्राफ्ट आम लोगों और स्टेकहोल्डर्स से प्राप्त सुझावों और विचारों के आधार पर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि ये नए नियम उद्योग और रियल एस्टेट सेक्टर को प्रोत्साहन देंगे। कॉलोनियों के विकास हेतु लाइसेंस देने की प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध बनाने के लिए 60 दिनों का एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर तैयार किया गया है, जिससे देरी कम होगी और डेवलपर्स को सुविधा मिलेगी। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षित भूमि के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा ई.डब्ल्यू.एस. लैंड पॉकेट्स की मोनेटाइजेशन नीति को नोटिफाई किया गया है। इस नीति से प्राप्त राजस्व का उपयोग विशेष रूप से ई.डब्ल्यू.एस. आवासों के निर्माण और उनके कल्याण कार्यों के लिए किया जाएगा।

औद्योगिक विकास को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर के अंतर्गत राजपुरा में एकीकृत निर्माण क्लस्टर को भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से पर्यावरणीय मंजूरी मिल गई है। यह परियोजना पंजाब के औद्योगिक विकास के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि पंजाब इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी-2022 के अनुसार शहरी योजना एवं विकास इमारती नियमों में संशोधन किए गए हैं, जिससे सभी श्रेणियों की इमारतों में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और चार्जिंग स्टेशनों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कर्मचारियों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से रेंटल हाउसिंग पॉलिसी में संशोधन किया गया है। इसके तहत एस.ए.एस. नगर और न्यू चंडीगढ़ के औद्योगिक एवं मिक्स्ड-यूज्ड जोनों में स्थित न्यूनतम 2.5 एकड़ क्षेत्र वाले स्टैंडअलोन प्रोजेक्टों में किराए के आवास की अनुमति दी गई है। त्वरित और प्रभावी मंजूरियां सुनिश्चित करने के लिए चेंज ऑफ लैंड यूज, कंपलीशन सर्टिफिकेट तथा लेआउट और बिल्डिंग प्लान से संबंधित रेगुलेटरी शक्तियों का विकेंद्रीकरण किया गया है। इसके फलस्वरूप मोहाली, लुधियाना, जालंधर, अमृतसर, पटियाला और बठिंडा की शहरी विकास अथॉरिटीज़ अपने स्तर पर मंजूरियां देने में सक्षम हो गई हैं।

# अटल जनसेवा को समर्पित दौड़ को मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

## हरियाणा पुलिस के नव जवानों ने दिखाया अनुशासन और एकता का संकल्प

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला, 24 दिसंबर।** केंद्रीय गृह मंत्री के दौरे से पहले बुधवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सेक्टर-5 स्थित यवनिका पार्क से हरियाणा पुलिस के बैच संख्या-93 के जवानों द्वारा आयोजित अटल जनसेवा को समर्पित दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा, पूर्व विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता, जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, पुलिस महानिदेशक ओ पी सिंह, हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ अरशिंदर सिंह चावला, उपयुक्त सतपाल शर्मा, बंतो कटारिया, ओम प्रकाश देवीनगर, दीपक शर्मा सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती की स्मृति में आयोजित यह दौड़ एकता, अनुशासन और राष्ट्र सेवा की भावना का प्रेरणास्पद प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री ने भारत के केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह भारतीय पुलिस के इतिहास के सबसे बड़े पुलिस पासिंग-आउट बैच को सामूहिक शपथ दिलवाई है, यह सबसे बड़े गौरव की बात है। इस ऐतिहासिक बैच में कुल 5,061 जवान शामिल हैं, जिनमें 4,191 पुरुष एवं 870 महिला जवान हैं। इस प्रकार, इस बैच में 20.75 प्रतिशत महिला भागीदारी सुनिश्चित हुई है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में हरियाणा पुलिस में महिलाओं की भागीदारी मात्र 3 प्रतिशत थी, जो आज बढ़कर 10 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है। राज्य सरकार ने इसे आगामी वर्षों में 25 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह भी कहा कि प्रदेश में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे व्यापक अभियान में हरियाणा पुलिस की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। नव प्रशिक्षित जवान इस अभियान के ब्रांड एम्बेसडर के रूप में समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि यह दौड़ 39 सप्ताह के कठोर प्रशिक्षण की सफल पूर्णता का प्रमाण है तथा पुलिसिंग और कर्मयोगी पाठ्यक्रम के उन मूल्यों को व्यवहार में उतारने की शुरुआत है, जिन्हें जवानों ने प्रशिक्षण के दौरान आत्मसात किया है। इस दौड़ में ग्रामीण पृष्ठभूमि से आए 4,252 जवान तथा शहरी पृष्ठभूमि के 809 जवान एक साथ कदमताल कर रहे हैं, जो पूरे हरियाणा की सामाजिक एकता और समरसता का सशक्त संदेश देता है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बैच की एक और उल्लेखनीय विशेषता यह है कि लगभग 85 प्रतिशत जवान स्नातक एवं स्नातकोत्तर हैं। इनमें से 2,390 जवान (50 प्रतिशत से अधिक) 26 वर्ष से कम आयु के हैं, जो हरियाणा पुलिस में नई ऊर्जा, आधुनिक दृष्टिकोण और कार्यकुशलता का संचार करेंगे। उन्होंने कहा कि यह दौड़ केवल एक शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि योग, पी.टी. एवं आत्मरक्षा जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से विकसित आत्मबल और अनुशासन का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि इन जवानों ने 9 अप्रैल 2025 को उत्साहपूर्वक 1,356 यूनिट रक्तदान कर समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन

# आधुनिक स्वास्थ्य उपकरणों के माध्यम से अपनी फिटनेस को मापें: नवीन जिन्दल

अर्थ प्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 24 दिसंबर।** सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह के अवसर पर द्रोणाचार्य स्टेडियम, कुरुक्षेत्र में एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक खिलाड़ियों, आम नागरिकों एवं आगंतुकों के लिए खुला रहा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

इस स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों के साथ-साथ आम नागरिकों को स्वस्थ शरीर, सशक्त मन और संतुलित आहार के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर में पोषण एवं डाइट काउंसलिंग, फिजियोथेरेपी मार्गदर्शन, ऑर्थोपेडिक परामर्श तथा बीएमआई एवं प्राथमिक स्वास्थ्य जांच जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं।

इस अवसर पर कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिन्दल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब हमें अपने शरीर की सही रचना का ज्ञान होता है, तभी हम सही आहार, व्यायाम और जीवनशैली अपना पाते हैं। इस अवसर पर उन्होंने सभी गणमान्य नागरिकों से आग्रह किया कि वे इनबॉडी जैसी तकनीक को अपनाएं।

उन्होंने कहा कि फिट इंडिया और विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब हम आधुनिक स्वास्थ्य उपकरणों के माध्यम से अपनी फिटनेस को मापें, समझें और बेहतर बनाएं। इनबॉडी इस दिशा में एक सशक्त कदम है। उल्लेखनीय है कि शिविर में पोषण एवं डाइट काउंसलिंग के अंतर्गत विशेषज्ञों द्वारा सभी आयु वर्ग के लोगों को संतुलित आहार पर मार्गदर्शन दिया गया। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए विशेष पोषण संबंधी सुझाव दिए गए, वहीं मधुमेह, रक्तचाप और एनीमिया जैसी समस्याओं से संबंधित आहार सलाह भी प्रदान की गई। साथ ही स्थानीय एवं किफायती खाद्य पदार्थों पर आधारित डाइट प्लान की जानकारी देकर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### 9 अवैध कालोनियों पर चला बुल्डोजर



**मुलाना (अप्रस/सचिन मलिक)।** जिला नगर योजनाकार अम्बाला के दस्ते द्वारा अर्बन एरिया बराड़ा के गांव मुलाना, होली व सिम्बला तहसील बराड़ा जिला अम्बाला में लगभग 40 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही 9 अवैध कॉलोनीयों में तोड़–फोड़ की कार्यवाही अमल में लाई गयी। इस कार्यवाही के दौरान अवैध कॉलोनीयों में बनी हुई कच्ची सड़कों के जालो तथा 35 निर्माणों व नीवों को पूर्ण रूप से धवस्त कर दिया गया। मौका पर डयूटी मैजिस्ट्रेट कम जिला नगर योजनाकार – रोहित चैहान, कनिष्ठ अभियंता अभिषेक कौशिक, क्षेत्रान्वेषक रविन्द्र एस0एच0ओ0 इन्फोरसमेन्ट, एस0एच0ओ0 बराड़ा भारी पुलिस बल के साथ उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित जिला नगर योजनाकार रोहित चैहान ने आमजन से अपील की है कि प्रोपट्री डीलरों के बहकावे में आकर अवैध कालोनियों में प्लाट/दुकान न खरीदें। अत- सभी को सूचित किया जाता है कि इस प्रकार से किसी भी झांसे में ना आएं तथा इन अवैध कालोनियों में प्लाट न खरीदने तथा किसी भी प्रकार का निर्माण न करने के प्रति चेताया तथा बताया कि ऐसी अवैध कालोनियों/अवैध निर्माणों के खिलाफ आगे भी विभागीय कार्यवाही जारी रहेगी।

### एसडी महिला महाविद्यालय में सात दिवसीय शिविर संपन्न



**नरवाना (अप्रस/हितेश गर्ग)।** एस.डी. महिला महाविद्यालय, नरवाना की एनसीसी इकाई का सात दिवसीय साहसिक शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 15 हरियाणा बटालियन द्वारा आयोजित इस कैंप में पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और हिमाचल डायरेक्टरेट की 30 छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय की छात्रा शिवानी तथा इंचार्ज लेफ्टिनेंट डॉ. नयनदीप ने कैंप में प्रतिनिधित्व किया। शिविर में कैडेट्स ने वॉल क्लाइंबिंग सहित विभिन्न साहसिक गतिविधियों में भाग लेकर साहस, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया। प्राचार्या डॉ. अंजना लोहान ने कैडेट्स के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर छात्राओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कैडेट्स को सम्मानित किया गया तथा लेफ्टिनेंट डॉ. नयनदीप को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर संस्था के प्रधान सुरेश सिंघल, उपप्रधान राजकुमार गोयल और महासचिव जियालाल गोयल ने सभी को बधाई दी।

### टोहाना में 1 जनवरी को यज्ञ का आयोजन

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** घंटा घर चौक नजदीक सनातन मँदिर में सनातन युवा प्रचार मंच की टीम द्वारा नगर टोहाना की सुख–शांति तथा विश्व भर में धर्म की स्थापना एवं शांति के उद्देश्य से 1 जनवरी 2026, गुरुवार को एक भव्य यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह यज्ञ सुबह 9 बजे से सनातन धर्म मंदिर में आयोजित होगा, जिसमें मंदिर कमेटी का भी पूर्ण सहयोग रहेगा। सनातन युवा प्रचार मंच के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस यज्ञ का मुख्य उद्देश्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना, नगरवासियों के सुख–समृद्धि की कामना करना तथा पूरे विश्व में शांति और धर्म की स्थापना हेतु प्रार्थना करना है। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत यज्ञ संपन्न कराया जाएगा। आयोजकों ने टोहाना के सभी श्रद्धालु भाई–बहनों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में यज्ञ में पहुंचकर आहुति देकर पुण्य लाभ प्राप्त करें तथा कार्यक्रम को सफल बनाएं।पवन कुमार बंसल, ईशाल गोयल, लक्ष्य कथूरिया, जयेश बत्रा, गौरव, निखिल, अभिषेक, तुषार, जतिन, मोनू, गौरांश, हेमंत, शुभम बत्रा, देव, दिव्यांश, अंश कायत ने शिरकत की।

### भाजपा सरकार लगातार जनहित से जुड़ी मांगों की कर रही अनदेखी: सहारण

**कलायत (अप्रस/कपिल देव रोहिल्ला)।** कलायत से कांग्रेस विधायक विकास सहारण ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार जनहित से जुड़ी मांगों की अनदेखी कर रही है। इसी के परिणामस्वरूप विधानसभा पटल पर क्षेत्र की टूटी एवं असुरक्षित सड़कों, स्कूल–कालेज भवनों, खेल स्टेडियम, पेयजल, सीवरेज, बिजली, सफाई व्यवस्था, सिंचाई व विभिन्न विभागों से जुड़ी मांगों को बार–बार उठाने के बाद भी पूरा नहीं किया जा रहा। इससे प्रदेश विकास की दृष्टि से लगातार पीछे जा रहा है। जबकि कागजों में सबका साथ सबका विकास के दावे किए जा रहे हैं। विधायक बुधवार को कलायत स्थित लोक निर्माण विश्राम गृह में कार्यकर्ताओं से रूबरू होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। विकास सहारण ने कहा कि यदि भाजपा ने जनहित से जुड़े विषयों के प्रति सकारात्मक रुख नहीं अपनाया तो कांग्रेस पार्टी प्रदेश भर में आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। जिस प्रकार का रवैया भाजपा द्वारा कांग्रेस विधायकों के प्रति अपनाया जा रहा है वह सरासर गलत है। जिन विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस पार्टी के विधायक हैं वहां भाजपा द्वारा अपने स्तर पर एक तरह से शेडों विधायक गतिशील किए गए हैं। लेकिन कांग्रेस पार्टी के मजबूत इरादों को इस प्रकार की स्थिति से कमजोर नहीं किया जा सकता। विधायक ने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में पांच–पांच करोड़ रुपए से विकास कार्यों को पूरा करवाने का वायदा पूरी तरह झूठा है।

# कैथल की अदालत ने 6 लोगों को सुनाई 10 साल कैद की सजा

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 24 दिसंबर।** कैथल की एक अदालत में डकैती, लूट और मारपीट के एक मामले में आज छह लोगों को 10 साल की कैद और प्रत्येक को 32200 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर 10 महीने की अतिरिक्त जेल काटनी होगी। इस बारे में डेरा बाबा बिहारी दास गांव कठवाड़ के महंत त्रिवेणी दास ने थाना सदर में 29 मार्च 2022 को लूट, डकैती और मारपीट की धाराओं के तहत मुकदमा नंबर 86 दर्ज करवाया था। अभियोजन पक्ष की ओर से मुकदमे की पैरवी डीडीए जय भगवान गोयल ने की। गोयल ने बताया कि 28 मार्च 2022 की रात महंत त्रिवेणी दास अपने कमरे में आराम कर रहे थे। धुने वाले कमरे में उनके दो चेले कपिल व मंगलदास सो रहे थे। आधी रात के बाद महंत को बचाओ बचाओ का शोर सुनाई दिया। करीब 2 बजे 5,6 व्यक्ति अपने हाथों में गंडासी व डंडे लिए धुने के बाहर खड़े थे। वे सभी खाकी रंग की वर्दी पहने थे व बाजू पर सिक्योरिटी लिखा हुआ था। उन्होंने महंत की बाजू पकड़ ली और धुने पर चेलों के साथ बिठा लिया। उनमें से तीन व्यक्ति निगरानी के लिए छोड़ दिए और बाकी डेरे की छानबीन करने लगे। कपिल ने विरोध करना चाहा तो उसके हाथ पर डंडा मारा और कहा कि अगर ज्यादा शोर किया तो जान से मार देंगे। इस बीच तीन व्यक्ति और आए और डेरे की तलाशी लेने लगे। लुटेरों ने वहां से 85000 रुपए, तीन सोने की अंगूठी, दो मोबाईल फोन और महंत के कानों से मुर्की छीन ली।

# गुरु ब्रह्मानंद जयंती के बहाने एक मंच पर पिरोए सभी दलों के नेता

## राज्य स्तरीय जयंती की सफलता से विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण का समाज में बढ़ा कद

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 24 दिसंबर।** प्रदेश स्तरीय गुरु ब्रह्मानंद जयंती समारोह सामाजिक समरसता और राजनीतिक सौहार्द का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा। हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंद्र कल्याण के नेतृत्व में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में भाजपा, कांग्रेस सहित अन्य सभी राजनीतिक दलों के नेता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, संत-महात्मा और गणमान्य नागरिक एक मंच पर नजर आए। गुरु ब्रह्मानंद जी की जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग पहुंचे। समारोह की भव्यता, अनुशासन और सफल आयोजन की हर ओर सराहना की जा रही है। विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कहा कि गुरु ब्रह्मानंद जी ने जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर समाज को जोड़ने का कार्य किया। रोड समाज के लोगों ने संतों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए राज्य स्तरीय जयंती में एकता का परिचय दिया। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने मंच साझा कर यह स्पष्ट संदेश दिया कि सामाजिक और आध्यात्मिक विषयों पर राजनीति से ऊपर उठकर एकजुटता संभव है।

**राजनीतिक दीवारें तोड़कर रोड समाज ने दिया एकता का परिचय:** स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कहा कि जयंती समारोह ने राजनीतिक दीवारें तोड़कर भाईचारे का परिचय दिया है। बता दें कि प्रदेश स्तरीय इस सफल आयोजन से स्पीकर हरविंद्र कल्याण का सामाजिक और सार्वजनिक जीवन में कद और अधिक मजबूत हुआ है। समारोह के समापन पर आयोजकों, कार्यकर्ताओं और सहयोगी संस्थाओं के योगदान की सराहना की गई तथा भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन निरंतर करने का संकल्प लिया गया।

**पंचायत मंत्री ने की 21 लाख रुपये देने की घोषणा:** हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने गुरु ब्रह्मानंद जी की जयंती पर नमन करते हुए शुभकामनाएं दी। उन्होंने गुरु ब्रह्मानंद माजरा (चुहड़माजरा) में विकास कार्यों के लिए 21 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि गुरु ब्रह्मानंद जयंती के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य कारणों की वजह से शिरकत नहीं कर पाए। घुटने के ऑपरेशन के चलते वे कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए थे। उन्होंने गुरु जी के सम्मान में और गांव के विकास कार्यों के लिए 21 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।

# वीयूएमएम जैन पब्लिक स्कूल में मनाया अभिभावक दिवस

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन



**करनाल, 24 दिसंबर।** फूसगढ़ रोड स्थित वरिष्ठ उपाध्याय मनोहर मुनि जैन पब्लिक स्कूल में अभिभावक दिवस का नयनाभिराम कार्यक्रम सुसज्जित पंडाल में प्री नर्सरी से चौथी कक्षा तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रो. एस. के मल्होत्रा रहे और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला न्यायवादी डा. पंकज सैनी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यालय प्रबंधन द्वारा आदर की चादर ओढ़ाकर गणमान्यों का अतिथि सत्कार किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों संग दीपशिखा प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम श्रृंखला का शुभारंभ किया गया। नन्हे-मुन्ने बाल कलाकारों द्वारा सर्वप्रथम स्वागत गान किया गया। तुलसी पूजन कार्यक्रम द्वारा हिन्दू संस्कृति में तुलसी के महत्व एवं बहुमूल्य उपयोग को दर्शाया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का संदेश भारतीय संस्कृति, प्रकृति संरक्षण, आध्यात्मिक - नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना रहा। नर्सरी कक्षा के विद्यार्थीयों की अल्फाबैटिकल ट्रेन की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी ने मन मोह लिया। बाल कलाकारों ने %दादी अम्मा% शीर्षक नाट्य प्रस्तुति से पारिवारिक संस्कारों और बुजुर्गों के महत्व को प्रभावशाली ढंग से मंच पर अभिनीत किया।

दोनों अतिथियों ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक, बौद्धिक, चारित्रिक प्रगति पर संतोष प्रकट करते हुए गुरुदेव श्री मनोहर मुनि जी के नाम से स्थापित इस शिक्षा मंदिर के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय निर्देशिका वीणा गर्ग, प्रबंधिका शीतल जैन, प्रधानाचार्य तनुजा सचदेवा, उपप्रधानाचार्य सागर रत्न, प्रबंधन कोषाध्यक्ष डा. मोहन लाल, सदस्य रतन लाल जैन, सुशील जैन, अशोक जैन, नवीन जैन, रमण जैन आदि उपस्थित रहे।

### जयराम पब्लिक स्कूल में श्रद्धा से मनाया गया गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों का शहीदी दिवस

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल में क्रिसमस दिवस और गुरु गोविंद सिंह के साहब जादों का शहीदी दिवस श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया। बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर प्रेम और देशभक्ति का संदेश दिया। स्कूल प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल और अध्यापिकाओं ने साहब जादो की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा सीरत ने मंच का संचालन किया। स्कूल छात्रा अनु ने क्रिसमस दिवस पर और दीपांशी ने साहिब जादो के जीवन पर विचार रखे।

# देवबन में 'आओ गांव की ओर लौट चलें' कार्यक्रम आयोजित



अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 24 दिसंबर।** गांव देवबन में दा पॉवर ऑफ यूथ संगठन द्वारा 'आओ गांव की ओर लौट चलें' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच गजे सिंह फौजी ने की। संगठन के प्रधान दिनेश कौशिक ने कहा कि युवाओं को गांव को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे आना चाहिए।

कार्यक्रम में एडवोकेट पी.एल. भारद्वाज, मन्नू शर्मा, डॉ. सुखदेव कुण्डू, बलबीर शर्मा देवबन, मोहन शर्मा चंदाना, हरियाणवी गायक कर्मबीर फौजी, जिला परिषद सदस्य राकेश खानपुर, सोहन शर्मा, किसान नेता होशियार गिल व इन्द्र मुच्छल खुराना ने ग्रामीण संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन और पलायन रोकने पर विचार रखे।

इस अवसर पर आप पार्टी जिलाध्यक्ष जगमग मटौर, देवीराम कसान, सुरेश झांझ, केशा राम प्योदा, बलदेव (पूर्व सरपंच तितरम), रोनक गिरी महाराज, बसाऊ शर्मा कैलरम सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नगर परिषद की हाउस मीटिंग में हंगामा, ईओ, प्रधान व उप प्रधान बीच बैठक छोड़कर निकले

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 24 दिसंबर।** नरवाना नगर परिषद की हाउस मीटिंग उस समय हंगामे में तब्दील हो गई जब कार्यकारी अधिकारी (ईओ), नगर परिषद प्रधान और उप प्रधान चलती मीटिंग के बीच ही बाहर निकल गए। हैरानी की बात यह रही कि नगर परिषद प्रधान मुकेश मिर्धा पूरी मीटिंग के दौरान चुप्पी साधे रही और बिना किसी स्पष्टीकरण के चुपचाप बैठक से निकल गए पार्षदों के भारी दबाव के बाद बुलाई गई इस हाउस मीटिंग में शहर की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर तीखी बहस हुई। बैठक में स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था, सीवर समस्या, सड़कों पर खड़े कूड़े और ठेके से जुड़ी अनियमितताओं का मुद्दा प्रमुखता से उठा। पार्षदों ने आरोप लगाया कि हाल ही में लगे टेंडर के तहत कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां वार्डों तक नहीं पहुंच रही हैं, जिससे शहर में गंदगी फैल रही है। नरवाना शहर में कूड़ा डंपिंग को लेकर भी जमकर विवाद हुआ। हुड्डा ग्राउंड, मॉडल टाउन और बाबा गैबी साहिब तालाब के पास कूड़ा डाले जाने पर पार्षदों ने कड़ा विरोध जताया और इसे शहरवासियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बताया। इसके अलावा बंदरों के आतंक से परेशान पार्षदों ने भी अपनी आवाज बुलंद की और प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए। बैठक में प्रधान पर भी गंभीर आरोप लगाए गए। पार्षदों का कहना था कि नगर परिषद में अधिकारियों और प्रधान की मिलीभगत से सिर्फ चुनिंदा पार्षदों के ही काम होते हैं, जबकि बाकी पार्षदों के कार्य या तो जानबूझकर लटका दिए जाते हैं या फिर फाइलों में ही दबा दिए जाते हैं। मीटिंग के बीच ईओ, प्रधान और उप प्रधान का बाहर निकल जाना पार्षदों के आक्रोश को और बढ़ा गया। पार्षदों ने इसे जनहित के मुद्दों से भागने जैसा कदम बताया और कहा कि नगर परिषद में जवाबदेही पूरी तरह खत्म हो चुकी है। कुल मिलाकर, यह हाउस मीटिंग नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा कर गई है और शहर की बिगड़ती व्यवस्था को लेकर प्रशासन की गंभीरता पर भी संदेह पैदा हो गया है।

# नायब सरकार ने विकास, सुशासन व जनकल्याण में की ऐतिहासिक नीतियां लागू: ज्योति सैनी

चेयरमैन विजेंद्र मैहला जडौला के प्रतिष्ठान पर जिलाध्यक्ष सैनी का हुआ स्वागत

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 24 दिसंबर।** कैथल भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार विकास, सुशासन और जनकल्याण को केंद्र में रखकर अनेक ठोस और दूरगामी नीतियां लागू की हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने युवाओं, किसानों, महिलाओं और आम नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। जिलाध्यक्ष नई अनाज मंडी ढांड में भाजपा ढांड मंडल अध्यक्ष एवं मार्कीट कमेटी के चेयरमैन विजेंद्र मैहला जडौला के प्रतिष्ठान पर कार्यकर्ताओं से रूबरू हो रही थी। चेयरमैन विजेंद्र मैहला ने जिलाध्यक्ष सैनी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि नायब सरकार में हरियाणा में आधारभूत ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी गई है। सडक़ों, राष्ट्रीय राजमार्गों, ग्रामीण संपर्क मार्गों, बिजली और जल आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाओं में व्यापक सुधार हुआ है। औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए निवेश-अनुकूल वातावरण तैयार किया गया, जिससे राज्य में रोजगार के नए अवसर सृजित हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं के लिए पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया को अपनाकर एक नई मिसाल कायम की है। बिना पर्ची-बिना खर्ची की नीति ने सरकारी नौकरियों में विश्वास बढ़ाया है। कौशल विकास योजनाओं, स्टार्टअप प्रोत्साहन और खेल नीति के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। हरियाणा आज खेलों में देश का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि किसान हरियाणा की रीढ़ हैं और सरकार की नीतियों में यह स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। ज्योति सैनी ने कहा कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए सरकार ने कई प्रभावी योजनाएं शुरू की हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को जमीन पर उतारते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के क्षेत्र में ठोस सुधार किए गए हैं। जिलाध्यक्ष सैनी ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार की नीतियां विकास, विश्वास और समावेशन के सिद्धांत पर आधारित हैं। युवा, किसान, महिलाएं और आम नागरिक सभी वर्गों के लिए किए गए प्रयास राज्य को प्रगति के पथ पर अग्रसर कर रहे हैं। इस मौके पर चेयरमैन विजेंद्र मैहला जडौला, राजेंद्र गुर्जर आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# साहिबजादों का बलिदान मानवता के लिए साहस और आत्मसम्मान की अमर मिसाल : मुख्यमंत्री

## वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत

- धर्म और सत्य के मार्ग पर अडिग रहे साहिबजादे, उनका बलिदान आज भी राष्ट्र के लिए प्रेरणा स्रोत
- 1984 के दंगा पीड़ित परिवारों को नौकरियों के नियुक्ति पत्रों का वितरण सरकार की संवेदनशीलता और सामाजिक न्याय के प्रति दृष्टिकोण का प्रतीक



अर्थ प्रकाश/ आदित्य शर्मा

**पंचकूला, 24 दिसंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबज़ादों का बलिदान सम्पूर्ण मानवता के लिए साहस, आस्था और आत्मसम्मान की अमर मिसाल है। बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी ने अत्याचार और प्रलोभन के सामने झुकने के बजाय धर्म और सत्य के मार्ग को चुना, जिससे उन्होंने यह सिद्ध किया कि भारत की आत्मा कभी भय से पराजित नहीं होती।

मुख्यमंत्री वीर बाल दिवस के अवसर पर पंचकूला में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने अतिथि के रूप में शिरकत की। इससे पहले, श्री अमित शाह और श्री नायब सिंह सैनी ने छोटे साहिबजादों के बलिदान पर आधारित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज पंचकूला की यह पावन धरा इतिहास, बलिदान और राष्ट्रभक्ति की अद्भुत गूंज से गूंज रही है। आज का यह दिन भारत की आत्मा को नमन करने का अवसर है। हम वीर बाल दिवस के उपलक्ष में उन अमर आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं, जिन्होंने बाल्यावस्था में ही धर्म, संस्कृति और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 से 27 दिसंबर का यह सप्ताह भारतीय इतिहास का सबसे शोकपूर्ण, लेकिन सबसे गौरवपूर्ण सप्ताह है। इसी कालखंड में गुरु गोबिंद सिंह जी का संपूर्ण परिवार धर्म और न्याय की रक्षा के लिए बलिदान हो गया। चमकौर के युद्ध में बड़े साहिबजादों का शौर्य, छोटे साहिबजादों की अदम्य आस्था और माता गुजरी जी का त्याग, भारत की आत्मिक शक्ति के प्रतीक हैं। यह परंपरा गुरु तेग बहादुर साहिब जी के बलिदान से जुड़ी हुई है, जिन्होंने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण अर्पित किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर बाल दिवस की शुरुआत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसलिए की गई, ताकि देश की नई पीढ़ी साहिबजादों के साहस, त्याग और नैतिक दृढ़ता से प्रेरणा ले सके। यह दिवस हमें सिखाता है कि राष्ट्र की नींव संस्कारों, मूल्यों और चरित्र से मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस केवल स्मरण का अवसर नहीं है, बल्कि यह युवाओं को सत्य, धर्म और राष्ट्रहित के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा, एकता और अखंडता के सशक्त प्रहरी के रूप में आपने देश को एक नई दृढ़ता दी है। चाहे आतंकवाद के विरुद्ध कठोर निर्णय हों, सीमाओं की सुरक्षा हो, या फिर राष्ट्रीय एकता को चुनौती देने वाली शक्तियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई, आपने हर मोर्चे पर भारत को सुरक्षित और सशक्त बनाया है। आपका स्पष्ट दृष्टिकोण, अडिग संकल्प और निडर निर्णय क्षमता आज के भारत की पहचान बन चुकी है। आपने यह सिद्ध किया है कि जब नेतृत्व में दृढ़ इच्छाशक्ति हो, तो असंभव भी संभव बन जाता है। उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि केंद्रीय गृह मंत्री के मार्गदर्शन में देश को और नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस जैसे पावन अवसर पर आपका मार्गदर्शन यह दर्शाता है कि भारत अपने बलिदानी इतिहास को केवल स्मृति तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उसे भविष्य निर्माण की प्रेरणा बनाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अवसर पर श्री अमित शाह द्वारा भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का अनावरण, उनके जीवन पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन, रक्तदान शिविर का शुभारंभ, हरियाणा विज़न डॉक्यूमेंट-2047 का लोकार्पण, 1984 के दंगा पीड़ति परिवारों को नियुक्ति पत्रों का वितरण तथा वीर साहिबजादों के जीवन पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन कर उनके विचारों और मूल्यों को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई है। उन्होंने कहा कि आज पंचकूला की इस धरती से यह संदेश पूरे देश में जाएगा कि भारत अपने शहीदों को कभी नहीं भूलता। शहीद साहिबजादों का बलिदान हमें सिखाता है कि अन्याय के सामने झुकना विकल्प नहीं है। उनका जीवन और उनका बलिदान आज के युवाओं के लिए चरित्र, साहस और आत्मबल का पाठ है।

### मुख्यमंत्री की बड़ी घोषणाः पैक्स के लिए 15 लाख रुपए की लिमिट जीरो प्रतिशत ब्याज पर होगी

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में सहकारिता के क्षेत्र में पैक्स के लिए 15 लाख रुपए की लिमिट जीरो प्रतिशत पर दी जाएगी। यह लोन सहकारी बैंकों द्वारा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा 10 प्रतिशत का ब्याज राहत उन पैक्सों की दी जाएगी, जो समय पर ऋण का भुगतान करेंगी। मुख्यमंत्री आज पंचकूला में मेगा कोऑपरेटिव कॉन्फ्रेंस में सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह भी उपस्थित थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के मंत्र को आगे बढ़ाते हुए 'राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025' लागू की गई है। इसमें करोड़ों किसान, दुग्ध उत्पादक, ग्रामीण महिलाएं, कमजोर वर्गों को केन्द्र में रखा गया है। उन्होंने कहा कि वे विश्वास दिलाते हैं कि राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025 को हरियाणा में लागू करने में हम कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025 को लागू करने में हरियाणा अग्रिम राज्यों में होगा। हमारी सरकार ने सहकारिता को एक नई दिशा, नई पहचान और ताकत देने का जो संकल्प लिया है वह आज भारत की कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसान कल्याण का मजबूत आधार बन रहा है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा प्रदेश के लिए आज कई सौगातें देने पर आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे प्रदेश में सहकारिता के क्षेत्र में विकास के नए आयाम खुलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में वर्ष 2021 में देश में पहली बार सहकारिता मंत्रालय का गठन किया गया। यह केवल एक प्रशासनिक बदलाव नहीं था, बल्कि सहकारी संस्थाओं को नई दिशा और ऊर्जा देने का ऐतिहासिक कदम था। उन्होंने कहा कि हमारे लिए सहकारिता कोई नई अवधारणा नहीं है। यह हमारी संस्कृति, हमारी परंपरा और हमारे सामाजिक जीवन का अभिन्न हिस्सा रही है। 'एकता में शक्ति' का सिद्धांत हमारे गांवों ने सदियों से अपनाया है। सहकारिता आज कृषि क्षेत्र में परिवर्तन की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में सहकारिता आंदोलन को मजबूती देकर हम विकसित भारत, विकसित हरियाणा की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आज की इस कान्फ्रेंस का विषय भी कृषि के सतत विकास में सहकारिता की भूमिका को और अधिक मजबूत करने में कारगर साबित होगी।

---

## मोदी कैबिनेट का नए साल से पहले तोहफा, दिल्ली-एनसीआर मेट्रो विस्तार को मिली मंजूरी

# तीन साल में बनेंगे 13 नए स्टेशन

- 12,015 करोड़ रुपए से बनेंगे दिल्ली मेट्रो के तीन नए कॉरिडोर

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली, 24 दिसंबर।** मोदी सरकार ने दिल्ली-एनसीआर वासियों को नए साल का तोहफा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली मेट्रो के विस्तार को मंजूरी दी है। बुधवार को केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने यह जानकारी साझा की है।

केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने दिल्ली मेट्रो के फेज 5ए के अंतर्गत 3 नए कॉरिडोर को मंजूरी दी है। इसमें 13 नए मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे। तीन नए कॉरिडोर में आरके आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ (9.913 किमी), एयरोसिटी से आईजीआई एयरपोर्ट टी-1 (2.263 किमी) और तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज (3.9 किमी) शामिल है। इस परियोजना की कुल लंबाई 16.076 किमी है और इससे राष्ट्रीय राजधानी में कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। दिल्ली मेट्रो के फेज 5ए परियोजना की कुल लागत 12014.91 करोड़ रुपए है, जिसका वित्तपोषण भारत सरकार, दिल्ली सरकार और अंतरराष्ट्रीय वित्तपोषण एजेंसियों द्वारा किया जाएगा। सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर सभी कर्तव्य भवनों को जोड़ेगा, जिससे इस क्षेत्र के कार्यालय जाने वालों और आगंतुकों को घर बैठे ही सुविधा मिलेगी। इस कनेक्टिविटी से प्रतिदिन कार्यालय जाने वाले लगभग 60,000 लोगों और 2 लाख आगंतुकों को लाभ होगा। ये कॉरिडोर प्रदूषण और जीवाश्म ईंधन के उपयोग को कम करके जीवन स्तर को सुगम बनाएंगे। केंद्रीय कैबिनेट के फैसलों पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट ने दिल्ली मेट्रो के फेज 5ए को मंजूरी दे दी है, जिसमें 13 नए स्टेशन बनाए जाएंगे, जिसमें 10 अंडरग्राउंड और 3 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। यह प्रोजेक्ट 3 साल में पूरा होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत 16 किलोमीटर लंबी नई लाइन बिछाई जाएगी, जिसके लिए 12,015 करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट किया जाएगा। इसके साथ ही दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क 400 किलोमीटर से ज्यादा हो जाएगा, जो कि अपने-आप में एक बड़ी उपलब्धि है।

वर्तमान में, दिल्ली और एनसीआर में डीएमआरसी द्वारा लगभग 395 किलोमीटर लंबी 12 मेट्रो लाइनें संचालित की जा रही हैं, जिनमें 289 स्टेशन हैं। आज दिल्ली मेट्रो भारत का सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क है और साथ ही दुनिया के सबसे बड़े मेट्रो नेटवर्कों में से एक है।

### शैमरॉक स्कूल में श्रद्धा व सम्मान से मनाया चार साहिबजादों का शहीदी दिवस

**कैथल (अप्रस)।** शैमरॉक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चार साहिबजादों का शहीदी दिवस अत्यंत श्रद्धा, सम्मान एवं प्रेरणादायक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम मौदगिल ने विद्यार्थियों को सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान और वीरता के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। प्रार्थना सभा के दौरान शिक्षकों ने बताया कि चारों साहिबजादों ने अत्यंत अल्पायु में भी सत्य, धर्म एवं मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। छोटे साहिबजादे जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह को मुगल शासक के आदेश पर सरहिंद में दीवार में जीवित चिनवा दिया गया, किंतु उन्होंने किसी भी परिस्थिति में अपने धर्म और आस्था से समझौता नहीं किया। वहीं बड़े साहिबजादे अजीत सिंह एवं जुझार सिंह ने युद्धभूमि में अद्भुत शौर्य का परिचय देते हुए अत्याचारी शक्तियों के विरुद्ध संघर्ष करते हुए वीरगति प्राप्त की।

## प्रदेश के थाना प्रभारी हर महीने करेंगे क्राइम मीटिंग

# पूरा माह की रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेजेंगे

- एनफोर्समेंट एडीजीपी ने ली बैठक
- खनन माफिया व नशा तस्करों पर रहेगा फोकस

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 24 दिसंबर।** हरियाणा में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं के मद्देनजर प्रदेश के सभी पुलिस थानों में अब मंथली क्राइम रिव्यू मीटिंग होगी। इस बैठक में एक माह के दौरान हुई अपराधिक घटनाओं तथा उनमें पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की रिपोर्ट तैयार करके मुख्यालय को भेजी जाएगी। इसके लिए जांच अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। केस की जांच पर रिपोर्ट ली जाए।

हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नवदीप सिंह विर्क की ओर से ये निर्देश जारी किए गए हैं। जांच अधिकारियों और थाना प्रभारियों को संबंधित विभागों के साथ कोआर्डिनेशन मजबूत करने और समय-समय पर विशेष अभियान चलाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि अवैध खनन को रोका जाना चाहिए क्योंकि अवैध खनन और अवैध शराब की बिक्री दोनों से सरकारी खजाने को काफी नुकसान होता है।

रिव्यू मीटिंग में उन्होंने 2025 के प्रवर्तन आंकड़ों को साझा करते हुए कहा कि खनन क्षेत्र में ब्यूरो ने 6697 स्थलों और 2559 वाहनों की जांच की 1250 मामले दर्ज किए 1263 आरोपियों को गिरफ्तार किया और 1095 मामलों का निपटारा किया। कुल 18.86 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया, जिसमें से 8.64 करोड़ रुपये वसूल किए गए। आबकारी एवं कराधान विभाग की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि विभाग लाइसेंस धारकों द्वारा शराब की बिक्री पर निगरानी रखता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अवैध भारतीय या विदेशी शराब की बिक्री न हो।

2025 में, शराब की तस्करी पर नकेल कसने के अभियान के तहत 6528 स्थानों की जांच की गई, 181 मामले दर्ज किए गए और 318 मामलों का निपटारा किया गया। इन अभियानों के दौरान 9,427.945 लीटर भारतीय निर्मित शराब (आईएमएफएल), 21630.412 लीटर देसी शराब और 5885.95 लीटर बीयर जब्त की गई। इसके अलावा, 32 वाहन जब्त किए गए और 231 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

---


पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: पीएसईबी मुख्यालय, दि माल पटियाला-147001
कारपोरेट पहचान संख्या U40109PB2010SGC033813, वेबसाईट: www.pspcl.in
कार्यालय रेजिडेंट अभियंता, जनरेशन मंडल, एएसएचपी, आनंदपुर साहिब
(दूरभाष:96461-19094, फेक्स: 232117, ई-मेल: reashp@gmail.com)

निविदा पूछताछ सं. 25/आरई/एएसएचपी/2025-26 दिनांक: 23.12.2025

रेजिडेंट अभियंता जनरेशन मंडल, एएसएचपी, पीएसपीसीएल, आनंदपुर साहिब द्वारा एएसएचपी के पीएच2 नक्कियां पर पाईपिंग मॉडिफिकेशन, वेल्डिंग, ग्राइंडिंग, कटिंग, टेस्टिंग एवं इंस्टॉलेशन सहित एलजीबी एवं यूजीबी-1 सैट प्रत्येक (6 कुलर्स प्रति सैट) के लिए स्टेटर एयर कुलर्स (12 सं.) और ऑयल कुलर्स की इंस्टॉलेशन, कमिशनिंग हेतु हेतु खुली निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निआसू एवं निविदा विनिर्देशन रु. 1180/- के भुगतान द्वारा आरई जनरेशन मंडल, एएसएचपी, श्री आनंदपुर साहिब से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि 08.12.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक और यह अगले कार्यदिवस पर प्रातः 11.30 बजे खोली जाएगी।

टिप्पणी:- शुद्धिपत्र, यदि कोई हुई, यह समाचारपत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। किसी प्रकार के अद्यतन के लिए नियमित तौर पर पीएसपीसीएल की वेबसाईट (www.pspcl.in) पर पधारें।

सी921/25


## कुरुक्षेत्र की तर्ज पर विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पुष्कर की धरा पर सहारण धर्मशाला को किया जाएगा विकसित

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला

**कलायत, 24 दिसंबर।** विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पुष्कर की धरा पर कुरुक्षेत्र की तर्ज पर सहारण धर्मशाला को विकसित किया जाएगा। दादू दयाल आश्रम प्रांगण में आयोजित बैठक में अखिल भारतीय सहारण परिवार की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने यह महत्वपूर्ण लिया। सहारण परिवार संगठन राष्ट्रीय प्रवक्ता नरेंद्र सिंह सहारण ने कलायत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समाज की एकता, विकास और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। इसके तहत आश्रम परिसर में भव्य भवन बनवाया जाएगा। बैठक में विभिन्न राज्यों से आए प्रमुख पदाधिकारियों और सदस्यों ने भाग लिया। इनमें अखिल भारतीय सहारण परिवार के राष्ट्रीय प्रधान विजयपाल सिंह, महासचिव बनवारी लाल सहारण, उपाध्यक्ष बलवीर सहारण, भाल सिंह सहारण, कार्यकारिणी सदस्य सुरजीत सिंह सहारण, बलराम सहारण प्रधान हरियाणा, नरेंद्र सिंह प्रवक्ता, विरेंद्र सिंह सहारण संरक्षक, शमशेर सिंह सहारण, एडवोकेट हरदत्त सहारण सुभाष सहारण, पुष्पेंद्र सहारण अध्यक्ष उत्तर प्रदेश, हरजी राम सहारण अध्यक्ष राजस्थान, सुरेंद्र सहारण सिरसा, जगतपाल सहारण जनक सहारण, सतीश सहारण, कुलदीप सिंह सहारण, मनदीप सहारण, पूनमाराम सहारण, अरुणपाल सहारण, शंकर सहारण, कैप्टन हरिओम सहारण सहित विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि शामिल रहे। राष्ट्रीय बैठक में समाज की एकता को और मजबूत करने, विभिन्न राज्यों में परिवार की गतिविधियों को बढ़ाने, युवाओं को सांस्कृतिक मूल्यों से जोडने एवं सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।


बिहार सरकार
न्यायालय सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, गया
वाहन मालिकों के नोटिस संबंधी सूचना
अति अल्पकालीन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम 2016 यथासंशोधित 2022 के अंतर्गत अवैध शराब को ढोने में प्रयुक्त वाहन को समाहर्ता-सह-जिला दण्डाधिकारी के द्वारा अधिहृत किया जाना प्रावधानित है।

बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद (संशोधन) नियमावली, 2022 के नियम 13 'क' के अनुसार अधिहरण प्राधिकारी द्वारा वाहन जप्ती के 30 दिनों के अंदर अधिहरण की कार्यवाही प्रारम्भ करने एवं 90 दिनों के अंदर वाहन स्वामी/दावेदार को सुनवाई का समुचित अवसर देते हुए वाहन अधिहरण के संबंध में निर्णय लिया जाना प्रावधानित है।

बिहार मद्यनिषेध अधिनियम के अंतर्गत जप्त निम्नांकित सारणी में अंकित वाहनों की जप्ती के 30 दिन हो चुके हैं एवं वाहन को पेनाल्टी पर मुक्त कराने हेतु वाहन मालिक या अन्य कोई दावेदार उपस्थित नहीं हुआ है।

वाहन मालिक/वाहन की जानकारी रखने वाले कोई व्यक्ति सूची में अंकित वाहनों के संबंध में यदि कोई सूचना देना चाहते हो या दावा करना चाहते हो तो सहायक आयुक्त मद्यनिषेध के न्यायालय में दिनांक 09.01.2026 को उपस्थित होकर 03:00 PM अपना पक्ष रख सकते हैं।

जप्त वाहनों की विवरणी निम्न प्रकार है:-

| क्र० सं० | पार्टी का नाम | अधिहरण वाद सं० | थाना कांड सं० | वाहन का प्रकार | वाहन पंजीकरण सं० | चेचिस न० | इंजन न० | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बिहार सरकार बनाम भीम सिंह, पिता-राजेन्द्र सिंह, सा०-बवाना, महेन्द्रगढ़, जिला-महेन्द्रगढ़, राज्य-हरियाणा, पिन न०-123029 | 460/25 | बाराचट्टी 275/25 | महिन्द्रा XUV 500 | HR29AB -5724 | MA1YL2 HJUB6M 65805 | HJB4M 74601 | |

यदि निर्धारित तिथि को वाहन का मालिक या अन्य कोई दावेदार या कोई सूचक निर्धारित तिथि को न्यायालय में उपस्थित होकर (क) अपना पक्ष नहीं रखते हैं (ख) कोई दावा नहीं करते हैं (ग) पेनाल्टी देकर छोड़ने हेतु आवेदन नहीं देते हैं एवं वाहन के संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है तो अधिहरण प्राधिकार द्वारा उपर्युक्त वाहन के अधिहरण के संबंध में एकपक्षीय आदेश पारित किया जा सकता है।

यदि उपर्युक्त वाहनों से संबंधित कोई वाद/अपील/पुनरीक्षण वाद किसी न्यायालय में दायर किया गया हो या विचाराधीन हो तो इस संबंध में वाहन मालिक/संबंधित पक्ष किसी भी कार्य दिवस को संबंधित अधिहरण न्यायालय में उपस्थित होकर सूचना दे सकते हैं।

PR- 020373 ( EXCISE ) 2025-26

सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, गया।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

AP-6472



उत्तर रेलवे
(ई-नीलामी सूचना)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई-नीलामी की जाएगी (टेबल अनुसार) जिसका विवरण वेबसाईट IREPS पर मौजूद है। ई-नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी।

नीलामी कैटलॉग सं.: MET-Ctg-RR-1-25 रेट यूनिट: वार्षिक लाइसेंस फीस प्रारंभ होने की तिथि व समय 06.01.2026 को 12:00 बजे

| क्र.सं. | लॉट सं. एवं विवरण | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | Catg-UMB-MET-SMU-174-25-1 (रिफ्रेशमेंट रूम – स्पेशल माइनर यूनिट (GMU) (Size 47.44 sqm, i.e. 8x5.93 sqm) अन्य पिछड़ा वर्ग महिला श्रेणी के लिए मलेरकोटला रेलवे स्टेशन। | 06.01.2026 को 12:30 बजे |

ई-नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें।

3983/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-6477



उत्तर रेलवे
ई-निविदा
खुली निविदा संख्या 47-अम्बाला/2025-26, दिनांक: 24.12.2025

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेंगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ADEN/RPJ के अनुभाग में विविध प्रकार के ट्रैक मरम्मत कार्य जिनमें वनस्पति हटाना, सेस सफाई के साथ उथली स्क्रीनिंग, कैजुअल स्लीपर बदलना, ईआरसी ग्रीसिंग, ट्रैक्टर/जेसीबी किराए पर लेना आदि, प्लेन ट्रैक/टर्नआउट की लिफ्टिंग और पैकिंग आदि शामिल हैं। | 80,57,268/- | 1,61,200/- | 06 महीने | 16.01.2026 |

नोट: 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

3990/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पेज नंबर-1 का शेष

# हरियाणा सरकार ने...

उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों को देश में सबसे अधिक मूल्य देने का काम भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया है, जिससे पूरे देश की सरकारों पर सकारात्मक दबाव बना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का छोटा राज्य होते हुए भी कृषि, दुग्ध उत्पादन, खेल और राष्ट्रीय सुरक्षा में सबसे बड़ा योगदान देता रहा है। आज मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में यह परंपरा और भी सशक्त हुई है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि हरियाणा का उद्योग, जीएसटी और आयकर में बड़ा योगदान है, लेकिन किसी भी सरकार की असली पहचान यह होती है कि उसका किसान खुश है।

**मोदी ने देश का कृषि बजट बढ़ाया:** गृह मंत्री अमित शाह ने देश के कृषि बजट पर भी बात की। उन्होंने कहा, 2014 में जब पीएम मोदी आए तो इस देश का कृषि बज 22 हजार करोड़ रुपया था। उस 22 हजार करोड़ के बजट को बढ़ाकर 1 लाख 27 हजार करोड़ किया गया है। ग्रामीण विकास का बजट तब 80 हजार करोड़ था और आज बढ़ाकर 1 लाख 87 हजार करोड़ करने का काम किया गया है।

# आम आदमी की...

मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि मगसीपा एवं इसकी फैकल्टी को भी विभिन्न राज्यों, कैडर/सेवाओं एवं विभिन्न अनुभवों वाले इन अधिकारी प्रशिक्षुओं से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि चंडीगढ़, इस क्षेत्र का मुख्य केंद्र होने के नाते, जनसेवा के क्षेत्र में कई प्रख्यात व्यक्तित्वों का निवास स्थान है, जिनमें से कई ने इन अधिकारियों से मुलाकात की होगी। ये वे अधिकारी हैं, जिन्होंने जनसेवा में दशक लगाए हैं एवं इस क्षेत्र में विशेष मुकाम हासिल किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जानकर खुशी हुई है कि लाल बहादुर शास्त्री नेशनल अकादमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन मसूरी के सहयोग से 2021 बैच के इन अधिकारियों के लिए 10 सप्ताह का विशेष फाउंडेशन कोर्स करवाया जा रहा है। इस ग्रुप में आई.पी.एस., भारतीय वन सेवा, आई.आर.एस. (आयकर एवं कस्टम दोनों), भारतीय डाक सेवा, भारतीय सूचना सेवा, भारतीय सिविल लेखा सेवा, भारतीय पी एंड टी वित्त सेवा, भारतीय व्यापार सेवा एवं भारतीय कॉर्पोरेट लॉ सेवा के अधिकारी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहली बार है कि मगसीपा, लाल बहादुर शास्त्री नेशनल अकादमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, मसूरी की ओर से विशेष फाउंडेशन कोर्स (एस.एफ.सी.) का प्रबंध कर रहा है। आम तौर पर ऐसे कोर्स राष्ट्रीय अकादमियों जैसे नेशनल पुलिस अकादमी एवं नेशनल अकादमी ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज द्वारा करवाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि मगसीपा के बुनियादी ढांचे एवं शानदार फैकल्टी को ध्यान में रखते हुए मसूरी अकादमी ने इसकी चयन किया है। उन्होंने कहा कि विशेष फाउंडेशन कोर्स का समय-सारणी बहुत व्यापक है, जिसमें विभिन्न विषयों पर व्याख्यान, फील्ड विजिट (क्षेत्रीय दौरे) एवं अन्य विचार-विमर्श सत्र शामिल किए गए हैं। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने अधिकारियों को बताया कि जब से 2022 में मेरी सरकार ने सत्ता संभाली है, पंजाब ने 'शिक्षा क्रांति' के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में बेमिसाल प्रगति की है। उन्होंने कहा कि पंजाब न केवल आने वाली पीढ़ियों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, बल्कि अपने मौजूदा कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने एवं उन्हें प्रशिक्षण देने के लिए भी प्रयासरत है ताकि वे पंजाब के लोगों की बेहतर सेवा कर सकें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस पहलू पर विशेष जोर दे रही है कि यह एक निरंतर प्रक्रिया बने एवं शिक्षकों के कौशल को हमेशा निखारा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में मगसीपा ने लगभग 1500 प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए हैं, जिनके माध्यम से प्रशासन एवं शासन के विभिन्न पहलुओं में 50,000 से अधिक कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण एवं अनुसंधान के क्षेत्रों में विशेषज्ञता, फैकल्टी एवं ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए मगसीपा ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं/संगठनों के साथ 33 समझौता पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं।

# मोहाली में 2 होटलों व स्पा सेंटर में सेक्स रैकेट पकड़ा

पंजाब, यूपी और बिहार की 11 युवतियां मिलीं, 1500 से 2000 रुपए तक रेट

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मोहाली, 24 दिसंबर।** पंजाब के मोहाली में पुलिस ने 2 होटलों और एक स्पा सेंटर पर रेड कर सेक्स रैकेट पकड़ा। यहां से पुलिस ने 11 युवतियों को पकड़ा। इसके साथ होटल संचालक व मैनेजर सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने ये कार्रवाई बुधवार को बलटाना इलाके में की। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बुलाया गया, जिनके सामने होटल संगम, होटल गिन्नी और ए-वन स्पा सेंटर को सील किया गया। एएसपी गजलप्रीत कौर ने बताया कि यह रेड सूचना के आधार पर की गई थी।

जो लड़कियां पकड़ी गई हैं, उनकी उम्र 18 से 28 साल है। ये लड़कियां पंजाब, उत्तर प्रदेश और बिहार से हैं। ज्यादातर लड़कियां आठवीं और 10वीं तक पढ़ी हुई है। एजेंट उन्हें यहां पर बढ़िया नौकरी और सैलरी का लालच देकर लाए थे। जिसे बाद वह इस काम में लग गईं। ग्राहकों से 1500 से लेकर 2 हजार रुपए लिए जाते थे।





### बोगस ग्राहक बनकर पहुंचे पुलिसकर्मी

पुलिस को लंबे समय से देह व्यापार की सूचना मिल रही थी। इसी इनपुट के आधार पर टीम ने पूरी प्लानिंग बनाई। रेड से पहले पुलिसकर्मी सिविल कपड़ों में नकली ग्राहक बनकर होटल पहुंचे। यहां पूरे नेटवर्क की पुष्टि की गई। जांच में सामने आया कि यहां 1500 से 2000 रुपए तक वसूले जा रहे थे। सौदेबाजी सीधे ग्राहकों से की जाती थी। पूरी जानकारी कंफर्म होने के बाद होटल और स्पा सेंटर के बाहर तैनात टीमों ने एक साथ रेड की।

### होटल और स्पा सेंटरों को दी चेतावनी

एएसपी ने कहा कि देह व्यापार के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने होटल और स्पा सेंटर संचालकों को चेतावनी दी कि वे किसी भी गैरकानूनी गतिविधि से दूर रहें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एसएसपी बोलीं- आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी

एएसपी गजलप्रीत कौर ने कहा कि लोग पुलिस पर भरोसा कर ऐसी सूचनाएं देते हैं और पुलिस इस भरोसे को टूटने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे अवैध धंधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी ताकि समाज में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।

## बांग्लादेश में दीपू चंद्रदास की हत्या के मामले में शिव सेना हिंद ने किया विरोध प्रदर्शन



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 24 दिसंबर।** बांग्लादेश में दीपू चंद्रदास की हत्या केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि मानवता, लोकतांत्रिक मूल्यों और मौलिक मानवाधिकारों पर सीधा हमला है। यह घटना न केवल निंदनीय है, बल्कि अंतरात्मा को झकझोर देने वाली है। इस जघन्य हत्या के विरोध में शिव सेना हिंद के राष्ट्रीय महासचिव दीपांशु सूद के नेतृत्व में एक प्रतीकात्मक और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान सड़क पर बांग्लादेश का राष्ट्रीय ध्वज रखकर लोगों ने अपना गहरा आक्रोश और पीड़ा व्यक्त की। प्रतीकात्मक रूप से ध्वज के ऊपर से वाहन निकालकर यह संदेश दिया गया कि जब किसी देश में निर्दोष नागरिकों की हत्या होती है, तो उस व्यवस्था की नैतिक जिम्मेदारी पर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं। यह विरोध किसी राष्ट्र, उसकी जनता या संस्कृति के विरुद्ध नहीं था, बल्कि उस हिंसक सोच और विफल व्यवस्था के खिलाफ था जो निर्दोष लोगों की जान लेने वालों को संरक्षण देती है। यह आंदोलन न्याय, मानवाधिकार और जवाबदेही की मांग को लेकर किया गया।

इस अवसर पर शिव सेना हिंद के राष्ट्रीय महासचिव दीपांशु सूद ने कहा कि यदि आज दीपू चंद्रदास के लिए आवाज़ नहीं उठाई गई, तो कल कोई और इस बर्बरता का शिकार बनेगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों, संयुक्त राष्ट्र और संबंधित प्रशासन से मांग की कि इस हत्या की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि दुनिया के किसी भी हिस्से में होने वाला अन्याय पूरी मानवता को प्रभावित करता है। अब चुप रहना विकल्प नहीं है। न्याय में देरी, न्याय से इनकार के समान है।

## न्यूज ब्रीफ

### मोटर साइकिल की चपेट में आने से प्राइवेट सुरक्षा कर्मी की मौत

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** बुधवार सुबह हल्लो माजरा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटर साइकिल की चपेट में आने से प्राइवेट सुरक्षा कर्मी की मौत हो गई।जख्मी हुए कर्मी को इलाज के लिए तुरंत सैक्टर 32 के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया। यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसकी पहचान जिला छपरा बिहार के रहने वाले 50 वर्षीय अशोक प्रसाद के रूप में हुई है।थाना 31 पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए आरोपी मोटर साइकिल चालक अभिमन्यु के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि बुधवार सुबह करीब सवा 10 बजे उसके दादा अशोक हल्लो माजरा आ रहे थे। जैसे ही वह हल्लो माजरा स्थित स्लिप रोड पार कर रहे थे।इसी दौरान हल्लो माजरा लाइट की और से आ रहे एक तेज रफ्तार आरोपी मोटर साइकिल चालक ने शिकायतकरता के दादा को अपनी चपेट में ले लिया। सड़क पर गिरने से उसके सिर पर चोट लगी। वही थाना पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ कारवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही असली मौत के कारणों का पता चल पाएगा। जांच जारी है।

### भाजपा ने फिर दिखाया अपना असली रंगः लक्की



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** भाजपा ने एक बार फिर अपने असली रंग दिखा दिए हैं। सत्ता से चिपके रहने के लिए उसने खुलेआम और बेशर्मी से हॉर्स ट्रेडिंग जैसे अनैतिक हथकंडों का सहारा लिया है। इस तरह की शर्मनाक गतिविधियाँ भाजपा की सत्ता की भूख को पूरी तरह उजागर करती हैं। वहीं दूसरी ओर आम आदमी पार्टी की कमजोरी और राजनीतिक असहायता भी पूरी तरह सामने आ गई है। इन्हीं कुत्सित और अलोकतांत्रिक प्रथाओं पर रोक लगाने के लिए हम नगर निगम में मेयर का पाँच वर्षों का निश्चित कार्यकाल लागू करने की माँग कर रहे हैं, ताकि स्थिरता, पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान सुनिश्चित किया जा सके। कांग्रेस पार्टी वर्ष 2026 के नगर निगम आम चुनाव जीतकर एक पारदर्शी, जवाबदेह और मजबूत नगर निगम देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### चार साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड एंटी-करप्शन फोर्स, चंडीगढ़ के अध्यक्ष कमलजीत सिंह पंछी ने अपने समर्पित सदस्यों के साथ मिलकर चल रहे शहीदी हफ्ता के दौरान जरूरतमंदों और वंचितों के लिए कंबल वितरण अभियान का आयोजन किया। यह पहल श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए की गई, जिन्होंने अत्याचार और उत्पीड़न का बहादुरी से विरोध करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। कार्यक्रम चंडीगढ़ के सेक्टर 47 स्थित चंडी कुश्त आश्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी, चंडीगढ़ के सहयोग से आयोजित किया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी, चंडीगढ़ के माननीय उपायुक्त-सह- चेयरमैन, निशांत कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और उन्होंने स्वयं लाभार्थियों को कंबल वितरित किए। उन्होंने संगठन के प्रयासों की सराहना की और ऐसे नेक मानवीय कार्यों के लिए अपना समर्थन दिया। इस अवसर पर, नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड एंटी-करप्शन फोर्स के अध्यक्ष कमलजीत सिंह पंछी, चेयरमैन अनिल वोहरा और अन्य सदस्यों ने समाज से करुणा, सेवा और मानवता में एकजुट रहने की अपील की, विशेषकर इस भीषण सर्दी के मौसम में। उन्होंने निस्वार्थ सेवा, कमजोरों की देखभाल और मानवीय गरिमा को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया, और सत्य, न्याय और धर्म के लिए निडरता से खड़े रहे साहिबजादों से प्रेरणा ली। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख सदस्यों में श्रीमान राजन महाजन, दलजीत ठुकराल, हरजीत सिंह, नवदीप शर्मा, नरेश बंसल, विकास बत्ता, नरिंदर जैन, हरमनप्रीत सिंह, नवदीप सिंह और नितिन शामिल थे।

## चंडीगढ़ व्यापार मंडल ने कंबल वितरण अभियान शुरू किया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 24 दिसंबर।** ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से चंडीगढ़ व्यापार मंडल ने कंबल वितरण अभियान की शुरुआत कर दी है। शनिवार को व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव चढ़ाने ने सेक्टर 17 प्लाजा में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित किए ताकि उन्हें सर्दी से बचाव मिल सके। अभियान के पहले दिन सेक्टर 17 प्लाजा में करीब 100 जरूरतमंदों को कंबल बांटे गए। इस अवसर पर सेक्टर 17 के कई अन्य कारोबारी भी व्यापार मंडल के अध्यक्ष के साथ मौजूद रहे और सामाजिक सेवा में अपना सहयोग दिया। व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव चड्ढा ने कहा कि शहर के अन्य बाजारों के प्रधानों से भी अपील की जाएगी कि वे अपने अपने क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों की ठंड के दौरान सहायता करें। उन्होंने बताया कि यह अभियान केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि पूरे ठंड के मौसम में लगातार जारी रहेगा।

## नई वार्डबंदी को लेकर कांग्रेस, शिअद, भाजपा व बसपा ने जताया ऐतराज

जीरकपुर क्षेत्र में वार्ड बंदी के बाद राजनीतिक हलचल हुई तेज

बसपा का ऐतराज, होनी चाहिए थी 8 सीटें आरक्षित

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा







**जीरकपुर, 24 दिसंबर।** नगर परिषद चुनावों से पहले प्रशासन द्वारा जारी की गई नई वार्डबंदी को लेकर बुधवार को नगर परिषद दफ्तर में अकाली दल ने प्रदर्शन किया। शिरोमणि अकाली दल, कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी समेत तमाम विपक्षी दलों ने इस नई वार्डबंदी को सिरे से खारिज करते हुए इसे सत्ताधारी दल के इशारे पर तैयार किया गया %चुनावी षड्यंत्र% करार दिया है। विपक्षी नेताओं का सीधा आरोप है कि वार्डों की सीमाओं का निर्धारण जनसंख्या या भौगोलिक तर्क के आधार पर नहीं, बल्कि राजनीतिक नफा-नुकसान को देखकर किया गया है। स्थानीय नेताओं का कहना है कि जिन वार्डों में विपक्षी पार्षद मजबूत स्थिति में थे, वहां के रिहायशी इलाकों और हाउसिंग सोसायटियों को जानबूझकर दूसरे वार्डों में शिफ्ट कर दिया गया है ताकि वोटों का गणित बिगाड़ा जा सके। विपक्ष का तर्क है कि वार्डबंदी की प्रक्रिया में पारदर्शिता का पूरी तरह अभाव रहा है। नियमों के मुताबिक, किसी भी वार्ड की सीमा तय करते समय उसकी निरंतरता और सुगमता का ध्यान रखना अनिवार्य होता है, लेकिन जीरकपुर के मामले में कई मोहल्लों को बीच से काटकर अलग-अलग वार्डों में बांट दिया गया है। इससे न केवल उम्मीदवारों को परेशानी होगी, बल्कि भविष्य में विकास कार्यों और सरकारी सुविधाओं के वितरण में भी आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

बसपा के स्थानीय नेतृत्व ने ई.ओ. (कार्यकारी अधिकारी) को एक औपचारिक आपत्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि नई वार्डबंदी में अनुसूचित जाति के अधिकारों की अनदेखी की गई है। बसपा के शहरी प्रधान राम कुमार नफर, सचिव धर्मपाल और खजांची कैलाश अंबेडकर ने संयुक्त रूप से कहा कि पंजाब सरकार के स्थानीय निकाय विभाग द्वारा जारी वार्डबंदी पूरी तरह त्रुटिपूर्ण है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि चुनाव से पहले इस विसंगति को दूर नहीं किया गया और आरक्षित सीटों की संख्या आबादी के अनुपात में नहीं बढ़ाई गई, तो पार्टी चुप नहीं बैठेगी। बसपा नेताओं का आरोप है कि राजनीतिक दबाव के चलते जानबूझकर ऐसी वार्डबंदी की गई है जिससे पिछड़े वर्गों की नुमाइंदगी कम हो सके।

जो नक्शा वार्डबंदी का आया है कल उसकी नोटिफिकेशन जारी की गई है जबकि उसमें तारीख 22 दिसंबर की है। बुधवार को नक्शा लगा दिया गया है, लेकिन रूल के हिसाब से वार्डबंदी नहीं की गई है। जब 11 तारीख को डीलिमिटेशन की मीटिंग रखी थी उसमे यह तैयार नक्शा लेकर गए थे वहां वार्डबंदी को लेकर कोई चर्चा नहीं की गई। उस दौरान भी हमारी तरफ से विरोध किया गया था। अब इस वार्डबंदी में एरिया छोटा बड़ा कर दिया गया है। किसी वार्ड में वोटरों की संख्या ज्यादा है तो किसी में कम है। ऐसे ही एरिया किया गया है।

**-उदयवीर सिंह ढिल्लों, अध्यक्ष नगर कौंसिल जीरकपुर।**

पहले पांच साल इस सरकार ने पुरे शहर का भट्ठा बैठा दिया। अब नई वार्डबंदी बना दी है उसमे भी बेड़ा गर्ग कर दिया। किसी वार्ड बना 5000 हजार वोटर है तो किसी में 1 हजार वोटर है। वार्डबंदी कर के जो नक्शा बनाया है वह नियमों के उल्ट बनाया गया है। हर वार्ड का एरिया छोटा बड़ा है, किसी रूल को ध्यान में नहीं रखा गया है। शहर की आबादी के हिसाब से हर वार्ड में 5-6 हजार वोटर होने चाहिए थे लेकिन इस वार्डबंदी में सब उलट पुलट है।

**-यादविंदर सिंह, अकाली दल**

## सुखी बराड़ बनीं संगीत नाटक अकादमी, चंडीगढ़ की चेयरपर्सन

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 24 दिसंबर।** पंजाब की सुप्रसिद्ध लोक गायिका एवं सांस्कृतिक धरोहर की सशक्त पहचान सुखमिंदर कौर बराड़, जिन्हें सुखी बराड़ (पंजाब कौर) के नाम से जाना जाता है, को चंडीगढ़ प्रशासन के संस्कृति विभाग द्वारा संगीत नाटक अकादमी, चंडीगढ़ की चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है।

आज सुखी बराड़ ने संगीत नाटक अकादमी, चंडीगढ़ के कार्यालय में अपने पद का कार्यभार औपचारिक रूप से संभाल लिया। इस अवसर पर प्रख्यात गीतकार एवं प्रस्तुतकर्ता भट्टी भड़ीवाला ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सम्मान उन्हें पंजाबी भाषा, साहित्य, संस्कृति, विरासत और लोक परंपराओं के संरक्षण एवं प्रचारङ्कप्रसार में दिए गए उनके अतुलनीय योगदान को देखते हुए प्रदान किया गया है।

पिछले चार दशकों से सुखी बराड़ निरंतर पंजाब, पंजाबी भाषा, पंजाबी पहचान और लोक संस्कृति की सेवा कर रही हैं। वे ग्रामीण वेशभूषा, लोक बोलियों, लोक कथाओं, लोक वाद्य यंत्रों और पंजाब की समृद्ध विरासत की जीवंत प्रतीक मानी जाती हैं।

संगीत नाटक अकादमी, चंडीगढ़ की चेयरपर्सन के रूप में उनकी नियुक्ति समस्त पंजाबियों के लिए गर्व का विषय है।

इस विशेष अवसर पर सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं फिल्म जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित रहीं, जिनमें दीपक मनमोहन, बाई हरदीप, पम्मी बाई, पीटर सोढ़ी, फिल्म एवं थिएटर कलाकार अनीता स्वदेश, मलकीत रौणी, गुरमीत सिंह जोरा, संगीत निर्देशक दीपक वैद, परमजीत पम्मी, ऋषि राज तोमर, सतीश अवस्थी, आर.डी. कलेर, सुरेश गोयल, दीपक बत्रा, कंवर जगमोहन, राजेंद्र सिंह धीमान, फिल्म निर्माता बाजवा सिंह, परमिंदर जीत सिंह, तथा सरताज सिंह सहित अनेक कलाकार शामिल थे, जिन्होंने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाइयाँ दीं।

## गांव इटावा में चालान प्रक्रिया में मनमानी व नाम का दुरुपयोग

सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी ने नगर निगम कमिश्नर से की शिकायत, सख्त कार्रवाई की मांग

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 24 दिसंबर।** बुधवार को गांव इटावा में नगर निगम की मॉनिटरिंग सेल के इंचार्ज एसडीओ एवं जेई सुरेश चंद द्वारा चालान की कार्रवाई की जा रही थी। इस दौरान यह गंभीर आरोप सामने आए कि चालान की प्रक्रिया पिक एंड चूज़ यानी चुनिंदा लोगों को निशाना बनाकर की जा रही है।

जब इस पक्षपातपूर्ण कार्रवाई पर आपत्ति दर्ज कराई गई और यह कहा गया कि यदि नियमों के तहत चालान करने हैं तो सभी पर समान रूप से किए जाएं, तो इसके बाद संबंधित जेई द्वारा दुकानदारों से यह कहना शुरू कर दिया गया कि बंटी ने बोला है, इसलिए हम चालान करने आए हैं।' इस प्रकार किसी जनप्रतिनिधि का नाम लेकर आम जनता को भ्रमित करना और डराने का प्रयास करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि प्रशासनिक मर्यादाओं के भी खिलाफ है।

इस पूरे घटनाक्रम को लेकर नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी ने नगर निगम कमिश्नर को लिखित शिकायत दी है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

सीनियर डिप्टी मेयर ने सवाल उठाते हुए कहा कि-क्या चालान की कार्रवाई निष्पक्ष और नियमों के अनुसार नहीं होनी चाहिए? क्या किसी जनप्रतिनिधि का नाम लेकर कार्रवाई को सही ठहराना या जनता को डराना उचित है? क्या इस तरह की कार्यशैली से प्रशासन की छवि धूमिल नहीं होती? उन्होंने कहा कि इस तरह की मनमानी से आम नागरिकों में गलत संदेश जाता है और प्रशासन की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े होते हैं।

सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और दोषी पाए जाने पर संबंधित जेई के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए, आवश्यकता पड़ने पर निलंबन (सस्पेंशन) जैसी कार्रवाई भी की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की मनमानी और नाम के दुरुपयोग की पुनरावृत्ति न हो।

### आईएसबीटी सैक्टर 43 पुलिस चौकी को बड़ी कामयाबी

## हाथ में पहने कंगन साफ करने के बहाने स्नैच करने की आरोपी महिला काबू, 3 दिन के पुलिस रिमांड पर

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 24 दिसंबर।** यूटी साउथ वेस्ट डिविजन की आईएसबीटी सैक्टर 43 पुलिस चौकी को उस वक्त एक बड़ी कामयाबी मिली।जब पुलिस ने हाथ में पहने कंगनो पर हाथ साफ करने वाला गैंग की एक आरोपी महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से स्नेचिंग किया गया एक कंगन बरामद कर लिया। पकड़ी गई आरोपी महिला को पुलिस ने बुधवार को जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी महिला को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। रिमांड के दौरान पुलिस ने शहर में अन्य हुई वारदातों के बारे में और स्नेचिंग किया गया एक और कंगन बरामद करना है। पुलिस के अनुसार यह 4/5 महिलाओं का गैंग है।और शहर के आसपास कई वारदातो को अंजाम दिया है। पुलिस को पकड़ी गई आरोपी महिला के पकड़े जाने पर जल्द ही बड़ी कामयाबी मिलेगी। जिसकी पहचान पंजाब के जिला संगरूर की रहने वाली चंदों के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पता चला कि आईएसबीटी सैक्टर 43 पुलिस चौकी को पता चला था कि स्नेचिंग करने वाली आरोपी महिला सैक्टर 43 आईएसबीटी में सक्रिय है। मामले को गंभीरता से लेते हुए और यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना 36 के प्रभारी इंस्पेक्टर जेपी सिंह की सुपरविजन में आईएसबीटी सैक्टर 43 पुलिस चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर आशा देवी की टीम ने आरोपी महिला को आईएसबीटी सैक्टर 43 के पास से हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने तुरंत उसे गिरफ्तार कर उसके कब्जे से स्नेचिंग किया एक कंगन बरामद कर लिया।जबकि एक कंगन अन्य महिला लेकर फरार हो गई।अब पुलिस उस महिला तक भी पहुंचे गई।

### क्या था मामला

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पंजाब के जिला अमृतसर की रहने वाली पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया कि वह मंगलवार को अपने घर जाने के लिए बस में चढ़ने लगी तो इसी दौरान आरोपी महिलाओं ने पीड़िता को घेर कर उसके उसके हाथ में पहने दो कंगन स्नेच कर फरार हो गई। जब पीड़िता को पता चला कि उसके कलाई पर खून निकल रहा है। मामले की शिकायत पुलिस को दी गई थी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर आप के दो पार्षद भारतीय जनता पार्टी में शामिल

चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय टंडन रहे विशेष रूप से मौके पर उपस्थित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 24 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश कार्यालय, कमलम सेक्टर-33 में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उनके साथ चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के सह प्रभारी संजय टंडन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व, उनकी राष्ट्रहित में बनाई गई जनकल्याणकारी नीतियों और भारतीय जनता पार्टी की स्पष्ट विकासवादी सोच से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी की दो पार्षदों ने आज भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने जानकारी दी कि वार्ड नंबर 16 से पार्षद पूनम तथा वार्ड नंबर 4 से पार्षद सुमन शर्मा ने भाजपा की विचारधारा पर विश्वास जताते हुए पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक प्रगति की है। केंद्र सरकार की योजनाएं आज अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, जिससे जनता का भरोसा लगातार भाजपा के साथ मजबूत हो रहा है। इसी विश्वास के कारण आज अन्य राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि भी भाजपा से जुड़ रहे हैं।

इस अवसर पर मेयर हरप्रीत कौर बबला ने दोनों पार्षदों का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चंडीगढ़ सहित पूरे देश में विकास की नई दिशा तय हुई है और नए साथियों के जुड़ने से संगठन और अधिक मजबूत होगा। वहीं संजय टंडन ने कहा कि भाजपा का निरंतर विस्तार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर जनता के बढ़ते विश्वास का प्रमाण है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पार्षद सुमन शर्मा ने कहा कि यह उनकी घर वापसी है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से उनका वर्षों पुराना नाता रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों व नेतृत्व से प्रेरित होकर वे पुनः अपनी मूल विचारधारा से जुड़ी हैं। उन्होंने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

वहीं पार्षद पूनम ने भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासोन्मुखी नीतियों और भाजपा की कार्यशैली से प्रभावित होकर उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है और वे पूरी निष्ठा से जनसेवा का कार्य करेंगी।

सम्पादकीय

# नेता विपक्ष को विदेश की धरती पर नहीं देने चाहिए ऐसे बयान

बेशक, यह भारत की लोकतांत्रिक ताकत ही है कि विदेश में बैठ कर कोई अपने देश की सरकार एवं वहां की शासन प्रणाली की आलोचना करते हुए तानाशाही जैसे आरोप भी लगा सकता है। आजादी के बाद कांग्रेस सरकारों के वक्त संविधान को किस प्रकार महज एक किताब में बदल दिया गया था, लेकिन आज उसी संविधान के बूते अगर देश बदल रहा है तो इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमला करार दिया जाता है। नेता विपक्ष राहुल गांधी ने जर्मनी के अपने दौरे में तमाम ऐसे बयान दिए हैं, जिन्हें विदेशी धरती पर दिए जाने की बिल्कुल भी आवश्यकता नहीं है। वहीं ऐसे बयान आरोपों के अतिरिक्त और कुछ नहीं हैं। राहुल गांधी ने कहा है कि देश में संवैधानिक ढांचे पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया गया है और तमाम जांच एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने चुनाव मशीनरी में समस्या होने की बात भी कही है। राहुल गांधी जब भी विदेश दौरे पर होते हैं, वे वहां की सरकार, मीडिया और लोगों को यह बताने से परहेज नहीं कर पाते कि आखिर भारत में क्या हो रहा है। राहुल गांधी यह नहीं बताते कि किस प्रकार ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश ने अपने चिर शत्रु पाकिस्तान को उसी के घर में धूल चटा दी और अपनी संप्रभुता और शक्ति का परिचय दिया। हालांकि वे ऐसी औचित्यहीन बातें जरूरत कहते हैं भारत की व्यवस्था चीन की तुलना में कहीं ज्यादा जटिल है। आखिर यह किस प्रकार के बयान हैं, जिसमें अपने ही देश को नीचा दिखाने की भरपूर चेष्टा होती है। क्या चीन वास्तव में इतना लोकतांत्रिक है कि विपक्ष का कोई नेता यूं विदेश में बैठकर अपनी मर्जी के आरोप लगा सके, क्योंकि बहुत लंबे समय से उनकी पार्टी की सरकार नहीं बन रही है। यानी दूसरा अगर जीत रहा है तो यह अलोकतांत्रिक है, लेकिन खुद के राजनीतिक दल की अगर स्वीकार्यता नहीं है तो यह देश के साथ धोखा है।

**निश्चित रूप से राहुल गांधी के विचारों से उनकी ही पार्टी के नेता सहमत नहीं होंगे। हालांकि यही व्यवस्था है। कांग्रेस में खुद लोकतंत्र खंडित नजर आता है और परिवार पार्टी पर काबिज है। उसकी मर्जी से सब कुछ संचालित हो रहा है। पार्टी नेता जोकि परिवार को सुहाने वाले बयान दें तो वे स्वीकार हैं, लेकिन अगर उनके विचार स्वतंत्र होने लगें तो फिर उन्हें पीछे धकेल दिया जाए। कमोबेश यह स्थिति प्रत्येक राजनीतिक दल में है, लेकिन कांग्रेस जोकि स्वयं को सबसे बड़ा राजनीतिक दल समझती आई है, की यह प्रणाली उसके नेताओं और कार्यकर्ताओं को भी रास नहीं आती। संभव है, यही वजह है कि कांग्रेस अपनी स्वीकार्यता खो चुकी है और राष्ट्रीय स्तर पर गुमराह करने वाले नारों और मुद्दों के अलावा पार्टी कुछ भी ऐसा ठोस पेश नहीं कर पा रही है, जिससे जनता को यह विश्वास हो कि कांग्रेस की केंद्र में सरकार बनाने से देश का विकास होगा।**

निश्चित रूप से राहुल गांधी के विचारों से उनकी ही पार्टी के नेता सहमत नहीं होंगे। हालांकि यही व्यवस्था है। कांग्रेस में खुद लोकतंत्र खंडित नजर आता है और परिवार पार्टी पर काबिज है। उसकी मर्जी से सब कुछ संचालित हो रहा है। पार्टी नेता जोकि परिवार को सुहाने वाले बयान दें तो वे स्वीकार हैं, लेकिन अगर उनके विचार स्वतंत्र होने लगें तो फिर उन्हें पीछे धकेल दिया जाए। कमोबेश यह स्थिति प्रत्येक राजनीतिक दल में है, लेकिन कांग्रेस जोकि स्वयं को सबसे बड़ा राजनीतिक दल समझती आई है, की यह प्रणाली उसके नेताओं और कार्यकर्ताओं को भी रास नहीं आती। संभव है, यही वजह है कि कांग्रेस अपनी स्वीकार्यता खो चुकी है और राष्ट्रीय स्तर पर गुमराह करने वाले नारों और मुद्दों के अलावा पार्टी कुछ भी ऐसा ठोस पेश नहीं कर पा रही है, जिससे जनता को यह विश्वास हो कि कांग्रेस की केंद्र में सरकार बनाने से देश का विकास होगा। अब यही पीड़ा कांग्रेस के नेताओं को परेशान कर रही है और वे विदेश में जाकर अपने देश के हालात को अपने तरीके से पेश करते हुए अपना मंतव्य निकालने की चाह रखते होते हैं। जाहिर है, दुनिया में किसी अन्य देश को इसकी परवाह नहीं होगी कि भारत के अंदर के हालात कैसे हैं। यह हमारा निजी मामला है और हम संप्रभु देश होने के नाते अपने मामलों से खुद निपटेंगे, लेकिन नेता विपक्ष राहुल गांधी विदेश में अपने देश की आलोचना इस प्रकार करते हैं, जैसे विदेश में बैठे होने की वजह से उनकी आवाज पूरी दुनिया सुनेगी।

क्या वास्तव में देश को ऐसी कृतज्ञता के भार तले दबे रहना चाहिए जिसमें नेहरू-गांधी परिवार चाहे कुछ भी करे या कहे, वह सब आंख और कान बंद कर स्वीकार्य हो जाना चाहिए। देश में लोकतंत्र है, राजशाही नहीं। कांग्रेस एक राजनीतिक दल है और लोकतंत्र इसकी अनुमति और माहौल प्रदान करता है कि कोई दल या नेता अपने संबंध में प्रचार करे, अपनी राजनीतिक सोच और मंशा को सामने लाए। जनमत तैयार करे और सत्ता तक पहुंचे। अगर कांग्रेस पार्टी आज यह सब नहीं कर पा रही है तो क्या इसके लिए देश जिम्मेदार है। नेता विपक्ष राहुल गांधी का अपने शब्दों पर नियंत्रण न होना, खुद उनके प्रवक्ता स्वीकार कर रहे हैं। उनकी शब्दावली में विचित्र शब्द होते हैं और उनका लहजा भी परिपक्व नहीं दिखता। हालांकि संसद और संसद के बाहर वे अपनी बातों से ऐसा माहौल पैदा करते हैं, जिसकी आलोचना होना स्वाभाविक हो जाता है। यह समझने की बात है कि अभिव्यक्ति की आजादी का अभिप्राय यह नहीं होना चाहिए कि कोई कुछ भी बोले। निश्चित रूप से आलोचना भी सकारात्मक होनी चाहिए ताकि माहौल खराब न हो।

# वीबी-जी राम जी अधिनियम 2025 संरचनात्मक कमियों को दूर करता है

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

भारत के राष्ट्रपति ने विकसित भारत-रोज़गार और आजीविका के लिये गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 को मंजूरी दी है। यह कानून वैधानिक मजदूरी रोजगार गारंटी को बढ़ाकर 125 दिन करता है और सशक्तिकरण, विभिन्न योजनाओं के आपसी समन्वय और व्यापक वितरण के माध्यम से ग्रामीण आजीविका को मजबूत करता है, ताकि ग्रामीण भारत मजबूत, सक्षम और आत्मनिर्भर बन सके।

**सुधारों की गलत व्याख्या:** वीबी- जी राम जी अधिनियम लागू होते ही कुछ लोगों ने ऐसी बातें कही हैं, जो गहराई से देखने पर सही नहीं ठहरतीं। कहा जा रहा है कि रोजगार गारंटी कमजोर कर दी गई है, विकेंद्रीकरण और मांग-आधारित अधिकारों को बिना परामर्श के कमज़ोर किया गया है और यह सुधार असल में राजकोषीय खर्च घटाने का तरीका है, जिसे ढांचे में बदलाव के रूप में पेश किया जा रहा है। लेकिन ये सभी दावे इस कानून के असली उद्देश्य और प्रावधानों को ठीक से न समझ पाने के कारण किए जा रहे हैं।

इस गलतफहमी का मूल कारण एक गहरी वैचारिक त्रुटि है- यह मान लेना कि कल्याण और विकास एक दूसरे के विरोधी विरोधी विकल्प हैं। नया ढांचा इसके बिल्कुल उलट सोच पर आधारित है - कल्याण, जो कि वैधानिक आजीविका गारंटी को मजबूत करने पर केंद्रित है, और विकास, जो कि टिकाऊ बुनियादी ढांचे के निर्माण और उत्पादकता वृद्धि पर केंद्रित है, परस्पर एक दूसरे को मजबूत करते हैं। आय सहायता, संपत्ति सृजन, कृषि स्थिरता और लंबे समय की ग्रामीण उत्पादकता को अलग-अलग नहीं, बल्कि एक साथ चलने वाली प्रक्रिया माना गया है। यह केवल कोरी कल्पना नहीं है, बल्कि कानूनी संरचना में ही शामिल सोच है।

यह कहना कि कानूनी रोजगार अधिकार कमजोर कर दिया गया है, सही नहीं है। इस कानून में रोजगार गारंटी का वैधानिक और न्यायिक अधिकार बरकरार रखते हुए उसे और मजबूत किया गया है। अधिकार घटाने के बजाय इसे 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। पहले जो प्रक्रियागत शर्तें बेरोजगारी भत्ता मिलने में रुकावट बन जाती थीं, उन्हें हटा दिया गया है और समयबद्ध शिकायत निवारण व्यवस्था को और सुदृढ़ किया गया है। यह सुधार लंबे समय से मौजूद उस अंतर को दूर करने का प्रयास है, जो कागज़ पर किए गए वादे और लोगों के धरातल के अनुभव के बीच था।

यह भी कहा जा रहा है कि मांग-आधारित रोजगार छोड़कर ऊपर से थोपे गए योजनागत मॉडल को लागू कर दिया गया है। यह भी एक गलत धारणा है। काम की मांग पहले की तरह ग्रामीण मजदूरों से ही आती है। फर्क यह है कि अब काम तभी शुरू नहीं किया जाएगा जब मजबूरी या संकट बढ़ जाए, बल्कि पहले से ही भागीदारी आधारित ग्राम-स्तरीय योजना बनाकर तैयारी कर ली जाएगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि जब मजदूर काम मांगें, तो उनके लिए तुरंत काम उपलब्ध हो, और प्रशासनिक तैयारी न होने के कारण उन्हें मना न किया जाए। इस तरह योजना बनाना मांग को दबाता नहीं, बल्कि उसे सही रूप से लागू करता है।

केंद्रीकरण का आरोप इस कानून की पूरी संरचना को नज़रअंदाज़ करता है। ग्राम पंचायतें पहले की तरह ही योजना बनाने और लागू करने की प्रमुख संस्था बनी रहती हैं और ग्राम सभाओं के पास स्थानीय योजनाओं को मंजूरी देने का अधिकार यथावत है। फर्क सिर्फ इतना है कि अब विकेंद्रीकरण बिना व्यवस्था के या कभी-कभार होने वाली प्रक्रिया नहीं रहेगा, बल्कि एक नियमित, व्यवस्थित और सहभागी प्रणाली के रूप में होगा। विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं को ब्लॉक, ज़िला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जोड़ा जाएगा ताकि विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर तालमेल, समन्वय और पारदर्शिता हो सके – न कि स्थानीय प्राथमिकताओं को दबाने के लिए। केंद्रित किया गया है सिर्फ व्यवस्था और सामंजस्य को, निर्णय लेने का अधिकार स्थानीय ही रहेगा। इस तरह यह कानून बिखराव को ठीक करता है, विकेंद्रीकरण को कमज़ोर नहीं करता।

यह आरोप भी सही नहीं है कि इस सुधार को बिना किसी परामर्श के लागू कर दिया गया। इस विधेयक से पहले राज्य सरकारों के साथ व्यापक विचार-विमर्श, तकनीकी कार्यशालाएँ और विभिन्न हितधारकों के साथ विस्तृत चर्चाएँ की गईं। गांव-स्तरीय योजना संरचना, विभिन्न योजनाओं के बीच समन्वय की व्यवस्था और डिजिटल गवर्नेंस सिस्टम जैसे प्रमुख प्रावधान राज्यों से मिले सुझावों और वर्षों के अनुभव से सीखे गए सबक के आधार पर तैयार किए गए हैं।

**आवंटन में वृद्धि, समानता:** यह धारणा भी तथ्यों से मेल नहीं खाती कि पिछले दशक में रोजगार गारंटी को लगातार कमजोर किया गया। बजट आवंटन



2013-14 के 33,000 करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 2,86,000 करोड़ हो गया। 2013-14 तक कुल 1,660 करोड़ मानव-दिवस के बदले अब तक 3,210 करोड़ मानव-दिवस का सृजन हुआ। केंद्र से जारी धनराशि 2.13 लाख करोड़ से बढ़कर 8.53 लाख करोड़ हो गई और पूरे हुए कार्य 153 लाख से बढ़कर 862 लाख तक पहुँच गए। महिलाओं की भागीदारी 48 प्रतिशत से बढ़कर 56.73 प्रतिशत हो गई। अब 99 प्रतिशत से अधिक फंड ट्रांसफर आदेश समय पर जारी होते हैं और लगभग 99 प्रतिशत सक्रिय श्रमिक आधार पेमेंट ब्रिज से जुड़े हैं। ये सभी रुझान उपेक्षा नहीं, बल्कि निरंतर प्रतिबद्धता और बेहतर प्रदर्शन को दिखाते हैं। लेकिन समय के साथ यह भी साफ हो गया कि पुराने ढांचे में खुद कुछ बुनियादी कमजोरियां थीं-जैसे बीच-बीच में ही काम मिलना, बेरोजगारी भत्ता लागू कराने की कमजोर व्यवस्था, बिखरे हुए और असंगठित तरीके से संपत्ति/संसाधन निर्माण, और दोहराव व फर्जी प्रविष्टियों की गुंजाइश। ये कमजोरियां सूखे के समय, बड़े पैमाने पर पलायन के दौर में और कोविड-19 जैसी आपदा के दौरान जमीन पर साफ दिखाई दीं। नए कानून के तहत की गई वित्तीय व्यवस्था को भी गलत तरीके से सरकारी जिम्मेदारी छोड़ने के रूप में गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। सच यह है कि केंद्र सरकार का योगदान बढ़ रहा है। केंद्र का हिस्सा 86,000 करोड़ से बढ़कर लगभग 2,95,000 करोड़ तक हो रहा है, जो ग्रामीण रोजगार के प्रति मजबूत और बढ़ते समर्थन को दर्शाता है। 60:40 की फंडिंग व्यवस्था वैसे ही है जैसी अन्य केंद्रीय सहायता प्राप्त योजनाओं में वर्षों से लागू है, जबकि पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों तथा जम्मू-कश्मीर के लिए 90:10 का अलग अनुपात रखा गया है। इसलिए यह किसी तरह की वित्तीय पीछे हटने का संकेत नहीं,बल्कि साझा जिम्मेदारी और जवाबदेही को और मजबूत करने का संकेत है। न्याय और समानता सुनिश्चित करने के लिए धन आवंटन नियमों के आधार पर किया जाता है, और राज्यों का हिस्सा तय करने के लिए नियमों में दिए गए स्पष्ट व वस्तुनिष्ठ मानदंडों का पालन किया जाता है। राज्यों को सिर्फ लागू करने वाली एजेंसियों की तरह नहीं, बल्कि विकास के भागीदार के रूप में देखा गया है, जिन्हें कानूनी ढांचे के भीतर अपनी योजना अधिसूचित करने और लागू करने का अधिकार दिया गया है। लचीलापन भी बरकरार रखा गया है- प्राकृतिक आपदा या विशेष परिस्थितियों में राज्य अतिरिक्त छूट, अधिक प्रकार के कार्य और अस्थायी रूप से रोजगार बढ़ाने जैसी सिफारिशें कर सकते हैं। इस तरह नियम-आधारित आवंटन और परिस्थितियों के अनुसार लचीलापन, दोनों के बीच संतुलन बनाते हुए सहकारी संघवाद को मजबूत किया गया है।

यह कानून राज्यों को यह अधिकार देता है कि वे पहले से ही एक वित्तीय वर्ष में कुल 60 दिनों की अवधि तय कर सकें, जो बुआई और कटाई जैसे कृषि के व्यस्त मौसमों को कवर करे, और उन दिनों के दौरान काम न कराया जाए। यह घोषणा ज़िला, ब्लॉक या ग्राम पंचायत स्तर पर, स्थानीय मौसम और कृषि परिस्थितियों के आधार पर अलग-अलग ढंग से की जा सकती है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि बढ़ी हुई रोजगार गारंटी कृषि कार्यों में बाधा न बने, बल्कि उसके साथ संतुलन बनाकर चले।

**यूपीए का रिकॉर्ड:** कांग्रेस नेतृत्व संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार अपने पहले कार्यकाल से ही मनरेगा से जुड़े वादों को अमल में लाने में विफल रही। कांग्रेस के घोषणापत्र में 'प्रतिदिन 100 रुपये की वास्तविक मजदूरी पर कम से कम 100 दिन का काम' देने का वादा किया गया था, लेकिन सरकार ने 2009 में ही मज़दूरी 100 रुपये पर सीमित कर दी और कई सालों तक महंगाई और ग्रामीण संकट की अनदेखी करते हुए इसे इसे बढ़ाया भी नहीं। केंद्र सरकार ने खुद स्वीकार किया कि राज्य सरकारें इस योजना के तहत मनमाने ढंग से काम कर रही थीं और मज़दूरी न बढ़ाने का कारण भी राज्यों के 'अनियंत्रित बढ़ोतरी' को बताया। यह स्वीकारोक्ति अपने आप में शासन की एक गंभीर विफलता दिखाती है- कांग्रेस नेतृत्व वाली केंद्र सरकार अपनी ही राज्य सरकारों को नियंत्रित करने में असमर्थ थी, जिसके कारण मनरेगा में दुरुपयोग, फर्जी जॉब कार्ड और वित्तीय गड़बड़ियां जैसी समस्याएं पैदा हो गईं।

यूपीए के दूसरे कार्यकाल में इस योजना के प्रति प्रतिबद्धता लगातार कमजोर होती गई। 2010-11 में 2,40,100 करोड़ के बजट को घटाकर 2012-13 तक सिर्फ ?33,000 करोड़ कर दिया गया, जबकि राज्यों की ओर से मांग बढ़ रही थी। 2013 में संसद में दिए गए जवाब में तत्कालीन राज्यमंत्री राजीव शुक्ला ने माना कि मनरेगा के तहत रोजगार पाने वाले श्रमिकों की संख्या 2010-11 के 7.55 करोड़ से घटकर नवंबर 2013 तक सिर्फ 6.93 करोड़ रह गई। धन जारी करने में देरी, भुगतान में पारदर्शिता की कमी और प्रशासनिक उदासीनता ने मजदूरों को काम मांगने से हतोत्साहित किया, जिससे कानून में दी गई रोजगार गारंटी कमजोर पड़ गई।

महालेखा परीक्षक (कैग) की 2013 की रिपोर्ट ने यूपीए के समय मनरेगा की असल स्थिति उजागर कर दी। रिपोर्ट में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन सामने आया- 4.33 लाख से ज्यादा फर्जी या गलत जॉब कार्ड, हजारों करोड़ रुपये बिना हिसाब के निकासी और अनियमित कामों में गंवाए गए, 23 राज्यों में मजदूरी का भुगतान देर से हुआ या रोका गया, और देश की आधी से ज्यादा ग्राम पंचायतों में सही रिकॉर्ड तक नहीं रखा गया। जिन राज्यों में सबसे ज्यादा ग्रामीण गरीब हैं-बिहार, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र, वे अपने आवंटित धन का केवल लगभग 20त्न ही खर्च कर पाए। यानी योजना वहीं नाकाम रही, जहां इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। कल्याण और विकास के बीच चयन के रूप में बहस को प्रस्तुत करना गलत है। जब कल्याण मजबूत रोजगार गारंटी पर आधारित हो और विकास टिकाऊ ग्रामीण बुनियादी ढांचे और उत्पादकता पर आधारित हो, तो ये एक-दूसरे के विरोध में नहीं बल्कि एक-दूसरे पर निर्भर हैं। असली निर्णय यह था कि क्या उस ढांचे को स्थिर रखा जाए जो अक्सर उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता था, या इसे एक आधुनिक, लागू करने योग्य और एकीकृत रोजगार गारंटी प्रणाली में सुधारा जाए जो विकास के माध्यम से कल्याण को बढ़ावा दे। नया कानून रोजगार का कानूनी अधिकार बनाए रखता है, अधिकारों को बढ़ाता है, श्रमिक सुरक्षा को मजबूत करता है और वर्षों के कार्यान्वयन में सामने आई संरचनात्मक कमजोरियों को ठीक करता है। यह विनाश नहीं, बल्कि अनुभव पर आधारित नवीनीकरण की प्रक्रिया है।

**लेखक- शिवराज सिंह चौहान**
( भारत सरकार में कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री हैं।)

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### देश के स्वतंत्रता सेनानी किसी से कम नहीं : चव्हान

**नई दिल्ली:** देश की साम्प्रदायिक ताकतों से लड़ने के लिए भारत देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने भी समय-समय पर देश के प्रति अपने सेवा भाव का परिचय दिया है। आज केंद्रीय गृहमंत्री एसवी चव्हाण ने नई दिल्ली में स्वतंत्रता सेनानियों की एक सभा को संबोधित करते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी देश के स्वतंत्रता सेनानी इसी प्रकार राष्ट्रीय चेतना को निरंतर ध्यान में रखकर कट्टर पंथियों से निपटने का साहस रखेंगे। इस सभा में प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी श्रीमती अरुणा आसफ अली को उनकी देश के प्रति अमूल्य सेवाओं के लिए सम्पानित किया गया। अपने धन्यवाद में श्रीमती आसफ अली ने बताया कि यह निजी सम्मान केवल उनका ही नहीं अपितु सभी राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानियों का समूचा सम्मान है।

### बच्ची के साथ बलात्कार करने का प्रयास, युवक फरार

चंडीगढ़। स्थानीय पुलिस ने मुन्नीलाल के खिलाफ कजहेड़ी के पास बसी नेहरू मजदूर कालोनी में एक 7 वर्षीय बच्ची के साथ बलात्कार करने का मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय मुन्नीलाल उक्त कालोनी में ही बिन्दु नाम की एक बच्ची को टोफियां देने के बहाने अपनी झुग्गी में ले गया। जब वह उसके साथ जबरदस्ती करने लगा तो उसने शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग उसकी तरफ भागे मुन्नी लाल मौका देखकर फरार हो गया। पुलिस ने धारा 376 के तहत केस दर्ज कर लिया है और कार्यवाही चालू कर दी है।

### सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ संघ का गठन

चंडीगढ़। राज्यसभा के सदस्य व पूर्व हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष समशेर सिंह सुरजेवाला ने आज यहां पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि पदयात्री, जेल यात्रियों के लिए एक संगठन गठित किया गया है। जिसकी ओर से सांप्रदायिक सद्भावना के लिए आगामी 9 जनवरीको कुरुक्षेत्र से एक सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इसके संयोजक आरडी गोयल होंगे। भाजपा पर सांप्रदायिकता का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा कई नामों से अपना प्लेटफार्म चलाती है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में विवादित ढांचे को गिरा भाजपा अपनी राजनैतिक रोटियां सेक रही है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1643 जहाज के कप्तान विलियम मायर्स, रॉयल मैरी, एक निर्जन द्वीप पर उतरे और उसका नाम क्रिसमसलैंड रखा।
1709 लंदन से न्यूयॉर्क कॉलोनी के लिए दस जहाज रवाना हुए, जिनमें 4000 लोग सवार थे।
1741 खगोलशास्त्री एंडर्स सेल्सियस ने तापमान के स्तर को सेंटीग्रेड में परिकल्पित किया।
1763 भरतपुर के महाराजा सूरजमल की हत्या कर दी गई।
1771 मुगल शासक शाह आलम द्वितीय मराठों के संरक्षण में दिल्ली के सिंहासन पर आसीन हुए।
1800 इससे पहले क्रिसमस का दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक अवकाश हुआ करता था।
1809 अमेरिकी चिकित्सक एम्प्राम मैकडॉवेल ने दुनिया का आखिरी डिम्बग्रंथि ट्यूमर का ऑपरेशन किया।
1814 चर्च मिशनरी सोसाइटी के सैमुअल मार्सडे ने न्यूजीलैंड का पहला उपदेश ओहाई में दिया था।
1861 सामाजिक कार्यकर्ता और काशी हिंदू विश्वविद्यालय के नेता मदन मोहन मालवीय का जन्म उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में हुआ था।
1871 फुटबॉल क्लब का गठन हुआ।
1876 पाकिस्तान के संस्थापक और कायदा आज़म कहलाने वाले मोहम्मद अली जिन्ना का जन्म कराची में हुआ था।
1878 डॉक्टर चार्ल्स ड्राईस्डेल ने एक लेख लिखकर सबसे पहले तंबाकू से होने वाले नुकसान की जानकारी दी थी।
1924 देश के 10वें प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हुआ था।
1962 सोवियत संघ ने नोवाया गेमल्या क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।
1974 वैज्ञानिकों ने पहली बार फेरॉन गैस द्वारा ओजोन परत को हुए नुकसान की सूचना दी है।
1975 हेवी मेटल बैंड आयरन मेडेन की स्थापना स्टीव हैरिस द्वारा लंदन में की गई थी।
1977 विश्व प्रसिद्व अभिनेता चार्ली चैपलिन का निधन हो गया।
1978 वियतनाम ने कंबोडिया में खमेर रूज के खिलाफ एक बड़ा आक्रमण शुरू किया।
2007 सैन फ्रांसिस्को चिड़ियाघर में एक बाघ अपने बाड़े से भाग निकला और गोलीबारी करने से पहले तीन आगंतुकों की हत्या कर दी।
2009 19वीं सदी का सेंट मेल कैथेड्रल, जो आयरलैंड के मिडलैंड्स का एक 'प्रमुख कैथेड्रल' था, लॉन्गफोर्ड में आग लगने से नष्ट हो गया।
2010 अमेरिका के जॉर्जिया राज्य के अटलांटा शहर में पिछले 128 वर्षों में पहली बार हिमपात हुआ है; इससे 500 उड़ानें प्रभावित हुई हैं।

## बोल ब्यूटीफुल

**फरीद जकरिया:** ट्रंप प्रशासन की नई राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति को देखते हुए जेहन में यही नारा आता है कि 'अमेरिका को फिर से एक क्षेत्रीय शक्ति बनाओ'। जब अमेरिका केवल अपनी ही चिंता करेगा, तो जाहिर है वह दुनिया को दिशा-विहीन, अस्थिर और अराजक स्थिति में छोड़ देगा।



**हर्ष गुप्ता मधुसुदन:** भारत 'फाइव आइज' के अन्य देशों ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के साथ व्यापार समझौते कर अमेरिका को रणनीतिक रूप से घेर रहा है। कनाडा, यूरोपीय संघ के साथ जल्द ही यह होगा। अमेरिका के पास अब दो ही विकल्प है- या तो वह अहंकार के साथ अधिकतम एक दशक तक लोकतांत्रिक विश्व का नेतृत्व करता रहे या फिर भारत के साथ खड़ा होकर अपने नेतृत्व करता रहे या फिर भारत के साथ खड़ा होकर अपने नेतृतव को आगे बढ़ाए।

**प्रभाकर कुमार मिश्र:** सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बांड स्कीम को रद कर दिया था, लेकिन इसका असर राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे पर नहीं पड़ा है। अब ये चंदा इलेक्टोरल ट्रस के जरिए मिल रहा है।

## आज अटल जयंती पर विशेष

# अटल बिहारी वाजपेयी : राष्ट्रधर्म, मर्यादा और दूरदृष्टि का युग

**दैनिक अर्थ प्रकाश**


भारतीय राजनीति में अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक विचार, एक परंपरा और एक नैतिक मानक हैं। वे उन विरले राजनेताओं में रहे, जिन्होंने सत्ता में रहते हुए भी विनम्रता नहीं छोड़ी और विरोध में रहते हुए भी मर्यादा बनाए रखी। यही कारण है कि उन्हें सदैव 'अजातशत्रु' कहा जाता है–ऐसा नेता, जिसका कोई व्यक्तिगत शत्रु नहीं था।



अटल बिहारी वाजपेयी ने राजनीति को संघर्ष का नहीं, संवाद और सहमति का माध्यम बनाया। संसद उनके लिए केवल सत्ता की बहस का मंच नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों का मंदिर थी। उनके भाषणों में कटुता नहीं, बल्कि तर्क, संवेदना और राष्ट्रबोध होता था। वे असहमति को अपमान में नहीं बदलते थे। यही लोकतांत्रिक शालीनता उन्हें समकालीन राजनीति से अलग और ऊँचा स्थान देती है।

प्रधानमंत्री के रूप में अटल जी ने यह सिद्ध किया कि गठबंधन सरकारें भी मजबूत नेतृत्व और स्पष्ट दिशा के साथ देश को आगे ले जा सकती हैं। उनके कार्यकाल में भारत ने आत्मविश्वास के साथ वैश्विक मंच पर अपनी पहचान सुदृढ़ की। पोखरण परमाणु परीक्षण ने भारत की सामरिक संप्रभुता को नई धार दी, वहीं लाहौर बस यात्रा ने यह संदेश दिया कि भारत शक्ति के साथ शांति और संवाद में भी विश्वास रखता है। यह संतुलन ही एक महान स्टेट्समैन की पहचान है।

अटल बिहारी वाजपेयी का राष्ट्रप्रेम भावनाओं तक सीमित नहीं था, बल्कि नीति और निर्णयों में स्पष्ट दिखाई देता था। उनके नेतृत्व में देश में बुनियादी ढाँचे के विकास को नई गति मिली।



स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना ने भारत की सड़कों को ही नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की रफ्तार को भी जोड़ा। संचार, कनेक्टिविटी और विकास की योजनाओं ने दूरदराज़ के क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा। उनका मानना था कि सशक्त भारत की नींव गांव, किसान और गरीब की मजबूती से ही रखी जा सकती है। राजनीति के कठोर वातावरण में भी अटल जी का व्यक्तित्व मानवीय बना रहा। वे एक संवेदनशील कवि थे, और उनकी कविताओं में जीवन की पीड़ा, संघर्ष और आशा एक साथ दिखाई देती है। यही संवेदनशीलता उनके प्रशासनिक फैसलों में भी झलकती थी। वे कठोर निर्णय लेते थे, पर मानवीय दृष्टि कभी नहीं छोड़ते थे। यही गुण उन्हें केवल प्रशासक नहीं, बल्कि जननायक बनाता है।

अटल बिहारी वाजपेयी ने सार्वजनिक जीवन में यह सिद्ध किया कि विचारों में दृढ़ता और व्यवहार में सौम्यता एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं। उन्होंने राजनीति को वैमनस्य से नहीं, विचारधारा और मर्यादा से संचालित किया। आज जब राजनीति में व्यक्तिगत आरोप, कटु भाषा और असहिष्णुता बढ़ती जा रही है, अटल जी की राजनीति एक आदर्श के रूप में सामने आती है। उनका प्रसिद्ध कथन–
'राष्ट्रधर्म सर्वोपरि है'
केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि उनके पूरे जीवन का सार है। सत्ता में रहते हुए भी उन्होंने लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखी और राष्ट्रहित को व्यक्तिगत या दलगत हितों से ऊपर रखा।

25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि आत्ममंथन का दिन है–कि क्या हमारी राजनीति आज भी उस मर्यादा, उस संवाद और उस राष्ट्रनिष्ठा को अपनाती है, जिसे अटल जी ने जीवन भर जिया।

अटल बिहारी वाजपेयी का व्यक्तित्व कालजयी है। वे आज भौतिक रूप में हमारे बीच नहीं हैं, पर उनके विचार, उनकी वाणी और उनका राष्ट्रबोध आज भी भारत की राजनीति को दिशा देने का सामर्थ्य रखते हैं। ऐसी महान विभूति को शत शत नमन ।

**लेखक: कैलाश चंद जैन**
पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष,
भारतीय जनता पार्टी, चंडीगढ़

## कसौली पुलिस ने पकड़ी 15 पेटी अवैध शराब, एक काबू

**सोलन।** पुलिस थाना कसौली की टीम चण्डी क्षेत्र में गश्त व नाकाबंदी ड्यूटी पर तैनात थी तो इसी दौरान पुलिस को सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि गांव लगोग निवासी पतराम अपने घर के साथ बनी पशुशाला में अवैध शराब बेचने का धंधा करता है जिसने अपनी पशुशाला में भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब रखी है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तवरित कार्यवाही करते हुए गांव लगोग में पशुशाला दबिश दी गई।

इस दौरान मौके से देशी शराब मार्का पैराडाइज संतरा की 15 पेटियां, जिनमें कुल 180 बोतलें (प्रत्येक 750 एमएल), बरामद की गई जिस बारे में आरोपी कोई भी लाइसेंस/परमिट पुलिस के समक्ष पेश न कर सका। इस पर पुलिस थाना कसौली में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान आरोपी पतराम निवासी गांव लगोग डाकखाना चंडी तहसील कसौली जिला सोलन हि0प्र0 को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मुख्यमंत्री ने शिमला विंटर कार्निवाल का किया शुभारम्भ, बोले-

# 'हिमाचल को प्रकृति ने अभूतपूर्व सौंदर्य से नवाजा'

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज रिज शिमला में नगर निगम शिमला द्वारा आयोजित शिमला विंटर कार्निवाल का शुभारम्भ किया। उन्होंने सांस्कृतिक परेड को भी झंडी दिखाकर रवाना किया। सांस्कृतिक परेड में सभी जिला के सांस्कृतिक दलों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गेयटी में आयोजित चित्रकला प्रदर्शनी और टाउन हाल के समीप महानाटी और होम गार्ड इंटर बटालियन बैंड प्रतिस्पर्धा का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री ने चिट्टा मुक्त हिमाचल थीम के साथ आयोजित कार्निवाल के सफल आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

कार्निवाल के दौरान मुख्यमंत्री ने पर्यटकों से संवाद भी किया और उनके अनुभव जाने।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में आने वाले पर्यटकों का स्वागत करते हुए कहा कि हिमाचल की शांत वादियां और शुद्ध हवा से उन्हें निश्चित रूप से आनंद के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य की अनुभूति भी प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटक मेहमानों को कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी।

इस अवसर पर सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को प्रकृति ने अभूतपूर्व सौंदर्य से नवाजा है। प्रदेश की मनोरम वादियां हर वर्ष करो?ों पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटन को ब?ावा देने के लिए जहां आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है वहीं प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए विशेष पहल की जा रही है। विंटर कार्निवाल शिमला के माध्यम से पर्यटकों को पहाड़ों की रानी शिमला में आकर्षण के विभिन्न आयाम उपलब्ध करवाये गए हैं। इसी तरह धर्मशाला में कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है।

### पर्यटकों के आवागमन में हर वर्ष बढ़ोतरी

सीएम ने कहा कि पर्यटकों के आवागमन में हर वर्ष बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। प्रदेश में ईको टूरिज्म की अपार संभावनाओं को देखते हुए नई संशोधित ईको टूरिज्म नीति अधिसूचित की गई है। इसके तहत वन विभाग द्वारा 11 ईको टूरिज्म स्थलों का आवंटन कर दिया गया है और 27 अन्य स्थलों के आवंटन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। वर्ष, 2023 से नवम्बर, 2025 तक लगभग 6 करो? रुपये विभिन्न ईको-टूरिज्म गतिविधियों से अर्जित किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से क्षेत्र की आर्थिकी को संबल मिलता है।

उन्होंने कहा कि होम-स्टे को प्रोत्साहित करने के लिए होम-स्टे के लिए ब्याज पर अनुदान योजना आरम्भ की गई है। होम-स्टे पंजीकरण करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल आरम्भ किया गया है। पर्यटन क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए पर्यटन निवेश प्रोत्साहन परिषद का गठन किया गया है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ.(कर्नल)धनी राम शांडिल, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह, एआईसीसी के सचिव विदित चौधरी, विधायक हरीश जनारथा व विवेक शर्मा, महापौर नगर निगम शिमला सुरेन्द्र चौहान, उप-महापौर ऊमा कौशल, उपाध्यक्ष राज्य वन विकास निगम केहर सिंह खाची, अतिरिक्त मुख्य सचिव के.के. पंत, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सतवंत अटवाल त्रिवेदी व अभिषेक त्रिवेदी, उपायुक्त अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी, आयुक्त नगर निगम शिमला भूपेन्द्र अत्री, नगर निगम के पार्षद और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।




## जिला स्तरीय उपचारात्मक शिविर का डाइट सोलन में आयोजन

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** समग्र शिक्षा डाइट सोलन के तत्वावधान में एक तीन दिवसीय जिला स्तरीय उपचारात्मक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला सोलन के 10 खंडों से प्रत्येक दिन लगभग 30 दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया।

शिविर में डॉ. मयूर एवं उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा बच्चों का निरीक्षण किया गया। फिजियोथेरेपिस्टों द्वारा बच्चों की विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं जैसे लोकोमोटर दिव्यांगता, वाणी एवं श्रवण बाधाएं, सेरेब्रल पाल्सी आदि के अनुसार सावधानीपूर्वक थैरेपी प्रदान की गई। इस शिविर का समन्वयन समावेशी शिक्षा की समन्वयक जूली रिचर्ड द्वारा किया गया। शिविर में राजेन्द्र वर्मा, जिला परियोजना अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। यह शिविर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के उपचार एवं उनके विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा।

## कैनवास पर उतरी हिमाचल की खूबसूरती क्रिसमस से पहले नग्गर में कला का जश्न

नकुल खुल्लर ने किया हिमालय में जीवन और सीख कला प्रदर्शनी का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 24 दिसंबर।** क्रिसमस से एक दिन पहले नग्गर स्थित रोरिक आर्ट गैलरी में प्रिया शांडिल्य ने अपना पहला आर्ट एग्जहिबीशन का आयोजन किया। इस समारोह का शुभारंभ एक्सीलेंस विजेता और ब?ाग? रिजॉर्ट के मालिक नकुल खुल्लर ने किया।

इस शुभ अवसर पर नकुल खुल्लर ने प्रिया की कला को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने पेंटिंग्स की तारीफ ही नहीं बल्कि उन्होंने प्रिया को अगली प्रदर्शनी पर एक खास विषय पर ध्यान देने का आग्रह भी किया।

उन्होंने 'से नो टू ड्रग्स' विषय पर अपनी कला को आकार देने की अपील की ताकि आने वाली पीढ़ी नशे के खिलाफ जागरूक बनें।

प्रिया शांडिल्य पुछले तीन सालों से हिमाचल प्रदेश में रह रही हैं। वे पेशे से पत्रकार हैं और हिमाचल में आने के बाद उन्होंने कला में अपने रुझान को गहराई से लिया। आज के इस आर्ट एग्जहिबीशन कम सेल में प्रिया ने पहा?ों और देवदार के पे?ों के बीच कोहरे जैसी कमाल की पेंटिंग्स की प्रदर्शनी लगाई। यह दो दिवसीय प्रदर्शनी 24 दिसंबर से लेकर 25 दिसंबर 2025 तक है।

इस कार्यक्रम में कलाकार प्रिया शांडिल्य के अलावा रोरिक आर्ट गैलरी के क्यूरेटर सुरेश नड्डा (इंडियन क्यूरेटर), लारिसा (रशियन क्यूरेटर), प्रिया के सहयोगी संतोष, शिल्पा ठाकुर, संजीव ठाकुर समेत सम्मानित मीडियगण भी उपस्थित रहे।

## राम कुमार चौधरी की अध्यक्षता में शिकायत निवारण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

अर्थ प्रकाश/बिक्रम ठाकुर

**बद्दी।** दून के विधायक राम कुमार चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को कार्यान्वित करने में अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। राम कुमार चौधरी आज बद्दी में उपमण्डल स्तरीय शिकायत निवारण समिति में विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

राम कुमार चौधरी ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कार्यान्वित की जा रही योजनाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करना, लंबित कार्यों के कारणों की समीक्षा करना तथा जनहित से जु? मामलों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। राम कुमार चौधरी ने क्षेत्र में कार्यान्वित की रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं एवं विकास कार्यों की विभागवार विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विभिन्न विभागों से योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, लंबित कार्यों के कारणों तथा उनके समाधान को लेकर गहन चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और इस कार्य में अधिकारियों की अहम भूमिका है। विधायक ने कहा कि क्षय रोग केवल एक चिकित्सीय समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता से जु?ा विषय है।




## डीसी किरण भड़ाना ने दिए विभागों को समयबद्ध एवं समन्वित कार्ययोजना लागू करने के निर्देश

केलांग में शीतकालीन तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**केलांग (कुल्लू) 24 दिसंबर।** जिले में आगामी शीत ऋतु के दौरान संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा की गई तैयारियों के संदर्भ में आज उपायुक्त कार्यालय के सभागार कक्ष में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष किरण भ?ाना ने की।

बैठक में उपायुक्त ने संबंधित विभागों से सर्दियों के दौरान स?क संपर्क, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, खाद्यान्न एवं आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता, आपातकालीन सेवाओं तथा संचार व्यवस्था से जु?ी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समय रहते आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें, ताकि आम जनता को किसी भी वर्फबारी के समय पर किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़ा। उपायुक्त ने बर्फबारी संभावित क्षेत्रों में मशीनरी, आवश्यक उपकरणों और मानव संसाधन की पूर्व तैनाती सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग को दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता, एंबुलेंस सेवाओं की तत्परता तथा आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था को सुदृ? रखने के निर्देश दिए। उन्होंने लोनिवि व सीमा स?क संगठन के अधिकारियों को स्नो फाल से बंद होने बाली स?कों को तुरंत बहाल करने के लिए आवश्यक तैयारियां रखने को कहा। उन्होंने इन दोनों विभागों को आवश्यक मशीनरी की सूची आपस में साझा करने सहित उपमण?लाधिकारियों को देने के लिए कहा। उन्होंने जल शक्ति विभाग को सर्दियों के समय आवश्यक पेय जल आपूर्ति सुनिश्चित बनाए रखने हेतु जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए।

उन्होंने विद्युत विभाग को थिरोट पॉवर हाउस के रिजरवायर की डिसिलटिंग के कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए ताकि बर्फभारी के समय मनाली से विद्युत आपूर्ति ना होने पर घाटी में बिजली की समस्या ना हो। उन्होंने काजा उपमण्डल में दो मेगा वाट के सोलर पॉवर प्लांट की वर्तमान स्थ्यिति के बारे में चर्चा की और बचे हुए कार्य को बर्फभारी से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि काजा उपमण्डल में शीत ऋतु के दौरान विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को जिला की सभी पंचायतों में एमरजेंसी रिसपोंस सेंटर बनाने सहित इनमें से दस केंद्रों को रिलिफ शेल्टर के रूप में घोषित करने के लिए कहा।

## न्यूज ब्रीफ

### एसआईयू टीम ने होटल से 11.22 ग्राम चिट्टे सहित पकड़ी महिला



**ऊना (रोहित शर्मा)।** पुलिस थाना टाहलीवाल के अंतर्गत आते निजी होटल में रेड कर पुलिस की एसआईयू टीम ने एक महिला को 11.22 ग्राम चिट्टे सहित पकड़ा है और मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रात के समय निरीक्षक सुनील कुमार प्रभारी एसआईयू ऊना पर आधारित पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर होटल अपना निवास टाहलीवाल में दविश दी। तो चेकिंग के दौरान कमरे में एक महिला से 11.22 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने महिला को तुरंत प्रभाव से गिरफ्तार कर लिया। महिला 39 वर्षीय डलहौजी जिला चंबा की रहने वाली बताई जा रही है। वहीं पुलिस ने आरोपित महिला के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत पुलिस थाना टाहलीवाल में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने क्रिसमस की शुभकामनाएं दी

**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने क्रिसमस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि क्रिसमस ईसा मसीह के सत्य, प्रेम और करूणा की शाश्वत शिक्षाओं को याद दिलाता है। ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि यह त्योहार आपसी सौहार्द और भाईचारे के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि ईसा मसीह का जीवन और उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं क्योंकि वे निःस्वार्थ सेवा, दया और मानवता को ब?ावा देती हैं। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में खुशी, शांति और समृद्धि लाए।

### विधानसभा में अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

**शिमला।** विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। इस अवसर पर अटल जी के राष्ट्रवादी विचारों, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा, प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल, कर्ण नंदा, रमा ठाकुर, प्यार सिंह कंवर, केशव चौहान, संजय सूद तथा राजीव पंडित सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अटल बिहारी वाजपेयी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

### सीएम ने पत्रकार के भाई के निधन पर शोक व्यक्त किया

**शिमला।** सीएम सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने वरिष्ठ पत्रकार जी.एस. तोमर के बड़े भाई जगदीश्वर सिंह तोमर के आकस्मिक निधन पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने भगवान से दिवंगत आत्मा को शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## कार्यालयों/भवनों में हीटर और अंगीठी के सुरक्षित उपयोग को लेकर जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** जिले में सर्दी के मौसम को देखते हुए प्रशासन ने हीटर, अंगीठी के सुरक्षित उपयोग को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष जतिन लाल ने कहा कि ठंड से बचाव के लिए हीटर, केरोसिन हीटर एवं कोयले की अंगीठी जैसे उपकरणों का असावधानीपूर्वक उपयोग आग लगने एवं अन्य गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। उन्होंने जिलावासियों से अपील की है कि सर्दियों के दौरान इन उपकरणों का सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने कहा कि सर्दी के मौसम में कार्यालयों, सरकारी-निजी भवनों एवं आवासीय परिसरों में शॉर्ट सर्किट, ओवरलोडिंग, ओवरहीटिंग, घटिया गुणवत्ता के विद्युत उपकरण एवं गलत वायरिंग के चलते आग लगने की आशंका ब? जाती है। ऐसे में समय रहते आवश्यक सावधानियां अपनाकर आग की घटनाओं को प्रभावी रूप से रोका जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्यालय में एक जिम्मेदार कर्मचारी को नामित किया जाए, जो प्रतिदिन कार्यालय समय समाप्त होने के उपरांत यह सुनिश्चित करे कि सभी विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बंद कर दिए गए हों। इसके साथ-साथ कार्यालयों में स्थापित सभी उपकरणों एवं उनकी वायरिंग की नियमित अंतराल पर जांच कराना अनिवार्य किया जाए, ताकि किसी भी तकनीकी खामी को समय रहते दूर किया जा सके।

आग लगने की स्थिति में बिना देरी किए अग्निशमन सेवा के आपातकालीन नंबर 101 या 1077 पर सूचना दें। यह न मानें कि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा पहले ही सूचना दी जा चुकी होगी, क्योंकि त्वरित सूचना से जान-माल की हानि को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त सभी सरकारी एवं निजी कार्यालयों तथा भवनों में विद्युत पॉइंट्स एवं कनेक्शनों का समुचित निरीक्षण कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सर्दियों में हीटिंग उपकरणों के अधिक उपयोग से उत्पन्न अतिरिक्त लोड के कारण किसी भी प्रकार का विद्युत जोखिम न रहे और आग की अप्रिय घटनाओं से बचाव सुनिश्चित हो सके।

उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्त विभागाध्यक्ष अपने कार्यालयों एवं भवनों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था एवं अग्नि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा अग्निशमन विभाग अथवा उनके द्वारा अनुशंसित किसी अन्य अधिकृत एजेंसी से नियमित निरीक्षण एवं अग्नि सुरक्षा ऑडिट अवश्य करवाएं।

उन्होंने बताया कि सर्दियों में घरों एवं कार्यालयों में ऊष्मा बनाए रखने के लिए प्रयुक्त हीटर, केरोसिन हीटर एवं अंगीठी आदि के उपयोग के दौरान उचित वेंटिलेशन की व्यवस्था करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि कमरों में उत्पन्न गैसों का सुरक्षित निकास हो सके और किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न बने। उपायुक्त ने सभी जिलावासियों से अपील की है कि इन दिशा-निर्देशों का पालन करें और अपने आस-पास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने अग्निवीर शहीद नवीन कुमार के परिवार को 75 लाख की बीमा राशि प्रदान की



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ बड़ौदा (बैंक) ने अपनी अग्निवीर खाता योजना के अंतर्गत व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर के तहत वीर अग्निवीर शहीद स्वर्गीय श्री नवीन कुमार के शोकाकुल परिवार को पालमपुर, हिमाचल प्रदेश में?75 लाख (पचहत्तर लाख रुपये मात्र) की वित्तीय सहायता प्रदान की गई। वीर सैनिक ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 20 मई 2025 को कारगिल में राष्ट्र की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए, उनका बलिदान अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति का प्रतीक है।

यह बीमा राशि एक गरिमामय एवं भावपूर्ण समारोह के दौरान शहीद की माता श्रीमती अजूधिया कुमारीको ससम्मान प्रदान की गई। इस अवसर पर नायब सूबेदार संतोष कुमार, श्री हरदीप सिंह,सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर, श्री राजेश कुमार गाबा, सहायक महाप्रबंधक एवं उप-क्षेत्रीय प्रमुख,शिमला क्षेत्र, श्री जुनैद खान, आरबीडीएम,शिमला क्षेत्र तथा श्री सुप्रीत सिंह, अंचल कार्यालय, चंडीगढ़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने वीर शहीद के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अग्निवीर शहीद स्व. नवीन कुमार के अद्वितीय साहस को नमन करते हुए यह पुनः दोहराया कि राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सशस्त्र बलों के जवानों एवं उनके परिवारों के कल्याण हेतु बैंक सदैव प्रतिबद्ध है।

## एसजेवीएन ने राजस्थान में 1000 मेगावाट बीकानेर सौर ऊर्जा परियोजना की सीओडी को हासिल किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने अवगत कराया है कि एसजेवीएन ने आज राजस्थान के 1000 मेगावाट क्षमता वाले बीकानेर सौर ऊर्जा परियोजना की वाणिज्यिक संचालन तिथि (सीओडी) सफलतापूर्वक हासिल की है। यह उपलब्धि देश की विद्युत उत्पादन क्षमता को सुदृढ़ करने की दिशा में कंपनी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

गुप्ता ने इस शानदार उपलब्धि के लिए सभी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता न सिर्फ एसजेवीएन की तकनीकी उत्कृष्टता को प्रदर्शित करती है, अपितु कर्मचारियों, ठेकेदारों और सभी स्टेकहोल्डर्स के समर्पण और समन्वित प्रयासों को भी दर्शाती है।

गुप्ता ने बताया कि 1000 मेगावाट बीकानेर सौर ऊर्जा परियोजना राजस्थान के बीकानेर जिले में अवस्थित है और इसे एसजेवीएन अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अधीनस्थ कंपनी एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एसजीईएल) के माध्यम से कार्यान्वित कर रहा है। यह परियोजना प्रचालन के प्रथम वर्ष में 2,454.55 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पन्न करेगी और 25 वर्षों में कुल मिलाकर लगभग 56,838 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पन्न करेगी। अधिकतम उपयोग शुल्क ?2.57 प्रति यूनिट तय किया गया है, जिससे उपभोक्ताओं को सस्ती ग्रीन ऊर्जा उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। अजय कुमार शर्मा, निदेशक (कार्मिक) ने इसमें शामिल सभी कार्मिकों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की और बताया कि यह परियोजना राजस्थान के बीकानेर ज़िले में बांदरवाला गांव के समीप पूर्ण रूप से खरीदी गई 5,000 एकड़ भूमि पर बनाई गई है।

**HIMACHAL PRADESH**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

The Executive Engineer, Palampur Division, HPPWD, Palampur on behalf of Governor of Himachal Pradesh, invites the Percentage rate bids, in electronic tendering system from the eligible class of contractors registered with HPPWD for the works as detailed in the table:-

| Sr. No. | Name of the work | Estimated cost (Rs.) | Starting date for downloading Bid | Earnest Money (In Rs.) | Deadline for sub mission of bid | Time limit |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Balance work of C/o llink road to Heliport at Palampur Distt. Kangra (SW:- Breaking of stones) | Rs. 6,99,293.00 | 03.01.2026 | Rs 14,000.00 | 09.01.2026 | Three Months |
| 2. | Balance work of link road Spedu to Goarth KM 0/00 to 2/00 under PDNA (SW:- P/L G-III in KM 0/600 to 1/800) | Rs. 33,00,018.00 | 03.01.2026 | Rs 66,000.00 | 09.01.2026 | Three Months |

The Technical bid will be opened on 09.01.2026 at 11.30 AM. The bidders are advised to note other details of tenders from the department website WWW.hptenders.gov.in

RO No. 5256_2025-2026
AP No. 6475

Executive Engineer, HPPWD, Division, Palampur PIN-176061,
Tel. 01894-230561, e-mail:-ee-pal-hp@nic.in
On behalf of Governor of H.P.

### किसानी संस्कृति को उजागर कर रही है स्वदेशी महोत्सव में 'विरासत प्रदर्शनी'

# दो लाख लोग बने किसानी सांस्कृतिक प्रदर्शनी के साक्षी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** स्वदेशी जागरण मंच की ओर से पंचकूला के सैक्टर 5 परेड ग्राऊंड में चल रहे स्वदेशी महोत्सव 2025 में विरासत दि हेरिटेज विलेज कुरुक्षेत्र द्वारा लगाई गई सांस्कृतिक प्रदर्शनी में हरियाणा की किसानी संस्कृति को उजागर किया गया है।

इस प्रदर्शनी में किसानी संस्कृति से जुड़ी हुई 100 साल से पुरानी विषय वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया है। यह जानकारी स्वदेशी महोत्सव के संयोजक राजेश गोयल ने दी।

उन्होंने कहा कि स्वदेशी महोत्सव 2025 में विरासत हेरिटेज विलेज कुरुक्षेत्र द्वारा लगाई गई यह प्रदर्शनी पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। इसके अंदर बनाई गई मीडिया चौपाल तथा पगड़ी बंधाओ फोटो खिंचाओ केन्द्र विशेष रूप से पर्यटकों में लोकप्रिय हो रहे हैं। इस विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए विरासत सांस्कृतिक प्रदर्शनी के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि सांस्कृतिक प्रदर्शनी के माध्यम से स्वदेशी का संदेश दे रही है।

इस प्रदर्शनी में हरियाणा की किसानी संस्कृति को केन्द्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में बैलों द्वारा चलाए जाने वाले हल, खेत को समतल करने के लिए बैलों द्वारा प्रयोग की जाने वाली गोडी, हल के साथ बांधकर बीज बीजने के लिए प्रयोग किए जाने वाले ओरणे, कूंए से पानी निकालने के लिए उपयोग किए जाने वाले डोल, किसानी संस्कृति में अनाज उठाने के पश्चात उसको नापने के लिए उपयोगी मापक, बैलों के लिए प्रयोग किए जाने वाले जूए एवं पंझाली, बैलों के ओढने के लिए उपयोगी पाल, पशुओं का दूध बिलोने के लिए प्रयोग में लाये जाने वाली रई एवं चाखड़ा, कूंए से सामान निकालने के लिए उपयोग में आने वाले कांटे एवं बिलाई, सौ साल पुरानी बैलगाड़ी, अस्सी साल पुराना रेहडू, हाथ से चलने वाला गंडासा, किसान द्वारा प्रयोग की जाने वाली जेली एवं टांगली आदि अनेक ऐसी विषय-वस्तुएं हैं जो किसानी संस्कृति का आधार रही हैं। इन सभी विषय-वस्तुओं को संकलित कर विरासत सांस्कृतिक प्रदर्शनी में सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया गया है। इस प्रदर्शनी से संपूर्ण गांव की झलक जीवंत हो उठी है जो पर्यटकों के विशेष आकर्षण का केन्द्र है। डॉ. पूनिया ने बताया कि अब तक विरासत सांस्कृतिक प्रदर्शनी को लगभग 2 लाख लोग देख चुके हैं।

## नृत्य की विशेष संध्या में अमेरिका से आयी प्राची दीक्षित एवं समूह के कत्थक नृत्य से सजी शाम

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़।** प्राचीन कला केन्द्र द्वारा आयोजित किये जा रहे विशेष कार्यक्रम में अमरीका से आयी प्राची दीक्षित एवं समूह ने अपने कत्थक नृत्य से दर्शकों को खूब आनंदित किया । पंडित कन्हैया लाल जी के सानिध्य में प्राची ने नृत्य की शिक्षा प्राप्त की और कत्थक नृत्य की बारीकियां सीखी । प्राची अमेरिका में नूपुर डांस अकादमी की संस्थापक भी है और केंद्र का सम्बद्ध सेंटर भी चला रही हैं । इन्होंने विभिन्न प्रस्तुतियों से दर्शकों के दिल में जगह बनाई है । प्राची विदेश में भारतीय कला को प्रफुल्लित करने का अद्भुत कार्य कर रही हैं

आज के कार्यक्रम की शुरुआत इन्होने एक भक्तिमयी रचना शिव वंदना से की। इसके उपरांत कृष्ण कविताओं पर आधारित एक भाव पक्ष की रचना पेश की गयी जोकि इनके गुरु द्वारा रचित कविताओं पर आधारित थी। इसके उपरांत इनके समूह द्वारा कत्थक नृत्य के तकनीकी पक्ष को प्रस्तुत किया । जिस में तीन ताल पर आधारित विलम्बित, मध्य एवं द्रुत लाया पर आधारित परन,गत,उठान,चालें,आमद,त्रिपल्ली,प मिलू,तिहाई और चक्रदार परन प्रस्तुत करके तकनीकी पक्ष पर अपनी मजबूत पक? का बखूबी प्रदर्शन किया । इसके उपरांत इन्होने भाव पक्ष पर आधारित एक खूबसूरत रचना पेश की कृष्णा एवं काली जिस में दो दिव्य शक्तियों - कृष्ण और काली - के बीच एक कालातीत संवाद पेश किया गया। कृष्ण माया का प्रतिनिधित्व करते हैं - दुनिया की सुंदरता और भ्रम जो हमें खुशी, प्रेम और आनंद के माध्यम से अपनी ओर खींचता है। उनकी बांसुरी आत्मा को मंत्रमुग्ध कर देती है, हमें याद दिलाती है कि अस्तित्व सार्थक और आकर्षक क्यों लगता है। दूसरी तरफ काली, उग्र और अडिग, शक्ति का प्रतीक हैं - कच्ची शक्ति, समय और परिवर्तन। वह भ्रम को तोड़ देती हैं, जहाँ आराम नहीं रह सकता, वहाँ जागृति लाती हैं। हालांकि वे विपरीत दिखते हैं, लेकिन वे संघर्ष में नहीं हैं। वे दिव्य पूरक हैं।

जहाँ कृष्ण आनंद जगाते हैं, वहीं काली जागृति लाती हैं। जहाँ कृष्ण भ्रम बनाए रखते हैं, वहीं काली सत्य को प्रकट करती हैं। साथ मिलकर, वे आत्मा को भ्रम से मुक्ति की ओर, आनंद से उद्देश्य की ओर मार्गदर्शन करते हैं। यह प्रस्तुति डेविड आर. किंसले की किताब %द स्वॉर्ड एंड द फ्लूट~ काली एंड कृष्णा , हिंदू पौराणिक कथाओं से प्रेरित है

## सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल में संस्कृति, विज्ञान और संस्कार का संगम क्रिसमस की खुशियों के संग तुलसी पूजन

अर्थ प्रकाश/जग्गी



**कालका।** सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल, एचएमटी टाउनशिप, पिंजौर में 24 दिसंबर 2025 को प्रातःकालीन प्रार्थना सभा के दौरान क्रिसमस पर्व एवं तुलसी पूजन का एक विशेष, प्रेरणादायी और शिक्षाप्रद आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में धार्मिक सद्भाव, सांस्कृतिक मूल्यों तथा प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करना रहा।

प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों द्वारा मधुर क्रिसमस गीत प्रस्तुत किए गए तथा प्रशासनिक विभाग के सदस्यों द्वारा सुंदर कोरल प्रस्तुति दी गई, जिसके माध्यम से सभी को क्रिसमस एवं नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं। संपूर्ण वातावरण उल्लास, प्रेम और भाईचारे की भावना से सराबोर हो गया। इसके पश्चात स्कूल परिसर में विशेष तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को तुलसी के धार्मिक, औषधीय एवं वैज्ञानिक महत्व से अवगत कराना था। श्री योग वेदांत समिति, चंडीगढ़ से पधारे श्री हृदय जी ने कक्षा छठी से नौवीं तक के विद्यार्थियों के साथ अत्यंत जीवंत और प्रेरक संवाद किया। उन्होंने ज्ञान मुद्रा का अभ्यास कराते हुए ओंकार गुंजन कराया तथा तुलसी के औषधीय गुणों, पर्यावरणीय महत्व और आध्यात्मिक पक्ष को सरल एवं रोचक कहानियों के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिससे विद्यार्थी अत्यंत प्रभावित हुए। तुलसी पूजन के दौरान मुक्ति एवं ध्यान से संबंधित विभिन्न योग मुद्राओं का प्रदर्शन किया गया तथा योग और आध्यात्मिकता में उनके महत्व की जानकारी दी गई। श्री हृदय जी ने तुलसी पूजन की विधि को विस्तारपूर्वक समझाया, जिसके अनुसार सभी विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से मंत्रोच्चारण और प्रार्थना के साथ श्रद्धापूर्वक तुलसी पूजन किया। संपूर्ण वातावरण भक्ति, शांति और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य पीयूष पुंज ने सभी को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि क्रिसमस केवल ईसाई धर्म का पर्व नहीं, बल्कि यह प्रेम, ञ्द्गह्द्ग सेवा और मानवता का सार्वभौमिक संदेश देता है।



## हेल्थ कैंप में 175 लोगों की हुई जांच

**पंचकूला, 24 दिसम्बर।** द हिमालयन क्लब ट्रस्ट की युवा शाखा द हिमालयन फाउंडेशन के कार्यक्रम आरोग्य-स्वस्थ तन, सुखी जीवन के तहत आज यहां पार्क ग्रेशियन अस्पताल के सहयोग से डीसी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 7, पंचकूला में निःशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। हेल्थ कैंप में फाउंडेशन के 'सुलभ और समावेशी स्वास्थ्य सेवा' के मिशन के तहत लगभग 175 लोगों की व्यापक हेल्थ जांच की गई।

कैंप में पार्क ग्रेशियन अस्पताल के डॉक्टरों की एक टीम ने लोगों की जांच की । हेल्थ कैंप दो चरणों में जारी रहा व यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक लाभार्थी को पर्याप्त हेल्थ सुविधा मिले। इस अवसर पर द हिमालयन फाउंडेशन चंडीगढ़ के संस्थापक संदीप सिंह मुख्य अतिथि थे।

## नगर काउंसिल नयागांव की वार्डबंदी का नक्शा अभी भी नहीं हुआ जारी, सभी पार्षद नाराज

अर्थ प्रकाश/ जेके बत्ता



**न्यू- चंडीगढ़।** नगर काउंसिल नयागांव के चुनाव को अभी कुछ ही समय बचा हुआ है। नगर काउंसिल नयागांव के लोगों , पार्षदों , प्रशासन ओर मौजूदा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि सभी जगह 12 दिसंबर 2025 को नई वार्ड बंदी के लिए वार्डो के नक्शे, नोटिफिकेशन और लोगों के एतराज मांगे जा रहे हैं, लेकिन नयागांव नगर काउंसिल में आज तक नई वार्ड बंदी का कोई नोटिफिकेशन, वार्डो का नया नक्शा तक नहीं लगाया गया।

मनजीत सिंह सिध्दू सीनियर वाइस प्रधान कांग्रेस ने कहा कि न ही लोगों से एतराज मांगे गए और अभी तक जो सर्वे करके नई वार्डबंदी का नक्शा गया है वह भी समय रहते नयागांव नगर काउंसिल में भी सार्वजनिक नहीं किया जा रहा और न ही नोटिस बोर्ड पर लगाया जा रहा है जो कि बिल्कुल गलत है। जो चुनाव लड़ने के इच्छुक व्यक्तियों को इस बात से काफी निराशा हो रही है। निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए समय रहते ही नई वार्ड बंदी का नक्शा लगाना बहुत जरूरी है। पार्षद कुलविंदर कौर सिद्धू का कहना है कि नयागांव नगर काउंसिल में ऐसा नहीं देखा जा रहा यहां प्रशासन और सरकार की कार्य प्रणाली पर सवाल उठ रहे है आखिर देरी क्यों हो रही है ? पार्षद हरमेश कटारिया, नट्टू का कहना है कि हमारी प्रशासन और सरकार से मांग है वह जल्द से जल्द नगर काउंसिल के ऑफिस में नोटिस बोर्ड पर नया वार्ड बंदी का नक्शा लगाया जाए ताकि समय रहते लोगों को इसकी जानकारी मिले। सुरेंद्र कोशिश बब्बल,पूर्व पार्षद का कहना है कि समय पर नगर परिषद के निष्पक्ष चुनाव हो सके। पार्षद प्रमोद कुमार ने कहा कि हम जब भी नगर काउंसिल के दफतर जाते है वहां कोई अधिकारी नही मिलता न ही कोई तसल्लीबक्ष जवाब मिलता है जो बहुत गलत बात है । इस मोके पर पार्षद प्रमोद कुमार, मनजीत सिंह सिध्दू सीनियर वाइस प्रधान कांग्रेस पार्टी, राहुल कांग्रेस प्रधान, जॉली चोटाला कांग्रेस वर्कर, कमल धामी कांग्रेस वर्कर, निर्मलढ्ढ सूद (एस सी कैटेगरी कांग्रेस प्रधान), संदीप (समाज सेवक), राजेश चौहान (समाज सेवक), राजू सेमुल कांग्रेस कार्यकर्ता , पूर्व पार्षद सुरेंद्र कुमार बबल, मुकेश चुनालिया समाजसेवी , विकास बाग्गा कांग्रेस कार्यकर्ता , जॉनी समाज सेवक , पार्षद कुलबीर बिष्ट आदि नगर काउंसिल के दफ्तर में बैठे अधिकारियों के इंतजार में रहे परन्तु कोई नही मिला ।

## न्यूज़ ब्रीफ

### समझौता ज्ञापन को जारी रखने के लिए नवीनतम समझौता हस्ताक्षरित



**चंडीगढ़।** श्री विशाल कंडवाल, कमाण्डेंट 5 सिगनल बटालियन, केरिपुबल, हल्लोमाजरा, चंडीगढ़ के द्वारा किये गये प्रयासों के तहत क्षेत्रीय कावा कल्याण समिति, केरिपुबल कैम्पस, हल्लोमाजरा, चण्डीगढ की ओर से कमाण्डेंट-5 सिगनल बटालियन, केरिपुबल और चण्डीगढ़ यूनिवर्सिटी के मध्य पूर्व में दिनांक 15/01/2025 को एक बहुअपेक्षित समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ था। उक्त समझौता ज्ञापन को भविष्य में जारी रखने हेतु दिनांक 23/12/2025 को कमाण्डेंट-5 सिगनल बटालियन, केरिपुबल और चण्डीगढ़ यूनिवर्सिटी के सतबीर सिंह सहगल रजिस्टरार और दीपक पुरी एडमीशन एरिया मैनेजर के मध्य नवीनतम समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ है। इसके अन्तर्गत सी.आर.पी.एफ. के शहीद कार्मिकों, दिव्यांग कार्मिकों, गैलेंट्री मेडल प्राप्तकर्ताओं, सेवारत् के साथ-साथ सेवानिवृत्त हो चुके कार्मिकों के बच्चों को उच्च शिक्षा/व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। यह समझौता ज्ञापन (स्थ्) विभिन्न शैक्षणिक धाराओं में सी.आर.पी.एफ. के बच्चों के लिए चण्डीग? यूनिवर्सिटी में लगभग 1000 सीटों का प्रावधान करता है जिसमें विभिन्न कोर्स हेतु सीटों का आवंटन 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक की पर्याप्त रियायत/छात्रवृत्ति के साथ किया जाता है

### विश्वास स्कूल में धूमधाम से मनाया क्रिसमस डे



**चंडीगढ़।** बी.के.एम. विश्वास स्कूल में क्रिसमस का आयोजन हर्षोल्लास व उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया । किंडरगार्टन सैक्शन के नन्हे - मुन्ने बच्चे सांता क्लॉस की ड्रेस पहन कर आए। इस अवसर पर छात्रों ने कैरोल सॉन्ग पर नृत्य प्रस्तुत किए। विद्यालय प्रांगण में क्रिसमस ट्री को सजाया गया जिससे पूरा वातावरण आनंदमय हो गया। कक्षा अध्यापिका ने बताया कि क्रिसमस का त्योहार प्रेम, शांति ,त्याग और भाईचारे का संदेश देता है जिसे हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए

## एमसीएम कॉलेज में 'बाल विवाह मुक्त भारत' पर साप्ताहिक जागरूकता अभियान का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर वूमेन, चंडीगढ़ के बाल सारथी क्लब एवं एनएसएस इकाइयों द्वारा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार की पहल के अंतर्गत 'बाल विवाह मुक्त भारत' विषय पर एक साप्ताहिक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य समाज को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति संवेदनशील बनाना तथा इसके उन्मूलन हेतु सामूहिक उत्तरदायित्व को प्रोत्साहित करना था।

अभियान के अंतर्गत एक शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों सहित 50 से अधिक प्रतिभागियों ने बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने हेतु शपथ ली। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

क्लब द्वारा ÷मेकिंग इंडिया ए चाइल्ड मैरिज फ्री नेशन÷ विषय पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन भी किया गया। जिसमें कॉलेज में स्नातकोत्तर समाज शास्त्र विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर और माइग्रेशन की डीन डॉ. बिंदु डोगरा,बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुईं। सत्र में 100 से अधिक विद्यार्थियों की सक्रिय एवं सार्थक सहभागिता रही। डॉ. डोगरा ने समाज के कुछ वर्गों में व्याप्त इस कुप्रथा के वास्तविक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया तथा इस सामाजिक बुराई के उन्मूलन हेतु संविधान में निहित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने स्वामी दयानंद सरस्वती के प्रगतिशील विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के बिना समाज का समुचित विकास संभव नहीं है। जागरूकता अभियान के तहत एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक एवं रचनात्मक सहभागिता की। प्रभावशाली चित्रों एवं विचारोत्तेजक संदेशों के माध्यम से प्रतिभागियों ने बाल विवाह के दुष्परिणामों को उजागर किया तथा विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा एवं सशक्तिकरण के महत्व पर बल दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती नीना शर्मा ने बाल सारथी क्लब एवं एनएसएस इकाइयों की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक एवं सामाजिक परिवर्तन के सक्रिय संवाहक बनने के लिए प्रेरित करते हैं।

## मांगों को लेकर गरजे बैंक कर्मचारी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के बैनर तले बड़ी संख्या में बैंक कर्मचारी- आज सभी राज्यों की राजधानियों मेंअपनी मांगों को ले कर विशल प्रदर्शन किया।

चंडीगढ़ में, बैंक स्क्वायर, सेक्टर 17, चंडीगढ़ में सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की मजबूत भागीदारी के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में 800 से अधिक कर्मचारी शामिल हुए। आंदोलन एक एकल, लंबे समय से लंबित मांग पर केंद्रित था~ बैंकरों के लिए पांच दिवसीय कार्य सप्ताह का तत्काल कार्यान्वयन, जैसा कि मार्च 2024 में हस्ताक्षरित अंतिम मजदूरी/संयुक्त नोट में सहमति हुई है। यह नोट करना महत्वपूर्ण है कि लगभग दो साल पूरे होने वाले हैं, फिर भी सहमत हुए मांग अमल में नहीं आती है। कर्मचारियों ने सरकार से अपनी प्रतिबद्धता का सम्मान करने और बिना किसी देरी के पांच दिवसीय कार्य सप्ताह को लागू करने का आग्रह किया।

## सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 115वां स्थापना दिवस मनाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने देशभर में विविध स्मरणीय कार्यक्रमों के साथ अपना 115वां स्थापना दिवस मनाया. इस अवसर पर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (ष्ठस्नस्) के सचिव एम. नागराजू, आईएएस, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.

एम. नागराजू ने कहा कि भारत के प्रथम स्वदेशी बैंक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के 115वें स्थापना दिवस समारोह का हिस्सा बनना उनके लिए गौरव की बात है. उन्होंने देश की बैंकिंग प्रणाली को सुदृढ़ करने तथा समावेशी आर्थिक विकास को समर्थन देने में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया. उन्होंने पूरे भारत में वित्तीय समावेशन के विस्तार और ग्राहक-केन्द्रित सेवाएँ प्रदान करने के लिए बैंक के निरंतर प्रयासों की सराहना की.

नागराजू ने बैंक के संस्थापक सर सोराबजी पोचखानावाला के कथन का उल्लेख करते हुए कहा, एक अच्छे बैंक के लाभ केवल उसके बैंकिंग हॉल की चार दीवारों तक सीमित नहीं होते, न ही वे उसके बैंकिंग व्यवसाय की सीमाओं तक बंधे रहते हैं; वे व्यापार, उद्योग तथा आर्थिक गतिविधि की प्रत्येक शाखा तक व्यापक रूप से विस्तारित होते हैं।

## सतलुज पब्लिक स्कूल में वार्षिक समारोह 'सतलुज प्राइड' का समापन

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला।** सतलुज पब्लिक स्कूल, सेक्टर-4, पंचकुला में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक समारोह 'सतलुज प्राइड' का भव्य और सफल समापन हुआ। इस वर्ष यह कार्यक्रम अपने 49वें संस्करण के साथ आयोजित किया गया, जिसकी थीम 'नेशन राइजिंग - द वर्ल्ड वेक्स अप टू द ग्लोरी ऑफ इंडिया' रही। समारोह के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में संजीव कुमार जैन, आईपीएस, डीजीपी हरियाणा, मानवाधिकार आयोग, हरियाणा सरकार की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ इस अवसर पर कृत सराय, को-चेयर/डायरेक्टर-प्रिंसिपल); रीकृत सराय, मैनेजिंग डायरेक्टर, सतलुज पब्लिक स्कूल, पंचकूला एवं सतलुज ग्रुप ऑफ स्कूल्स), को-प्रिंसिपल मधुरिमा सराय तथा राधिका पणिक्कर सराय, उद्यमी एवं समाजसेवी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई, जिसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रेरणादायी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला ने समां बांध दिया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, सांस्कृतिक विविधता और नैतिक मूल्यों को दर्शाती रंगारंग प्रस्तुतियाँ देखने को मिलीं। मुख्य आकर्षणों में कक्षा पांच के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विंटर वंडर ए क्रिसमस टेल ऑफ वैल्यूज, कक्षा छह की प्रस्तुति ÷कांतारा~ रूट्स, रिचुअल्स एंड राइज़÷ तथा कक्षा सात द्वारा प्रस्तुत ग्लोबल बीट्स 2025 द वर्ल्ड इन रिदम शामिल रहीं, जिनमें परंपरा, एकता और वैश्विक सद्भाव के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि संजीव कुमार जैन ने सतलुज पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के उत्साह और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के मानसिक एवं सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता पर बल दिया जाता है, बल्कि विद्यार्थियों में सांस्कृतिक मूल्यों का भी संचार किया जाता है। इस अवसर पर रीकृत सराय, मैनेजिंग डायरेक्टर, सतलुज पब्लिक स्कूल, पंचकुला एवं सतलुज ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा कार्यक्रम की सफलता में योगदान देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों की रचनात्मकता और मंचीय कौशल को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत और व्यक्तिगत प्रतिभाओं को पहचानने का अवसर प्रदान करते हैं।

# विद्यार्थियों के लिए खेल और शिक्षा दोनों का संतुलन जरूरी : मनोहर लाल

**मोतीलाल नेहरू स्पोर्ट्स स्कूल के 53वें वार्षिकोत्सव में दिखा खेल, शिक्षा, योग व संस्कृति का भव्य संगम**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। मोतीलाल नेहरू खेल विद्यालय, राई में 53वें वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे केंद्रीय ऊर्जा, आवास व शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने खेलों व शिक्षा क्षेत्र के सभी विजेताओं को सम्मानित करते हुए उनको व उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह वार्षिकोत्सव अन्य संस्थानों से अलग और विशिष्ट है, क्योंकि यहां खेल, शिक्षा, योग और क्लास का अद्भुत और समन्वित स्वरूप एक साथ देखने को मिला। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है, साथ ही अभिभावकों, श्रोताओं और अतिथियों में भी सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

विश्विधालय के कुलपति अशोक कुमार ने इस दौरान स्कूल के प्राचार्य एवं स्टाफ को इस बेहतर आयोजन के लिए बधाई दी एवं कहाँ की स्पोर्ट्स स्कूल एवं स्पोर्ट्स विश्विधालय को खेल की आई आई टी के रूप में पहचानदिलाएंगे, जहां से अंतराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी यहां से निकलेंगे जोकि प्रदेश एवं देश का नाम विश्वपटल पर चमकाएंगे समारोह में राई से विधायक कृष्णा गहलावत, गन्नौर से विधायक देवेंद्र कादियान, मेयर राजीव जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता माईराम कौशिक, उपायुक्त सुशील सारवान, जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया, भाजपा जिला अध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज, भाजपा जिला अध्यक्ष गोहाना बिजेंद्र मलिक, निगम पार्षद पुनीत राई, सोनीपत मार्केट कमेटी अध्यक्ष अरुण चौहान, निशांत छोक्कर, राई स्पोर्ट्स स्कूल के प्रिंसिपल पीके धीमान, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## गन्नौर में स्वास्थ्य व पेयजल सुविधाओं को मजबूती, 66 लाख के विकास कार्य शुरू



**विधायक देवेंद्र कादियान ने किया शिलान्यास व उद्घाटन**

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र कादियान ने बुधवार को करीब 66 लाख रुपए की लागत से कराए गए कार्यों का शिलान्यास व उद्घाटन किया। इन विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं और पेयजल आपूर्ति को मजबूती मिलेगी। कादियान ने सबसे पहले गांव बली कुतुबपुर में बनने वाले सब हेल्थ सेंटर के निर्माण कार्य का नारियल तोड़कर शिलान्यास किया। इस परियोजना पर करीब 53.69 लाख रुपए की लागत आएगी। सब हेल्थ सेंटर के निर्माण से गांव सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं अपने ही गांव में मिल सकेंगी। इससे मरीजों को इलाज के लिए दूर के अस्पतालों में जाने से राहत मिलेगी। इसके बाद विधायक ने पुरखास गांव में राजकीय स्कूल के पास लगभग 12 लाख रुपए की लागत से लगाए गए पानी ट्यूबवेल का बटन दबाकर उद्घाटन किया। इस ट्यूबवेल से करीब एक हजार घरों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति होगी।


### पहचान हेतु अपील



आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि अज्ञात व्यक्ति आयु-32 वर्ष, कद 5′7′′ लगभग, साफ रंग, लंबे काले बाल, काली मूछ एवं दाढ़ी, काली स्वीट शर्ट और मरून पैंट पहने हुए, सामान्य शरीर, को आढत-1, अनाज मंडी, सेक्टर-26, चंडीगढ़ के समीप अचेतावस्था में पड़ा हुआ पाया गया, उसे जीएमसीएच-32 में दाखिल किया गया। बाद में, जीएमसीएच-32, चंडीगढ़ से सूचना प्राप्त हुई कि सीआर सं. 251207432 के अंतर्गत दाखिल कथित व्यक्ति को मृत घोषित किया गया है। इस संबंध में पुलिस स्टेशन-26, चंडीगढ़ में एक डीडीआर सं. 09, दिनांक 15.12.2025 दर्ज की गई। मृतक के कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई नहीं जानता है। उसकी फोटोग्राफ ऊपर प्रदान की गई है।

यदि किसी व्यक्ति को अज्ञात मृतक के बारे में कोई सूचना हो तो, कृपया पुलिस स्टेशन सेक्टर-26 को दूरभाष सं. 9779580926 और दूरभाष सं. 0172-2750049, 2924805 पर अथवा पुलिस कंट्रोल दूरभाष सं. 0172-2749194 अथवा 112 पर सूचित करें।

**चंडीगढ़ पुलिस**

AP-6452


### ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ



[illegible]

AP-6453

### ਗਰੇਟਰ ਲੁਧਿਆਣਾ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਿਟੀ ਗਲਾਡਾ ਕੰਪਲੈਕਸ, ਰਾਜਗੁਰੂ ਨਗਰ, ਫਿਰੋਜ਼ਪੁਰ ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ



[illegible]

AP-6472

### सार्वजनिक सूचना

मैं, कमला पत्नी बलवान संपत्ति के संबंध में मालिक हूं। property i.e., Part of Bearing Khewat no. 2183 (New Khewat no. 2398), Khatoni no. 2542 (Khatoni no. 2722), Khasra No. 571//10/1 (8-0), Kite 1 (8K-0M), measuring 0K-3.7M (113 sq. yards), situated at Kisan Colony Barwala Tehsil Barwala District Hisar as per Transfer Deed No. 7298 dated 02.02.2022 and Jamabandi 2023-24. मैंने बरवाला में कहीं भी बिक्री विलेख संख्या 5657 दिनांक 22.10.2021 खो दिया है। एक डीडीआर नं. 132290112502332 भी बरवाला में पंजीकृत है। मैं यह भी घोषणा करती हूं कि मैंने उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का ऋण, सीसी सीमा या ओडी सीमा नहीं ली है। यदि किसी को इस संपत्ति में कोई समस्या मिलती है, तो कृपया इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर एडवोकेट भूपेंद्र कुमार, फोन नंबर 8295949981 # 1591, सेक्टर 16-17, हिसार से संपर्क करें।

AP-6458

### पोसिंलेन इंसुलेटर के स्थान पर कम्पोजिट इंसुलेटर की आपूर्ति और स्थापना

निविदा सूचना सं.: TRD/LMG/27 of 2025-26; दिनांक: 22-12-2025। निम्नलिखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: निविदा सं.: EL-TRD-NFR-LMG-CHE-MOD-40; कार्य का नाम:- लामडिंग मंडल के अंतर्गत [illegible] टीआरडी डिपो के क्षेत्राधिकार में प्रदूषित क्षेत्र में पोसिंलेन इंसुलेटर के स्थान पर कम्पोजिट इंसुलेटर की आपूर्ति और स्थापना। विज्ञापित मूल्य: ₹57,27,641.40; बयाना राशि: ₹1,14,600.00। ई-निविदा 14-01-2026 को 15:00 बजे बंद होगी। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

सीनि. डीईई/टीआरडी/लामडिंग

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-6457

### सार्वजनिक सूचना



**संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में श्री नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी के समक्ष।**

**विषय:-** स्व. श्री धर्म पाल गोयल की अपंजीकृत वसीयत के आधार पर 30.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 633, सेक्टर 40-ए, चंडीगढ़ (एलआरपी 2138) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, श्री धर्म पाल गोयल 30.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 633, सेक्टर 40-ए, चंडीगढ़ के स्वामी/ लीजी है। आशा रानी गोयल द्वारा सूचित किया गया है कि श्री धर्म पाल गोयल की 23.08.2025 को मृत्यु हो गई है तथा उसने मृतक स्वामी/ लीजी के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है :-

| क्र.सं. | नाम | मृतक के साथ संबंध |
|---|---|---|
| 1. | शाल्लु गोयल | पुत्री |
| 2. | आशा रानी गोयल | पत्नी |
| 3. | अनु गोयल | पुत्री |
| 4. | तनिश गोयल | पुत्र |

अब, आशा रानी गोयल ने अपंजीकृत वसीयत दिनांक 26.07.2025 के आधार पर अपने पक्ष में स्व. श्री धर्म पाल गोयल द्वारा आयोजित 30.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 633, सेक्टर 40-ए, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को मृतक के उक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित करें।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामतः आवेदकों के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्से के हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (मजीस्ट्रेट/नोटरी द्वारा पूर्ववत सत्यापित शपथपत्र के साथ समर्थित) लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/ सकती/सकते हैं,जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उक्त नामतः लाभार्थियों के नामों में उक्त अनुसार हस्तांतरित कर दिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।

**नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए**

AP-6454

### खोया और पाया

मैं, आतम देवी अरोड़ा पत्नी एलडी अरोड़ा, निवासी मकान नंबर 1731, निर्वाणा सोसाइटी, सेक्टर 49, चंडीगढ़। मेरा प्रॉपर्टी डॉक्यूमेंट पज़ेशन लेटर और सेल डीड जिसका सीरियल नंबर 548, तारीख 13.05.2011 है, फ्लैट नंबर 106, GH-3, MDC, सेक्टर 5, पंचकूला का, 28.11.2025 को 13:26:44 बजे सेक्टर 49, मार्केट, चंडीगढ़ में खो गया है। इसकी LAR नंबर 2025/037005 के साथ शिकायत PS सेक्टर 49, चंडीगढ़ में 28.11.2025 को, समय 13:26:44 बजे दर्ज कराई गई है। अगर किसी को ऊपर बताए गए डॉक्यूमेंट्स मिलते हैं, तो कृपया मेरे पते पर मुझसे संपर्क करें।

AP-6476

### सार्वजनिक सूचना

मैं, अरुण कुमार पुत्र सतपाल के संबंध में मालिक हूं। Property i.e., Part of bearing New Khewat no. 1135, Murba no. 57 Kila no. 26/2, measuring 100 Sq. yards, situated at Waka Rambir Singh Colony Jind Tehsil and District Jind as per Transfer deed no. 5553 dated 12.09.2019. मैंने जींद में कहीं भी बिक्री विलेख संख्या 3932 दिनांक 08.09.2016, बिक्री विलेख संख्या 6285 दिनांक 16.03.2012 को खो दिया है। जींद में एक डीडीआर नंबर 132300112502661 भी पंजीकृत है। मैं यह भी घोषणा करता हूं कि मैंने उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का ऋण, सीसी सीमा या ओडी सीमा नहीं ली है। यदि किसी को इस संपत्ति में कोई समस्या मिलती है, तो कृपया इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर एडवोकेट भूपेंद्र कुमार, फोन नंबर 8295949981 # 1591, सेक्टर 16-17, हिसार से संपर्क करें

AP-6458

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा बाडी माजरा तहसील जगाधरी जिला यमुनानगर में इंतकाल नं. 4219 दिनांक 22.12.2025 को वसीयतनामा बिला पंजीकृत दिनांक 27.12.2007 के अनुसार दर्ज हुआ है यह इंतकाल इलम चंद पुत्र मनसा राम के नाम दर्ज हुआ है अगर किसी भी व्यक्ति को इंतकाल के बारे में कोई ऐतराज हो तो दिनांक 23.12.2025 से 01.01.2026 तक अपनी आपत्ति तहसील कार्यालय जगाधरी में दर्ज करवा सकता है। अगर 10 दिन तक कोई ऐतराज नहीं आता है तो इंतकाल नं. को मंजूर कर दिया जाएगा। किसी प्रकार का कोई ऐतराज मान्य नहीं होगा।

**23.12.2025** **तहसीलदार, जगाधरी**

AP-6473

### सार्वजनिक सूचना

यह अधिसूचित किया जाता है कि निर्मित प्रोपर्टी नम्बर 2338 सैक्टर 13, हूडा, भिवानी श्री जितेंद्र सिंह सिवाच उर्फ जितेंद्र पुत्र रणधीर सिवाच के नाम रि-अलॉट है। उनका इस सम्पति में 100 प्रतिशत हिस्सा है। श्री जितेंद्र की मृत्यु दिनांक 27-03-2003 को हो चुकी है। उनके निम्नलिखित कानूनी वारीसान हैं। 1.सुमन (बहन). अब उनकी बहन सुमन पुत्री रणधीर सिंह निवासी घिकाड़ा रोड, चरखी दादरी ने उपरोक्त सम्पत्ति को अपने नाम हस्तांतरण हेतु हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, भिवानी कार्यालय में आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त प्लाट के हस्तांतरण संबंधी किसी प्रकार की कोई आपत्ती है तो वह सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के भीतर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, भिवानी के कार्यालय में अपनी आपत्तियां दर्ज करवा सकता है। अन्यथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकारण पोलिसी के तहत उपरोक्त प्लाट को आवेदनकर्त्ता के नाम ट्रान्सफर कर दिया जाएगा। उसके बाद किसी भी प्रकार का क्लेम मान्य नहीं होगा।

**सुमन, संपदा अधिकारी की ओर से।**

AP-6458

### सार्वजनिक सूचना



**संपदा अधिकारी, केंद्रशासित प्रदेश, चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में श्री नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी के समक्ष।**

**विषय:-** बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर चीप हाउस सं. 3198, सेक्टर 19-डी, चंडीगढ़ के संबंध में 33.32 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक स्वामित्व अधिकारों का हस्तांतरण।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार,चीप हाउस सं. 3198, सेक्टर 19-डी, चंडीगढ़ के नाम से जानी जाती संपत्ति 33.32 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक स्व. श्री चरन सिंह के नाम में दर्ज है। श्रीमती ओमवती, सुश्री निशा, सुश्री बबीता और श्री अंशुल द्वारा सूचित किया गया है कि श्री चरन सिंह 33.32 प्रतिशत हिस्से के विस्तार उक्त कथित संपत्ति के स्वामी थे, जिनकी 19.04.2023 को मृत्यु हो गई है। उन्होने मृतक स्वामी के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारों को भी सूचित किया है :-

| क्र.स. | कानूनी उत्तराधिकारी का नाम | मृतक के साथ संबंध |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती ओमवती | पत्नी |
| 2. | सुश्री निशा | पुत्री |
| 3. | सुश्री बबीता | पुत्री |
| 4. | श्री अंशुल | पौत्र एवं पुत्र |

अब, श्रीमती ओमवती एवं अन्यों ने बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर अपने पक्ष में कथित संपत्ति के 33.32 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक स्वामित्व अधिकारों के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को मृतक के उक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित करें।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामतः आवेदकों के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्से के हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उक्त नामतः लाभार्थियों के नामों मेंउक्त अनुसार हस्तांतरित कर दिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।

**नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए।**

AP-6471

### RKSD College of Education, Kaithal (Haryana)

Approved by NCTE and affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra

Website: https://www.rksdcollegeofeducation.org/

Email: rksdcollegeofedu@yahoo.com

Applications are invited for the post of Assistant Professor in Pedagogy of Hindi-1 on regular basis under Self Finance Scheme. Apply within 15 days from the date of the publication i.e. by 08-01-2026, on the prescribed form available in the college office or by downloading it from the college website with a fee of Rs. 500/- deposited in cash or through Demand Draft in favour of the Principal, RKSD College of Education, Kaithal. Eligibility, qualifications, age and pay scale as per latest norms of Haryana Govt. / Affiliating University /NCTE. Attach self-attested copies of all certificates and testimonials. Send a copy of application to the Dean of Colleges, Kurukshetra University, Kurukshetra.

Ashwani Kumar(Shorewala) President RashtriyaVidya Samiti (Regd.), Kaithal | JagdishGoyal (Kaul Wale) President, Governing Body RKSD College of Education, Kaithal | Dr. Deepak Saini Principal

AP-6459

## अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें PH. : 0172-2638515, 98883-03520 Email : arthparkashadvt29@gmail.com

### सार्वजनिक सूचना

I, Manshi d/o Army No. 2483633K, Ex. Hav Late Sh. Pawan Kumar r/o VPO Shambhuwala, Tehsil Nahan, District Sirmaur (H.P.) have changed my name from Manshi to Mansi vide affidavit dated 23-12-2025 at executive magistrate Nahan.

I, Drshana m/o No. 13631233A, NK Virender Singh r/o Village Adampur Dadhi, P.O. Adampur Dadhi, Tehsil Charkhi Dadri, District Bhiwani (HR) have changed my name from Drshana to Darshana Devi vide affidavit dated 23-12-2025 before executive magistrate Nahan.

I, AM Muthurathinam f/o No. JC 415424F, Nb Sub M Arul Maran, r/o Solat Kurchi, P.O Sholavandan, Tehsil Vadipatti, District Madurai (NT) have changed my name from AM Muthurathinam to Muthurathinam Mookkuppuri vide affidavit dated 28-11-2025.

एपी-6456

मैं, अंजु कुमारी, पत्नी श्री पुष्पिन्द्र, निवासी मकान नंबर 1407, सेक्टर-4, पंचकुला, हरियाणा, ने अपना नाम अंजु कुमारी से बदलकर अंजु ठाकुर, पत्नी पुष्पिन्द्र ठाकुर कर लिया है।

मैं, हितेश कुमार अरोड़ा, पुत्र श्री भगवान दास, स्थायी निवासी 305, सेक्टर-8, अर्बन एस्टेट, करनाल, हरियाणा, ने अपना नाम हितेश कुमार अरोड़ा से बदलकर हितेश कुमार कर लिया है।

मैं, आर्मी नम्बर 4576709एक्स, रैंक- हवलदार नाम- बारिया घनश्यामभाई कनुभाई वर्तमान निवासी- सी/ओ बारिया घनश्यामभाई कनुभाई टेकरा फलियु खुंवाद छोटाउदेपुट गुजरात-391130, मैंने अपने बेटे का नाम तीर्थ कुमार से बदलकर तीर्थकुमार घनश्यामभाई बारिया रख लिया है।

मैं, कनु भाई, पिता आर्मी नंबर 4576709एक्स, रैंक हवलदार नाम- बारिया घनश्यामभाई कनुभाई, वर्तमान निवासी- सी/ओ बारिया घनश्यामभाई कनुभाई टेकरा फलियु खुंवाद छोटाउदेपुट गुजरात-391130, मैंने अपना नाम कनु भाई से बदलकर बारिया कनुभाई रख लिया है।

मैं, बेबी ताई माताजी आर्मी नम्बर 4578960एम, रैंक- हवलदार नाम- जवंजाल प्रवीण साहबराव, वर्तमान निवासी- पोस्ट पिंपरी खुर्द तहसील अकोट, जिला अकोला महाराष्ट्र-444126, मैंने अपना नाम बेबी ताई से बदलकर बेबीताई साहेबराव जवंजाल रख लिया है और जन्मतिथि 13-07-1968 से 01-01-1963 कर ली है।

मैं, आर्मी नंबर 4576709एक्स, रैंक हवलदार नाम- बारिया घनश्यामभाई कनुभाई, वर्तमान निवासी सी/ओ बारिया घनश्यामभाई कनुभाई, टेकरा फलियु खुंवाद छोटाउदेपुट गुजरात-391130, मैंने अपनी बेटी का नाम त्रिशा बारिया से बदल कर त्रिशा घनश्यामभाई बारिया रख लिया है।

मैं, GAVISH KUMAR पुत्र SH. BIRI SINGH निवासी वीटीसी चुहकु, डाकघर- पौंटा सरकाघाट, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश, घोषणा करता हूँ कि मेरी माता का नाम और जन्मतिथि मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में गलती से ROSHNI DEVI और जन्मतिथि 01-07-1962 दर्ज है, जबकि सही नाम ROSHANI DEVI और जन्मतिथि 01-01-1962 है। कृपया ध्यान दें।

I, Sachin Kumar s/o Subhash Chander R/o Bodiwali Road, Near old Anaz Mandi, Ding Mandi, Ding (57), Ding, Sirsa, Haryana, 125058 father declared that I have change my miner son's name Aayan Khurana to Ayaan Khurana.

एपी-6458

I, Ravi Kumar Slo late Sham Lal resident of House No. 1884, Small Flats, Dhanas, U.T., Chandigarh I declare my father name was wrongly publish in my Passport Shayam lal but Correct name is Sham lal pls noted

एपी-6461

मैं, चंद्र कांत भंडारी पुत्र रवि लाल निवासी मकान नंबर 107, गांव अभय पुर, पंचकुला, जिला पंचकुला, हरियाणा-134113 ब्यान करता हूँ कि मैंने अपना नाम चंद्र कांत भंडारी से बदलकर चाम लाल भंडारी रख लिया है।

मैं, पार्वती भंडारी पत्नी चंद्र कांत भंडारी निवासी मकान नंबर 107, गांव अभय पुर, पंचकुला, जिला पंचकुला, हरियाणा-134113 ब्यान करता हूँ कि मैने अपना नाम पार्वती भंडारी से बदलकर प्रबता भंडारी रख लिया है।

मैं, पूनम राणा पत्नी बृज पाल निवासी मकान नंबर 875, सेक्टर 4, अर्बन एस्टेट, थानेसर, कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136118 ब्यान करती हूँ कि मैने अपना नाम पूनम राणा से बदलकर पूनम रख लिया है।

मैं, वंशिका पुत्री राकेश कुमार निवासी मकान नंबर 555, वार्ड नंबर 5, नजदीक गीता निकेतन स्कूल, मोहन नगर, थानेसर, कुरुक्षेत्र, हरियाणा ब्यान करती हूँ कि मैने अपना नाम वंशिका से बदलकर वंशिका मित्तल रख लिया है।

एपी-6462

मैं, जय राम पुत्र श्री बुध राम निवासी मकान नं. 42, वार्ड नं. 4, ग्राम नवा नगर, तहसील कालका, जिला पंचकूला ब्यान करता हूं कि मेरे (आधार कार्ड नं. 742841943561) में मेरा नाम जय राम से बदलकर जय राम एटलस दर्ज किया जाए।

एपी-6463

I, hitherto known as Radhe Shyam S/o Subhash Chander Sharma R/o H. No. 4, Chita Mandir, Vill Gadhauli, Yamuna Nagar, Tehsil Jagadhri, Distt. Yamuna Nagar Haryana have changed my name and shall hereafter be known as RADHEY SHYAM.

एपी-6464

मैं, गुनीत सिंह पुत्र हरपाल सिंह वासी मकान नं.71, दयाल सिंह कॉलोनी, करनाल-132001 ने अपना नाम बदलकर गुनीत सिंह से गुनीत कालड़ा रखा है।

मैं, बानी कालड़ा पुत्री गुनीत सिंह वासी मकान नं. 71, दयाल सिंह कॉलोनी, करनाल-132001 ने अपना नाम बदलकर बानी कालड़ा से बानी रखा है।

मैं, Meenakshi पत्नी संदीप कुमार वासी मकान नं 360 ए नजदीक काजल हॉस्पिटल, इस्माईलाबाद जिला कुरुक्षेत्र-136129. ब्यान करती हूँ की मैंने नाम बदलकर Meenakshi से Minakshi Rani रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए।

मैं, संदीप पुत्र चमन लाल वासी मकान नं 360 ए नजदीक काजल हॉस्पिटल, इस्माईलाबाद जिला कुरुक्षेत्र-136129. ब्यान करता हूँ की मैंने नाम बदलकर संदीप से संदीप कुमार रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए।

मैं, करीना Kedia पुत्री संजय Kedia वासी मकान नं 73 वार्ड नं 2 रेलवे रोड Siwani जिला भिवानी - 127046. ब्यान करती हूँ की मैंने नाम बदलकर करीना Kedia से करीना रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए।

मैं, योगिन्द्र सिंह पुत्र देविंदर राणा वासी मकान नं. 966, सैक्टर 9, अर्बन एस्टेट, करनाल ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर योगिन्द्र सिंह राणा से योगिन्द्र सिंह रखा है।

एपी-6465

मैं, लीलू पुत्र रिसाला निवासी गांव महेन्दा तहसील हांसी जिला हिसार हरियाणा का स्थायी निवासी हूँ , मैंने अपना नाम लीलू (पुराना नाम) से बदलकर दिलबाग (नया नाम) रख लिया है।

एपी-6466

मैं, प्रेमा कुमारी, सेंट स्टीफंस स्कूल, सेक्टर 45बी चंडीगढ़, ने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम खुशी से बदलकर खुशी गुरुंग रख लिया है।

मैं, रणवीर सिंह पुत्र सूरत सिंह, परवाला, करनाल, घोषणा करता हूँ कि रणवीर मेरा नाम है और सिंह सरनेम है।

I, Satwant Kaur W/o Harpreet Singh R/o Gurdwara Wali Dhani Vill. Kamalwala Teh Tohana Distt Fatehabad have change my name. That Satwant is my name and Kaur is Surname.

एपी-6467

मैं, शीतल सैनी, सैन्य संख्या- 15722133पी, रैंक-लांस/नायक, नाम- सुशील की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हुं स्थायी निवास- 38/1, प्रकाश नगर, फातिमा स्कूल से गली क्रमांक 1,2, नागदा, उज्जैन, मध्य प्रदेश - 456335 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम शीतल सैनी से बदलकर शीतल कर लिया है। शपथ पत्र क्रमांक 11AA 219827, दिनांक- 24/12/2025

मैं, सैन्य संख्या- 15722133पी, रैंक-एल/नायक, नाम- सुशील स्थायी निवासी- 38/1, प्रकाश नगर, फातिमा स्कूल से गली क्रमांक 1,2, नागदा, उज्जैन, मध्य प्रदेश - 456335, घोषणा करता हूँ कि मैंने अपने पुत्र का नाम भव्यांश से बदलकर भव्यांश सैनी कर लिया है। शपथ पत्र क्रमांक- 11AA 219828, दिनांक- 24/12/2025

मैं, सैन्य संख्या- 15433997ए, रैंक- हवलदार, नाम- सुरेश शिवाप्पा हेगड़े, वर्तमान में कमांड अस्पताल (डब्ल्यूसी), चंडीमंदिर, कैंट, पंचकुला, हरियाणा में तैनात हूँ स्थाई पता- तहसील/गोकाक, होनाकुप्पी, बेलगावी, कर्नाटक, 591227, यह घोषणा करता हूँ कि मैंने अपनी माता का नाम बलव्वा से बदलकर बलव्वा हेगड़े कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11एए219829, दिनांक- 24/12/2025

मैं, सैन्य संख्या- 15433997ए, रैंक- हवलदार नाम- सुरेश शिवाप्पा हेगड़े, वर्तमान में कमांड अस्पताल (डब्ल्यूसी), चंडीमंदिर, कैंट, पंचकुला, हरियाणा में तैनात हूँ स्थाई पता- तहसील/गोकाक, होनाकुप्पी, बेलगावी, कर्नाटक, 591227 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपने पिता का नाम शिवाप्पा से बदलकर शिवराया हेगड़े कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11एए 219830, दिनांक- 24/12/2025

मैं, मोरे शारदा हिंदु राव, सैन्य संख्या- जेसी-342874N, रैंक- सूबेदार मेजर नाम- मोरे विजय हिंदुराव की माता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 62 इंजीनियर रेजिमेंट, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- पोस्ट- हमिदवाडा, तहसील- कागल, जिला- कोल्हापुर, राज्य- महाराष्ट्र, पिन- 416235, घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम मोरे शारदा हिंदु राव से बदलकर शारदा हिंदुराव मोरे कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 01/07/1944 से 25/12/1946 में सही ली है। शपथ पत्र संख्या- 11एए219826, दिनांक- 24/12/2025

मैं, हिंदु राव बळवंत मोरे सैन्य संख्या- जेसी- 342874N, रैंक- सूबेदार मेजर नाम- मोरे विजय हिंदुराव का पिता हुं जो वर्तमान में यूनिट- 62 इंजीनियर रेजिमेंट, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- पोस्ट- हमिदवाडा, तहसील- कागल, जिला- कोल्हापुर, राज्य- महाराष्ट्र, पिन- 416235, घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम हिंदु राव बळवंत मोरे से बदलकर हिंदुराव बळवंत मोरे कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 01/07/1940 से 25/09/1943 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11एए 219825, दिनांक- 24/12/2025

मैं, मोरे अलका विजय सैन्य संख्या- जेसी-342874N रैंक- सूबेदार मेजर नाम- मोरे विजय हिंदुराव की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हूँ जो वर्तमान में यूनिट- 62 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- पोस्ट- हमिदवाडा, तहसील- कागल, जिला- कोल्हापुर, राज्य- महाराष्ट्र, पिन-416235 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम मोरे अलका विजय से बदलकर अलका विजय मोरे कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 15/07/1984 से 15/07/1986 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219824, दिनांक- 24/12/2025

I, VAISHALI am Mother of Army No: 2824791P Rank: Sep Name: Swapnil Ganesh Gangarde Permanent Address: Khile Vasti, At. Nimgaon Gangarda, Karjat, Ahmadnagar, Maharashtra - 414401 declare that I have changed my name from VAISHALI to RUKMINI GANPAT GANGARDE. Vide Affidavit No: 11AA 219782, Dated: 24/12/2025

I, ALKA am Mother of Army No: 2813863N Rank: L/Nk Name: Rokade Kiran Laxman Permanent Address: VTC: Nanegaon, PO: Nanegaon, Tehsil: Nashik, District: Nashik, State: Maharashtra, PIN Code: 422502 declare that I have changed my name from ALKA to ALKA LAXMAN ROKADE. Vide Affidavit No: 11AA 219778, Dated: 24/12/2025

I, ROKADE LAXMAN GOPALA am Father of Army No: 2813863N Rank: L/Nk Name: Rokade Kiran Laxman Permanent Address: VTC: Nanegaon, PO: Nanegaon, Tehsil: Nashik, District: Nashik, State: Maharashtra, PIN Code: 422502 declare that I have changed My Name from ROKADE LAXMAN GOPALA to LAXMAN GOPALA ROKADE. Vide Affidavit No: 11AA 219779, Dated: 24/12/2025

I, SAMBRAJAYAM is Mother of Army No:2803923K Rank:Hav Name: Srinu Pagolu Permanent Address: House No: 2.66,Vill: Vakavari Palem, Post : Dhulipudi, Teh: Repalle, Dist: Guntur, State: Andhra Pradesh, Pin: 522258 declare that I have changed my name from SAMBRAJAYAM to PAGOLU SAMBRAJYAM and Also Correct my Date of birth from 12/01/1960 to 01/01/1951. Vide Affidavit No: 11AA 219845, Dated: 24/12/2025

**आवश्यक सूचना**

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

I, DEVIKA RANI am legally Wedded Spouse of Army No- 2810893A Rank: Hav Name- Isarapu Chandrarao Permanent Address: Flat No. C-3, Satvir Apartment, Near Pipe Godown, Maidan Garhi, Maidan Garhi, PO: Maidan Garhi, Dist: South Delhi, Delhi-110068 declare that I have changed My Name from DEVIKA RANI to ISARAPU DEVIKARANI. Vide Affidavit No: 11AA 219831, Dated: 24/12/2025

I, VIDHYA am legally Wedded Spouse of Army No: 2804787L Rank: Hav Name: Sanjay Kumar Permanent Address: Shivpur, VTC: Belwa, PO: Belawa Bazar, Sub District: Mariahu, District: Jaunpur, State Uttar Pradesh, PIN Code 222161 declare that I have changed My Name from VIDHYA to VIDYA DEVI. Vide Affidavit No: 11AA 219844, Dated: 24/12/2025

I, SHAYMADEVI am Mother of Army No: 2804787L Rank: Hav Name: Sanjay Kumar Permanent Address: Shivpur, VTC: Belwa, PO: Belawa Bazar, Sub District: Mariahu, District: Jaunpur, State Uttar Pradesh, PIN Code 222161 declare that I have changed my name from SHAYMADEVI to SHYAMA DEVI and Also Correct my Date of birth from 10/05/1958 to 01/01/1962. Vide Affidavit No: 11AA 219832, Dated: 24/12/2025

एपी-6470

### बेदखली सूचना

मैं, राजेन्द्र कुमार पुत्र ईश्वर चन्द व उषा रानी पत्नी राजेन्द्र कुमार निवासीगण वार्ड नंबर 9, राकसेडा, तहसील समालखा, जिला पानीपत (हरियाणा) घोषणा करते हैं कि मेरा पुत्र विनय कुमार जिसने हमें बिना बताए शादी प्रीति से शादी कर ली है। व दोनों हमारे कहने सुनने के बाहर है। इसलिए हम इन दोनों को अपनी तमाम चल अंचल सम्पति से बेदखल करते हैं। भविष्य मे इनसे लेन देन व व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा हमारी व हमारे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेवारी ना होगी।

एपी-6455

मैं, कमला देवी पत्नी स्व. बलदेव सिंह निवासी मकान नं 274/3 ,पट्टी अफगान, तहसील व जिला कैथल (हरियाणा) सूचित करती हूं कि मेरा पुत्र मनदीप संधू और उसकी पत्नी मोनिका मेरे और मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर हैं। मैं उन्हें अपनी चल अचल संपति से बेदखल करती हूं। भविष्य में मैं व मेरा परिवार उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेनदेन के जिम्मेदार नहीं होंगे।

एपी-6459

मैं, सुरिंदर कौर, पत्नी स्वर्ण सिंह, निवासी मकान नंबर 3107, सेक्टर 40-डी, चंडीगढ़, सूचित करती हूँ कि मेरा पुत्र सरबजीत सिंह और उनकी पत्नी हरमनजोत कौर और उनकी बेटियां गुरसिमरन कौर और अश्मीन कौर मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं उन्हें अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूँ। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

एपी-6465

मैं, राज कुमार पुत्र श्री उदय राम निवासी गांव नांगल खुर्द कुमासपुर जिला सोनीपत ब्यान करता हूं कि मेरा लड़का मनीष व उसकी पत्नी नन्दनी ये दोनों मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर हैं। मैं इनको अपनी चल अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनके साथ लेन देन व अन्य व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

एपी-6468

### खोया-पाया

मैं, वरूण पुत्र सतीश जैन निवासी 39/11 रामपुरा गन्नौर, तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत निवास घोषणा करता हूं कि मेरे पिता सतीश जैन पुत्र बल्ले राम के नाम एक प्लाट रजिस्टरी दस्तावेज नं. 616 दिनांक 16/09/1987 में हुई थी जोकि मेरे पिता जी ने प्लाट को महेन्द्र सिंह पुत्र रामस्वरूप से खरीद किया हुआ था। हमारी उक्त रजिस्टरी गन्नौर में कही गुम हो गई है जोकि काफी तलास करने पर भी नहीं मिली है। मैं अपनी उक्त रजिस्टरी की पुलिस रिपोर्ट दर्ज करवाना चाहता हूं मैं विभाग की शर्तो का पालन करूंगा।

एपी-6469

**आवश्यक सूचना**

अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

# अटल विचारधारा से प्रेरित, तकनीक–संचालित सुशासन की ओर हरियाणा

**सुशासन** दिवस के अवसर पर मैं भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को सादर नमन करता हूँ, जो सुशासन और जन-कल्याण के आदर्श प्रतीक रहे हैं।

सुशासन–जिसका मूल अर्थ है समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सार्वजनिक कार्यों और संसाधनों का प्रभावी, पारदर्शी, जवाबदेह और समावेशी प्रबंधन। हरियाणा सरकार का मूल मंत्र भी यही रहा है और आज भी बना हुआ है। ई-गवर्नेंस के मार्ग पर चलते हुए, बीते ग्यारह वर्षों में हमारी सरकार द्वारा प्रशासन के आधुनिकीकरण, समयबद्ध और बाधारहित सेवा वितरण सुनिश्चित करने तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए ठोस और निर्णायक कदम उठाए गए हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री और महान राजनेता भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी, जिनका जन्मदिवस 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है, वे भारत में सुशासन के प्रतीक के रूप में स्मरण किए जाते हैं। उनका शासन मॉडल वैचारिक प्रतिबद्धताओं और व्यवहारिक, समावेशी तथा जन-केंद्रित प्रशासन के संतुलन से परिपूर्ण था। उनका दृढ़ विश्वास था कि शासन का उद्देश्य लोगों के जीवन में सुधार लाना और विशेष रूप से गरीबों तथा



वंचितों का कल्याण सुनिश्चित करना है।

श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का हरियाणा से विशेष लगाव था। उन्होंने विभिन्न अवसरों पर हरियाणा का दौरा और प्रवास किया। यह बड़े ही संयोग की बात है कि 24 दिसंबर, 1987 के ही दिन भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी हरियाणा विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा की कार्यवाही देखने के लिए भी पधारे थे।

श्री वाजपेयी जी की सोच से प्रेरणा लेते हुए और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उस दृष्टिकोण से मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए– जिसके अनुसार सुशासन के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति, पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी आवश्यक है तथा ई-गवर्नेंस इसका प्रमुख साधन है– हरियाणा सरकार ने व्यापक नीतियों में सुधार किए हैं। इन सुधारों का उद्देश्य प्रशासन को जनता की आवश्यकताओं और सुविधा के अनुरूप बनाना, सेवाओं को उनके द्वार तक पहुँचाना, सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराना, भ्रष्टाचार के रास्ते बंद करना तथा दलालों और बिचौलियों को पूरी तरह समाप्त करना है।

हमारा मानना है कि नीतिगत निर्णय हितधारकों की नब्ज टटोलने के बाद लिए जाते हैं। सार्वजनिक हित की सेवा के लिए कानून के शासन और सहभागिता के सिद्धांतों का उपयोग करते हुए निर्णय लिए जाते हैं, जिससे समान विकास और नागरिकों का सशक्तिकरण सुनिश्चित हो सके। ऐसे वातावरण के निर्माण के प्रयास किए गए हैं जिसमें सभी नागरिकों– विशेषकर पिछड़े वर्गों–को अपनी बात रखने का अवसर मिले और उन्हें समान अवसर प्राप्त हों।

राज्य सरकार जनता की सेवा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सामान्य व्यक्ति के लिए जीवन को सरल बनाना और उद्योग के लिए कारोबार करना आसान बनाना हमारा लक्ष्य है। भारत को ई-गवर्नेंस के माध्यम से रूपांतरित करने की प्रधानमंत्री जी की परिकल्पना को साकार करने और लोगों तथा कल्याणकारी योजनाओं के बीच की दूरी को शून्य करने के लिए अनेक ई-हस्तक्षेप किए गए हैं जिससे आज हरियाणा में अधिकांश सेवाएँ केवल एक क्लिक की दूरी पर हैं।

सुशासन सुधारों ने लोगों को उनके घर बैठे या नजदीकी सामुदायिक सेवा केन्द्रों पर जाकर सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सक्षम बनाया है। प्रमुख योजना परिवार पहचान–पत्र (पीपीपी) के माध्यम से अब अधिकांश योजनाओं का लाभ स्वतः लोगों तक पहुँच रहा है और डीबीटी योजना के तहत राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा हो रही है। जैसे ही कोई व्यक्ति वरिष्ठ नागरिक बनता है, उसकी पेंशन स्वतः खाते में जमा हो जाती है; संपत्ति के सौदे ऑनलाइन पंजीकृत किए जा रहे हैं (अब तक 50,000 हो चुके हैं); किसानों को खरीदी गई फसलों का भुगतान अब 72 घंटों के बजाय 48 घंटों में मिल रहा है; और सभी कर्मचारियों के स्थानांतरण ऑनलाइन किए जा रहे हैं।

वर्षों से अनसुलझे मामलों को सुलझाने में सक्षम फोरेंसिक व्यवस्था से लेकर एआई-सक्षम आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियों तक; महिलाओं की सुरक्षा पहलों से लेकर परिणामोन्मुख साइबर अपराध नियंत्रण तक–हरियाणा पुलिस मानवीय दृष्टिकोण के साथ नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग में नए मानक स्थापित कर रही है। नवाचार, पारदर्शिता और नागरिक-प्रथम रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, हरियाणा पुलिस ने अगस्त 2025 में राष्ट्रीय प्रदर्शन रैंकिंग में 100 का पूर्ण स्कोर प्राप्त किया है और अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है।

ये पहलें अलग-थलग प्रयास नहीं हैं; बल्कि वे उस व्यापक दृष्टि का हिस्सा हैं जिसके अंतर्गत सेवा वितरण और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तकनीक को एक उपकरण के रूप में अपनाया गया है, ताकि सेवा प्राप्त करने वाले और सेवा देने वाले के बीच का संपर्क न्यूनतम हो। हरियाणा का तकनीक-संचालित शासन मॉडल दर्शाता है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म किस प्रकार जटिल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाते हुए नागरिकों को सशक्त बना सकते हैं।

भूमि और राजस्व अभिलेखों का आधुनिकीकरण एक मील का पत्थर साबित हुआ है। करोड़ों पृष्ठों के राजस्व अभिलेखों को स्कैन, सत्यापित और डिजिटाइज़ करके हरियाणा ने न केवल महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संरक्षित किया है, बल्कि नागरिकों के लिए उनकी आसान उपलब्धता भी सुनिश्चित की है। इससे विवादों और मुकदमों में कमी आई है, विश्वास बढ़ा है और प्रशासनिक प्रक्रियाएँ अधिक सुव्यवस्थित हुई हैं। आधुनिक राजस्व रिकॉर्ड कक्षों की स्थापना से संस्थागत क्षमता और मजबूत हुई है। पंजीकरण सेवाओं के डिजिटलीकरण और ई-स्टांपिंग प्रणाली के कारण नागरिकों को त्वरित सेवाएँ, कम कागजी कार्यवाही और अधिक जवाबदेही का अनुभव हो रहा है।

प्रभावी भूमि शासन आर्थिक स्थिरता और सामाजिक न्याय की आधारशिला है। भूमि स्वामित्व को आर्थिक समावेशन और ग्रामीण विकास का एक महत्वपूर्ण कारक मानते हुए, हरियाणा ने स्वामित्व योजना लागू की है, जो संपत्ति अधिकारों को सुरक्षित करने की एक परिवर्तनकारी पहल है। संपत्ति कार्ड जारी होने से भूमि मालिकों को संस्थागत ऋण तक पहुँच मिली है। यह सुधार न केवल आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है, बल्कि परिवारों के लिए कानूनी निश्चितता और सामाजिक सुरक्षा को भी मजबूत करता है।

चूँकि सुशासन पारदर्शिता और जवाबदेही पर आधारित होता है, हरियाणा ने प्रशासनिक प्रणालियों को अधिक पारदर्शी, सुलभ और नागरिक-अनुकूल बनाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। पंजीकरण कार्यालयों का आधुनिकीकरण किया गया है और ई-दिशा केंद्रों के माध्यम से सेवाओं का विकेंद्रीकरण कर उन्हें घरों के नजदीक लाया गया है। वेब-आधारित प्लेटफॉर्म की शुरुआत से कार्य के जल्द निपटान में तीव्रता आई है और निगरानी में सुधार हुआ है। अब नागरिक अपने आवेदनों की स्थिति देख सकते हैं, अभिलेखों तक पहुँच सकते हैं और अनावश्यक प्रशासनिक बाधाओं के बिना सेवाएँ प्राप्त कर सकते हैं। निस्संदेह, इन सुधारों ने जनता और सरकार को और करीब लाया है।

सार्वजनिक प्रशासन में उत्कृष्टता और नवाचार की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, हरियाणा सरकार ने हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना 2025 शुरू की है, ताकि असाधारण समर्पण और नवाचारी कार्यशैली का प्रदर्शन करने वाले सरकारी कर्मचारियों को प्रोत्साहन और सम्मान दिया जा सके।

यह तो केवल हरियाणा सरकार की ओर से एक शुरुआत है। राज्य सरकार जनता की बेहतर सेवा के लिए सुधारों की गति को और तेज करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हरियाणा सुशासन के राजमार्ग पर आगे बढ़ रहा है, और इस विकास यात्रा को यूं ही नभशिखर की ओर ले जाने के लिए हमारी सरकार संकल्प शक्ति से विकास समृद्धि की ओर कदम दर कदम आगे बढ़ती जाएगी। हमारा संकल्प ही हमारा सुशासन है। राज्य के विकास और पारदर्शी शासन को सफल बनाने में आपका सहयोग अपेक्षित है।

*– नायब सिंह सैनी, मुख्यमंत्री, हरियाणा*

## न्यूज ब्रीफ

### शहीदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम और लंगर का आयोजन



**मूनक (अप्रस/साहिल कुमार गोयल)।** हर साल की तरह इस साल भी कर्नल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में छोटे साहिबज़ादों का शहीदी दिवस मनाया गया। इस मौके पर कर्नल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन और ड्राइवर भाइयों के सहयोग से लंगर भी लगाया गया। इस समय साहिबज़ादों की शहादत को याद करके सभी की आंखें नम हो गईं। इस मौके पर स्कूल के संगीत अध्यापक केशव शर्मा और अंग्रेजी अध्यापक बिक्रमजीत सिंह ने सिख धर्म के इतिहास और उनकी कुर्बानियों के बारे में बच्चों को जानकारी दी। छोटे-छोटे बच्चों ने साहिबज़ादों की शहादत की याद में शब्द और कविताएं पेश कीं। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल संजीव डबराल ने कहा कि छोटे साहिबज़ादों की शहादत हमें सिखी की कद्रों कीमतों और कुर्बानी के जज्बे की याद दिलाती है। हमें उनकी कुर्बानियों से प्रेरणा लेकर उनकी कद्रों कीमतों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

### विद्यालय में पुनर्चक्रित शिल्प प्रदर्शनी व कार्यशाला आयोजित




**मूनक (अप्रस/साहिल कुमार गोयल)।** भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत पंजाब राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा विद्यालय में पुनर्चक्रित शिल्प प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। डीएवी कॉलेज, जालंधर ने पंजाब के डीएवी विद्यालयों के लिए नोडल एजेंसी की भूमिका निभाई। 17 दिसंबर 2025 को वार्षिक खेल प्रतियोगिता के अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने प्लास्टिक बोतलें, कार्डबोर्ड, पुराने कपड़े, समाचार पत्र व टीन के डिब्बों जैसी बेकार सामग्रियों से बनी आकर्षक शिल्प वस्तुएं प्रदर्शित कीं। प्रधानाचार्य श्री संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण जागरूकता और अपशिष्ट के रचनात्मक पुनः उपयोग को बढ़ावा देना है। अभिभावकों ने भी प्रदर्शनी की सराहना की। 20 दिसंबर 2025 को आयोजित कार्यशाला में छात्रों को सतत जीवनशैली, अपशिष्ट प्रबंधन और पुनर्चक्रित शिल्पकला के महत्व की जानकारी दी गई। इको क्लब प्रभारी श्री विशाल शर्मा व अन्य शिक्षकों ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने पर्यावरण योद्धा बनने की शपथ भी ली। कार्यक्रम शिक्षाप्रद और प्रेरणादायक रहा।

### जन कल्याण मंच ने कैन्थल खुर्द के छात्रों को बांटी जर्सियां

**थानेसर (अप्रस)।** सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र (रजि.) द्वारा जरूरतमंद और असहाय छात्रों की सहायता का अभियान जारी है। इसी क्रम में संस्था ने गांव कैन्थल खुर्द स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला के छात्रों को जर्सियां वितरित कीं। जन कल्याण मंच के प्रदेशाध्यक्ष दलबीर मलिक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश दत्त शर्मा, महासचिव सरपंच बलदेव सिंह सैनी, आडिटर के.सी. वर्मा, कोषाध्यक्ष धर्म सिंह, सलाहकार राजकुमार वालिया, प्रचार सचिव संजय शर्मा व सचिव कुलदीप सिंह सैनी विद्यालय पहुंचे। विद्यालय के मुख्य शिक्षक अमरजीत सिंह बाजवा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर छात्रों ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारे लगाए। जर्सियां पाकर छात्र बेहद प्रसन्न नजर आए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश दत्त शर्मा ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना प्रभु भक्ति के समान है और समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर मदद करनी चाहिए। प्रदेशाध्यक्ष दलबीर मलिक ने बताया कि संस्था द्वारा गर्म वस्त्र वितरण का यह कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी, सेवा सिंह सैनी, कुलदीप सिंह सैनी, शिक्षक रोशन लाल, श्रीमती सुमन रानी, विजय कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


### श्रद्धापूर्वक मनाया चार साहिबजादों का शहीदी दिवस

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद मोहन शर्मा)।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बरगट जट्टान में सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों का शहीदी दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत साहिबजादों की शहादत को नमन करते हुए की गई। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा नगर कीर्तन का आयोजन किया गया, जो विद्यालय परिसर से शुरू होकर लोहारा गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुरुद्वारे में संपन्न हुआ। विद्यार्थियों ने अनुशासन और भक्ति भाव के साथ भाग लिया। गुरुद्वारे में विद्यार्थियों व स्टाफ ने माथा टेका, अरदास में शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। विद्यालय परिसर में कक्षा नौवीं की छात्राओं ने शब्द गायन प्रस्तुत किया, जबकि कक्षा पांचवीं के छात्र-छात्राओं ने चार साहिबजादों की शहादत पर आधारित नाटक का प्रभावशाली मंचन किया। विद्यार्थियों ने ओजस्वी भाषण और कविताओं के माध्यम से साहिबजादों के बलिदान को याद किया। प्रधानाचार्य श्री रोबिन कुमार ने कहा कि चार साहिबजादों का बलिदान यह संदेश देता है कि धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए साहस और दृढ़ संकल्प आवश्यक है।

## 'गुरु ब्रह्मानंद के पैतृक गांव में विकास कार्यों के लिए 21 लाख रुपए की घोषणा'

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 24 दिसंबर।** प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने गुरु ब्रह्मानंद महाराज की जयंती पर गुरु जी को नमन करते हुए कहा कि वे मंगलवार को गुरु जी की जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य कारणों की वजह से शिरकत नहीं कर पाए। मंगलवार को आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्दर कल्याण समेत कई नेता पहुंचे थे। वहीं घूटने के ऑपरेशन बाद पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार बेड रेस्ट पर चल रहे है। जिस वजह से कल पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवर कार्यक्रम में नहीं जा पाए।



पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार की तरफ से गुरु ब्रह्मानंद जी के सम्मान में और गांव में विकास कार्यों के लिए 21 लाख रुपए की घोषणा की है। कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न धार्मिक गुरुओं की जयंती को सरकारी स्तर पर मनाने का जो फैसला किया है उससे लोगों में सरकार के प्रति धार्मिक भावनाएं बढ़ी हैं। यह पहली सरकार है जो सभी धर्मों और पंथों का सम्मान करते हुए धार्मिक गुरुओं की जयंतियां सरकारी स्तर पर मना रहीं है।

मंत्री पंवार ने कैथल के चूहड़ माजरा गांव का नाम गुरु ब्रह्मानंद माजरा रखने और पानीपत जिला के अहर-इसराना चौक का नाम गुरु ब्रह्मानंद के नाम पर रखने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह ने उक्त दोनों घोषणा कर सरकार का गुरु ब्रह्मानंद के प्रति आदर प्रकट किया है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर 5 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 24 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के निर्देशों पर ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत थाना शहर टोहाना पुलिस ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर 5 लाख रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रिमांड के दौरान आरोपी से 1 लाख 15 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं।

थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि गांव डांगरा निवासी सुनीता देवी ने शिकायत दी थी कि आरोपी राजेश कुमार पुत्र ओम प्रकाश, निवासी गांव पिपलथा (नरवाना, जींद) ने उनके बेटों को सरकारी नौकरी दिलाने का लालच देकर अलग-अलग तिथियों में नकद व गूगल-पे के माध्यम से 5 लाख रुपये लिए। इसके बाद आरोपी टालमटोल करने लगा, फोन उठाने बंद कर दिए और पैसे मांगने पर



जान से मारने की धमकी दी।

शिकायत पर थाना शहर टोहाना में अभियोग संख्या 457 दिनांक 19.08.2024 धारा 420 व 406 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। एक दिन के पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से 1,15,000 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। आरोपी को पुनः न्यायालय में पेश किया जाएगा। ठगी की शेष राशि की बरामदगी तथा अन्य संभावित पीड़ितों के संबंध में जांच जारी है।

## सुशासन सप्ताह के अंतर्गत उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 24 दिसंबर।** सुशासन सप्ताह के अंतर्गत उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। इस समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती के मार्गदर्शन में सीडीपीओ अरविन्दर कौर ने आमजन की समस्याएं सुनीं।

सीडीपीओ अरविन्दर कौर ने कहा कि सुशासन सप्ताह का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना तथा समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे, इसके लिए ऐसे समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

समाधान शिविर के दौरान ब्रहमपुरी कालोनी वार्ड नम्बर 1 के विशाल ने घर की दीवार पर बिजली विभाग द्वारा लगाए गए एंगल को हटवाने की मांग की। इसी कालोनी के रणजीत सिंह, सुमन, हरिदास, विशाल ने बिजली विभाग द्वारा गली में लगाए जा रहे बिजली के पोल को न लगाए जाने की मांग की। नारायणगढ़ वार्ड नम्बर 11 की कमलेश रानी ने विधवा पैंशन लगाने की मांग की।

इसी प्रकार जंगुमाजरा की रवेलो देवी ने बीपीएल राशन कार्ड में अपनी बेटी का नाम दर्ज करने की मांग की। नारायणगढ वार्ड नम्बर 8 की सीमा रानी ने परिवार पहचान पत्र में आय कम करने की मांग की। गांव बधौली की प्रिती, सुनीता ने बीपीएल राशन कार्ड कटने संबधी समस्या रखी। नारायणगढ वार्ड नम्बर 9 के रोहित ने परिवार पहचार पत्र में अपने पिता का नाम दर्ज करने की मांग की।

## उद्योगपति गुरुप्रसाद सिंह को साइनिंग हरियाणा अवार्ड से नवाजा

### देश के युवाओं को प्रगति के साथ विरासत और संस्कार पर ध्यान देना जरूरी

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 24 दिसंबर।** करनाल के एक पंच सितारा होटल में आयोजित साइनिंग हरियाणा कार्यक्रम में देश के जाम माने उद्योगपति एचएसजीपीसी के पूर्व एक्जीक्यूटिव मैंबर तथा आल हरियााणा गतका फैडरेशन के चेयरमैन गुरुप्रसाद सिंह को कषि यंत्रों के निर्माण्ध और एक्सपोर्ट के क्षेत्र में योगदान के लिए साइनिंग हरियाणा अवार्ड से सम्मानित किया। उन्हें यह अवार्ड महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी ने प्रदान किया। इस अवसर पर सिख पंथ के इंटरनैशनल प्रचारक जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल, विधायक जगमोहन आनंद , मेयर रेनू वाला गुप्ता, द्रोणाचार्य अवार्डी श्री फोगााट ,लिबर्टी के सीईओ रमन बंसल, जेनेसिस के एमडी जितेंद्र अहलावत तथा शिक्षाविद ईशा बंसल ] गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के महासविव इंद्रपाल सिंह, गुलाब सिंह सहित तमाम लोग मौजूद थे। इस अवसर पर गुरुप्रसाद जी की सेवाओं की स्वामी ज्ञानानंद जी ने सराहना की। उन्होंने कहा कि कर्म पर आधारित समाज की सथापना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज देश को विश्व की आर्थिक शक्ति बनाने की जरूरत हैं। यह सब स्वदेशी के बिना संभव नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आज देश चिकित्सा, शिक्षा पर्यटन उद्योग के क्षेत्र में एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा हैं। उन्होंने कहा कि आज धार्मिक पर्यटन सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। सिख पंथ के इंटरनैशनल प्रचारक जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने कहा कि देश को निर्माण क्षेत्र में अग्रणीय बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत गुरुओं का देश हैं। जिन्होंने बलिदान और शहादत की परंपरा की सीख दी। गुरुओं ने मानवता को सर्वोपरि स्थान दिया। इस अवसर पर शिक्षाविद जितेंद्र अहलावत ने कहा कि शिक्षा को ससकार से जोडने की जरूरत हैं। इस अवसर पर अपनपा आशियां के श्री अरोड़ा को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर देश के सामाजिक , धार्मिक शिक्षा समाजसेवा और साहित्य और लेखन क्षेत्र की हस्तियां मौजूद थीं।

## नगर परिषद को ही अधिकारी खा रहे हैं दीमक की तरह, हर कार्य में है भ्रष्टाचार

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 24 दिसंबर।** शहर की नगर परिषद भ्रष्टाचार का दीमक बनी हुई है लोगों से खून पसीने का इकट्ठा किया गया पैसा टैक्स से सरकारी रूपये को अधिकारी व ठेकेदार दोनों हाथों से लूटने खाने का कार्य कर रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले 27 लाख रुपए का टेंडर स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य का जारी किया गया है। जिसके बाद भी शहर की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था लचर व डिगमगाई मंगाई हुई है तथा शहर के सभी मुख्य चौक व चौराहे अंधेरे में डूबे हुए हैं। यह कहना है शहर के अधिवक्ता व व्यापार मंडल के प्रधान मन्नू सिंगला का और नगर परिषद शहर में एक भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है नगर परिषद द्वारा किए जा रहे हर कार्य चाहे वह पोर्टल द्वारा टेंडर प्रक्रिया हो या टाउन पार्कों की रखरखाव सब कार्यों में पूर्ण भ्रष्टाचार फैला हुआ है सब कार्य पहले ही सेट कमीशन के आधार पर किए जा रहे हैं ?ब कोई शहर निवासी आरटीआई के माध्यम से इसे किए गए कार्यों की जानकारी मांगता है तब कई कई महीने तक कोई भी सूचना नगर परिषद उपलब्ध नहीं करवाता है यहां तक की नगर परिषद अधिकारी लोगों द्वारा मांगी गई आरटीआई से सूचना की जानकारी देना भी जरूरी नहीं समझते इसलिए अपने मनमानी ढंग से हर कार्य में भ्रष्टाचार करते देखे जा सकते हैं। नगर परिषद अपने मुख्य कार्य शहर में साफ सफाई के कार्य में भी नगर परिषद का डोर टू डोर कचरा कनेक्शन अभियान शुरू होने से पहले ही अधर में लटक गया है नए कूड़े डंपिंग के लिए नगर परिषद के पास जगह ही नहीं है इसलिए जब तक ने डंपिंग पॉइंट के लिए नगर परिषद को जगह नहीं मिलती तब तक शहर ही कूड़ा डंपिंग बना रहेगा कूड़े के बड़े-बड़े ढेर शहर में ही लगे हुए दिखाई देंगे। नगर परिषद के अधिकारियों ने डोर टू डोर कचरा कलेक्शन अभियान 22 दिसंबर से शुरू होने की बात कही थी बिना जमीन के ही कूड़ा डंपिंग के टेंडर का अनुबंध 5 साल के लिए 9~30 करोड रुपए का अनुबंध कर दिया गया था लोग नयी कूड़ा डंपिंग और डोर टो डोर कु?ा प्रणाली से लोगों को शहर की साफ सफाई व्यवस्था की नगर परिषद से बहुत उम्मीदें थी जो कि अधिकारियों द्वारा कूड़ा डंपिंग के लिए जमीन ने उपलब्ध करवाने से शहर में ही कूड़े के ढेर लगने शुरू हो जाएंगे क्या सरकार का कोई भी विभाग या कोई जांच एजेंसी या सीएम फ्लाइंग टोहाना शहर के निवासियों की सुध लेने का प्रयास करेगी यहां नगर परिषद में भ्रष्टाचार ऐसे ही चलता रहेगा।

## समाज सेवा की प्रेरणा: स्व. संतोष रानी जी की स्मृति में मातृछाया दिवस व 22वां रक्तदान शिविर

अर्थ प्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 24 दिसंबर।** समाज सेवा, करुणा और मानवता की मिसाल रहीं स्वर्गीय श्रीमती संतोष रानी जी की पुण्य स्मृति में 2 जनवरी 2026 को मातृछाया दिवस श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर 22वाँ विशाल रक्तदान शिविर भी आयोजित किया जाएगा।

स्वर्गीय संतोष रानी जी ने अपने जीवन को गरीबों, जरूरतमंदों, बीमारों और महिलाओं के कल्याण के लिए समर्पित किया। सेवा और सामाजिक एकता उनके जीवन का मूल मंत्र रहा। उनकी स्मृति में आयोजित मातृछाया दिवस आज एक प्रेरणादायी सामाजिक अभियान बन चुका है।

समाजसेवी विवेक अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान शिविरों के माध्यम से अब तक सैकड़ों लोगों की जान बचाई जा चुकी है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर मानव




सेवा में सहभागी बनने की अपील की।

यह सेवा कार्यक्रम मेहरचंद मेहँदिरत्ता चैरिटेबल ट्रस्ट एवं डिस्पेंसरी, कीर्ति नगर, रेलवे अंडरपास के पास आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों की भागीदारी रहने की संभावना है।

आयोजकों के अनुसार, मातृछाया दिवस स्वर्गीय श्रीमती संतोष रानी जी की पुण्य स्मृति को समर्पित केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सेवा, करुणा और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देने वाला प्रेरणास्रोत है।

## कड़ा परिश्रम व सकारात्मकता जीवन में सफलता का मूल मंत्र: भारत जांगड़ा

### ऑल इंडिया रैंक में 6वां स्थान पाकर 23 वर्ष की आयु में ही जज बने भारत जांगड़ा

अर्थ प्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 24 दिसंबर।** जीवन में यदि बुलन्दियों के शिखर तक पहुंचना है तो उसके लिए कड़ी मेहनत एवं निरंतर प्रयास करते रहना बहुत आवश्यक है। जीवन में कड़ा परिश्रम एवं सकारात्मकता ही जीवन में सफलता का मूल मंत्र है। यह विचार हाल ही में ऑल इंडिया रैंक में 6वां स्थान पाकर न्यायधीश बने कुरुक्षेत्र जिले के थानेसर शहर के भारत जांगड़ा ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कड़े परिश्रम के साथ-साथ निरंतरता द्वारा अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने परिवार के सदस्यों एवं गुरुजनों को दिया जिन्होंने समय-समय पर उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए सोशल मीडिया एवं मोबाइल से दूरी सफलता के लिए जरूरी है।

भारत जांगड़ा ने ऑल इंडिया रैंक में 6वां स्थान पाकर केवल 23 वर्ष की आयु में न्यायाधीश बनने के अपने दादा एवं दादी स्वर्गीय रोशन लाल जांगड़ा व शांति देवी के सपने को साकार कर लिया। वहीं इस परीक्षा के टॉप 10 में भारत जांगड़ा सहित 9 लड़कियों ने अपना स्थान बनाया। गौरतलब है कि भारत जांगड़ा ने स्कूली शिक्षा से लेकर पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ तक सभी कक्षाओं में टॉप किया।



**मां के स्नेह में अपार शक्ति:** राजस्थान न्यायिक परीक्षा पास कर जज बने भारत जांगड़ा ने कहा कि उनकी प्रथम गुरु उनकी माता ममता जांगड़ा ही है जिनके स्नेह से अपार शक्ति पाकर ही उन्होंने जीवन में छोटी से बड़ी समस्याओं का सामना कर इस सफलता का प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि उनके पिता सोहन लाल जो कि अम्बाला में जेल वॉर्डर के पद पर कार्यरत है, उन्होंने कभी भी किसी चीज की कमी को महसूस नहीं होने दिया। उनके पिता की कार्य के प्रति सच्ची निष्ठा एवं लगन के बल पर उन्हें 2018 में राष्ट्रपति पदक से सम्मानित भी किया गया था।

इस अवसर पर प्रसिद्ध मूर्तिकार एवं उनके पारिवारिक सदस्य मोहन लाल जांगड़ा, तारो देवी व विजय जांगड़ा ने पूरे परिवार को बधाई दी एवं स्मृति चिह्न देकर उन्हें सम्मानित किया। मूर्तिकार मोहन लाल जांगड़ा ने कहा कि भारत जांगड़ा ने जज बनकर न केवल जांगड़ा परिवार बल्कि पूरे कुरुक्षेत्र जिले को गौरवान्वित किया है।

**जोधपुर न्यायिक अकादमी में होगा एक वर्ष का प्रशिक्षण:** भारत जांगड़ा ने बताया कि राजस्थान के जोधपुर स्थित न्यायिक अकादमी में उन्हें एक वर्ष का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसके बाद सिविल जज (जूनियर डिविजन) सह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पद पर उन्हें ज्वाइनिंग मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा के प्रथम प्रसाय में असफल होने पर उसने हिम्मत नहीं हारी तथा निरंतर कड़ी मेहनत एवं परिश्रम द्वारा दूसरे प्रयास में इसे पास किया।

**लोकतंत्र में न्याय सर्वोपरि:** भारत जांगड़ा ने कहा कि लोकतंत्र में न्याय सर्वोपरि है अर्थात कानून और न्याय के सामने कोई भी व्यक्ति, पद या प्रभाव बड़ा नहीं होता। उन्होंने कहा कि न्यायालय का पहला और अंतिम कर्तव्य निष्पक्षता, सत्य और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करना है। उन्होंने यह भी कहा कि जब समाज को न्याय पर भरोसा होता है, तभी लोकतंत्र मजबूत होता है और आम नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करता है।

# माउंटआबू का एक ऐसा मंदिर जहां होती है शिव के अंगूठे की पूजा

माउंटआबू में अचलगढ़ दुनिया की इकलौती ऐसी जगह है जहां भगवान शिव के अंगूठे की पूजा होती है। भगवान शिव के सभी मंदिरों में उनके शिवलिंग की पूजा होती है लेकिन यहां भगवान शिव के अंगूठे की पूजा होती है। दरअसल भगवान शिव के अंगूठे के निशान मंदिर में आज भी देखे जा सकते हैं। इसमें चढ़ाया जानेवाला पानी आज भी एक रहस्य है। माउंटआबू को अर्धकाशी भी कहा गया है और माना जाता है कि यहां भगवान शिव के छोटे-बड़े 108 मंदिर है।

माउंटआबू की पहाड़ियों पर स्थित अचलगढ़ मंदिर पौराणिक मंदिर है जिसकी भव्यता देखते ही बनती है। इस मंदिर की काफी मान्यता है और माना जाता है कि इस मंदिर में महाशिवरात्रि, सोमवार के दिन, सावन महीने में जो भी भगवान शिव के दरबार में आता है भगवान शंकर उसकी मुराद पूरी कर देते हैं। इस मंदिर की पौराणिक कहानी है कि जब अर्बुद पर्वत पर स्थित नंदीवर्धन हिलने लगा तो हिमालय में तपस्या कर रहे भगवान शंकर की तपस्या भंग हुई। क्योंकि इसी पर्वत पर भगवान शिव की प्यारी गाय कामधेनु और बैल नंदी भी थे। लिहाजा पर्वत के साथ नंदी व गाय को बचाना था। भगवान शंकर ने हिमालय से ही अंगूठा फैलाया और अर्बुद पर्वत को स्थिर कर दिया। नंदी व गाय बच गई और अर्बुद पर्वत भी स्थिर हो गया।



भगवान शिव के अर्बुदांचल में वास करने का स्कंद पुराण में प्रमाण मिलता है। स्कंद पुराण के अर्बुद खंड में ये बात सामने आती है कि भगवान शंकर और विष्णु ने एक रात पूरे अर्बुद पर्वत की सैर करते हैं। माउंटआबू की गुफाओं में आज भी सैकड़ों साधु तप करते है क्योंकि कहते हैं यहां की गुफाओं में भगवान शंकर आज भी वास करते हैं और जिससे प्रसन्न होते हैं उसे साक्षात दर्शन भी देते हैं।

पहाड़ी के तल पर 15वीं शताब्दी में बना अचलेश्वर मंदिर में भगवान शिव के पैरों के निशान आज भी मौजूद हैं।

भगवान शिव के सभी मंदिरों में उनके शिवलिंग की पूजा होती है लेकिन यहां भगवान शिव के अंगूठे की पूजा होती है। यहां भोले अंगूठे के रुप में विराजते हैं और शिवरात्रि व सावन के महीने में इस रूप के दर्शन का विशेष महत्व है।

आबू पर्वत का केंद्रबिंदु अचलेश्वर महादेव मंदिर यहां का सबसे प्रमुख, स्थापत्य कला से परिपूर्ण ऐतिहासिक मंदिर है। यहीं पर भगवान शंकर के अंगूठे की पूजा होती है। गर्भगृह में शिवलिंग पाताल खंड के रूप में दृष्टिगोचर होता है, जिसके ऊपर एक तरफ पैर के अंगूठे का निशान उभरा हुआ है, जिन्हें स्वयंभू शिवलिंग के रूप में पूजा जाता है। यह भगवान देवाधिदेव शिव का दाहिना अंगूठा माना जाता है। पहाड़ी के तल पर 15वीं शताब्दी में बना अचलेश्वर मंदिर में भगवान शिव के पैरों के निशान आज भी मौजूद हैं। मेवाड़ के राजा राणा कुंभ ने अचलगढ़ किला एक पहाड़ी के ऊपर बनवाया था। किले के पास ही अचलेश्वर मंदिर है। गर्भगृह के बाहर वाराह, नृसिंह, वामन, कच्छप, मत्स्य, कृष्ण, राम, परशुराम, बुद्ध व कलंगी अवतारों की काले पत्थर की भव्य मूर्तियां स्थापित हैं। यहां पर भगवान के अंगूठे के नीचे एक प्राकृतिक गढ्ढा बना हुआ है। इस गढ्ढे में कितना भी पानी डाला जाएं लेकिन यह कभी भरता नहीं है इसमें चढ़ाया जाने वाला पानी कहां जाता है यह आज भी एक रहस्य है।

अचलेश्वर महादेव मंदिर परिसर के चौक में चंपा का विशाल पेड़ है मंदिर में बाएं ओर दो कलात्मक खंभों पर धर्मकांटा बना हुआ है। इस क्षेत्र के शासक राजसिंहासन पर बैठने के समय अचलेश्वर महादेव से आशीर्वाद प्राप्त कर धर्मकांटे के नीचे प्रजा के साथ न्याय की शपथ लेते थे।

## हमेशा जीवन का उजला पक्ष ही देखे : मुनिश्री विनय कुमार जी



चंडीगढ़। हमें कभी भी उम्मीद नहीं छोड़नी चाहिए, क्योंकि निराशा में भी आशा की किरण हमेशा मौजूद होती है और सही दिशा में प्रयास करने पर प्रकाश (सफलता/खुशी) अवश्य मिलता है; यह जीवन की कठिनाइयों में भी आंतरिक शक्ति और सकारात्मकता बनाए रखने की प्रेरणा देता है, ताकि हम सही रास्ते पर चलकर मंजिल पा सकें, जैसे अंधेरे में दीपक जलाने से रोशनी मिलती है। कुछ भी हो जाय हमें हमेशा जीवन का उजला पक्ष ही देखना चाहिए और उसे पाने की भरपूर कोशिश करनी चाहिए हजार गलती करके भी,और बार बार गिर कर भी परेशां नही होना चाहिए आशा का दीप जला रहना चाहिए प्रकाश जरुर मिलेगा। आज जो विकास हमारे जीवन में है यह हजारो वर्षो की खोज का नतीजा है खुद को विकसित करके ही हम आज यहाँ तक आए हैं ,यमराज से भी नही हारना चाहिए हम नचिकेता की संतान हैं ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24सी के तुलसी सभागार में जनसभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा जीवन में दुख और सुख का क्रम चलता ही रहता है यह सब के साथ होता है, जैसे दिन और रात का चक्र चलता है उसी तरह सुख और दुख का चक्र भी चलता है। दोनों को सहज भाव से लेना चाहिए ,सुख में तो सब खुश होते ही है पर दुःख में भी शोक न करके उससे निकलने का मार्ग तलाशना चाहिए यह कला जिसे आ गई उसे जीना आ गया। शोक करने से शारीरिक और मानसिक दोनों क्षति होती है। कभी - कभी अपने कारण भी इस तरह की परिस्थिति बन जाती है की दुख का कारण बन जाता है ऐसी अवस्था में उस की जड़ में जाय वहां समाधान भी मिल जायगा । एक क्रम से समाधान करे ,अपने विवेक को न खोने दे। किसी के अपमान को और मान को अपने बुद्धि के तराजू से तौल के देखे ,अपमान के होने पर दुखी न हो मान को भी सहज ही ले। हम किसी के मान के भिखारी न बने पर अपना काम, अपना उत्तरदायित्व समझे वही हमें मान देगा। अपने ज्ञान को बार- बार कसौटी पर कसो और अधिक बढाओ। चिंता और भय को पास न आने दो इनसे जीवन चुकता है, खुशी नही आती इनसे दूर रहने के उपाय तलाशो।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया आप विश्वास के साथ इच्छा करें कि हम नीरोग हैं, तो आपके विश्वास के साथ वही अणु आपके भीतर जायेंगे, जो आपके शरीर को नीरोग बना देंगे। भोजन या जल पीते समय दृढ़ विश्वास कीजिये कि इस भोजन के कण-कण में आरोग्यता की दैवी-शक्ति कूट-कूट कर भरी हुई है; यह मेरे पेट में जाकर मुझे नीरोग बनाएगी; हमारे सारे रोगों का नाश कर देगी। जो कुछ भोजन कीजिये, जीने के लिये, अधिक भोजन विष बनकर शरीर में अनेकों प्रकार का रोग पैदा कर देता है। भोजन उतना ही करना चाहिये कि जितना हम पचा सकें। भोजन करते समय जैसे विचार होंगे, तद्वत् भोजन का भी रूप बनता जायेगा। इसलिये भोजन करते समय अपने विचार बिलकुल सात्विक रखो। सात्विक आहार और सात्विक विचार से आप भी सात्विक बन जायेंगे।

इस अवसर पर अतुल मुनि जी ने फररमाया कि व्यक्ति की आध्यात्मिक परिस्थिति और उसका या उसकी प्रगति ऐसे विषय है जिन्हें केवल ईश्वर द्वारा ही जाँचा जा सकता है और यह कि मनुष्य को इसे मापने का अनुमान नहीं लगाना चाहिए।

## आर्य नगर में निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर, 200 से अधिक लोगों ने उठाया लाभ



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। गेल गैस लिमिटेड, महावीर इंटरनेशनल तथा सिद्धी विनायक सेवा सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में तथा के सहयोग से बुधवार को आर्य नगर स्थित शिव मंदिर, सोनीपत में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में 200 से अधिक लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान नेत्र परीक्षण के साथ-साथ शुगर (मधुमेह), बीपी (रक्तचाप) एवं ईसीजी की निःशुल्क जांच की गई। जांच उपरांत जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क दवाइयां एवं चश्मे भी वितरित किए गए।शिविर को सफल बनाने में सूबेदार (सेवानिवृत्त) धर्मबीर सिंह बाजवान का विशेष योगदान रहा। वहीं सिद्धी विनायक सेवा सोसायटी ने पूरे आयोजन में सराहनीय सहयोग प्रदान किया, जिससे यह जनकल्याणकारी शिविर अत्यंत सफल रहा। इस अवसर पर गेल गैस लिमिटेड की ओर से मैनेजर सिद्धान्त कपूर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं जनहितकारी कार्यों में सहयोग देने की बात कही। स्थानीय नागरिकों ने इस निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जाँच शिविर की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक व स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में सिद्धी विनायक सेवा सोसायटी के संस्थापक आनेल बाजवान, प्रधान अशोक कुमार तथा सदस्य राजेश वर्मा, दीपक शर्मा एवं मनोज कुमार भी उपस्थित रहे।

# एक उम्र भी कम है मोहब्बत के लिए



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

कहते हैं कि अच्छाई के लिए बदलाव। यह बदलाव आ जाए अच्छाई के लिए, बेहतरी के लिए, संसार के स्वरुप को निखारने के लिए। यह बदलाव हर किसी के जीवन में आ जाए और जितनी देरी हो रही है, इस बदलाव के आने में, उतना ही समय घुटन में बीत रहा है, उतना ही समय भय में बीत रहा है, उतना ही समय पीड़ में बीत रहा है, उतना ही चारों तरफ हाहाकार हमें सुनाई दे रहा है। इसलिए भक्तजन यही अरदास-प्रार्थनपा भी करते हैं कि दातार कृपा करें सबको सुमति दे, सबको जागृति दे और जो विपरीत रास्ते पर चल निकले हैं वे अपनी दिशा को मोड़ लें। दिशा मुड़ेगी और सही दिशा अख्तियार करेंगे तो दशा भी बदल जाएगी, दशा जो अब तक कंगालता वाली बनी हुई है।

कंगालता कि दशा यानि जो मूल्य हैं उनकी कमी, मानवीय मूल्यों की कमी, प्यार की कमी, मिलवर्तन की कमी यानि कि इनकी कमी है तो कंगालता है। इस कंगालता से उभरें, एक अमीरी में आकर स्थित हो जायें। अमीरी उस दौलत के द्वारा जो नाम की दौलत है, जो प्यार की दौलत है, इस दौलत से युक्त होकर सभी अमीर हो जाए, संकीर्णता विशालता में तब्दील हो जाए। ऐसे बदलाव की प्रार्थना की जाती है और महापुरुष प्रेरणा भी देते हैं, इन्सान को एहसास भी कराते हैं कि इन्सान इतना अमोलक जन्म तूने पाया है, तेरे ये स्वांस बड़े कीमती हैं, इन्हें क्या तूने विपरीत दिशा की तरफ चलते हुए ही बिता देना है, अन्धकार में रहते हुए ही बिता देना है? यह सारी जिन्दगी बिता ली जाती है, सारा जीवन जी लिया जाता है लेकिन प्यार से जीना नहीं आता है, प्यार करना नहीं आता है-

जिए तो जिए तेरी दुनिया में,
उल्फत व मोहब्बत समझे नहीं।

कि तेरी दुनिया में जीने को जिएं लेकिन उल्फत और मोहब्बत समझे ही नहीं। यह पाठ पढ़ा ही नहीं, इसे हमने जाना ही नहीं। वह शेर भी दास अक्सर दोहराता है कि-

एक उम्र भी कम है मोहब्बत के लिए।

लोग वक्त कहां से निकालते हैं नफ़रत के लिए।

बल्कि उनके जीवन का अधिकांश हिस्सा ही नफ़रत करने में बीत जाता है। मार्टिन लूथर किंग ज्यूनियर का वह कथन याद आ रहा है कि हम उस दौर में जी रहे हैं जहाँ पर हथियारों को तो सही दिशा दे दी गई है परन्तु मनुष्य ही इस सुन्दर और अनूठे धरती ग्रह पर रहते हुए, संहार और विनाश करते हैं। इसलिए सही मार्ग दर्शन की हर ओर जरुरत है जिससे सभी को जीवन का सही अर्थ मालूम हो सके झ सभी इस बात को, इस दुर्लभ जीवन के सही अर्थ को समझ सकें और यह भी कि प्रत्येक स्वांस जो प्रभु-परमात्मा ने हमें उपहार स्वरुप दिये हैं ये कितने कीमती हैं इन्सानएक दिन में हजारों बार स्वांस लेता है। उस संख्या को हमने जो जीवन जिया है उसको महीनों और वर्षो से गुणा करें तो यह सन्तोषप्रद होगा कि परमात्मा ने हमें कितनी ज्यादा स्वांसे दी है।

और हमें इतनी ज्यादा बार स्वांस लेने के लिए कितनी ज्यादा ऑक्सिजन दी है। यह प्रभु का अनुग्रह है और इसे हमें अवश्य स्वीकार करना चाहिए।

## पंचांग

बृहस्पतिवार, 25 दिसम्बर, 2025, सूर्योदयः 07:12 ए एम, सूर्यास्तः 05:31 पी एम, चन्द्रोदयः 10:49 ए एम, चन्द्रास्तः 10:25 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः पौष, पूर्णिमान्त महीनाः पौष, वारः गुरुवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः पञ्चमी - 01:42 पी एम तक, नक्षत्रः धनिष्ठा - 08:18 ए एम तक, योगः वज्र - 03:14 पी एम तक, करणः बालव - 01:42 पी एम तक, द्वितीय करणः कौलव - 01:47 ए एम, दिसम्बर 26 तक, सूर्य राशिः धनु, चन्द्र राशिः कुम्भ, राहुकालः 01:39 पी एम से 02:56 पी एम, गुलिक कालः 09:46 ए एम से 11:04 ए एम, यमगण्डः 07:12 ए एम से 08:29 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 12:01 पी एम से 12:42 पी एम, दुर्मुहूर्तः 10:38 ए एम से 11:19 ए एम, दुर्मुहूर्तः 02:46 पी एम से 03:27 पी एम, अमृत कालः 01:35 ए एम, दिसम्बर 26 से 03:14 ए एम, दिसम्बर 26, वर्ज्यः 03:43 पी एम से 05:22 पी एम।

## भविष्य फल



**मेष:** कहीं बाहर यात्रा का योग बन रहा है। अगर आप कोई नया बिजनेस शुरू करना चाह रहे हैं, तो संबंधित क्षेत्र से जुड़े लोगों से एक बार सलाह जरूर ले लें।

**वृष:** व्यवसायिक सन्दर्भ में आशावादी दृष्टिकोण के साथ कार्यस्थल पर आप बहुत ऊर्जावान रहेंगे।

**मिथुन:** पैसों के मामले में आपका काम नहीं रुकेगा। अचानक धन लाभ हो सकता है। लोगों के मन में क्या चल रहा है, यह आप समझ जाएंगे।

**कर्क:** आज आप दुष्टजनों से दूर रहें, हानि पहुंचा सकते हैं। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। परिवार के साथ जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह:** महिलाओं को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है। आपको पेट से जुड़ी कोई समस्या हो सकती है।

**कन्या:** आज अत्यधिक आशावादी न बनें और सतर्क रहने का प्रयास करें। तीव्र प्रगति के बावजूद आज आपको धीरे-धीरे आगे बढ़ने और व्यवस्थित रूप से काम करने की आवश्यकता है।

**तुला:** किसी काम को खुद लीड करेंगे तो आपके लिए अच्छा रहेगा, लेकिन दूसरों के निर्देशों को मानते हुए काम करना हो, तो आपके लिए दिन सामान्य है।

**वृश्चिक:** आज आप बौद्धिक शक्ति से लेखनकार्य और सृजन कार्य अच्छी तरह से पूरे कर सकेंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**धनु:** व्यापारी वर्ग का रुका हुआ काम आज तेजी के साथ आगे बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी।

**मकर:** कार्य स्थल पर सकारात्मक और सहायक विकास होगा। लंबे समय से लंबित पड़ा वांछित काम पूरा होगा।

**कुंभ:** कामकाज की वजह से सम्मान मिलने के योग हैं। पार्टनर से सहयोग ओर फायदा मिल सकता है।

**मीन:** आपका विचार किसी एक बात पर स्थिर नहीं रहेगा तथा उसमें लगातार परिवर्तन होता रहेगा।

## 31 दिसंबर तक शहर को नंदी व बंदर मुक्त करने का लक्ष्य : अरुण त्यागी



अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। नगर पालिका गन्नौर के अध्यक्ष अरुण त्यागी ने बुधवार को प्रेसवार्ता कर शहर में आवारा पशुओं की समस्या को लेकर चल रहे अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गन्नौर को 31 दिसंबर तक नंदी और बंदर मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिस पर तेजी से काम किया जा रहा है। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि अब तक 560 नंदियों को पकड़ा जा चुका है। इनमें से 85 नंदियों को श्री कृष्ण प्रणामी गोशाला गढ़ी केसरी में भेजा गया है, जबकि शेष नंदियों को खरखौदा के सिसाना गांव की गोशाला में छोड़ा जा रहा है। इस कार्य के लिए नगर पालिका संबंधित एजेंसी को 1945 रुपये प्रति नंदी का भुगतान कर रही है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर घूम रहे नंदियों से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थीं, ऐसे में यह अभियान आमजन की सुरक्षा के लिए जरूरी है। बंदरों के संबंध में जानकारी देते हुए अरुण त्यागी ने बताया कि अब तक करीब 200 बंदरों को पकड़ा जा चुका है। पकड़े गए बंदरों को दो दिन तक स्लाटर हाउस में रखा जाता है, जहां उनके खाने-पीने की समुचित व्यवस्था की जाती है। इसके बाद मेडिकल जांच करवा कर एजेंसी उन्हें कलेसर के जंगलों में छोड़ती है। पूरी प्रक्रिया की लगातार मानिटरिंग की जा रही है। इस कार्य के लिए नगर पालिका 850 रुपये प्रति बंदर की दर से भुगतान कर रही है। उन्होंने बताया कि आवारा कुत्तों को पकड़ने का टेंडर भी अलाट हो चुका है। एजेंसी की मांग पर कुत्तों की नसबंदी, एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन और देखरेख के लिए अस्थाई आपरेशन थिएटर व एक अलग कमरे की व्यवस्था की जा रही है, जहां कुत्तों को चार दिन रखा जाएगा। नववर्ष के पहले सप्ताह से कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका शहर को सुरक्षित और स्वच्छ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और अभियान लगातार जारी रहेगा।

# स्टार्टअप के लिए हरियाणा की महिलाओं को मिलेगा 3 लाख रुपये का ऋण : सुशील सारवान

मातृशक्ति उद्यमिता योजना के तहत ले सकेगीं कर्ज

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि मातृशक्ति उद्यमिता योजना हरियाणा सरकार द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मातृशक्ति उद्यमिता योजना लागू की है। इस योजना के तहत महिलाओं की आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए बैंकों के जरिए उन्हें 3 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाएगा।

इस योजना के अंतर्गत जिन महिलाओं की परिवारिक वार्षिक आय 5 लाख रुपये से कम और आवेदन के समय महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होगी, वही इस स्कीम की पात्र होंगी। इसके अलावा आवेदन पहले से लिए गए किसी ऋ्रण का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। गौर करने वाली बात ये है कि इस योजना के तहत समय पर किश्त का भुगतान करने पर 3 वर्षो तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा दी जाएगी।

उपायुक्त ने बताया कि योजना के तहत डेयरिंग, उद्योग विभाग की सूची में शामिल नकारात्मक गतिविधियों और केवीआईबी को छोड़कर अन्य सभी गतिविधियां शामिल हैं।

इन गतिविधियों में यातायात वाहन के तहत ऑटो रिक्शा, छोटा सामान ढोने के वाहन, थ्री-व्हीलर, ई-रिक्शा, टैक्सी, सामाजिक व व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के तहत सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटिक, फोटो कॉपी की दुकान, पापड़ बनाना, आचार बनाना, हलवाई की दुकान, फूड स्टॉल, आईसक्रीम बनाने की यूनिट, बिस्कुट बनाना, हैण्डलूम, बैग बनाना, कैटींन सर्विस आदि काम शुरू कर सकती हैं।

उपायुक्त ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए निर्धारित दस्तावेज आवेदन के साथ जमा कराने होंगे। इन दस्तावेजों में आवेदन पत्र राशन कार्ड/परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट आकार फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिर्पोट, ट्रेनिंग सर्टिफिकेट/अनुभव प्रमाण पत्र शामिल हैं।

उपायुक्त ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने व जानकारी के लिए जिला प्रबंधक हरियाणा महिला विकास निगम सोनीपत, मकान नंबर 842, अनिल विहार, नियर ऋषिकुल स्कूल, गोहाना रोड, सोनीपत से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत किसान सोलर पंप के लिए 29 तक करें ऑनलाईन आवेदन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत किसानों को सोलर पंप लगाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक किसान 29 दिसंबर तक 75 प्रतिशत अनुदान पर 3 एचपी से 10 एचपी क्षमता के सोलर पंप के लिए www.saralharyana.gov.in पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकता है।

**पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेज:** परिवार पहचान पत्र, आवेदक के परिवार के नाम पर पहले से कोई सोलर कनेक्शन नहीं होना चाहिए, आवेदक के नाम पर बिजली आधारित पंप नहीं होना चाहिए, आवेदक के नाम पर कृषि भूमि की जमाबंदी या फर्द होना अनिवार्य।, हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण के सर्वेक्षण अनुसार जिन गांवों में भूजल स्तर 100 फीट से नीचे है, वहां सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना अनिवार्य। अन्य क्षेत्रों में भूमिगत पाइपलाइन या सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली अनिवार्य। धान उगाने वाले वे किसान, जिनके क्षेत्र में एचडब्ल्यूआरए रिपोर्ट के अनुसार भूजल स्तर 40 मीटर से नीचे है, इस योजना के पात्र नहीं होंगे। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि वर्ष 2023 तक जिन किसानों ने 1 एचपी से 10 एचपी बिजली आधारित कृषि ट्यूबवेल के लिए आवेदन किया था, वे कुसुम योजना के अंतर्गत सोलर पंप कनेक्शन में प्राथमिकता प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे किसान अपने पुराने बिजली आधारित कृषि ट्यूबवेल की आवेदन संख्या को www.saralharyana.gov.in पर नए आवेदन के साथ दर्ज करें।

## इन्डस कंपनी के टावर से चोरी करने का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिले के थाना कुण्डली की पुलिस ने इन्डस कम्पनी के टावर से चोरी करने का प्रयास करने की घटना मे संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अमित पुत्र रोहताश निवासी गाजियाबाद यूपी का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 21 दिसम्बर को सन्दीप पुत्र रामभज निवासी गाँव अदियाना जिला पानीपत ने थाना कुण्डली मे शिकायत दी कि ऋ्र कम्पनी मे सुपरवाइजर के पद पर कार्य करता हूँ कम्पनी इन्डस टावर लिमिटिड कम्पनी के लिए कार्य करती है। इन्डस कम्पनी का एक टावर गांव बारोटा मे लगा हुआ है दिनाँक 20/12/25 को समय तकरीबन 11.05 क्क्रू पर टावर के साथ वाले मकान से फोन आया की कोई आदमी इस टावर पर चढा हुआ है जो हमारा टेक्निशियन मौके पर पहुंचा और उस व्यक्ति को पकडने की कोशिश की तो वह सर्दी व धुंध का फायदा उठा कर भाग गया जो उसका मोबाइल फोन वही पर गिर गया जो वह व्यकित हमारे टावर पर चोरी करने की नियत से चढा था जो मौके से कुछ चोरी नही कर पाया।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने किया कार्यक्रम आयोजन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर उपायुक्त सुशील सारवान के मार्गदर्शन में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों तथा उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित कानूनों की जानकारी देना था।



इस अवसर पर जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मनीषा मेहरा ने बताया कि उपभोक्ता समाज की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं तथा उनके हितों की रक्षा करना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि जागरूक उपभोक्ता ही शोषण के विरुद्ध सबसे मजबूत सुरक्षा कवच होता है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि उचित मूल्य की दुकानों पर 4*6 के फ्लेक्स बोर्ड लगवाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिससे उपभोक्ता उचित मूल्य के बारे में जान सके।

कार्यक्रम के दौरान उपभोक्ता अधिकारों, शिकायत निवारण प्रणाली, उचित मूल्य की दुकानों से संबंधित नियमों तथा आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उपभोक्ताओं से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना संबंधित विभाग को तुरंत दें।

इस दौरान एएफएसओ अंकित ग्रेवाल, इंस्पेक्टर अभिषेक, प्रवीन, संजय, सब इंस्पेक्टर आदित्य, प्रदीप, डिपो होल्डर संगठन के प्रधान त्रिलोकचंद वह अन्य कर्मचारी व डिपो होल्डर उपस्थित रहे।

# युवाओं के लिए 1,350 करोड़ का खेल इंफ्रास्ट्रक्चर पैकेज: मान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 24 दिसंबर।** मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान ने आज खेल और युवा सेवाएं विभाग के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान पंजाब के खेल बुनियादी ढांचे के नवीनीकरण के लिए स्पष्ट, समयबद्ध निर्देश जारी करते हुए अधिकारियों को प्रदेश भर में 1,350 करोड़ रुपए की लागत से बनाए जा रहे 3,100 स्टेडियमों का कार्य जून 2026 तक पूरा करने के निर्देश दिए।

इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा एक व्यापक पैकेज की भी शुरुआत की गई जिसमें लगभग 3,000 स्थानों पर अत्याधुनिक जिम स्थापित करना, 50 करोड़ रुपए की लागत से 17,000 खेल किटों का वितरण, एक व्यापक खेल पोर्टल की शुरुआत और 43 करोड़ रुपए की लागत से एक नए युवा भवन का निर्माण शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य पंजाब के युवाओं की असीम ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाना और उन्हें नशे के खतरे से दूर रखना है।

आज यहां खेल और युवा सेवाएं विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नई खेल नीति 2023 के अनुसार प्रदेश भर के गांवों में ये स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन स्टेडियमों पर 1350 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे जिनमें बाड़, गेट, जॉगिंग ट्रैक, समतल खेल का मैदान, पेड़, वॉलीबॉल कोर्ट, स्टोर और अन्य सुविधाएं शामिल हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन स्टेडियमों का कार्य निर्धारित समय के अंदर पूरा किया जाना चाहिए और साथ ही हर हालत में कार्यों की गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में ले जाने के लिए प्रदेश भर में लगभग 3000 स्थानों पर अत्याधुनिक जिम स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पहले चरण के तहत प्रदेश भर में 1000 स्थानों पर 35 करोड़ रुपए की लागत से ऐसे अत्याधुनिक जिम स्थापित किए जाएंगे। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन जिमों में वेट लिफ्टिंग सेट, बेंच, डंबल सेट, केटलबेल सेट, रैक, फ्लोर मैट और अन्य कई अत्याधुनिक उपकरण शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार द्वारा 50 करोड़ रुपए की लागत से खिलाड़ियों को 17000 खेल किटें वितरित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इन किटों में वॉलीबॉल और फुटबॉल (प्रत्येक के लिए तीन वॉलीबॉल और फुटबॉल तथा दो नेट), क्रिकेट के लिए दो बैट, विकेट, छह टेनिस गेंदें शामिल होंगी। भगवंत सिंह मान ने अधिकारियों को 31 मार्च, 2026 तक गांवों में 5600 खेल किटें वितरित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत गर्व और संतोष की बात है कि विभाग द्वारा एक व्यापक खेल पोर्टल शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेल प्रेमी और खिलाड़ी एक क्लिक पर खिलाड़ियों की रजिस्ट्रेशन, ऑनलाइन ग्रेडेशन, ऑनलाइन डी.बी.टी., खेल आयोजन करवाना, ग्राउंड रिजर्वेशन, ई-सर्टिफिकेट, परिणाम रिकॉर्ड करना, पेंशन/वजीफा और अन्य सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे। भगवंत सिंह मान ने कहा कि 10,000 युवाओं के लिए प्रदेश के नौ जंगली क्षेत्रों में ट्रैकिंग, एडवेंचर, टीम एक्टिविटी कैंप भी लगाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली जनवरी से पल्लणपुर, सिसवां, मिर्जापुर (मोहाली), टिब्बा टपरिया (रोपड़), नारा (होशियारपुर), और हरिके पत्तन रख (तरनतारन) में कैंप लगाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि 43 करोड़ रुपए की लागत से सेक्टर 42ए में एक नया युवा भवन बनाया जाएगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इसमें 200 युवाओं के लिए हॉस्टल सुविधाएं, 400 व्यक्तियों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम, एक कॉन्फ्रेंस हॉल, सेमिनार रूम और अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने खेल नीति 2023 पेश की और बजट को वर्ष 2023-2024 में 350 करोड़ रुपए से बढ़ाकर वर्ष 2024-25 के लिए 1000 करोड़ रुपए कर दिया। उन्होंने कहा कि मोहाली, बठिंडा और लुधियाना में 10.50 करोड़ रुपए की लागत से हॉकी टर्फ को बदला जा रहा है और इन्हें भारतीय हॉकी फेडरेशन द्वारा मंजूरी दी गई है।


















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)


## मुख्यमंत्री योगी का नेता प्रतिपक्ष पर निशाना

# पहले की सरकार को उपदेश दिया होता तो प्रदेश की स्थिति कुछ और होती

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**लखनऊ।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान अनुपूरक बजट पर हुई चर्चा में हिस्सा लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल सरकार की प्राथमिकताओं और उपलब्धियों को सदन के समक्ष रखा, बल्कि विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का भी तथ्यों के साथ जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में सुरक्षा, कानून का राज और विकास सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है और इन्हीं आधारों पर उत्तर प्रदेश की छवि देश और दुनिया में बदली है। इस दौरान, मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर जमकर हमला भी बोला। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि आज जो उपदेश हमारी सरकार को दिए जा रहे हैं, वो उपदेश पहले की सरकारों को दिए होते तो प्रदेश की स्थिति कुछ और होती।

मुख्यमंत्री योगी ने नेता प्रतिपक्ष और सभी दलीय नेताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में उठाए गए अधिकांश विषय आम जनमानस से जुड़े हुए हैं और प्रदेश के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों को सरकार गंभीरता से लेती है और उन पर आवश्यक कार्यवाही भी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष अत्यंत वरिष्ठ और अनुभवी हैं तथा उनकी सहजता और सरलता सदन को सकारात्मक दिशा देती है। उन्होंने कहा



कि यह स्वाभाविक है कि विपक्ष में रहते हुए सरकार के कार्यों की आलोचना की जाती है, क्योंकि विरोध में रहने का भी यही औचित्य होता है। आपने सरकार के बजट के आकार और पिछले लगभग साढ़े आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सरकार के योगदान पर प्रश्न उठाए हैं। इतना अवश्य पूछना चाहूंगा कि यदि आज से लगभग नौ-दस वर्ष पहले, जब समाजवादी पार्टी सत्ता में थी और भारतीय जनता पार्टी विपक्ष में थी, आज जो आपने उपदेश यहां दिए हैं, वे उस समय की सरकार को दिए होते तो संभवतः प्रदेश की स्थिति कुछ और होती।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में अराजकता, अव्यवस्था और पहचान के संकट की जो स्थिति बनी थी, उसके लिए कौन उत्तरदायी था यह उत्तर प्रदेश की जनता भली-भांति जानती है। आपने यह स्वीकार किया है कि अपराधियों और माफियाओं के प्रति सरकार की नीति स्पष्ट और कठोर होनी चाहिए और यह हमारी सरकार ने करके भी दिखाया है। राज्य की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए स्पष्ट नीति और उसे लागू करने की इच्छाशक्ति आवश्यक होती है। इसके चार प्रमुख आयाम हैं और उन चारों पर सरकार ने प्रभावी ढंग से कार्य किया है। कोई भी व्यक्ति, समाज या संस्था, सबसे पहले सुरक्षा चाहता है। कानून का राज हो, हर व्यक्ति, हर बेटी, हर व्यापारी स्वयं को सुरक्षित महसूस करे यह किसी भी सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले और 2017 के बाद उत्तर प्रदेश की छवि में जो बदलाव आया है, वह देश और दुनिया दोनों के सामने है। पहले प्रदेश की छवि अच्छी नहीं थी, यह हम सभी को पीड़ा देता था। आज प्रदेश के भीतर या बाहर जाने पर लोग स्वयं कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर माहौल है, दंगे नहीं हैं, अराजकता नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय कैसे होता है, इसका उदाहरण भी हमारे सामने है। पूजा पाल प्रकरण इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। आपके समय में माफिया के सामने झुकना मजबूरी थी, लेकिन आज सरकार यह स्पष्ट कर चुकी है कि बेटी किसी भी पक्ष की हो, उसे न्याय हर हाल में मिलेगा। यह केवल सत्ता या विपक्ष का विषय नहीं, बल्कि प्रदेश की सुरक्षा और सम्मान का विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस रिद्धिमा यादव की बात यहां कही जा रही है उसे भी न्याय हमारी सरकार जरूर देगी। मुख्यमंत्री ने अवैध कब्जों के सवाल पर कहा कि मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि चाहे कोई भी हो, किसी भी स्मारक, पौराणिक स्थल या सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा स्वीकार नहीं किया जाएगा। अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। सरकारी भूमि गरीबों के लिए है, न कि माफिया के लिए। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि यह दुर्भाग्य है कि इस सदन में जब ग्रामीण अभिलेख विधेयक लाया गया तो समाजवादी पार्टी ने उसका विरोध किया। ग्रामीण अभिलेख से संबंधित संशोधन विधेयक पहली बार गरीब को उसके मकान का वैधानिक अधिकार देता है। यह अधिकार महिला सदस्य के नाम पर दर्ज होगा, जिससे वह आर्थिक रूप से सशक्त हो सकेगी। लेकिन यदि कोई माफिया या असामाजिक तत्व सरकारी भूमि पर कब्जा कर अनैतिक गतिविधियाँ करेगा, तो उस पर कठोरतम कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि यही सुरक्षा का वातावरण है, जिसने उत्तर प्रदेश की छवि बदली है और जिसके कारण आज प्रदेश में निवेश आ रहा है। यह परिवर्तन परिणाम आधारित है, और उत्तर प्रदेश की जनता ने इसका उत्तर दिया है और आगे भी देती रहेगी।

## एमएसएमई से लेकर निवेश और रोजगार तक बदली उत्तर प्रदेश की तस्वीरः मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। विधान सभा के शीतकालीन सत्र में अनुपूरक बजट पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में सरकारी नौकरियों के साथ-साथ परंपरागत उद्यमों को सशक्त कर एमएसएमई सेक्टर को नई मजबूती दी गई है, जिसका असर आज निवेश, निर्यात और रोजगार के रूप में साफ दिखाई दे रहा है। पहले किसी सरकार ने इन उत्पादों पर ध्यान नहीं दिया, जबकि मौजूदा सरकार ने इनकी ब्रांडिंग, पैकेजिंग और एक्सपोर्ट को बढ़ावा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब के प्रति सरकार की संवेदना अडिग है। 25 करोड़ की आबादी के कल्याण और सुरक्षा के लिए सरकार बिना किसी भेदभाव के मजबूती से खड़ी है और आगे भी खड़ी रहेगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि काला नमक चावल पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। हमारी सरकार ने इसकी ब्रांडिंग, पैकेजिंग और एक्सपोर्ट को बढ़ावा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शाही जी जहां भी जाते हैं, वहां के श्रेष्ठ स्थानीय खाद्य उत्पादों की जानकारी लेते हैं। उन्होंने चुटकी लेते हुए वाराणसी का किस्सा भी सुनाया और कहा कि शाही जी स्वयं परंपरागत उत्पादों के प्रति सजग हैं और काला नमक को विशेष ब्रांड के रूप में स्थापित करने में उनकी भूमिका सराहनीय रही है। वहीं, पिछली सरकारों पर तंज कसते हुए कहा कि उस समय इच्छाशक्ति की कमी के कारण ऐसे उत्पाद उपेक्षित रहे। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के हर जनपद में एक-एक विशिष्ट उत्पाद था, लेकिन तकनीक, डिजाइन, मार्केट डिमांड और पैकेजिंग की जानकारी के अभाव में वे धीरे-धीरे बंद होते जा रहे थे। सरकार ने इन्हें सुविधाएं दीं और आज उत्तर प्रदेश के पास देश का सबसे बड़ा एमएसएमई नेटवर्क है। प्रदेश में करीब 96 लाख एमएसएमई इकाइयां हैं, जिनसे पौने दो करोड़ परिवारों की आजीविका चल रही है। एमएसएमई के जरिए यूपी दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात कर रहा है। निवेश के मोर्चे पर भी उत्तर प्रदेश ने लंबी छलांग लगाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जिनमें से 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक जमीनी स्तर पर उतर चुके हैं। वहीं, 7 लाख से अधिक युवाओं को सीधे रोजगार मिला है। 5 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं



ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। अब प्रदेश का युवा रोजगार के लिए भटकने को मजबूर नहीं है। ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण अब लखनऊ में हो रहा है, जो डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर की बड़ी उपलब्धि है। इसमें काम करने वाले सभी युवा उत्तर प्रदेश के हैं। आईटीआई, पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग पास युवाओं को यहीं रोजगार मिला है।

वेलफेयर योजनाओं पर मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि सरकार ने कभी चेहरा देखकर योजनाओं का लाभ नहीं दिया। आवास, राशन, उज्ज्वला गैस, आयुष्मान कार्ड और मुख्यमंत्री राहत कोष हर योजना बिना भेदभाव लागू की गई है। सूची में उन गरीबों को भी जोड़ा गया, जिन्हें पहले वंचित रखा गया था। सीएम योगी ने कहा कि 403 विधानसभा क्षेत्रों में कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित नहीं रहेगा। पीडब्ल्यूडी समेत हर विभाग की नियमित समीक्षा होती है, जिलों में सांसद और प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में बैठकें होती हैं और योजनाओं की प्रगति की रिपोर्ट शासन तक पहुंचती है। मुख्यमंत्री राहत कोष में किए गए नए प्रावधान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जिनके पास आयुष्मान कार्ड है, वे पहले उसका उपयोग करें, आवश्यकता होने पर जिला अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर राहत कोष से सहायता दी जाएगी। कुछ अस्पतालों में गलत बिलिंग की शिकायतों पर कार्रवाई भी की गई है

## मिस्ट हॉस्पिटल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन, 32 यूनिट रक्त एकत्रित





अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। मिस्ट हॉस्पिटल, बलटाना द्वारा साहिबजादों की शहीदी को समर्पित एक विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर विश्वास फाउंडेशन के सहयोग से मिस्ट हॉस्पिटल परिसर, फर्नीचर मार्केट, शिव मंदिर के पास, बलटाना (पंजाब) में आयोजित हुआ। शिविर का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहा।

इस रक्तदान शिविर में समाज के विभिन्न वर्गों से लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 32 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवन रक्षक सिद्ध होगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं आपात स्थितियों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना रहा। मिस्ट हॉस्पिटल के संचालक सतनाम सिंह एवं सुखदेव सिंह ने सभी रक्तदाताओं, आयोजकों एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मिस्ट हॉस्पिटल भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं जनहितकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। इस सफल आयोजन के लिए विश्वास फाउंडेशन तथा प्रेस क्लब ज़ीरकपुर का विशेष धन्यवाद व्यक्त किया गया, जिनके सहयोग से यह रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## आंध्र प्रदेश की जीती-जागती विरासत थीम से असेंबली 2026 कैलेंडर लॉन्च

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**अमरावती।** मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र प्रदेश लेजिस्लेचर द्वारा पब्लिश किए गए 2026 कैलेंडर को लॉन्च किया। मुख्यमंत्री ने स्पीकर अय्याना पात्रुडू के साथ मिलकर सीएम कैंप ऑफिस में वॉल कैलेंडर, टेबल कैलेंडर और डायरी रिलीज़ की। इस मौके पर मंत्री पय्यावुला केशव और लेजिस्लेचर (कार्उंसिल) के सेक्रेटरी-जनरल प्रसन्ना कुमार सूर्यदेवरा मौजूद थे।

'बायोडायवर्सिटी- आंध्र प्रदेश की जीती-जागती विरासत' थीम पर फोकस करने वाले कैलेंडर में राज्य के अलग-अलग इकोसिस्टम को दिखाने वाली बारह वाइल्डलाइफ़ स्पीशीज़ के



इलस्ट्रेशन हैं, जिसमें ईस्टर्न घाट, बड़े घास के मैदान, कोरिंगा मैंग्रोव जंगल और बंगाल की खाड़ी के किनारे लंबा कोस्टलाइन शामिल हैं। कैलेंडर में नेचुरल हेरिटेज, आर्टिस्टिक ट्रेडिशन और मॉडर्निटी का मिक्स है, जिसमें ट्रेडिशनल कलमकारी स्टाइल में बनाए गए विज़ुअल्स हैं। सेक्रेटरी-जनरल प्रसन्ना कुमार ने बताया कि आर्टवर्क बनाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया गया था। मुख्यमंत्री ने 2026 कैलेंडर के शानदार डिज़ाइन की तारीफ़ की और कहा कि यह प्रकृति की रक्षा की ज़रूरत पर एक मज़बूत संदेश देता है। उन्होंने कहा कि कैलेंडर पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीवों की सुरक्षा पर असरदार तरीके से ज़ोर देता है और क्लाइमेट चेंज के असर को भी समझाता है। उन्होंने आगे कहा कि यह प्रकृति की रक्षा करने की सामूहिक ज़िम्मेदारी की याद दिलाता है।

स्पीकर अय्याना पात्रुडू ने कहा कि 2026 कैलेंडर पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण के लिए विधानसभा के कमिटमेंट को दिखाता है। उन्होंने कहा कि इस पहल का मकसद वन्यजीवों की रक्षा और प्रकृति को बचाने के महत्व के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना है और साथ ही यह पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को संवेदनशील बनाने के लिए विधानसभा की कोशिशों को भी दिखाता है।

## हिमालयन फाउंडेशन चंडीगढ़ ने आयोजित किया हेल्थ कैंप



अर्थ प्रकाश संवाददाता

मोहाली। द हिमालयन क्लब ट्रस्ट की युवा शाखा द हिमालयन फाउंडेशन चंडीगढ़ के कार्यक्रम 'आरोग्य-स्वस्थ तन, सुखी जीवन' के तहत आज यहां पार्क ग्रेशियन अस्पताल, मोहाली के सहयोग से निःशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। हेल्थ कैंप में फाउंडेशन के 'सुलभ और समावेशी स्वास्थ्य सेवा' के मिशन के तहत निवासियों को व्यापक हेल्थ परामर्श और जांच की गई। कैंप में पार्क ग्रेशियन अस्पताल के डॉक्टरों की एक टीम ने लोगों की जांच की। हेल्थ कैंप दो चरणों में जारी रहा व यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक लाभार्थी को पर्याप्त हेल्थ सुविधा मिले। इस अवसर पर द हिमालयन फाउंडेशन चंडीगढ़ के संस्थापक संदीप सिंह मुख्य अतिथि थे।

## लोकल गवर्नमेंट कमेटी ने अधिकारियों के साथ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स पर की चर्चा

विधायक रंधावा भी शामिल हुए, ज़रूरी मुद्दे उठाए

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। पंजाब विधानसभा द्वारा बनाई गई लोकल गवर्नमेंट कमेटी ने आज चंडीगढ़ स्थित पंजाब विधानसभा में अधिकारियों के साथ मीटिंग की। कमेटी के सदस्यों ने डेरा बस्सी और ज़ीरकपुर म्युनिसिपल कार्उंसिल के अधिकारियों के साथ शहर में चल रहे और आने वाले डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स पर चर्चा की। मीटिंग की अध्यक्षता लोकल गवर्नमेंट कमेटी के चेयरमैन, विधायक मोहाली कुलवंत सिंह ने की। मीटिंग में विधायक कुलजीत सिंह रंधावा, विधायक डिंपी ढिल्लों और दूसरे अधिकारी मौजूद थे। चेयरमैन कुलवंत सिंह ने कहा कि अधिकारी डेवलपमेंट कामों के लिए विधायक के साथ कोऑर्डिनेट करें। जानकारी देते हुए विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने बताया कि मीटिंग में म्युनिसिपल कार्उंसिल के चल रहे और अधूरे डेवलपमेंट कामों का इंस्पेक्शन किया गया। मीटिंग में मुख्य रूप से गैर-कानूनी कॉलोनियों और कब्जों



के अलावा दूसरे मुद्दों पर डिटेल में चर्चा की गई और उनके खिलाफ सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिए गए। रंधावा ने कहा कि चेयरमैन ने अधिकारियों को काम में तेज़ी लाने का निर्देश दिया है, ताकि तेज़ी से डेवलप हो रहे ज़ीरकपुर और डेराबस्सी शहरों की बेसिक ज़रूरतें पूरी की जा सकें।

## किसानों की आय बढ़ेगी तभी होगा असली विकास

## मंत्री कोल्लू रविंद्र ने मछलीपट्टनम में मार्क फेड गोदामों का किया भूमि पूजन

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

मछलीपट्टनम। असली विकास तभी होगा जब किसानों की इनकम बढ़ेगी, राज्य के माइंस, मिनरल रिसोर्स और एक्साइज मंत्री कोल्लू रविंद्र ने कहा। उन्होंने मछलीपट्टनम रेलवे स्टेशन के पास एपी मार्क फेड के तहत 30 हजार स्क्वायर फीट एरिया में बनने वाले दो गोदामों के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। सरकार पूरे राज्य में मार्केटिंग सिस्टम को मजबूत करने के लिए ईमानदारी से काम कर रही है। मार्क फेड यह पक्का करने के लिए काम कर रहा है कि जिस किसान ने फसल काट ली है, वह फसल को तब तक स्टोर कर सके जब तक उसे सही कीमत न मिल जाए। इसी के तहत, मुझे मछलीपट्टनम में पहली



बार 6.50 करोड़ रुपये की लागत से गोदाम बनाने में खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी संपत्तियों को अतिक्रमण से बचाने के अलावा, ऐसे निर्माण करना ज्यादा जरूरी है जो लोगों के काम आएं। उन्होंने कहा कि ऐसे गोदामों की वजह से किसानों को अपनी फसल तब तक स्टोर करने का मौका मिल सकता है, जब तक उन्हें सही कीमत न मिल जाए। इसी भावना से उन्होंने मार्क फेड के चेयरमैन कर्रोथु बंगाराजू को पूरे राज्य में गोदाम बनाने का सुझाव दिया। सीनियर टी.डी.पी नेताओं कॉर्पोरेटर अनीता, मार्केट यार्ड के चेयरमैन कुंचे नानी और दूसरे लोगों ने प्रोग्राम में हिस्सा लिया।

## जम्मू रेलवे स्टेशन पर आयोजित पल्स पोलियों टीकाकरण अभियान का समापन



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

जम्मू, जम्मू रेलवे स्टेशन पर पल्स पोलियों टीकाकरण अभियान 21 से 23 दिसंबर तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था। यह अभियान रेलवे ने परिवार कल्याण विभाग के सहयोग से जम्मू रेलवे स्टेशन पर आयोजित किया गया, जिसका सफलतापूर्वक समापन, 23 दिसंबर को किया गया।

इस अभियान के दौरान शुन्य से पांच वर्ष तक के सभी लक्षित बच्चों को पोलियों की 'दो बूंद जिन्दगी की' खुराक पिलाई गई। राष्ट्रीय पल्स पोलियों टीकाकरण अभियान के तहत पोलियों बूथ जम्मू रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार और प्लेटफार्मों पर स्पष्ट रूप से स्थापित किए गए थे। इस अभियान के तहत, यह सुनिश्चित किया गया। कि रेलवे स्टेशन के मुख्य बूथ और ट्रेनों में कोई भी बच्चा पोलियों खुराक पीने से वंचित न रहे, विशेष रूप से यात्रा कर रहे परिवारों के बच्चे। तीन दिवसीय पल्स पोलियों टीकाकरण अभियान के तहत लगभग 713 से अधिक बच्चों को पल्स पोलियों की दवाई पिलाई गई। इस अभियान पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उचित सिंघल ने बताया, कि रेल प्रशासन द्वारा स्वस्थ कर्मियों और स्वयं सेवकों को हर संभव सहायता प्रदान की गई। इस दौरान जम्मू रेलवे स्टेशन पर घोषणाऐं करवाई गई तथा इससे संबंधित बैनर भी लगवाए गए। उन्होंने आगे कहा, कि रेलवे टीकाकरण का संभावित लक्ष्य हासिल करने में सफल रही। यह उपलब्धि भारत को पोलियों मुक्त बनाए रखने की रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं।

## गठबंधन सरकार की कथित साजिश नाकाम

## विशाखापत्तनम में सैकड़ों समर्थक वाईएसआर कांग्रेस में शामिल

अर्थ प्रकाश /बोम्मा रेड्डी

विशाखापत्तनम। धर्मना आनंदगारू ने विशाखापत्तनम जिले की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सैकड़ों समर्थकों के साथ VMRDA को 71,300 रुपये दिए और आज (सोमवार) पार्टी में शामिल होने की ऑफिशियल परमिशन ले ली।

जब सैकड़ों लोग और पार्टी नेता इस प्रोग्राम के लिए वुडा चिल्ड्रन्स थिएटर पहुंचे, तो गठबंधन के नेताओं ने, जो वाईएसआर पार्टी में हो रहे बड़े बदलावों को लेकर तेलुगु देशम गठबंधन सरकार बर्दाश्त नहीं कर सके, वुडा चिल्ड्रन्स थिएटर के स्टाफ़ के साथ गेट बंद कर दिया, यह कहते हुए कि परमिशन नहीं दी गई थी झूठ बोले जबकि स्पार्क में इस कार्यक्रम के लिए हजारों रुपएपार्क के फीस के रूप में जमा कर दी गई थी नहीं दिया गया कहकर मुकरने के वजह से गठबंधन सरकार का विरोध करते हुए इस पार्क के बाहर गेट के





सामनेएक सामान्य सभा का आयोजन कर सभी लोग वह सर पार्टी में शामिल हो गए। विदितहॉकी भारी तादाद में पार्टी में शामिल होने के लिए जगह की जरूरत थी और यह कार्यक्रम को एक पार्क में आयोजित किया गया था। इस घटना का विरोध करते हुए, विशाखापत्तनम जिले के पार्टी प्रेसिडेंट के.के. राजू गारू के नेतृत्व में चिल्ड्रन्स थिएटर के गेट पर ज़ोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। बाद में, धर्मना आनंद गारू और कई दूसरे नेताओं और कार्यकर्ताओं को उसी गेट पर पार्टी शॉल ओढ़ाकर ऑफिशियली वाईएसआर पार्टी में स्वागत किया गया।

इस प्रोग्राम में पूर्व मंत्री, अनकापल्ले डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट श्री गुडीवाड़ा अमरनाथ, ईस्ट चुनाव क्षेत्र के कोऑर्डिनेटर मोली अप्पाराव, लेजिस्लेटिव कार्उंसिल मेंबर वरुडू कल्याणी, डिप्टी मेयर कटुमुरी सतीश, स्टेट पार्टी स्पोक्सपर्सन कोंडा राजीव गांधी, कॉर्पोरेट्स अनिल कुमार राजू, पार्टी लीडर्स विजया चंद्रा, अल्लमपल्ली राजा बाबू, पी.वी. नारायण, अंबाती शैलेश, मुत्थासुनील, बेवरा जगदीश, पिटाला वासु, कनक ईश्वर राव, शिवा रेड्डी, चोलिमगी नागेश्वर राव, मिसिला प्रदीप, पोथिन हरिकृष्णा, नुका राजू, शिवा रेड्डी, लीडर्स, एक्टिविस्ट्स, फैंस और दूसरे लोग शामिल हुए।

## झारखंड का पेसा नियमावली पूरे देश के लिए बनेगा नाजीरः हेमन्त सोरेन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**रांची।** झारखंड में पेसा नियमावली को राज्य मंत्रिपरिषद से मंजूरी मिलने का जश्न पूरा राज्य मना रहा है। इस कड़ी में राज्य के अनुसूचित जनजातीय क्षेत्र से आए पारंपरिक प्रधान/ प्रमुख/ मुखिया के साथ सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को पेसा नियमावली लागू करने की दिशा में लिए गए निर्णायक फैसले के लिए आभार जताया। श्री सोरेन ने भी नगाड़ा बजाकर अपनी खुशियों का इजहार किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज पेसा दिवस भी मना रहे हैं। इस विशेष अवसर पर राज्य सरकार ने पेसा नियमावली को अंतिम मुकाम तक पहुंचाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया था, वह साकार हो रहा है। पेसा कानून धरातल पर उतरने को तैयार है। श्री सोरेन ने यह भी कहा कि सरकार जो नियम-कानून बनाती है, उसमें विसंगतियां नहीं होती है, लेकिन उसके क्रियान्वयन में गड़बड़ी होने से सुखद परिणाम नहीं मिल पाता है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पेसा नियमावली के तहत पंचायतों को जो अधिकार प्राप्त होंगे, उसका ईमानदारी से पालन और क्रियान्वयन हो, तभी यह सफल होगा।

श्री सोरेन ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने झारखंड राज्य के लिए जो सपना देखा था, उसे हमारी सरकार पूरा करने का लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में जल - जंगल- जमीन की रक्षा, अपनी सभ्यता- संस्कृति और पहचान को बरकरार रखने एवं पारंपरिक स्थानीय स्वशासन व्यवस्था को मजबूत करना हमारे सरकार की शुरू से प्राथमिकता रही है। इसी सिलसिले में पेसा कानून को लागू करने का जो निर्णय लिया था, वह आकार लेने जा रहा है। अब हमारे पारंपरिक ग्राम प्रधानों और प्रमुखों को उनका हक- अधिकार मिलने जा रहा है।

# वर्ष 2025 सामाजिक न्याय की दिशा में मान सरकार का निर्णायक और ऐतिहासिक वर्ष : डॉ. बलजीत कौर

सामाजिक न्याय-केवल नीति नहीं, नैतिक जिम्मेदारी

स्कॉलरशिपों के द्वारा शिक्षा को मिली मजबूती

डॉ. बी.आर. अंबेडकर इंस्टीट्यूट : 30 वर्षों बाद नया रूप



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 24 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार के लिए वर्ष 2025 सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारिता को मजबूत करने वाला एक ऐतिहासिक वर्ष रहा। यह बात कहते हुए सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि इस वर्ष के दौरान सरकार ने ऐसे ठोस और जन-पक्षीय कदम उठाए, जिनसे सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने की प्रक्रिया को नई दिशा मिली।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 के दौरान पंजाब सरकार की सोच स्पष्ट रही कि सामाजिक न्याय कोई कागजी एजेंडा नहीं, बल्कि एक नैतिक फर्ज है। सरकार ने यह सुनिश्चित करने की दिशा में कदम बढ़ाए कि कोई भी बच्चा, युवा या परिवार गरीबी, जाति या सामाजिक पिछड़ेपन के कारण अवसरों से वंचित न रहे। वर्ष 2025 में पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप स्कीम सामाजिक न्याय का सबसे मजबूत हथियार बनी। एस.सी. वर्ग के 2.62 लाख से अधिक विद्यार्थियों द्वारा आवेदन देना इस बात का प्रमाण है कि सरकारी स्कीमों पर भरोसा बढ़ा है। 245 करोड़ रुपये के बजट उपबंध से शिक्षा को गरीबी के बंधनों से मुक्त करने की कोशिश की गई।

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि वर्ष 2025 में डॉ. बी. आर. अंबेडकर इंस्टीट्यूट का नवीनीकरण एक प्रतीकात्मक और ऐतिहासिक कदम रहा। लगभग 30 वर्षों के बाद 147.49 लाख रुपये की लागत से पहली बार बड़े पैमाने पर निर्माण, मरम्मत और बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया तथा नए कार्यों के लिए 91 लाख रुपये स्वीकृत किए गए, जिससे इंस्टीट्यूट केवल इमारत नहीं, बल्कि अवसरों का केंद्र बना।

### बेटियां बोझ नहीं, बल्कि समाज की ताकत हैं

उन्होंने कहा कि पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला में पिछड़ी श्रेणियों के लड़के और लड़कियों के लिए दो हॉस्टलों की मंजूरी से सरकार ने यह संदेश दिया कि शिक्षा केवल क्लासरूम तक सीमित नहीं, बल्कि सुरक्षित आवास भी उतना ही आवश्यक है। वर्ष 2025 के दौरान आशीर्वाद स्कीम हजारों परिवारों के लिए आशा की किरण बनी। 38,000 से अधिक लाभार्थियों तक सहायता पहुंचाकर सरकार ने स्पष्ट किया कि बेटियां बोझ नहीं, बल्कि समाज की ताकत हैं। राज्य के विकास बजट से 13,987 करोड़ रुपये अनुसूचित जातियों की भलाई के लिए आरक्षित रखना वर्ष 2025 की सबसे बड़ी नीतिगत उपलब्धि रही। यह राशि सामाजिक एवं आर्थिक विकास को हकीकत बनाने की दिशा में मजबूत कदम है।

### सरकार ने समाज को स्पष्ट संदेश दिया कि भेदभाव की कोई जगह नहीं

उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 के दौरान अंतरजातीय विवाहों के लिए वित्तीय सहायता देकर पंजाब सरकार ने समाज को स्पष्ट संदेश दिया कि भेदभाव की कोई जगह नहीं। यह कदम कानून से अधिक सामाजिक सोच में बदलाव की निशानी है। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि वर्ष 2025 ने यह साबित किया कि पंजाब सरकार सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों को मुख्य धारा में लाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह वर्ष केवल उपलब्धियों का नहीं, बल्कि एक नई सामाजिक दिशा की नींव रखने वाला वर्ष बना।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 ने अनुसूचित जातियों के विद्यार्थियों के लिए स्किल डेवलपमेंट और उद्यमी सोच को नया रास्ता दिया। अंबेडकर इंस्टीट्यूट में नए कोर्सों की शुरुआत से युवाओं को नौकरी लेने वाले नहीं, बल्कि रोजगार पैदा करने वाले बनाने की दिशा निर्धारित हुई।

# गुलज़ारइंद्र सिंह चाहल ने आर्थिक नीति एवं योजना बोर्ड के वाइस चेयरमैन का पद संभाला

योजना विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की बैठक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 24 दिसंबर।** आर्थिक नीति एवं योजना बोर्ड, पंजाब के नवनियुक्त उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) गुलज़ारइंद्र सिंह चाहल ने आज अतिरिक्त मुख्य सचिव (योजना) जसप्रीत तलवाड़, अतिरिक्त सचिव (योजना) जगजीत सिंह तथा निदेशक (योजनाबंदी) अनुपम की उपस्थिति में औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने राज्य की सेवा का अवसर प्रदान करने के लिए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल तथा मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का हार्दिक धन्यवाद किया।

पदभार संभालते ही वाइस चेयरमैन चाहल ने योजना विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार पहले से ही सुव्यवस्थित ढंग से जन-हितैषी नीतियों को लागू कर रही है, जिनके ज़मीनी स्तर पर सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। सुविचारित नीतियों के माध्यम से पंजाब राज्य देश भर में क्रांतिकारी सुधारों के क्रियान्वयन में अग्रणी बनकर उभरा है। बैठक के दौरान उन्होंने अपनी नई भूमिका के लिए ठोस योजना तैयार करने पर चर्चा की, ताकि वे पंजाब के विकास को और गति देने में प्रभावी योगदान दे सकें। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन गुलज़ारइंद्र सिंह चाहल ने पंजाब के भविष्य को ध्यान में रखते हुए डिजिटल अर्थव्यवस्था की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सेवाओं की डिलीवरी में सुधार के लिए सरकारी क्षेत्रों में आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स जैसी उभरती तकनीकों को शामिल करने, साथ ही स्टार्टअप्स, मीडिया और मनोरंजन जैसे क्षेत्रों को प्रोत्साहन देने के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की।

उन्होंने आगे कहा कि वे नीति आयोग के साथ निकट समन्वय स्थापित करने का प्रयास करेंगे और देश के अन्य राज्यों तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लागू प्रमुख नीतियों का अध्ययन करेंगे, ताकि पंजाब में सफल और ठोस नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही राज्य के आर्थिक विकास को सुदृढ़ करने के लिए प्रवासी पंजाबियों और अंतरराष्ट्रीय स्तर के उद्योग नेताओं को पंजाब में निवेश के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

एक उद्यमी के रूप में अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि नवाचार और सार्वजनिक-निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करना निवेश आकर्षित करने के लिए महत्वपूर्ण होगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आर्थिक विकास का लाभ पंजाब के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे।

# शिरोमणि अकाली दल ने मीटिंग कर मुद्दों पर चर्चा की

ब्लॉक समिति और ज़िला परिषद चुनाव लड़े उम्मीदवारों का हौसला बढ़ाया

अर्थ प्रकाश/दर्शन शर्मा



**मूनक, 24 दिसंबर।** शिरोमणि अकाली दल लैहरा हलके के वर्करों और पदाधिकारियों ने एडवोकेट गगनदीप सिंह खंडेबाद की लीडरशिप में मलाणा पैलेस में मीटिंग की और मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान पार्टी के ज़िला प्रधान तेजिंदर सिंह संघरेड़ी, ज़िला ऑब्ज़र्वर हरपाल सिंह खडियाल खास तौर पर मौजूद रहे। सबसे पहले छोटे साहिबज़ादों की शहादत को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान ब्लॉक समिति और ज़िला परिषद चुनाव लड़े वर्करों और जीतने वाले उम्मीदवारों का हौसला बढ़ाया गया। वर्करों को उनके जोश के लिए धन्यवाद दिया गया। अपने बयानों में बोलने वालों वकतायों ने कहा कि सरकार के ज़ुल्म के बावजूद पंजाब में अकाली दल के वर्करों ने जो जोश और जीत दिखाई है, उससे अकाली दल का वोट बैंक बढ़ा है। इसने आने वाले विधानसभा चुनाव में जीत की नींव रखी है। विधानसभा क्षेत्र इंचार्ज एडवोकेट गगनदीप सिंह खंडेबाद ने कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया और कहा कि आज की सभा ने साबित कर दिया है कि आने वाला समय अकाली दल का है। उन्होंने इसी तरह इस उत्साह को बनाए रखने की अपील की।

इस मौके पर सीनियर नेता और पूर्व चेयरमैन निर्मल सिंह कडैल, महिला विंग की सीनियर नेता और पूर्व चेयरमैन बीबी दलजीत कौर भुल्लर, सीनियर नेता गुरदीप सिंह मकोरड साहिब, मास्टर राम सिंह देहला, जसपाल सिंह सरपंच, सीनियर नेता गोल्डी चीमा, कृष्ण गिल बुसेहरा, सुरजमल गुलाडी, नायब सिंह घोडेनाब, गुरजंट सिंह बागड़ी, पूर्व सरपंच भुटाल खुर्द, ब्लॉक समिति सदस्य सुखविंदर सिंह हरजिंदर सिंह, कारज सिंह चट्ठा, काला प्रेमी डुडियां केवल सिंह रायधराना, जसवंत सिंह, पूर्व सरपंच, काला सिंह भटुआं, तिरलोक हाड़ां, गुरविंदर सिंह, मलकीत सिंह राजू मदान, सेवा सिंह बलरा, जगदीप सिंह लेहल कलां, भजन सिंह कुदनी, पो हजूरा सिंह, हरविंदर सिंह, करमजीत जलूर, सर्वजीत सिंह सुरजन भैणी, जीता सदस्य भुटाल के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खन्ना में सालाना एथलेटिक मीट का आयोजन : इंद्रजीत सिंह

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण



**खन्ना, 24 दिसंबर।** खन्ना के ए.एस.सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल इंद्रजीत सिंह ने बताया कि स्कूल में सालाना एथलेटिक मीट का आयोजन प्रिंसिपल नरेश चंद स्टेडियम खन्ना में बड़े धूमधाम और जोश के साथ आरंभ किया गया। स्कूल के पुराने स्टूडेंट सरदार हरपाल सिंह, डीसीपी पुलिस कमिश्नरेट लुधियाना, जो एक इंटरनेशनल बॉक्सिंग प्लेयर हैं, चीफ गेस्ट थे। शाम के सेशन में विनोद दत्त, एमडी चाणक्य डेयरी प्रोडक्ट खन्ना (सुपर मिल्क) चीफ गेस्ट थे और मशहूर इंडस्ट्रियलिस्ट पुष्कर राज सिंह, रूपेश बाली साइकिलिस्ट स्पेशल गेस्ट थे। स्कूल प्रिंसिपल इंद्रजीत सिंह ने सभी गेस्ट का स्वागत किया और कहा कि स्पोर्ट्स स्टूडेंट्स को सहयोग, सहनशीलता और जीत-हार को स्वीकार करना सिखाते हैं। इवेंट की शुरुआत चीफ गेस्ट सरदार हरपाल सिंह जी द्वारा स्कूल का झंडा फहराने की रस्म से हुई, जिसके बाद अलग-अलग हाउस के स्टूडेंट्स और एनसीसीकैडेट्स ने मार्च पास्ट किया और चीफ गेस्ट और स्पेशल गेस्ट को सलामी दी गई। एएस ट्रस्ट के अध्यक्ष संजीव धमीजा और स्कूल प्रबंधक मोहित गोयल ने अपने भाषण के दौरान कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं और आयोजन छात्रों का मार्गदर्शन करते हैं और युवा पीढ़ी को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से बचाते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में स्कूल में इस तरह के आयोजन होते रहेंगे। दिन भर चले खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपनी शारीरिक क्षमताओं का प्रदर्शन किया, जिसमें मुख्य आकर्षण 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर रिले दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद और गोला फेंक आदि रहे। यह खेल कार्यक्रम स्कूल के शारीरिक शिक्षा अध्यापकों श्री सुरिंदरवालिया, भूपिंदर सिंह, गुरबचन सिंह, लवप्रीत सिंह, जसवीर सिंह, सुखविंदर सिंह की देखरेख में हुआ। छात्रों ने अपनी फुर्ती से सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा तीन टांग दौड़, चम्मच नींबू दौड़ और लड़कियों की चाटी दौड़ जैसे रोमांचक प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी स्कूल के ग्रीन हाउस ने जीती। हाई स्कूल खन्ना ट्रस्ट एंड मैनेजमेंट सोसाइटी के उपाध्यक्ष एडवोकेट नवीन थम्मन, जतिंदर देवगन संयुक्त महासचिव, स्कूल प्रबंधक मोहित गोयल, मनीष भांबरी सचिव ए.एस. मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कविता गुप्ता सचिव ए.एस. कॉलेज फॉर विमेन, अजय सूद सचिव ए.एस. कॉलेज, रामरिश विज सचिव ए.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, सबोध मित्तल सचिव ए.एस. कॉलेज ऑफ एजुकेशन, शिवम बेदी प्रबंधक एम.जी.सी.ए.एस. मॉडल हाई स्कूल मौजूद थे और ए.एस. ट्रस्ट के महासचिव श्री राजेश डाली ने इस आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं भेजीं। इस अवसर पर राजीव राय मेहता (पूर्व अध्यक्ष ए.एस. ट्रस्ट), शमिंदर सिंह मिंटू (पूर्व अध्यक्ष ए.एस. ट्रस्ट), विकास मेहता (पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद खन्ना), तजिंदर शर्मा, शालू कालिया, विकास मेहता, राजकुमार साहनेवालिया, रणजीत सिंह हीरा, सुदर्शन वर्मा, अश्विनी बंसल (पूर्व अध्यक्ष ए.एस. ट्रस्ट), एडवोकेट राकेश शाही, लोक नाथ (शिक्षक), के.के. शर्मा (पूर्व प्रिंसिपल), शाम सुंदर (पूर्व प्रिंसिपल), ओमान दत्त (पूर्व प्रिंसिपल), के.के. शर्मा प्रिंसिपल एएस कॉलेज खन्ना, पवन शर्मा प्रिंसिपल एएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन, शमिंदर वर्मा प्रिंसिपल एएस मॉडर्न स्कूल, रितु सूद हेड मिसेज एमजीसी एएस मॉडल हाई स्कूल, करमचंद, विनोद वर्मा, प्रिंसिपल नवतेश शर्मा, प्रिंसिपल बलजीत सिंह, प्रिंसिपल आदर्श शर्मा ने हिस्सा लिया। स्टेज सेक्रेटरी की भूमिका भीम सेन और स्वाति विज ने निभाई। पूरे स्कूल स्टाफ ने लगन से अपनी ड्यूटी निभाई और पूरे प्रोग्राम को यादगार बना दिया। इसके अलावा, लगभग 300 शहरवासी इस प्रोग्राम में आए और बच्चों की हिम्मत बढ़ाई।

# खन्ना सिविल हॉस्पिटल को मिली एक और नई एक्स-रे मशीन, मंत्री ने किया उद्घाटन



अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण

**खन्ना, 24 दिसंबर।** खन्ना के सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों के लिए बड़ी राहत की खबर है। लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए हॉस्पिटल में एक और नई एक्स-रे मशीन स्थापित की गई है। करीब 10 लाख रुपये की लागत से खरीदी गई इस आधुनिक मशीन का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री तरुण प्रीत सिंह सौंद ने किया। गौरतलब है कि खन्ना सिविल हॉस्पिटल में पहले से लगी एक्स-रे मशीन करीब 12 साल पुरानी हो चुकी थी। ज्यादा लोड पड़ने के कारण यह मशीन अक्सर खराब हो जाती थी, जिससे स्टाफ को कई बार हाथ से (मैनुअल) एक्स-रे लेने पड़ते थे। इससे कर्मचारियों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता था और मरीजों को भी अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ती थी। इस समस्या को लेकर हॉस्पिटल प्रशासन और इलाके के लोगों की ओर से लंबे समय से नई मशीन की मांग की जा रही थी।

कैबिनेट मंत्री तरुण प्रीत सिंह सौंद ने हेल्थ मिनिस्टर से बातचीत कर यह मांग पूरी करवाई और खन्ना सिविल हॉस्पिटल के लिए नई एक्स-रे मशीन मंजूर करवाई। उद्घाटन के मौके पर मंत्री सौंद ने कहा कि आप सरकार हेल्थ क्रांति में नंबर वन है। उन्होंने कहा कि पिछली अकाली और कांग्रेस सरकारों के समय सरकारी अस्पतालों की हालत काफी खराब थी और कई बार खन्ना सिविल हॉस्पिटल में डिस्प्रिन जैसी आम दवा भी उपलब्ध नहीं होती थी।

# श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन चैत्यालय जीरकपुर में हर्ष और उल्लास के साथ स्थापना कार्यक्रम हुआ संपन्न

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 24 दिसंबर।** श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन चैत्यालय जीरकपुर में हर्ष और उल्लास के साथ स्थापना कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्थापना कार्यक्रम के लाभार्थी हंस कुमार जैन परिवार रहे। चैत्यालय में श्री 1008 पारसनाथ भगवान एवं श्री 1008 शांतिनाथ भगवान को विधिवत बेदी में याग मंडल विधान के उपरांत विराजमान किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं का मंदिर जी में ताता लगा रहा। इस कार्यक्रम की शुरुआत झंडा पूजन एवं झंडा रोहण से श्रीमान राकेश जैन प्रतिभा जैन परिवार द्वारा किया गया। महिलाओं द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ घट यात्रा निकाली गई तत्पश्चात बेदी शुद्धि सब इंद्र इन्द्राणी द्वारा की गई। सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य श्रीमान अरुण कुमार जैन, हिमांशु जैन परिवार को मिला। शेष इंद्र-इन्द्राणी मिनी जैन, अंजय जैन एवं राजकुमार जैन रहे। शेखर जैन ने बतलाया कि संपूर्ण कार्यक्रम पंडित संदीप जी पंचकूला एवं पंडित मनीष जी जीरकपुर द्वारा विधिवत कराया गया। श्री 1008 पारसनाथ भगवान एवं श्री 1008 शान्तिनाथ भगवान का नवन एवं शांतिधारा की गई। मुख्य शांतिधारा के पुण्यार्जक श्रीमान अरुण कुमार जैन परिवार, श्रीमान नीरज जैन परिवार रहे। इस ऐतिहासिक पल पर मंच संचालन श्री अमोल जैन एडवोकेट ने किया एवं उन्होंने बताया की मंदिर जी मे समय समय पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कराया जाता है। आगामी कार्यक्रम 17 जनवरी 2026 को आदिनाथ जयंती पर होगा7 इस मौके पर दिगंबर जैन मंदिर, सेक्टर 27, चंडीगढ़ की कार्यकारणी, अम्बाला छावनी जैन सभा, सहारनपुर जैन सभा के माननीय सदस्य आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज सेवी एवं डॉक्टर जितेंदर शर्मा, जीरकपुर भी मंदिर जी में दर्शनार्थ हेतु आए। स्थापना दिवस का समापन हवन के साथ हुआ। कार्यक्रम के उपरांत सकल समाज के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी।

# एनएफसीआई ने कुकिंग प्रतियोगिता नेशनल कलिनरी चैलेंज सीजन-3 का पहला राउंड किया आयोजित

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 24 दिसंबर।** एनएफसीआई (नेशनल फिनिशिंग एंड कुकरी इंस्टिट्यूट) द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित कुकिंग प्रतियोगिता एनसीसी - 2026 (नेशनल कलिनरी चैलेंज), सीजन-3 का पहला राउंड कल सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर की कुकिंग प्रतियोगिता में एनएफसीआई ग्रुप के देशभर से लगभग 1,300 छात्र भाग लेने जा रहे हैं। यह प्रतियोगिता देशभर के उभरते शेफ्स को अपनी कुकिंग प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा मंच प्रदान करती है।

इस कुकिंग प्रतियोगिता का पहला राउंड एनएफसीआई के चंडीगढ़ कैंपस में कल आयोजित किया गया, जिसमें चंडीगढ़ के 73 विद्यार्थियों ने दूसरे राउंड में अपनी जगह बनाने के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का थीम फ्लावर रिफाइंड की रेसिपी' रखा गया था। इस थीम के अंतर्गत प्रतिभागियों ने शुद्ध शाकाहारी भारतीय व्यंजन अपनी पारिवारिक रेसिपी के आधार पर तैयार किए, लेकिन उन्हें अपने अनोखे ट्विस्ट के साथ प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के इस राउंड में बने व्यंजनों का स्वाद और प्रस्तुति का मूल्यांकन शेफ रजनीश (एक्ज़ीक्यूटिव शेफ, विंधम, चंडीगढ़), शेफ दीपक कश्यप (एक्स-एक्ज़ीक्यूटिव शेफ, बेस्ट वेस्टर्न प्लस होटल), अदीस अबाबा, इथियोपिया (ओनर – बुरकिया कैफ़े, मोहाली) ने जज के रूप में किया। जजेस ने छात्रों की क्रिएटिविटी, स्वाद, प्रस्तुति और इनोवेशन की खूब सराहना की।

इसके साथ ही, चंडीगढ़ के प्रसिद्ध सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर – जसप्रीत सिंह (foodie_couple_chd), ने रील्स शूट कीं और प्रमोशनल आउटरीच के लिए लाइव अपडेट्स साझा किए। इस अवसर पर सेंटर मैनेजर श्रीमती अनु शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि एनसीसी जैसी प्रतियोगिताएँ छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें प्रोफेशनल इंडस्ट्री के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इस प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 30 जनवरी 2026 को पुष्पा गुजराल साइंस सिटी, कपूरथला, पंजाब में आयोजित किया जाएगा, जहां देशभर से चुने गए 69 प्रतिभागी अपनी पाक कला का अंतिम प्रदर्शन करेंगे।

# हिज एक्सीलेंट इंस्टीट्यूट बच्चों का संपूर्ण विकास करने में सक्षम, बच्चों के भविष्य के सपनों को पूरा कर रहा : डॉ. आशीष सरीन

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर, 24 दिसंबर।** स्कूल कैटेगरी फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 जो कि स.स.स. स्कूल गाँव बोहन में आयोजित हुआ, में विभिन्न स्कूलों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट में हिज़ एक्सीलेंट इंस्टीट्यूट के बच्चों ने भी भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया। करन शर्मा ने मैच के दौरान हैट्रिक की, बाकी बच्चों ने भी इस मैच के दौरान बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया और हिज़ की टीम ने दूसरा इनाम हासिल किया। इसके साथ-साथ हिज़ के विद्यार्थियों को जोनल मैच में भी अपना हुनर दिखाने का मौका दिया गया। करन शर्मा ने इस फुटबॉल मैच में सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

इस मौके पर विद्यार्थी करन, जोबनप्रीत, निशांत, दिलप्रीत, हरमिंदर, दिलप्रीत, हरमन, तनवीर, जसजीत तलवार और कुमार भट्टी, रणवीर सिंह, इमोन जसवाल, तेजवीर, अर्शदीप आदि उपस्थित थे। इस खुशी के मौके पर बच्चों के माता-पिता ने डॉ. आशीष सरीन का बहुत धन्यवाद किया कि हिज़ एक्सीलेंट में आकर बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल स्तर की प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लेने और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

डॉ. आशीष सरीन ने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया और आगे बढ़ने के लिए कुछ जरूरी बातें भी बताईं जो कि बच्चों के लिए आगे बढ़ने में बहुत ही लाभदायक साबित होती हैं। इसके साथ और बताते हुए डॉ. आशीष सरीन ने कहा कि हिज़ विद्यार्थियों के माँ-बाप की पहली पसंद है। क्योंकि हिज़ इंस्टीट्यूट उनके बच्चों का संपूर्ण विकास करने में सक्षम है और साल दर साल उनके बच्चों के भविष्य के सपनों को पूरा कर रहा है।

इस मौके पर बच्चों के माँ-बाप ने हिज़ इंस्टीट्यूट के मेहनती स्टाफ का भी बहुत-बहुत धन्यवाद किया।

# फॉलोअप, गायिका व अदाकारा अमर नूरी को मिली धमकी का मामला

साइबर फ्रॉड से जुड़ा निकला, तीन लोग राउंड अप

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण

**खन्ना, 24 दिसंबर।** खन्ना में पंजाबी गायिका एवं अदाकारा अमर नूरी को धमकी भरी कॉल मिलने का मामला अब साइबर फ्रॉड से जुड़ा हुआ सामने आया है। इस केस में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को राउंड अप किया है। मामले की जानकारी देते हुए डीएसपी मोहित सिंगला ने बताया कि यह धमकी भरी कॉल किसी निजी रंजिश का नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साइबर ठगी की साजिश का हिस्सा थी। डीएसपी मोहित सिंगला के अनुसार इस पूरे मामले में कपूरथला जिले की रहने वाली एक महिला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम से एक मोबाइल नंबर हासिल किया और उस नंबर पर ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) लेकर अवैध रूप से व्हाट्सएप अकाउंट एक्टिव किया। इसके बाद इसी व्हाट्सएप नंबर का इस्तेमाल कर अमर नूरी को धमकी भरे फोन किए गए। पुलिस जांच में सामने आया है कि धमकी देने का मकसद साइबर फ्रॉड के जरिए पैसे ऐंठना था। आरोपी अमर नूरी से पैसों की मांग करने की फिराक में थे, लेकिन इससे पहले ही पीड़िता की शिकायत पुलिस तक पहुंच गई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने केस दर्ज कर तकनीकी जांच के जरिए पूरे नेटवर्क को ट्रेस किया। डीएसपी ने बताया कि यह धमकी भरी कॉल सीधे तौर पर साइबर फ्रॉड का हिस्सा है और राउंड अप किए गए लोग बड़े पैमाने पर साइबर ठगी को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। पुलिस इस मामले में आगे की पूछताछ कर रही है और यह भी जांच की जा रही है कि इनके संपर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी सुरक्षित रखें और किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या धमकी की तुरंत सूचना पुलिस को दें।

# डीएवी स्कूल में पुनर्चक्रित शिल्प प्रदर्शनी और कार्यशाला का आयोजन

अर्थ प्रकाश/दर्शन शर्मा




**मूनक, 23 दिसबर।** भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम के दिशानिर्देशों के अनुसार, पंजाब राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा हमारे विद्यालय में पुनर्चक्रित शिल्प प्रदर्शनी और कार्यशाला का आयोजन किया गया। पंजाब के डीएवी विद्यालयों के लिए नोडल एजेंसी के रूप में डीएवी कॉलेज, जालंधर ने कार्य किया।

17 दिसंबर 2025 को वार्षिक खेल प्रतियोगिता के अवसर पर, विद्यालय परिसर में पुनर्चक्रित शिल्प के उपयोग पर एक सफल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने प्लास्टिक की बोतलों, कार्डबोर्ड, समाचार पत्रों, पुराने कपड़ों और टीन के डिब्बों जैसी बेकार सामग्रियों से बनी विभिन्न प्रकार की प्रभावशाली शिल्प वस्तुएं प्रदर्शित कीं। प्रदर्शित वस्तुओं में विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता, कौशल और पर्यावरण के प्रति उनकी चिंता झलकती थी। प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण जागरूकता और अपशिष्ट पदार्थों के रचनात्मक पुनः उपयोग को बढ़ावा देना था। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण को क्षरण से बचाने के लिए आगे आने की अपील की। इस प्रदर्शनी की अभिभावकों ने भी खूब सराहना की और इसने सभी को अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

20 दिसंबर 2025 को छात्रों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य पुनर्चक्रित शिल्पकला के बारे में जागरूकता फैलाना था और सतत जीवन शैली और अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालना था। छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण और पर्यावरण योद्धा बनने की प्रतिज्ञा भी ली।

छात्रों को यह मार्गदर्शन दिया गया कि कैसे रोजमर्रा के अपशिष्ट पदार्थों को रचनात्मकता और नवाचार के माध्यम से उपयोगी और सजावटी वस्तुओं में बदला जा सकता है। कार्यशाला के दौरान, इको क्लब के प्रभारी श्री विशाल शर्मा और अन्य शिक्षकों ने छात्रों को पुनर्चक्रित शिल्पकला के बारे में जागरूक किया और उन्हें 'धरती माता के ब्रांड एंबेसडर' बनने के लिए प्रेरित किया।

# पीड़ित परिवार को निर्धारित सहायता राशि तत्काल जारी करने के निर्देश

## सैंज में अनुसूचित जाति की महिला से जुड़े मर्डर एवं दुराचार मामले की आयोग द्वारा सुनवाई, पुलिस जांच पर उठे गंभीर सवाल

**मामले में संबंधित थाने के तत्कालीन एसएचओ को किया निलंबित**

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 24 दिसंबर।** हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने बीते दिनों सैंज क्षेत्र में घटित अनुसूचित जाति की महिला से जुड़े मर्डर एवं दुराचार मामले की सुनवाई बहुउद्देश्यीय भवन, सैंज में की।

सुनवाई की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने की। इस अवसर पर आयोग के सदस्य (अधिवक्ता) दिग्विजय मल्होत्रा तथा सदस्य सचिव विनय मोदी भी उपस्थित रहे। आयोग ने मामले से संबंधित सभी पहलुओं की गहन समीक्षा करते हुए पीड़ित परिवार के सदस्यों से विस्तारपूर्वक बातचीत की।

सुनवाई के दौरान आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने कहा कि अनुसूचित जाति आयोग का गठन अनुसूचित जाति समुदाय के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है और आयोग पूरी प्रतिबद्धता के साथ इनके अधिकारों की सुरक्षा हेतु कार्य कर रहा है।

उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा की गई अलग-अलग स्तर की जांच में यह तथ्य सामने आया है कि इस मामले में पुलिस जांच के दौरान लापरवाही बरती गई तथा तथ्यों को दबाने (लीपापोती) के संकेत भी मिले हैं। अध्यक्ष ने कहा कि प्रारंभिक पुलिस जांच संदेह के घेरे में है। इस मामले में संबंधित थाने के तत्कालीन एसएचओ को निलंबित कर दिया गया है तथा आयोग द्वारा तत्कालीन पुलिस अधीक्षक (एसपी) और उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) की विभागीय जांच की सिफारिश भी की जाएगी।

### मानवता को झकझोर देने वाली घटना

अध्यक्ष ने इस घटना को अत्यंत दुखद और शर्मनाक बताते हुए कहा कि सैंज क्षेत्र में अनुसूचित जाति की महिला के साथ घटित यह घटना मानवता को झकझोर देने वाली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और आयोग के समक्ष यह आरोप लगाए जा रहे थे कि मामले की जांच निष्पक्ष एवं सही तरीके से नहीं की गई। इन्हीं शिकायतों को ध्यान में रखते हुए आयोग स्वयं मौके पर पहुंचा और सैंज क्षेत्र में घटना स्थल का दौरा और निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि आयोग ने स्थानीय लोगों, पीड़ित परिवार, पंचायत प्रतिनिधियों तथा मामले की जांच कर रहे तत्कालीन पुलिस अधिकारियों से विस्तृत पूछताछ की है। जांच में यह पाया गया कि जिस प्रकार से जांच होनी चाहिए थी, उस प्रकार से नहीं की गई और कई स्तरों पर कोताही बरती गई। सही धाराएं समय पर नहीं लगाई गईं, जिसके कारण पोस्टमार्टम प्रक्रिया भी अपेक्षित मानकों के अनुरूप नहीं हो सकी। अध्यक्ष ने कहा कि गांव और स्थानीय लोगों के दबाव के चलते बाद में गठित एसआईटी द्वारा जांच को सही दिशा में ले जाया गया, जिसके परिणामस्वरूप चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू एवं प्रदेश सरकार इस प्रकार की घटनाओं को लेकर गंभीर और चिंतित हैं तथा समाज में अनुसूचित जातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के प्रति व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

कुलदीप धीमान ने कहा कि इस मामले में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, चाहे वह किसी भी पद पर क्यों न हो, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा न केवल केस तैयार करने में बल्कि साक्ष्य एकत्र करने और जांच प्रक्रिया में भी गंभीर लापरवाही बरती गई।

इस अवसर पर आयोग ने पीड़ित महिला के पति, बच्चों, ग्राम पंचायत प्रधान, पंचायत सदस्यों, महिला मंडल के सदस्यों, पुलिस अधिकारियों, एसआईटी टीम तथा पुलिस अधीक्षक से अलग-अलग पूछताछ कर मामले की संपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

आयोग के अध्यक्ष ने संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक औपचारिकताएँ शीघ्र पूर्ण कर पीड़ित परिवार को निर्धारित सहायता राशि तत्काल जारी की जाए। सुनवाई के दौरान उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश, पुलिस अधीक्षक मदन लाल, पीड़िता के परिजन, ग्राम पंचायत के सदस्य तथा स्थानीय महिला मंडल के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# 6 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट, ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात की संभावना

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** बर्फबारी व बारिश से सूखे गुजर रहे दिसम्बर माह के बीच में अब आगामी 4 दिनों तक प्रदेश के 6 जिलों में घने कोहरे का यैलो और 1 जिले में ऑरैंज अलर्ट जारी किया गया है। एक ओर जहां ऊंचे और जनजातीय इलाकों में कड़ाके की ठंड के साथ पारा माइनस में पहुंच गया है।

वहीं निचले और मैदानी जिलों में घने कोहरे ने जनजीवन को प्रभावित किया है। मौसम विभाग ने अगले 4 दिन मैदानी व निचले इलाकों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की है।

खासतौर पर बिलासपुर, ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, सोलन व सिरमौर जिलों में घने कोहरे की चेतावनी बताई है। इनमें बिलासपुर के भाखड़ा बांध जलाशय इलाकों में घने कोहरे का ऑरैंज अलर्ट व अन्य जिलों में यैलो अलर्ट रहेगा। राज्य में 28 व 30 दिसम्बर को उच्च पर्वतीय इलाकों में बर्फ गिरने का अनुमान है, क्योंकि 27 दिसम्बर की रात्रि से एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, लेकिन हिल स्टेशनों शिमला और मनाली में एक हफ्ते तक बर्फबारी होने के आसार नहीं हैं। 29 दिसम्बर को फिर मौसम साफ रहने का अनुमान है। बारिश-बर्फबारी न होने से राज्य में सूखी ठंड लोगों को परेशान कर रही है।

मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश में मौसम शुष्क रहा, लेकिन निचले जिलों में घने कोहरे का व्यापक असर देखा गया।

बिलासपुर में बेहद घना कोहरा छाया रहा, जहां दृश्यता घटकर केवल 20 मीटर तक रह गई, जबकि सुंदरनगर में घने कोहरे के कारण दृश्यता 70 मीटर और मंडी में करीब 200 मीटर रिकॉर्ड की गई।



# प्राथमिक पाठशाला मनहौन को प्राथमिकता के आधार पर बहाल करे सरकार : शौरी

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**बंजार (कुल्लू) 24 दिसंबर।** बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी बुधवार को ग्राम पंचायत कलवारी के एकदिवसीय दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने नघार, रंबी, मनहौन, फग्रोट, ननौट एवं देहुरी गांवों का दौरा कर विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना।

ग्रामीणों ने सड़क व्यवस्था एवं बस सेवाओं की शीघ्र बहाली की एकस्वर में मांग रखी, जिस पर विधायक सुरेंद्र शौरी ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

मनहौन गांव के ग्रामीणों ने सरकार द्वारा बंद की गई प्राथमिक पाठशाला को पुनः बहाल करने का आग्रह विधायक के समक्ष रखा। विधायक शौरी ने मौके से ही एक वीडियो संदेश जारी कर क्षेत्र की वास्तविक स्थिति को सामने रखा। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों एवं कठिन आवागमन के मार्गों को देखते हुए उन्होंने जनहित में प्राथमिक पाठशाला मनहौन को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पुनः प्रारंभ करने की मांग सरकार से की।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान एवं मंगलौर भाजपा मंडलाध्यक्ष डावे राम, चेतन प्रकाश, गुमत राम, बलबीर, जैसी नेगी, रणजीत सिंह, सुंदर सिंह, बहादुर सिंह, हजारी सिंह, टेक सिंह, मोहन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया।

# जीडीएच इंडस्ट्रीज और देवभूमि ग्लास प्रा. लि. बसाल में भरे जाएंगे 69 पद

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** मैसर्ज जीडीएच इंडस्ट्रीज बसाल और देवभूमि ग्लास प्राइवेट लिमिटेड बसाल में विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है। यह साक्षात्कार 26 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी, ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि जीडीएच इंडस्ट्री? बसाल में प्लांट हेल्पर के 10 पद, प्रेस हेल्पर के 25, फरनास हेल्पर के 15, सुपरवाइजर के 2, प्रेस ऑप्रेटर के 4, फरनास ऑप्रेटर के 2, टेबल ऑप्रेटर के 2 और टूल/डाई ऑप्रेटर के 5 पद भरे जाएंगे। इसके साथ ही, देवभूमि ग्लास प्रा. लि. में सेल? और मार्किटिंग एग्जिक्यूटिव के 3 पद और स्टोर कीपर का 1 पद भरा जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्लांट हेल्पर, प्रेस हेल्पर और फरनास हेल्पर के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं और 10वीं तथा प्रेस ऑप्रेटर, फरनास ऑप्रेटर, टेबल ऑप्रेटर एवं टूल/डाई ऑप्रेटर पदों के लिए 10वीं निर्धारित की गई है। इन सभी पदों के लिए आयु सीमा 18 से 35 वर्ष तथा वेतन सरकारी मानदंडों के अनुसार दिया जाएगा। इसके अलावा सुपरवाइजर पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं और स्नातक, 1 से 3 वर्ष का अनुभव और आयु सीमा 20 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है।

सेल? एंड मार्किटिंग एग्जिक्यूटिव पद के लिए शैक्षणिक योग्यता एमबीए, 2 से 3 वर्ष का अनुभव, आयु सीमा 25 से 45 वर्ष तथा वेतन 20 से 25 ह?ार रूपये निर्धारित किया गया है। इसके अलावा स्टोरकीपर पद के लिए स्नातक, 2 से 3 वर्ष का अनुभव, आयु सीमा 25 से 45 वर्ष और 15 से 18 ह?ार रूपये वेतन दिया जाएगा।

अक्षय शर्मा ने बताया कि इच्छुक व योग्य अभ्यर्थी अपनी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट आकार की फोटो, अनुभव प्रमाण पत्र, बायोडाटा व मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 98050-54957 पर सम्पर्क कर सकते हैं। साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।



# उपायुक्त तोरुल एस. रवीश ने किया कर्मचारी संघ, जिला कुल्लू के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 24 दिसंबर।** उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ, ज़िला कुल्लू द्वारा प्रकाशित कैलेंडर 2026 का विधिवत विमोचन उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश ने उपायुक्त कार्यालय परिसर में किया। इस अवसर पर उन्होंने कैलेंडर का अवलोकन करते हुए संघ के प्रयासों की सराहना की।

विमोचन कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार, सहायक आयुक्त जयबंती ठाकुर, तहसीलदार सुरभी नेगी, संघ के अध्यक्ष तापे राम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष निशा वर्मा, महासचिव प्रणव ठाकुर सहित संघ के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

उपायुक्त तोरुल एस. रवीश ने कहा कि इस प्रकार के कैलेंडर न केवल कार्यालयीन गतिविधियों के सुव्यवस्थित संचालन में सहायक होते हैं, बल्कि कर्मचारियों के बीच आपसी समन्वय तथा संगठनात्मक एकता को भी सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने कैलेंडर के आकर्षक प्रस्तुतीकरण एवं उपयोगी जानकारियों के लिए कर्मचारी संघ को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि संघ भविष्य में भी इसी प्रकार सकारात्मक एवं रचनात्मक कार्य करता रहेगा।

इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों ने उपायुक्त का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कैलेंडर कर्मचारियों की दैनिक कार्यप्रणाली को सुचारु बनाने के साथ-साथ विभागीय सूचनाओं को एक मंच पर उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### धारा शिल्ह जंगल में भेड़-बकरियां चराने गए भेड़पालक पर भालू ने किया हमला



**कुल्लू।** जिले के काईस से सटे धारा शिल्ह जंगल में बुधवार को भालू ने एक भेड़पालक पर हमला कर घायल कर दिया। भेड़पालक ओम प्रकाश निवासी धाराशरण भेड़-बकरियां चराने जंगल में गया था। दोपहर करीब डेढ़ बजे भालू ने उस पर अचानक हमला कर उसे घायल कर दिया। जान बचाने के लिए ओम प्रकाश घायल अवस्था में धाराशरण गांव के समीप पहुंचा और एक व्यक्ति के फोन से परिजनों को सूचित किया। परिवार के सदस्यों ने तुरंत एम्बुलेंस के जरिए उसे क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचाया। क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के एमएस तारा चंद ने कहा बताया कि भालू के हमले में घायल व्यक्ति अस्पताल में उपचाराधीन है। वहीं धाराशरण के ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि जल्द भालू को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाए, ताकि भेड़पालकों और लोगों को जानमाल का नुक्सान न उठाना पड़े। लोगों ने वन विभाग से मांग की है कि भालू के हमले से घायल व्यक्ति को उचित मुआवजा दिया जाए।

# खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए हिमाचल में खेल अधोसंरचना का किया जा रहा विकास : सीएम सुक्खू

**ग्राउंड लेवल से ग्लोबल स्तर तक हिमाचल में खेलों को दिया जा रहा बढ़ावा**

अर्थ प्रकाश/ अरविंद शर्मा



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को कहा कि खेलों को बढ़ावा देना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए सरकार आधुनिक सुविधाएं, पुरस्कार राशि, बेहतर डाइट मनी और रोजगार के अवसर सृजित कर रही है ताकि युवा खेलों की ओर प्रोत्साहित हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में उपयोग किया जा रहा है ताकि वह सामाजिक बुराइयों से दूर रहें। बेहतर पुरस्कार राशि और रोजगार के अवसर जैसे प्रोत्साहनों से युवा खेलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार खेल गतिविधियों को विस्तृत स्तर पर बढ़ावा दे रही है जबकि पूर्व सरकार ने इस क्षेत्र की अनदेखी की थी। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए रोजगार में तीन प्रतिशत खेल कोटा निर्धारित किया गया है, जिसके तहत वर्ष, 2024 से अब तक 99 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए 68 खण्डों में युवा स्वयं सेवी नियुक्त करने के साथ-साथ प्रत्येक जिला मुख्यालय में भी एक स्वयं सेवक तैनात किया गया है। वर्ष, 2024 में खेल गतिविधियों पर 3.2 करोड़ रुपये खर्च किए गए जबकि वर्तमान वित्त वर्ष में 4 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। राज्य में खेल के मैदान और आधुनिक खेल सुविधाओं के निर्माण और रख रखाव पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नादौन में लगभग 9,735 वर्ग मीटर क्षेत्र में 112.49 करोड़ रुपये की लागत से इंडोर बहुद्देशीय खेल परिसर निर्मित किया जा रहा है। इस परिसर में शूटिंग रेंज, स्विमिंग पूल, जिम, कुश्ती, बॉक्सिंग, कबड्डी, योग हॉल, टेबल टेनिस सुविधाएं, चार बैडमिंटन कोर्ट, वॉलीबाल और टेनिस कोर्ट सहित कैफेटेरिया, प्रतीक्षालय और ऑफिस स्पेस जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि में वृद्धि की गई है। ओलंपिक, विंटर ओलंपिक और पैरालंपिक में स्वर्ण पदक विजेता को अब 5 करोड़ रुपये, रजत को 3 करोड़ और कांस्य को 2 करोड़ रुपये मिलेंगे। एशियाई खेलों और पैरा एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि को 50 लाख रुपये से बढ़ाकर 4 करोड़, रजत पदक विजेताओं की राशि को 30 लाख रुपये से बढ़ाकर 2.50 करोड़ और कांस्य पदक विजेताओं की राशि को 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.50 करोड़ रुपये किया गया है।

# हिमाचल प्रदेश में मनरेगा योजना कांग्रेस की नाकामी के कारण पूरी तरह विफल : अखिलेश

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 24 दिसंबर।** प्रदेश में चल रही मनरेगा योजना की जगह ÷जी राम जी÷ द्वारा लिए जाने पर दिए प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह के बयान पर भाजपा ने क?ा रुख अपना लिया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जी राम जी योजना का विरोध करना कांग्रेस सरकार की सनातन विरोधी मानसिकता और आर्थिक कुप्रबंधन को छिपाने का एक पैंतरा मात्र है।



कपूर ने आंकड़ों के साथ सरकार की पोल खोलते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में चल रही मनरेगा योजना आज कांग्रेस सरकार की नाकामी के कारण पूरी तरह विफल गई है और प्रदेश की जनता इस योजना के लाभ से वंचित हो रही है।

?अखिलेश कपूर ने गंभीर आरोप लगाया कि प्रदेश में मनरेगा मजदूरों की दिहाड़ी ?320 है, जिसमें ?247 का केंद्रीय शेयर तो मिल रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार का अपना निहित हिस्सा रु 73 कई महीनों से मजदूरों के खातों में जमा नहीं हुआ है। उन्होंने सवाल उठाया कि जो प्रदेश सरकार अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा पा रही और ग्रामीण मजदूरों के हक का पैसा रोककर बैठी है, वह किस आधार पर जी राम जी योजना का विरोध कर रही है ? उन्होंने स्पष्ट किया कि जी राम जी योजना में मनरेगा के 100 दिन के मुकाबले 125 दिन के रोजगार की गारंटी है और भुगतान की अवधि को 15 दिन से घटाकर मात्र 7 दिन किया गया है, जो वर्तमान सरकार की विफल व्यवस्था पर करारा तमाचा है।

प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि सत्ता में आते ही सनातनी विचारधारा को हराने का दावा करने वाली प्रदेश सरकार आज अपनी 10 झूठी गारंटियों की विफलता और बाढ़ पीड़ितों की अनदेखी से जनता का ध्यान भटकाने के लिए राम नाम पर अनर्गल बयानबाजी कर रही है।

# टूरिस्ट सीजन और विंटर कार्निवल के बीच सफाई कर्मचारियों की मेहनत बनी शिमला की पहचान

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला।** किसी भी शहर की पहली पहचान उसकी साफ़-सफाई से होती है। जब कोई पर्यटक किसी जगह पर कदम रखता है, तो सबसे पहले उसकी नज़र आसपास की स्वच्छता पर जाती है। इन दिनों शिमला में क्रिसमस और विंटर कार्निवल के चलते देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। पहाड़ों की रानी शिमला को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की यह जिम्मेदारी नगर निगम शिमला के सफाई कर्मचारियों बखूबी निभा रहे हैं।

भारी पर्यटक दबाव के बीच नगर निगम शिमला ने सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए शहर को चार ज़ोनों में विभाजित किया है। पहला ज़ोन एजी चौक, दूसरा शिल्ली चौक, तीसरा स्कैंडल प्वाइंट और चौथा आईजीएमसी क्षेत्र है। इन सभी ज़ोनों में सफाई व्यवस्था की निगरानी नगर निगम शिमला के स्वास्थ्य एवं सैनिटरी इंस्पेक्टर रजनीश बरार स्वयं कर रहे हैं। सैनिटरी इंस्पेक्टर रजनीश बरार ने बताया कि इस समय शिमला में पर्यटकों का भारी रश है। लोग मिनटों में सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा डाल रहे हैं, जिससे सफाई कर्मचारियों को लगातार सतर्क रहना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रोज़ाना टनों के हिसाब से कचरा निकल रहा है, जिसे उठाने के लिए नगर निगम की दो इलेक्ट्रिक गाड़ियां आवश्यकता अनुसार तुरंत मौके पर पहुंचाई जाती हैं।

**मातृ नमन** श्यामला ट्रस्ट की ओर से गेयटी थियेटर में लोक माता अहिल्याबाई होलकर मातृ नमन कार्यक्रम

# माताएं तय कर लेती हैं तो राह में कोई रोड़ा नहीं बन सकता : जयराम

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** श्यामला ट्रस्ट द्वारा गेयटी थियेटर में आयोजित लोक माता अहिल्याबाई होलकर मातृ नमन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि यह कार्यक्रम बहुत बड़ा है। यह मातृवंदन हैं। माँ के बिना तो हमारा अस्तित्व ही नहीं है। आज हम जो भी हैं उसमें हमारी माँ की सीख, संघर्ष प्रेरणा का ही योगदान हैं। माँ पर कुछ कहना सच में सूर्य को दिया दिखाने जैसा है, क्योंकि माँ की महिमा शब्दों में समेटी ही नहीं जा सकती। माँ जीवन की वह शक्ति है, जो जन्म देती है, सँवारती है और हर पल अपने बच्चे के भविष्य के लिए समर्पित रहती है। पहली गुरु बनकर बोलना सिखाती है, चलना सिखाती है, और जीवन जीना सिखाती है। सच कहा जाए तो माँ केवल जन्म नहीं देती, बल्कि जीवन को अर्थ देती है, दिशा देती है और हमें मानवता और संवेदनशीलता से जोड़ती है। उसके त्याग, धैर्य, अनुशासन और असीम प्रेम से ही व्यक्ति महान बनता है, परिवार संस्कारित होता है और राष्ट्र मजबूत बनता है। ÷यदि दुनिया को बेहतर बनाना है, तो माताओं का सम्मान, समर्थन और सशक्तिकरण आवश्यक है, क्योंकि हर महान व्यक्ति के व्यक्तित्व की जड़ में ÷माँ÷ खड़ी होती है।÷इस कार्यक्रम में अपने संघर्ष और लगन से अपने बच्चों को आगे बढ़ाने वाली माताओं को उन्होंने सम्मानित किया। इस मौके पर उनके साथ वरिष्ठ टीवी पत्रकार रुबिका लियाकत, श्यामला ट्रस्ट के संरक्षक नितिन व्यास, अध्यक्ष सूरज जमालटा, सचिव ईशा शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज आदि उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में पहुँच स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ क्योंकि यह कार्यक्रम हर लिहाज़ से बाक़ी के कार्यक्रमों से अलग है। माताओं के बिना हम जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। माताएं जब ठान लेती हैं तो उनकी राह में कोई भी बाधाएँ नहीं आ सकती हैं। कोई कठिनाई उनका रास्ता नहीं रोक सकती है। उन्होंने अपने मुख्यमंत्रित्व काल के किस्से साझा करते हुए बताया कि कैसे एक माँ ने सहारा योजना के सहारे पति के छोड़ जाने के बाद भी दिव्यांग बच्चों सहित खुद को संभाला और कैसे शगुन योजना का पैसा मिलने पर बेटी ने चेक अपने पिता को सौंपते हुए कहा कि यह पैसा आप उन्हें लौटा दो जिनसे आपने कर्ज लिया है। यह भाव सिर्फ मातृशक्ति का हो सकता है। उनके लिए संघर्ष बड़ी बाधा नहीं हर दिन का काम हैं उनसे बखूबी निपटती हैं।

उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम लोक माता पुण्य श्लोक अहिल्या बाई होलकर के नाम से है। उनका जीवन अपने आप में संघर्षों की जीवंत कहानी हो। लेकिन उनके काम हैं उनमें आधुनिक भारत की झलक दिखती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से हमने हाल ही में उनकी जन्म त्रिशताब्दी मनाई। इतिहास ने उनके साथ न्याय नहीं किया। हमें उनके बारे में बहुत ज़्यादा जानने नहीं दिया गया।




## पीएम मोदी भारत को विश्व मंच पर दिला रहे नई पहचानः पंकज पूजन



अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि अटल जी का नेतृत्व दूरदर्शिता, संवेदनशीलता और दृढ़ संकल्प का अद्भुत संगम था। उनके नेतृत्व में भारत ने पोखरण परमाणु परीक्षण के माध्यम से विश्व को अपनी सामर्थ्य का परिचय दिया, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना के माध्यम से विकास की मजबूत नींव रखी और विदेश नीति में संतुलन व सम्मान की नई पहचान बनाई। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अटल बिहारी वाजपेयी जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए भारत को विश्व पटल पर नई पहचान दिला रहे हैं और अटल जी का भारत बन रहा वैश्विक शक्ति का केंद्र बनता जा रहा है । मोदी जी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर और विकसित भारत की ओर तेजी से अग्रसर है और हर नागरिक को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की अमर स्मृतियों को नमन करते हुए 'अटल स्मृति वर्ष' के अंतर्गत आज भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद द्वारा अटल जी की प्रतिमा पर जिले की बडखल व फरीदाबाद विधानसभा में भव्य दीपांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# नशा मुक्ति व साइबर क्राइम के प्रति बच्चों को किया जागरूक : रणसिंह

### शांति निकेतन स्कूल में पुलिस अधीक्षक का प्रेरणादायक आगमन

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम



**फतेहाबाद, 24 दिसंबर।** शांति निकेतन स्कूल, ढिंगसरा के प्रधानाचार्य रणसिंह रेपस्वाल व डायरेक्टर विजय सिंह बाघेला ने जानकारी देते हुए कि पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को नशा मुक्ति एवं साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विद्यालय में एक भव्य एवं अत्यंत उपयोगी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में जिला फतेहाबाद के पुलिस अधीक्षक आईपीएस श्री सिद्धांत जैन व गाँव ढिंगसरा के सरपंच श्री सुभाष मूंड, शिक्षाविद् श्री सर्वजीत सिंह मान, पीडीएम स्कूल के प्रधानाचार्य श्रीमति अनिता गिजरोईया, श्री गुरमेहर सिंह, श्री पंकज मेहता, श्री भूपेंद्र गोदारा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय के आगमन पर विद्यालय प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा तालियों की गूंज के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक महोदय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का छात्र ही कल का भविष्य है और यदि युवा पी?ी स्वस्थ, जागरूक और सुरक्षित होगी तभी समाज सशक्त बन पाएगा। उन्होंने नशा मुक्ति पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि नशा धीरे-धीरे व्यक्ति की सोच, स्वास्थ्य, प?ाई और भविष्य को खोखला कर देता है। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ लेने और अपने आसपास के लोगों को भी नशे के खिलाफ जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने अपने संबोधन में ब?ते साइबर अपराधों पर गंभीर चिंता व्यक्त की और विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, लिंक फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, साइबर बुलिंग एवं ऑनलाइन गेमिंग के खतरों के बारे में सरल भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और अपनी निजी जानकारी, पासवर्ड या ओटीपी किसी को भी न दें।

## भाजपा, शिअद और बसपा ने डेराबस्सी की वार्डबंदी पर उठाए गंभीर सवाल

अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेरा बस्सी।** डेराबस्सी नगर परिषद की हाल ही में जारी वार्डबंदी को लेकर राजनीतिक हलकों में विरोध तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी, शिरोमणि अकाली दल और बहुजन समाज पार्टी ने इसे कानून के खिलाफ बताते हुए पूरी प्रक्रिया और इसकी मंशा पर सवाल खड़े किए हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों का कहना है कि वार्डबंदी न तो तय नियमों के अनुसार की गई है और न ही इसमें शहर के संतुलित विकास और सामाजिक न्याय का ध्यान रखा गया है।

भारतीय जनता पार्टी के सीनियर नेता और एडवोकेट मुकेश गांधी ने कहा कि कानून के अनुसार वार्डबंदी का नक्शा सार्वजनिक करने के बाद आम जनता को आपत्तियां दर्ज कराने के लिए कम से कम सात दिन से लेकर 30 दिन तक का समय दिया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि नगर परिषद ने वार्डबंदी का नक्शा 22 दिसंबर की शाम को सार्वजनिक किया, जबकि आपत्तियां देने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर निर्धारित की गई, जो नियमों के बिल्कुल विपरीत है। उनके अनुसार नगर परिषद को कम से कम 29 या 30 दिसंबर तक का समय देना चाहिए था। मुकेश गांधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 26 दिसंबर तक अपने ऑब्जेक्शन दर्ज कराएगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जिस प्रकार से वार्डबंदी का नक्शा तैयार किया गया है, उससे प्रतीत होता है कि यह शहर के विकास के उद्देश्य से नहीं, बल्कि कुछ लोगों के निजी हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के सीनियर नेता गुरु दर्शन सिंह सैनी भी नगर कौंसिल डेराबस्सी पहुंचे और पूरी प्रक्रिया का जायजा लिया।

शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक एन. के. शर्मा ने भी वार्डबंदी पर कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरी प्रक्रिया में 'पिक एंड चूज' की नीति अपनाई गई है।


## बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2025- 26 में पठानिया पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों ने लहराया अपना परचम

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 24 दिसंबर।** रोहतक पठानिया पब्लिक स्कूल वर्ल्ड केंपस सेक्टर 34 सनसिटी रोहतक के प्रांगण में जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन *जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मंजीत मलिक की अध्यक्षता में किया गया। इस प्रतियोगिता में 105 विद्यार्थियों ने अपने वैज्ञानिक मॉडलों के माध्यम से 7 थीम में प्रस्तुतियां दी ।

जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ समीर मान ने बताया कि उपरोक्त प्रतियोगिता एससीईआरटी , हरियाणा, गुरुग्राम के सहयोग से आयोजित की जाती है । इस प्रतियोगिता की आयोजन के लिए निम्नलिखित 7 थीमों पर मॉडल बनाए गए- 1. हेल्थ एंड हाइजीन,2.सस्टेनेबल एग्रीकल्चर 3. वेस्ट मैनेजमेंट,4. इमर्जिंग टेक्नोलॉजी 5. जल संरक्षण 6. मैथमेटिकल मॉडलिंग 7. हरित ऊर्जा उपरोक्त सात थीमों प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में जिला रोहतक का प्रतिनिधित्व करेंगे द्य उपरोक्त प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे- 1 हेल्थ और हाइजीन प्रथम स्थान - राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुखपुरा द्वितीय स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गधा वटी तृतीय स्थान राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हिसार रोड रोहतक 2. सस्टेनेबल एग्रीकल्चर,प्रथम स्थान - राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमारिया द्वितीय स्थान- राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी रोड रोहतक तृतीय स्थान -राजकीय कन्या हाई स्कूल अटायल 3. वेस्ट मैनेजमेंट प्रथम स्थान - राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी रोड रोहतक,द्वितीय स्थान -राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सापला,तृतीय स्थान- राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाखन माजरा 4. इमर्जिंग टेक्नोलॉजी



## राष्ट्रीय कला उत्सव 2025 में फतेहाबाद के छात्रों ने रचा इतिहास

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

**फतेहाबाद, 24 दिसंबर।** पुणे में आयोजित राष्ट्रीय कला उत्सव प्रतियोगिता-2025 में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फतेहाबाद के प्रतिभाशाली छात्रों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए पूरे देश में चौथा स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि हरियाणा राज्य से पुरस्कार जीतने वाली यह एकमात्र स्कूल टीम रही, जिसने प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

विद्यालय के छात्रों कीर्ति, कृष, आजाद सिंह और राकेश कुमार ने कला, संगीत व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन कर निर्णायकों और दर्शकों का मन मोह लिया। कठिन प्रतिस्पर्धा के बावजूद टीम ने शीर्ष-4 में स्थान बनाकर यह सिद्ध कर दिया कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से उभरने वाली प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय मंच पर नई इबारत लिख सकती हैं। इस उपलब्धि पर खंड शिक्षा अधिकारी विजय सिंह, विद्यालय के प्राचार्य हरमिंदर सिंह तथा संगीत पीजीटी नेहा शर्मा ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी।

## नेशनल टीम चैंपियनशिप 2025 में हरियाणा के बैडमिंटन खिलाड़ियों का बेहतरीन प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 24 दिसंबर।** विभिन्न खेलों में पूरे देश में एक विशिष्ट स्थान रखने वाले हरियाणा के खिलाड़ियों ने अब बैडमिंटन में भी देश भर में धाक जमा दी है। हरियाणा की पुरुष व महिला बैडमिंटन टीमों ने विजयवाड़ा में आयोजित नेशनल टीम चैंपियनशिप 2025 में बेहतरीन खेल प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक जीत हासिल की है।

हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव अजय सिंघानिया ने बताया कि हरियाणा की महिला बैडमिंटन टीम ने फाइनल मुकाबले में मेजबान आंध्र प्रदेश को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं, पुरुष टीम ने भी तमिलनाडु के साथ कड़ा मुकाबला करते हुए इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में रजत पदक जीता है। हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन (एचबीए) के प्रधान देवेंद्र सिंह (सेवानिवृत आईएएस) तथा महासचिव अजय सिंघानिया ने इस बेमिसाल कामयाबी पर सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## स्वदेशी अपनाने से ही भारत बनेगा आत्मनिर्भर : कश्मीरी



अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** सेक्टर-12 एचएसवीपी ग्राउंड में आयोजित स्वदेशी उत्सव एवं सरस आजीविका मेला के अंतर्गत आज व्यापारी मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठक कश्मीरी लाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

राष्ट्रीय संगठक कश्मीरी लाल ने देशवासियों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वदेशी ही भारत को वास्तविक अर्थों में आत्मनिर्भर बना सकता है। उन्होंने कहा कि जब तक देश विदेशी वस्तुओं पर निर्भर रहेगा, तब तक आर्थिक मजबूती संभव नहीं है। विदेशी उत्पादों पर निर्भरता कम कर और भारतीय वस्तुओं का अधिकाधिक उपयोग करके ही देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया जा सकता है।

कश्मीरी लाल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वदेशी विचार केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। यदि देशवासी स्वदेशी उद्योगों और उत्पादों को प्राथमिकता दें, तो न केवल घरेलू उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि लाखों लोगों को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि इसी मार्ग पर चलकर भारत पुनः ÷सोने की चिड़िया÷ बन सकता है।









# 'एआई इवोल्यूशन: द महा कुम्भ ऑफ़ एआई' शिक्षा और शासन में एक परिवर्तनकारी कदम

**आईपी यूनिवर्सिटी ने शिक्षा में जिम्मेदार एआई कार्यान्वयन के लिए एक संरचित ढांचा प्रस्तुत किया**

अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) ने अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के सहयोग से डॉ. अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र (डीएआईसी), नई दिल्ली में ÷एआई इवोल्यूशन - द महा कुम्भ ऑफ़ एआई÷ पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

इस राष्ट्रीय सम्मेलन में नेताओं, नीति निर्माताओं, नियामकों, शैक्षिक विचारकों और उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया और भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के भविष्य पर चर्चा की। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सी. पी. राधाकृष्णन, भारत के उपराष्ट्रपति थे। उपराष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि भारत को आधुनिक वैज्ञानिक और तकनीकी विकास को अपनाने के लिए तैयार रहना चाहिए, और एआई समाज के विकास के तरीके को बदल रहा है। उन्होंने एआई को एक ऐतिहासिक क्रांति बताते हुए कहा कि शैक्षिक पाठ्यक्रम को लगातार समकालीन मांगों के अनुसार अनुकूलित करना चाहिए।

उन्होंने तकनीक के रचनात्मक उपयोग, भारत के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुसार तकनीक में आत्मनिर्भरता और स्वास्थ्य, कृषि और स्मार्ट सिटीज के लिए एआई में तीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना पर जोर दिया।

आशीष सूद, शिक्षा मंत्री, दिल्ली सरकार ने कहा कि एआई का भविष्य अकेले नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने शिक्षा को मुक्ति की एक प्रक्रिया बताया और शैक्षिक मिशनों में एआई के जिम्मेदार उपयोग पर बल दिया।

उन्होंने आईपी यूनिवर्सिटियों की नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) और एआई-सक्षम शिक्षा में पहल के माध्यम से इस दिशा में अपनी क्षमता दिखाई है।

आईपी यूनिवर्सिटी के कुलपति पद्मश्री प्रो. (डॉ.) महेश वर्मा ने शिक्षा में एआई के उपयोग के लिए विश्वविद्यालय की व्यापक दृष्टि प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी ने शिक्षा को अनुकूल, खोज-आधारित और भविष्य के लिए तैयार बनाने की परिकल्पना की है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने शिक्षा में एआई अपनाने के लिए एक व्यापक ढांचा विकसित किया है, जो प्रभुसत्ता, जिम्मेदारी और वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन पर आधारित है।

इस अवसर पर, यूनिवर्सिटी ने दो महत्वपूर्ण पुस्तकें, 'एइमेजिनियरिंग' और ÷एआई शक्ति÷ का लोकार्पण किया जो भारत और वैश्विक शैक्षिक समुदाय के लिए एआई-सक्षम शिक्षा की दार्शनिक और कार्यात्मक नींव रखती हैं।

प्रो. वर्मा ने योत्ता के साथ साझेदारी की साझेदारी पर प्रकाश डाला,




जिससे एक प्रभावी एआई-सक्षम शिक्षा प्रणाली बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी में एआई को पाठ्यक्रमों में एक शैक्षिक साथी के रूप में शामिल किया जा रहा है, जिससे शिक्षा स्मृति से प्रभुत्व तक पहुंच रही है।

सम्मेलन में प्रो. टी. जी. सिथाराम, अध्यक्ष, एआईसीटीई की उपस्थिति भी थी। यह सम्मेलन यूनिवर्सिटी की जिम्मेदार नवाचार, राष्ट्रीय क्षमता निर्माण और सहयोगी नेतृत्व के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः पुष्ट करता है।

# विधायक रंधावा चार साहिबज़ादों और माता गुजरी जी की बेमिसाल शहादत की स्मृति में आयोजित लंगर में हुए शामिल



अर्थ प्रकाश /डेरा बस्सी, विधायक कुलजीत सिंह रंधावा चार साहिबज़ादों और माता गुजरी जी की बेमिसाल शहादत की स्मृति में धनौनी और जवाहरपुर गांवों में आयोजित लंगर कार्यक्रमों में शामिल हुए। इन कार्यक्रमों में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग, राजनीतिक प्रतिनिधि और धार्मिक हस्तियां उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विधायक रंधावा ने दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबज़ादों और माता गुजरी जी की शहादत को नमन करते हुए कहा कि यह विश्व इतिहास की सबसे महान और प्रेरणादायक शहादतों में से एक है। उन्होंने कहा कि पंजाब गुरुओं, पीरों और शहीदों की पावन धरती है, जहां त्याग, बलिदान और साहस की परंपरा सदियों से चली आ रही है। विधायक रंधावा ने कहा कि साहिबज़ादों की शहादत हमें हिम्मत, त्याग और निस्वार्थ सेवा जैसे मूल्यों की याद दिलाती है, जो सिख समाज की आत्मा में गहराई से रचे-बसे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, एकता और समरसता को मजबूत करते हैं। उन्होंने लंगर आयोजन के लिए गांववासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सिख गुरुओं के इतिहास, उनकी शिक्षाओं और शहीदों की विरासत को संजोकर रखना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। विधायक रंधावा ने समाज के प्रत्येक व्यक्ति से आह्वान किया कि वह साहिबज़ादों की शहादत से प्रेरणा लेते हुए बराबरी, न्याय और शांति पर आधारित समाज के निर्माण में अपना योगदान दे।

# सेक्युलर होने का अर्थ किसी एक वर्ग का तुष्टिकरण करना नहीं: केंद्रीय मंत्री गडकरी



अर्थ प्रकाश /नई दिल्ली । केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नई दिल्ली में आयोजित पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रमों के दौरान देश की राजनीतिक विचारधारा और सांस्कृतिक विरासत पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने वर्तमान सामाजिक चुनौतियों के लिए कांग्रेस की सेक्युलरिज्म की व्याख्या और वोट बैंक की राजनीति को जिम्मेदार ठहराया। गडकरी के अनुसार, देश में आज जो सांप्रदायिक समस्याएं दिखाई देती हैं, उनका मूल कारण धर्मनिरपेक्षता की गलत समझ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सेक्युलर होने का अर्थ किसी एक वर्ग का तुष्टिकरण करना नहीं, बल्कि सर्व धर्म समभाव की भावना के साथ सभी धर्मों को समान सम्मान देना और सभी के साथ बराबरी का व्यवहार सुनिश्चित करना है।

राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष प्रो. वासुदेव देवनानी की पुस्तक सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि के विमोचन पर बोलते हुए गडकरी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के शब्दों को दोहराया। उन्होंने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है और हमेशा रहेगा, लेकिन यह किसी राजनीतिक दल या संगठन के कारण नहीं, बल्कि हमारी प्राचीन हिंदू और सनातन संस्कृति की वजह से है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सनातन संस्कृति विश्व कल्याण, सहिष्णुता और करुणा की सीख देती है और इतिहास गवाह है कि किसी भी हिंदू राजा ने धार्मिक स्थलों को नष्ट करने का कार्य नहीं किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन भी गरिमामयी उपस्थिति में मौजूद रहे। एक अन्य कार्यक्रम में नेशन फर्स्ट की अवधारणा पर चर्चा करते हुए गडकरी ने कहा कि राष्ट्रवाद केवल नारों तक सीमित नहीं होना चाहिए। उनके अनुसार, वास्तविक प्रगति के लिए देश के इतिहास को ईमानदारी से समझना और व्यवस्था की कमियों को दूर कर भविष्य की क्षमताओं को विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि आधुनिकीकरण का अर्थ पश्चिमी देशों की अंधी नकल करना नहीं, बल्कि अपने सभ्यतागत आत्मविश्वास को बनाए रखते हुए आगे बढ़ना है। इन कार्यक्रमों में भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी और सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए, जहां भारतीय मूल्यों और राष्ट्रीयता के प्रति एक नई दृष्टि विकसित करने पर जोर दिया गया।

# उप्र और बिहार की लोक अदालतों का खर्चा दिल्ली से 200 गुना ज्यादा

अर्थ प्रकाश /नई दिल्ली। दिल्ली की तुलना में उत्तर प्रदेश और बिहार की स्थायी लोक अदालतों (पीएलए) में प्रति मामले निपटान का खर्च लगभग 200 गुना अधिक है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में प्रति मामले औसत निपटान खर्च मात्र 500 रुपये है, जबकि हरियाणा में यह 766 रुपये। इसके उलट, उत्तर प्रदेश में यह राशि 1,10,895 रुपये और बिहार में करीब 1,06,000 रुपये पहुंच जाती है। राष्ट्रीय औसत प्रति मामले निपटान खर्च 2,650 रुपये है। स्थायी लोक अदालतों की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। वर्ष 2016-17 में केवल 93 हजार मामलों का निपटारा हुआ था, जो 2024-25 में बढ़कर 2.37 लाख से अधिक हो गया। यह 155 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्शाता है, जो न्याय प्रणाली की तेजी और पहुंच में मजबूती का संकेत है। इससे स्पष्ट है कि दिल्ली के मुकाबले उत्तर प्रदेश और बिहार में खर्च 200 गुना से ज्यादा, जबकि हरियाणा की तुलना में 140 गुना अधिक है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि संसाधनों का बेहतर उपयोग करके खर्च को तर्कसंगत बनाया जाए, ताकि दक्षता और परिणामों में सुधार हो। साथ ही, प्रत्येक बैठक पर औसतन 17 हजार रुपये खर्च होने की बात सामने आई है।रिपोर्ट में स्थायी लोक अदालतों में रिक्त पदों पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। बिहार, पंजाब, तमिलनाडु, राजस्थान और ओडिशा जैसे राज्यों में अध्यक्षों व सदस्यों की नियुक्ति में बड़ी कमी है, जिससे संस्थान का कामकाज प्रभावित हो रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### बेंगलुरु में सनसनीखेज वारदात: सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने बीच सड़क पर की पत्नी की हत्या

अर्थ प्रकाश/बेंगलुरु । बेंगलुरु के राजाजी नगर इंडस्ट्रियल एरिया में एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई, जहां एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने अपनी पत्नी की सरेराह गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने खुद थाने जाकर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस की शुरुआती जांच में इस जघन्य हत्याकांड के पीछे वैवाहिक विवाद और संदेह को मुख्य कारण माना जा रहा है। मृतका की पहचान 39 वर्षीय भुवनेश्वरी के रूप में हुई है, जो यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की बसवेश्वरननगर शाखा में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत थीं। आरोपी पति बालामुरुगन, जो एक निजी आईटी कंपनी में कार्यरत था, मूल रूप से तमिलनाडु के सेलम जिले का निवासी है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम करीब 6:30 बजे जब भुवनेश्वरी दफ्तर से घर लौट रही थीं, तब बालामुरुगन ने मुख्य सड़क पर उन पर बेहद करीब से चार गोलियां चलाईं। इनमें से दो गोलियां उनके सिर में और दो बाएं हाथ में लगीं। घायल अवस्था में उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### गोवा नाइट क्लब अग्निकांड के दोनों प्रबंधकों को कोर्ट ने शर्तों के साथ दी जमानत

अर्थ प्रकाश/ पणजी । गोवा की एक कोर्ट ने नाइटक्लब अग्निकांड के दो प्रबंधकों को जमानत दे दी। उन दोनों को इस महीने की शुरूआत में आग लगने की घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। इस घटना में 25 लोगों की मौत हो गई थी। जिला न्यायाधीश डी वी पाटकर ने क्लब के दोनों प्रबंधकों को कुछ शर्तों के साथ जमानत दी, जबकि उन्होंने तीसरे प्रबंधक विवेक सिंह की इसी तरह की अर्जी को खारिज कर दिया। इन तीनों को उत्तरी गोवा के अरपोरा गांव स्थित नाइट क्लब में भीषण आग लगने के एक दिन बाद सात दिसंबर को गिरफ्तार किया था। सिंघानिया (बार मैनेजर) और ठाकुर (गेट मैनेजर) का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता ने कहा कि जमानत देते समय कोर्ट ने कहा कि आवेदक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मामले के तथ्यों से अवगत किसी भी व्यक्ति को कोई प्रलोभन या धमकी नहीं देंगे। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि राजवीर और प्रियांशु उसकी पूर्व अनुमति के बिना भारत से बाहर नहीं जाएंगे। कोर्ट ने निर्देश दिया कि आरोपी जब भी जरुरत हो, जांच अधिकारी द्वारा पूछताछ के लिए उपलब्ध रहेंगे और जांच में सहयोग करेंगे। जमानत आदेश में कहा गया है, आवेदकों को आरोप पत्र/अंतिम रिपोर्ट दाखिल होने तक, महीने में एक बार जांच अधिकारी या अंजुना पुलिस थाने के मुख्य जांच अधिकारी के सामने पेश होना होगा। अरपोरा के रोमियो लेन स्थित 'बर्च बाई रोमियो लेन' नाइटक्लब में छह दिसंबर को लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत हो गई थी। मामले में अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें क्लब के दो सह-मालिक गौरव लूथरा और उसके भाई सौरभ लूथरा भी शामिल हैं। दोनों को थाईलैंड से हिरासत में लेकर भारत लाया गया था।

### आर्मी कैंप में फायरिंग, जेसीओ की मौत

अर्थ प्रकाश/ जम्मू। जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में स्थित एक आर्मी कैंप के भीतर फायरिंग हुई। घटना में सेना के एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) की मौत हो गई। यह घटना मंगलवार देर रात हुई। रक्षा प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता के अनुसार, ड्यूटी के दौरान जेसीओ को गोली लगी थी। इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। शुरुआती जांच में इस घटना के पीछे किसी आतंकी साजिश की आशंका से इनकार किया गया है।मामले की जांच जारी है। तथ्यों की पुष्टि के बाद आगे की जानकारी साझा की जाएगी।

### पर्यावरण मंत्री का दावा कहा- प्रदूषण के लिए सिर्फ दिल्ली जिम्मेदार नहीं

अर्थ प्रकाश/ नई दिल्ली । दिल्ली-एनसीआर में गहराते वायु प्रदूषण के संकट पर केंद्र सरकार ने अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि राजधानी की हवा में घुलता जहर केवल स्थानीय गतिविधियों का परिणाम नहीं है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक आर्थिक सम्मेलन के दौरान इस गंभीर मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने रेखांकित किया कि दिल्ली के प्रदूषण को केवल शहर की सीमाओं के भीतर से पैदा होने वाले उत्सर्जन के चश्मे से देखना गलत होगा। प्रदूषण के लिए सिर्फ दिल्ली जिम्मेदार नहीं है। इसके पीछे पड़ोसी राज्यों से आने वाला धुआं, भौगोलिक स्थितियां, मौसम में बदलाव और क्षेत्रीय वायु प्रवाह जैसे कई महत्वपूर्ण कारक जिम्मेदार हैं। मंत्री भूपेंद्र यादव ने स्पष्ट किया कि वायु गुणवत्ता की समस्या एक क्षेत्रीय चुनौती है, जिसके लिए केंद्र सरकार सभी संबंधित राज्यों के साथ मिलकर एक समन्वित रणनीति पर काम कर रही है। आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने एक सकारात्मक पक्ष भी सामने रखा। मंत्री ने बताया कि



पिछले कुछ वर्षों में किए गए निरंतर प्रयासों के कारण दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार के संकेत मिले हैं। साल 2016 में जहां दिल्ली ने केवल 110 स्वस्थ एक्यूआई दिन (बेहतर वायु गुणवत्ता वाले दिन) देखे थे, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर औसतन 200 दिनों तक पहुंच गई है। इस सुधार का मुख्य श्रेय प्रदूषण नियंत्रण के कड़े उपायों और पंजाब व हरियाणा जैसे राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं में आई कमी को दिया गया है। हालांकि, उन्होंने सचेत किया कि अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। सरकार का मानना है कि दिल्ली-एनसीआर की हवा को पूरी तरह स्वच्छ बनाने के लिए केवल राजधानी के स्तर पर प्रयास पर्याप्त नहीं होंगे। इसके लिए एक व्यापक और स्पष्ट विजन की आवश्यकता है, जिसमें पड़ोसी राज्यों का सक्रिय सहयोग और क्षेत्रीय स्तर पर प्रदूषण के स्रोतों की पहचान कर उन्हें नियंत्रित करना अनिवार्य है। अंततः, सामूहिक उत्तरदायित्व और वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही इस वार्षिक पर्यावरणीय संकट का स्थायी समाधान प्रदान कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीप जलाकर दी अटल जी को श्रद्धांजलि

**भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अर्पित किए श्रद्धासुमन**


**बुधवार को लोकभवन में अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति के समक्ष दीप जलाकर पुण्य स्मृतियों को किया नमन**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ, 24 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी की पूर्व संध्या पर बुधवार को लोकभवन में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने लोकभवन परिसर में स्थापित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर उनकी पुण्य स्मृतियों को नमन किया। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के माध्यम से न केवल प्रदेश बल्कि देश भर में उनके राष्ट्रनिर्माण में योगदान, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता और सार्वजनिक जीवन में उनकी मर्यादित राजनीतिक शैली को स्मरण किया जा रहा है। लोकभवन परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में भी अटल जी के जीवन और कृतित्व को केंद्र में रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**पूरा देश करेगा अटल जी की स्मृतियों को याद**

गुरुवार को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में विभिन्न स्मरण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन आयोजनों के माध्यम से अटल जी के विचारों, नीतियों और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को जनमानस तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। संगोष्ठियों, प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए उनकी विरासत को सम्मानपूर्वक स्मरण किया जाएगा। अटल बिहारी वाजपेयी का व्यक्तित्व भारतीय राजनीति में संवाद, सहमति और राष्ट्रहित के संतुलन का प्रतीक माना जाता रहा है। प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान देश ने राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक सुधारों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए। उनकी कवि संवेदना और राजनेता के रूप में दूरदर्शिता आज भी सार्वजनिक जीवन में आदर्श के रूप में देखी जाती है।



# पिछले 6 वर्षों से पिंजौर कृषि उपमंडल कार्यालय भवन का निर्माण नहीं कर रहा मार्केटिंग बोर्ड: विजय बंसल

**वर्ष 2019 में उपमंडल कार्यालय कालका के टिपरा में शिफ्ट करने से पिंजौर, मोरनी, रायपुर रानी और बरवाला ब्लॉक के किसानों को आ रही दिक्कतें**

**बंसल ने बताया पिछले दो वर्ष से मार्केटिंग बोर्ड कृषि भवन निर्माण के लिए बढ़ाई गई धनराशि की अप्रूवल का एजेंडा सरकार को भेज रहा है लेकिन अभी तक मंजूरी नहीं मिली**

**विजय बंसल ने मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री को ज्ञापन भेज कर कृषि उपमंडल कार्यालय भवन निर्माण होने तक पिंजौर एप्पल मंडी में स्थानांतरित करने की मांग की थी**

**बंसल ने कहा हैरानी की बात कृषि विभाग अतिरिक्त मुख्य सचिव के उपमंडल कार्यालय को एचएमटी एप्पल मंडी में शिफ्ट करने के आदेश की भी अनदेखी कर रहा मार्केटिंग बोर्ड**

**बंसल ने कहा कृषि विभाग ने वर्ष 2019 में मार्केट बोर्ड को जमा करवा दी थी भवन निर्माण लागत राशि 6 वर्ष बाद भी नहीं बनाया भवन**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कालका जग्गी।** किसान हित की बात करने वाली बीजेपी सरकार के दावों की पोल खुद कृषि विपणन बोर्ड ने पिंजौर में अनुसूचित जाति के किसानों के लिए प्रशिक्षण केंद्र भवन और कृषि उपमंडल कार्यालय पिंजौर का निर्माण न कर पूरी पोल खोल के रख दी है। उक्त शब्द शिवालिक विकास मंच प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा किसान कांग्रेस प्रदेश के वरिष्ठ उप प्रधान विजय बंसल एडवोकेट ने कहे। विजय बंसल ने इसी विषय पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कृषि मंत्री को ज्ञापन भेज कर पिंजौर उपमंडल कृषि कार्यालय एवं अनुसूचित जाति किसान प्रशिक्षण केंद्र भवन का निर्माण तुरंत करने और भवन निर्माण होने तक कार्यालय को एचएमटी स्थित आधुनिक एप्पल मंडी में शिफ्ट करने की मांग की थी बावजूद इसके अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। विजय बंसल ने कहा कि हैरानी की बात है की मार्केटिंग बोर्ड पिछले दो वर्षों से भवन निर्माण के लिए बढ़ाई गई राशि का एजेंडा बनाकर मंजूरी के लिए सरकार के पास भेज रहा है लेकिन अभी तक उस एजेंडे को स्वीकृति नहीं मिली है। बता दे कि भवन निर्माण की राशि यदि 20/ से अधिक होती है तो उसे मंजूरी के लिए सरकार को भेजा जाता है जिसमें सीएम की अध्यक्षता वाली कमेटी में कृषि मंत्री और अन्य अधिकारी बढ़ी हुई राशि को मंजूरी देते हैं। गौरतलब है कि पिंजौर ब्लॉक, मोरनी ब्लॉक, बरवाला ब्लॉक और रायपुर रानी ब्लॉक के किसानों की सुविधा के लिए सन 1985 में तत्कालीन प्रदेश सरकार ने पिंजौर गार्डन के सामने लगभग एक एकड़ भूमि पर कृषि उपमंडल कार्यालय का निर्माण करवाया था जिसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं को लागू कर उन्हें किसानों तक पहुंचाना था। लेकिन वर्ष 2019 में यहां पर कृषि उपमंडल कार्यालय और इसी परिसर में अनुसूचित जाति के किसानों का प्रशिक्षण केंद्र भवन का निर्माण को भी मंजूरी दी गई थी और उपमंडल कार्यालय भवन को तोड़कर कार्यालय को अस्थाई तौर पर हिमाचल प्रदेश के बॉर्डर के साथ कालका के टिपरा में एक प्राइवेट भवन में शिफ्ट कर दिया गया था जहां पर पहुंचने के लिए किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कृषि उपमंडल कार्यालय में किसान बीज़, कीटनाशक दवाइयां, खाद आदि अन्य कृषि संबंधित कार्यों के लिए पिंजौर में आसानी से आ जाते थे लेकिन अब उन्हें कई बार ऑटो रिक्शा आदि अन्य वाहनो से कालका के टिपरा में जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। विशेष कर अर्ध पहाड़ी क्षेत्र के गरीब और बेहद पिछड़े हुए अनुसूचित जाति के किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

विजय बंसल एडवोकेट ने कहा कि बीजेपी सरकार की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना सरकारी फाइलों में ही दम तोड़ रही है। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात है कि अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों के विकास के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत कृषि विभाग ने वर्ष 2019 में ही 3 करोड़ 98 लाख 36000 रूपये की राशि मार्केटिंग बोर्ड के निर्माण विभाग के पास जमा करवा दी थी लेकिन मार्केटिंग बोर्ड ने पिछले 6 वर्षों के दौरान भवन का ही निर्माण नहीं किया। इतना ही नहीं भवन निर्माण हुआ नहीं लेकिन वर्ष 2021 में भवन निर्माण की लागत बढ़ाकर 5 करोड़ 98 लाख 36000 रुपए कर दी गई थी। मार्केटिंग बोर्ड ने गत 3 दिसंबर को एक बार फिर से बढ़ाई गई राशि की मंजूरी के लिए एक एजेंडा बनाकर सरकार को भेजा हुआ है। अभी तक उसे एजेंडा को मंजूरी नहीं मिल पाई है उधर भवन निर्माण का टेंडर भी अधिक समय बीतने के कारण रद्द करना पड़ा अब फिर से मंजूरी के बाद टेंडर की प्रक्रिया नए सिरे से की जाएगी जिसमें बहुत अधिक समय लगेगा।

# केंद्र सरकार संपूर्ण अरावली पर्वतमाला की रक्षा करेगी; खनन पट्टे प्रतिबंधित करने के साथ-साथ संरक्षित क्षेत्र का विस्तार किया जाएगा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने दिल्ली से गुजरात तक फैली संपूर्ण अरावली पर्वतमाला के अवैध खनन को रोकने और इसके संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। केन्?द्र ने राज्य सरकारों को अरावली में किसी भी प्रकार के नए खनन पट्टे देने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी किए हैं।

यह प्रतिबंध पूरे अरावली भूभाग पर समान रूप से लागू होता है और इसका उद्देश्य पर्वत श्रृंखला की अखंडता को संरक्षित करना है। इन निर्देशों का लक्ष्य गुजरात से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तक फैली सतत भूवैज्ञानिक श्रृंखला के रूप में अरावली की रक्षा करना और सभी अनियमित खनन गतिविधियों को रोकना है।

इसके अलावा, केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद को पूरे अरावली क्षेत्र में अतिरिक्त क्षेत्रों/जोनों की पहचान करने का निर्देश दिया है। केंद्र द्वारा पहले से ही खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्रों के अलावा पारिस्थितिक, भूवैज्ञानिक और भू-भाग स्तर के विचारों के आधार पर इन जगहों पर खनन प्रतिबंधित किये जाने की आवश्यकता है।

संपूर्ण अरावली क्षेत्र के लिए सतत खनन हेतु एक व्यापक, विज्ञान-आधारित प्रबंधन योजना तैयार करते समय भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद को यह कार्य करने का निर्देश दिया गया है। यह योजना, संचयी पर्यावरणीय प्रभाव और पारिस्थितिक वहन क्षमता का आकलन करने के साथ-साथ पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील और संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान करेगी और बहाली एवं पुनर्वास के उपाय निर्धारित करेगी। इस योजना को व्यापक हितधारक परामर्श के लिए सार्वजनिक किया जाएगा।

केंद्र द्वारा यह प्रयास स्थानीय स्थलाकृति (किसी जगह की ज़मीन की बनावट, सतह की विशेषताओं जैसे- पहाड़, नदियां, घाटियां और ऊंचाई-नीचाई का अध्ययन या विवरण), पारिस्थितिकी और जैव विविधता को ध्यान में रखते हुए, संपूर्ण अरावली क्षेत्र में खनन से संरक्षित और प्रतिबंधित क्षेत्रों के दायरे को और अधिक बढ़ाएगा।

केंद्र सरकार ने यह निर्देश भी दिया है कि पहले से ही चालू खदानों के बारे में सम्बंधित राज्य सरकारें सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुरूप सभी पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ खनन पद्धतियों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए चल रही खनन गतिविधियों को अतिरिक्त प्रतिबंधों के साथ सख्ती से विनियमित किया जाना चाहिए।




केन्द्र सरकार अरावली इकोसिस्टम के दीर्घकालिक संरक्षण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सरकार का मानना है कि मरुस्थलीकरण को रोकने, जैव विविधता के संरक्षण, जलभंडारों के पुनर्भरण और क्षेत्र के लिए पर्यावरणीय सेवाओं में अरावली की भूमिका महत्वपूर्ण है।

# भाजपा सरकार प्रदूषण रोकने में फेल, दिल्लीवाले जहरीली हवा में जीने को मजबूर: अंकुश नारंग

- दिल्ली में प्रदूषण इतना ज्यादा है कि लोग हर रोज 16 सिगरेट के बराबर प्रदूषित हवा अपने अंदर ले रहे हैं – अंकुश नारंग
- ग्रेप –4 लागू होने के बाद भी पटपड़गंज में भाजपा विधायक के कार्यालय में निर्माण कार्य चल रहा है – अंकुश नारंग
- सिर्फ वाहनों पर सख्ती करने से प्रदूषण कम नहीं होगा, सरकार को ठोस कदम भी उठाने होंगे – अंकुश नारंग
- अब दिल्ली में भाजपा की चार इंजन की सरकार है, उसे तो प्रदूषण को लेकर ठोस कदम उठाने चाहिए– अंकुश नारंग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने दिल्ली का प्रदूषण कम करने में भाजपा सरकार को पूरी तरह फेल बताया। उन्होंने कहा कि आज दिल्लीवाले जहरीली हवा में जीने को मजबूर हैं। दिल्ली में प्रदूषण इतना ज्यादा है कि लोग हर रोज 16 सिगरेट के बराबर प्रदूषित हवा अपने अंदर ले रहे हैं। एक तरफ ग्रेप -4 लागू है और दूसरी तरफ पटपड़गंज में भाजपा विधायक के कार्यालय में निर्माण कार्य चल रहा है। भाजपा वाले ही अपनी सरकार के आदेश नहीं मान रहे।उन्होंने कहा कि मंगलवार को एक्यूआई 400 के पार रहा। ऐसे में सिर्फ वाहनों पर सख्ती करने से दिल्ली का प्रदूषण कम नहीं होगा, बल्कि सरकार को ठोस कदम भी उठाने होंगे। अब दिल्ली में भाजपा की चार इंजन की सरकार भी है। उसे तो अब प्रदूषण को लेकर ठोस कदम उठाने चाहिए।

अंकुश नारंग ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 'अबकी बार 400 पार' का नारा दिया था। भाजपा लोकसभा चुनाव में तो 400 सीटें पार नहीं कर पाई, लेकिन दिल्ली के अंदर उन्होंने यह सिद्ध करके दिखा दिया है कि 'अबकी बार एक्यूआई 400 पार'। हालात इतने बुरे हैं कि आज औसतन चार में से तीन लोग बीमार हैं। दिल्ली के अंदर न चाहते हुए भी इंसान को दिन में 16 सिगरेट के बराबर धुआं अंदर लेना पड़ रहा है।

अंकुश नारंग ने कहा कि आज दिल्ली में भाजपा की चार इंजन की सरकार है। एमसीडी में भाजपा है, दिल्ली सरकार, एलजी सहित केंद्र सरकार भी उन्हीं की है। इसके बावजूद आज भाजपा के पास एक भी ऐसा उपाय नहीं है जिससे वह प्रदूषण से दिल्ली की जनता को बचा सके। दिल्ली की जनता इस प्रदूषण में जीने को मजबूर है। बुजुर्गों को सांस लेने में दिक्कत आ रही है, बच्चे बीमार हो रहे हैं और लोगों को बुखार व खांसी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

अंकुश नारंग ने कहा कि हाल ही में ग्रैप-4 लागू किया गया, जिसके तहत निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि पटपड़गंज में भाजपा विधायक के कार्यालय के अंदर ही निर्माण कार्य चल रहा है। जब भाजपा के विधायक ही ग्रैप-4 के नियमों को नहीं मानते, तो फिर बाकी क्या रह गया? भाजपा ने दिल्ली की जनता को मरने के लिए छोड़ दिया है।

अंकुश नारंग ने कहा कि जगह-जगह स्थानीय क्षेत्रों में निर्माण कार्य चल रहे हैं। आज एमसीडी भाजपा के पास है और वह कार्रवाई कर सकती है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। सरकारी और निजी दोनों प्रकार के निर्माण कार्य चल रहे हैं, लेकिन एमसीडी और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) इस पर कोई कदम नहीं उठा रहे। वे केवल वाहनों से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम की बात करके जनता को परेशान कर रहे हैं। जब एक्यूआई 400 के पार है, तो सिर्फ वाहनों पर लगाम लगाने से क्या होगा? क्या दिल्ली सरकार, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा के पास कोई ऐसा ठोस कदम है जो जनता को राहत दे सके?

अंकुश नारंग ने कृत्रिम बारिश (क्लाउड सीडिंग) के दावों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा मंत्री सिरसा जी दावा कर रहे थे कि कृत्रिम बारिश को लेकर सरकार का पहला प्रयास कामयाब रहा, लेकिन लोग बारिश का इंतजार करते रह गए और बारिश कहीं नहीं हुई। प्रदूषण



रोकने के उपाय कहीं दिखाई नहीं दिए। एक्यूआई निगरानी केंद्रों के आगे पानी डालकर एक्यूआई का स्तर छुपाने और कम करने की कोशिश की गई। जब रेखा गुप्ता से इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने इसे हॉटस्पॉट बताकर पल्ला झाड़ लिया और माना कि निगरानी केंद्रों के आगे पानी डालकर एक्यूआई का स्तर गिराया गया।

अंकुश नारंग ने कहा कि एमसीडी कार्यालय की 22वीं मंजिल से पानी फेंका जा रहा है, जो समझ से परे है। भाजपा हर मोर्चे पर प्रदूषण को नियंत्रित करने और दिल्ली की जनता को बचाने में विफल रही है। भाजपा के चारों इंजन फेल हो चुके हैं। यह पहली ऐसी सरकार है जिसके पास न तो जलभराव के लिए कोई उपाय थे, न बाढ़ के लिए, न यमुना को साफ करने के लिए और न ही अब प्रदूषण के लिए कोई उपाय है। 10 महीने के भीतर इतनी विफल सरकार मैंने कभी नहीं देखी।

## कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे ने दिल्ली में बढ़ाया फिल्म 'तू मेरी, मैं तेरा' का प्रमोशनल उत्साह



अर्थ प्रकाश/ अनिल गुप्ता अर्थ प्रकाश दिल्ली / दिल्ली पहुंची 'तू मेरी, मैं तेरा' की जोड़ी, कार्तिक आर्यन–अनन्या पांडे ने की मीडिया से बातचीत इंपीरियल होटल में 'तू मेरी, मैं तेरा' का प्रमोशन, कार्तिक और अनन्या की केमिस्ट्री ने बटोरी सुर्खियां बॉलीवुड के चर्चित सितारे कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे अपनी आगामी फिल्म 'तू मेरी, मैं तेरा – मैं तेरा, तू मेरी' के प्रमोशनल सिलसिले में राजधानी दिल्ली पहुंचे। इस अवसर पर दोनों कलाकारों ने इंपीरियल होटल, नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत की और फिल्म से जुड़े कई रोचक पहलुओं को साझा किया। प्रेस इंटरेक्शन के दौरान कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे ने फिल्म की कहानी, अपने–अपने किरदारों और शूटिंग के अनुभवों पर खुलकर बात की। दोनों कलाकारों की ऑन–स्क्रीन केमिस्ट्री को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्तिक आर्यन ने कहा कि यह फिल्म एक नई तरह की रोमांटिक कहानी पेश करेगी, जो आज की पीढ़ी से गहराई से जुड़ती है। वहीं अनन्या पांडे ने फिल्म को अपने करियर का एक खास प्रोजेक्ट बताते हुए कहा कि दर्शकों को इसमें भावनाओं, प्यार और मनोरंजन का भरपूर मेल देखने को मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान दोनों सितारों ने फोटोग्राफर्स के लिए पोज़ दिए और फैन्स के उत्साह का भी जवाब दिया। फिल्म 'तू मेरी, मैं तेरा – मैं तेरा, तू मेरी' को लेकर राजधानी में आयोजित यह कार्यक्रम चर्चा का केंद्र बना रहा और सोशल मीडिया पर भी इसकी झलकियां तेजी से वायरल हो रही हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### FICCI-मर्सिडीज़-बेंज़ ने भारत इनोवेशन चैलेंज प्रोग्राम लॉन्च किया




अर्थ प्रकाश/ अनिल गुप्ता अर्थ प्रकाश दिल्ली / नई दिल्ली, भारत के स्टार्टअप और नवाचार इकोसिस्टम को सशक्त बनाने की दिशा में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (FICCI) और मर्सिडीज़–बेंज़ इंडिया ने संयुक्त रूप से 'भारत इनोवेशन एंड बिज़नेस आइडियाज़ चैलेंज प्रोग्राम' का शुभारंभ किया। यह राष्ट्रीय पहल शुरुआती चरण के नवाचारियों को समर्थन देने और भारत को वैश्विक नवाचार केंद्र के रूप में मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। यह कार्यक्रम विनिर्माण, सततता, डीकार्बोनाइज़ेशन, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और शिक्षा जैसे प्राथमिक क्षेत्रों पर केंद्रित होगा। चयनित प्रतिभागियों को विशेषज्ञ मेंटरशिप, उद्योग से जुड़ाव और FICCI के प्रमुख मंचों पर अपने विचार प्रस्तुत करने के अवसर मिलेंगे। शीर्ष सात विजेताओं को रू.30 लाख तक का नवाचार सहयोग, एक वर्ष तक मार्गदर्शन और उद्योग तक सीधी पहुंच प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर DPIIT के संयुक्त सचिव संजीव सिंह ने कहा कि भारत में उद्यमिता को सांस्कृतिक गर्व से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने स्टार्टअप्स को भारत के भविष्य का विकास इंजन बताते हुए कॉरपोरेट्स और स्टार्टअप्स के बीच सहयोग को नवाचार की कुंजी बताया।

मर्सिडीज़–बेंज़ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ संतोष अय्यर* ने कहा कि यह साझेदारी नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा देने की कंपनी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने मर्सिडीज़–बेंज़ को 卐140 साल पुराना स्टार्टअप卐 बताते हुए भारतीय युवा उद्यमियों को लैब से बाज़ार तक की यात्रा में सहयोग देने पर ज़ोर दिया। FICCI की महानिदेशक ज्योति विज ने कहा कि भारत की नवाचार क्षमता अब महानगरों से आगे बढ़कर टियर–2 और टियर–3 शहरों तक फैल चुकी है। यह कार्यक्रम शुरुआती चरण के नवाचारियों को सही समय पर आवश्यक इकोसिस्टम समर्थन प्रदान करेगा और 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य में योगदान देगा। यह पहल उद्योग, शिक्षा और स्टार्टअप्स के बीच सहयोग को मजबूत करते हुए भारत को एक नवाचार–आधारित, सतत और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### पार्टीबाज़ी से ऊपर उठकर ल्यूकीमिया कैंसर मरीज़ के लिए सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना से सहायता



अर्थ प्रकाश / डेरा बस्सी। डेराबस्सी क्षेत्र में मानवता को राजनीति से ऊपर रखते हुए एक सराहनीय पहल सामने आई है। कांग्रेस पार्टी डेराबस्सी के हलका प्रभारी सरदार दीपइंदर सिंह ढिल्लों के प्रयासों से फतेहपुर जट्टा निवासी अनिल सहोता, जो तीव्र लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकीमिया कैंसर (फिलाडेल्फिया गुणसूत्र सकारात्मक) जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं, के इलाज के लिए सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत 3 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत करवाई गई है। सरदार दीपइंदर सिंह ढिल्लों की अनुशंसा पर पटियाला के सांसद डॉ. धर्मवीर गांधी द्वारा यह सहायता तुरंत मंजूर की गई। सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत सांसद अपने क्षेत्र के ज़रूरतमंद नागरिकों को स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी आवश्यकताओं के लिए आर्थिक सहायता प्रदान कर सकते हैं। इस सहायता से महंगे इलाज का सामना कर रहे पीड़ित परिवार को बड़ी राहत मिली है। यह कदम राजनीति की सीमाओं से ऊपर उठकर किया गया एक मानवीय प्रयास माना जा रहा है। यह सिद्ध करता है कि जब बात किसी की जान बचाने की हो, तब राजनीतिक मतभेद पीछे रह जाते हैं और मानवता सर्वोपरि हो जाती है। इस अवसर पर सरदार दीपइंदर सिंह ढिल्लों ने स्वयं अनिल सहोता के घर जाकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और परिवार को आश्वासन दिया कि इस कठिन समय में वे उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि इलाज के दौरान हर संभव सहयोग जारी रहेगा। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के नेता शैबान भी उपस्थित रहे।

# दिल्ली पुलिस के क्राइम ब्रांच का बड़ा खुलासा: एक्सपायर्ड इंटरनेशनल फूड को री–पैक कर बेचने वाला गिरोह ध्वस्त, रू.4.3 करोड़ की बरामदगी

अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच (साइबर सेल) ने एक संगठित रैकेट का भंडाफोड़ किया है, जो एक्सपायर्ड अंतरराष्ट्रीय ब्रांडेड खाद्य उत्पादों को अवैध रूप से भारत में मंगाकर उनकी मैन्युफैक्चरिंग व एक्सपायरी डेट बदलता था और नकली बारकोड लगाकर उन्हें नए प्रोडक्ट्स की तरह देशभर में बेच रहा था। इस कार्रवाई में करीब रू.4.3 करोड़ मूल्य का माल जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार, गिरोह बड़े रिटेल स्टोर्स, शॉपिंग मॉल्स और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के जरिए ये उत्पाद सप्लाई कर रहा था। जब्त सामान में बेबी फूड सहित कई रोज़मर्रा के खाद्य व पेय पदार्थ शामिल हैं, जिससे जनस्वास्थ्य को गंभीर खतरा था।

गुप्त सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच



ने पहाड़ी धीरज और फैज़ गंज (सदर बाज़ार) में छापेमारी कर मुख्य सरगना समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। मौके पर खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में सैंपल लेकर माल सीज़ किया गया।

जांच में सामने आया कि मास्टरमाइंड अटल जायसवाल UK, USA, दुबई आदि देशों से नज़दीकी-एक्सपायरी या एक्सपायर्ड फूड बेहद सस्ते दामों पर मंगवाता था। भारत पहुंचने के बाद इन्हें–

नई मैन्युफैक्चरिंग/एक्सपायरी डेट लगाकर

नकली बारकोड, बैच नंबर व MRP चिपकाकर

ताज़ा पैकिंग में री-पैक कर

बाज़ार में उतारा जाता था। छापेमारी में पूरी प्रिंटिंग-सीलिंग व डेट-अल्टरिंग यूनिट भी मिली।

इस संबंध में FIR No. 355/25 थाना क्राइम ब्रांच में BNS की धारा 275, 318(4), 336, 340 और 61(2)के तहत मामला दर्ज किया गया है।

अटल जायसवाल (54), शिव कुमार (40), बिश्वजीत धारा (25), विनोद (43), अरुण कुमार (30), विजय कांत (50) और शमीम (30)।

कुल 43,762 किलोग्राम खाद्य पदार्थ और 14,665 लीटर ड्रिंक्स बरामद किए गए। इनमें Oreo, Biscoff, Nutella, Ferrero Rocher, Pringles, Coca-Cola, Fanta, Starbucks Coffee, Heinz, Skittles जैसे कई अंतरराष्ट्रीय ब्रांड शामिल हैं।

क्राइम ब्रांच ने कहा कि जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

## सेंट्रल डिस्ट्रिक थाना जामा मस्जिद पुलिस स्टाफ की फुर्ती, मोबाइल स्नैचर चंद मिनटों में दबोचा

अर्थ प्रकाश/ नई दिल्ली। डीसीपी सेंट्रल डिस्ट्रिक निधिन वाल्सन ने बताया कि जामा मस्जिद थाना क्षेत्र में नाइट पेट्रोलिंग और पिकेट स्टाफकी सतर्कता से मोबाइल स्नैचिंग की वारदात को तुरंत नाकाम कर दिया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक मोबाइल स्नैचर को मौके से कुछ ही दूरी पर पकड़ लिया और उसके कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन, एक अन्य मोबाइल फोन तथा वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की। 20/21 दिसंबर 2025 की दरम्यानी रात करीब 3:20 बजे शिकायतकर्ता जामा मस्जिद से दरियागंज की ओर जा रहा था और मोबाइल पर बात कर रहा था। जामा मस्जिद मेट्रो गेट नंबर–1 के पास पीछे से आए एक मोटरसाइकिल सवार ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया और फरार



होने की कोशिश की। शिकायतकर्ता की आवाज सुनकर नाइट पेट्रोलिंग ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल संतलाल ने तुरंत पीछा किया। पास में मौजूद पिकेट स्टाफकी मदद से आरोपी को तुरंत काबू कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अम्मान (18 वर्ष) निवासी बदायूं, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से शिकायतकर्ता का छीना गया मोबाइल फोन बरामद किया गया। इसके अलावा एक Vivo मोबाइल फोन भी मिला, जिसके संबंध में आरोपी कोई वैध दस्तावेज या संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई TVS मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है। यह सफलता एएसआई ए.एन. प्रसाद, हेड कांस्टेबल मुनिश,हेड कांस्टेबल हरिंदर और कांस्टेबल संतलाल की टीम ने हासिल की। पूरी कार्रवाई थाना जामा मस्जिद एसएचओ आदेश प्रकाश के निर्देशन और एसीपी दरियागंज कमल शर्मा की निगरानी में की गई। पुलिस अब बरामद Vivo मोबाइल फोन के अन्य मामलों से जुड़े होने की संभावना की जांच कर रही है। दिल्ली पुलिस की इस त्वरित और समन्वित कार्रवाई से एक बार फिर आम जनता की सुरक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता सामने आई है।

# इंद्रकुमार जैन की 9 वीं पुण्यतिथि पर स्वर्ग आश्रम में भोजन प्रसादी कराई गई

जैन समाज के स्तंभ इंद्रकुमार जैन की 9 वीं पुण्यतिथि पर स्वर्ग आश्रम के दिव्यांकजनो को कराया भोजन

इंद्रकुमार जैन सुख दु:ख में वे सदैव रहकर सामाजिक रूप से करते थे मदद–ः मंत्री नारायण सिंह।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ग्वालियर-** दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आज गुड़ा-गुड़ी का नाका स्थित भाजपा नेता श्री दिनेश जैन जी के पूज्य पिताजी, जैन समाज के स्तंभ एवं महावीर जयंती के संयोजक स्वर्गीय श्री इंद्रकुमार जैन जी की 9 वीं पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर अनेक सामाजिक वर्गों के लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि स्वर्गीय श्री इंद्रकुमार जी ईमानदार जी के चित्र पर फूल अर्पण मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा जी श्रद्धांजलि के साथ समर्पित किए। कैबिनेट मंत्री जी ने कहा कि स्व इंद्रकुमार जी ईमानदार जैन समाज एंव अन्य वर्गों के प्रति जो भी व्यक्ति उनसे जुडा व्यक्ति हो उनके सुख दुःख में वे सदैव साथ रहकर सामाजिक रूप से मदद करने का प्रयास करते रहे ऐसे समाज सेवी श्री इंद्र कुमार जैन (ईमानदार) जी की 9 वीं पुण्यतिथि पर आज परिवार के साथ सभी समाजजनों स्वर्ग सदन आश्रम पर बेसहारा निराश्रित एवं असहाय बुजुर्गो जनों को भोजन प्रसादी कराई गई। सेवा, संवेदना और मानवता के प्रति समर्पित यह कार्य निश्चित ही समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। वही मंत्री जी ने आश्रम के निराश्रित एवं असहाय जनों का हल ओर उनका स्वास्थ्य की जानकारी ली। वही भाजपा नेता श्री दिनेश जैन ने अभी का दिल से आभार माना।



इस दौरान मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा जी, पूर्व पार्षद आनंद शर्मा, डॉ सुधीर सक्सेना अधीक्षक जेएच डॉ.एम.एल माहौर जी सहायक अधीक्षक जेएच, विकास गोस्वामी संचालक स्वर्ग सदन आश्रम,अक्षय दानी, अमित चित्रवन, राहुल जैन, सचिन जैन पत्रकार, श्रृष्टि शर्मा , पंकज मिश्रा , गोपाल जाटव, फूल सिंह, जितेन्द्र कुमार, नरसिंह सिकरवार, विनोद तोमर महेन्द्र पाल सिंह, मयंक जैन, लक्की बत्रा, आदित्य जैन, अंकित जैन, सहित अन्य गणमान्य साथी उपस्थित रहे।

## यूरिया खाद की कमी, ब्लैक मार्केटिंग और फालतू माल की बिक्री के खिलाफ डेलीगेशन मिला

अर्थ प्रकाश/ प्रकाश प्रदीप पाल/जगराओ । भारतीय किसान यूनियन एकता डकौंदा ब्लॉक सिधवान बेट का एक डेलीगेशन आज लोकल तहसीलदार वरिंदर भाटिया से उनके ऑफिस में मिला। लोकल SDM का तीन–चार घंटे इंतजार करने के बाद भी जब वे वापस नहीं आए, तो ब्लॉक प्रेसिडेंट जगजीत सिंह कलेर की लीडरशिप में डेलीगेशन ने तहसीलदार से मिलकर एक लिखा हुआ डिमांड लेटर दिया और मांग की कि मार्केट और कोऑपरेटिव सोसाइटियों में यूरिया खाद की कमी तुरंत खत्म की जाए। डिमांड लेटर में मांग की गई कि मार्केट में यूरिया खाद की ब्लैक मार्केटिंग और किसानों पर फालतू माल के साथ–साथ फालतू माल बेचने वाले



व्यापारियों को सख्ती से रोका जाए। न्होंने मांग की कि पिछले दिनों आई बाढ़ से किसानों और मजदूरों को हुए भारी नुकसान का मुआवजा जल्द दिया जाए। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि बाढ़ सुनामी के दौरान लोगों ने लोगों की मदद की, लेकिन सरकार ने अभी तक लिस्ट पूरी नहीं की है। उन्होंने डिमांड लेटर के जरिए पंजाब सरकार को कड़ी चेतावनी दी कि अगर गेहूं की पैदावार के लिए यूरिया की समस्या तुरंत हल नहीं हुई, तो स्ष्ठरूऑफिस का घेराव किया जाएगा। इस समय प्रतिनिधिमंडल में कुलवंत सिंह कांता गालिब ब्लॉक सचिव, जसविंदर सिंह भमल सहायक सचिव, हरजिंदर सिंह शेरपुरा, बलवंत सिंह शेरपुरा, जिंदर सिंह भमल, केवल सिंह कीरी आदि नेता शामिल थे।

# भारतीय ज्ञान परंपरा, नई शिक्षा नीति और शिक्षा व्यवस्था का संकट नालंदा से भविष्य की ओर: डॉ. विक्रम चौरसिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

भारत की पहचान केवल उसकी जनसंख्या या अर्थव्यवस्था से नहीं, बल्कि उसकी समृद्ध और जीवंत ज्ञान परंपरा से रही है। नालंदा, तक्षशिला और विक्रमशिला जैसे विश्वविद्यालय उस समय विश्व के बौद्धिक केंद्र थे, जब यूरोप अंधकार युग से गुजर रहा था। उस दौर में शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्ति नहीं, बल्कि विवेक, नैतिकता और समाज-कल्याण का निर्माण था।

दुर्भाग्यवश, आज वही भारत अपनी शिक्षा व्यवस्था के गहरे संकट से जूझ रहा है। लगभग हर बड़ी परीक्षा–चाहे वह प्रवेश से जुड़ी हो या नियुक्ति से–किसी न किसी विवाद में घिरी रही है। पेपर लीक, परीक्षा अनियमितताएँ और भ्रष्टाचार अब अपवाद नहीं, बल्कि व्यवस्था का हिस्सा बनते जा रहे हैं। इसका सबसे बड़ा दुष्परिणाम ईमानदार और मेहनती छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। यह संकट केवल प्रशासनिक अक्षमता का नहीं, बल्कि शिक्षा की नैतिक विफलता का है। जब शिक्षा से भरोसा उठता है, तो राष्ट्र की नींव कमजोर हो जाती है। किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा शक्ति पर निर्भर करता है, किंतु आज वही युवा भेदभाव, असमान अवसरों और गहरी निराशा से घिरा हुआ है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि अनेक छात्र आत्महत्या जैसे कठोर कदम उठाने को विवश हो रहे हैं–जो किसी भी सभ्य समाज के लिए चेतावनी है।

आज शिक्षा में असमानता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है–

आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सीमित पहुँच,

ग्रामीण और शहरी संस्थानों के बीच बढ़ती खाई,

और भाषा व संसाधनों के आधार पर अवसरों का असंतुलन।

जो शिक्षा सामाजिक न्याय का सबसे सशक्त माध्यम होनी चाहिए थी, वही कई बार स्वयं अन्याय का कारण बनती प्रतीत होती है।

इस गहरे संकट का समाधान किसी एक कानून या सुधार तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा की ओर पुनः लौटने में निहित है। हमारी परंपरा में शिक्षा को केवल सूचना का संचय नहीं, बल्कि बोध, विवेक और चरित्र निर्माण का माध्यम माना गया। बौद्ध, जैन और वैदिक परंपराओं में शिक्षा का लक्ष्य था–विवेकशील, करुणाशील और जिम्मेदार नागरिक का निर्माण।

भगवान बुद्ध का संदेश– ÷अप्प दीपो भव÷ (स्वयं प्रकाश बनो)–आज की शिक्षा व्यवस्था के लिए भी उतना ही प्रासंगिक है। यह आत्मनिर्भर चिंतन, नैतिक साहस और सामाजिक उत्तरदायित्व का मार्ग दिखाता है। इसी संदर्भ में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक महत्वपूर्ण आशा की किरण के रूप में सामने आती है। यह नीति बहुविषयक शिक्षा को बढ़ावा देती है, भारतीय भाषाओं और ज्ञान परंपरा को सम्मान देती है तथा रटंत विद्या के बजाय समझ, शोध और नवाचार पर ज़ोर देती है। यह आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास है–जिसे नालंदा मॉडल की आधुनिक अभिव्यक्ति कहा जा सकता है।

हालाँकि, इसकी सबसे बड़ी चुनौती इसका ईमानदार, पारदर्शी और संवेदनशील क्रियान्वयन है। बिना संस्थागत नैतिकता और जवाबदेही के कोई भी नीति सफल नहीं हो सकती। आज आवश्यकता है कि हम नालंदा की उस भावना को आधुनिक संदर्भ में पुनर्जीवित करें–जहाँ शिक्षा समान, सुलभ और नैतिक थी। शिक्षा को बाज़ार की सोच से मुक्त कर, भ्रष्टाचार और भेदभाव से शुद्ध कर, समाज-कल्याण से जोड़ना होगा।

क्योंकि यह स्पष्ट है कि भारत को पुनः ÷विश्व गुरु÷ बनाने का मार्ग शिक्षा से होकर ही जाएगा।

भारतीय ज्ञान परंपरा और नई शिक्षा नीति 2020 हमें उस खोई हुई दिशा को फिर से पाने का अवसर देती हैं। अब यह हम पर निर्भर करता है कि हम शिक्षा को केवल डिग्री और नौकरी तक सीमित रखें, या उसे राष्ट्र



निर्माण की सशक्त आधारशिला बनाएँ। जब शिक्षा में नैतिकता लौटेगी, तभी भारत ज्ञान के क्षेत्र में पुनः विश्व का मार्गदर्शन करेगा।